छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 22 अक्टूबर 2023

वर्ष - 65 | अंक - 188 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन माता महागौरी देवी की होगी आराधना

मड़ई
▸ रावण कब मरही पृष्ठ 6

▸ रंग में चल रहे रोहित व विराट के बूते भारत का मकसद न्यूजीलैंड को भी हरा हिसाब चुका शीर्ष पर पहुंचना पृष्ठ 8

देश विदेश
▸ राहत सामग्री से भरे 20 ट्रक गाजा पहुंचे
▸ हमास की निगरानी चौकियों पर इजरायल ने किए हमले पृष्ठ 7

# गगनयान के क्रू एस्केप मॉड्यूल का परीक्षण सफल

## रॉकेट से 17 किमी ऊपर भेजा गया, 8 मिनट बाद बंगाल की खाड़ी में गिरा

**श्रीहरिकोटा**, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने शनिवार को गगनयान मिशन के क्रू एस्केप सिस्टम का सफलापूर्वक परीक्षण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10 बजे इसे लॉन्च किया गया था। इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) नाम दिया गया। ये मिशन 8.8 मिनट का था। इस मिशन में 17 किमी ऊपर जाने के बाद सतीश धवन स्पेस सेंटर से 10 किमी दूर बंगाल की खाड़ी में क्रू मॉड्यूल को उतारा गया। रॉकेट में गड़बड़ी होने पर अंदर मौजूद एस्ट्रोनॉट को पृथ्वी पर सुरक्षित लाने वाले सिस्टम की टेस्टिंग की गई।

**पहले दो बार टला था मिशन**

इससे पहले आज ही दो बार मिशन को टाला गया था। इसे 8 बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन मौसम ठीक नहीं होने कारण इसका टाइम बदलकर 8.45 किया गया। फिर लॉन्चिंग से 5 सेकेंड पहले इंजन फायर नहीं हो पाए और मिशन टल गया। इसरो ने कुछ देर बाद गड़बड़ी ठीक कर ली।





### मोदी, खड़गे ने इसरो को बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को गगनयान परीक्षण उड़ान मिशन की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की टीम को बधाई दी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह प्रक्षेपण हमें भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान को साकार करने के एक कदम और करीब ले जाता है। इसरो में हमारे वैज्ञानिकों को मेरी शुभकामनाएं। कांग्रेस अध्यक्ष ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गगनयान परीक्षण उड़ान मिशन (टीवी-डी1) की सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष इंजीनियरों, चालक दल और शोधकर्ताओं को हमारी शुभकामनाएं।

# मध्य प्रदेश में भाजपा की पांचवीं सूची जारी

## कैलाश विजयवर्गीय के बेटे का काटा टिकट

**नई दिल्ली**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के लिए 92 उम्मीदवारों की अपनी पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय का टिकट काट कर इंदौर-3 विधान सभा सीट से राकेश गोलू शुक्ला को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी द्वारा कैलाश विजयवर्गीय को विधान सभा चुनाव में उतारने के साथ ही यह तय माना जा रहा था कि एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट देने के नियम का पालन करते हुए पार्टी इस बार उनके बेटे का टिकट काट सकती है।

**ग्वालियर पूर्व से माया सिंह को टिकट**

शनिवार को जारी उम्मीदवारों की अपनी पांचवी लिस्ट में भाजपा ने शिवपुरी से देवेंद्र कुमार जैन, ग्वालियर पूर्व से माया सिंह, ग्वालियर दक्षिण से नारायण सिंह कुशवाह, कोलारस से महेंद्र यादव, टीकमगढ़ से राकेश गिरी, दमोह से जयंत मलैया, सिंगरौली से रामनिवास शाह, होशंगाबाद से सीतासरन शर्मा, भोपाल दक्षिण पश्चिम से भगवान दास सबनानी, राजगढ़ से अमर सिंह यादव और इंदौर-5 से महेंद्र हार्डिया सहित 92 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। बीजेपी की ओर से जारी इस सूची में कुल 12 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया गया है।

**शिवराज सरकार के 5 मंत्रियों को टिकट**

पांचवीं सूची में शिवराज सरकार के पांच मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इन मंत्रियों में महेंद्र सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह परमार, उषा ठाकुर, ब्रजेंद्र सिंह यादव, सुरेश धाकड़ का नाम शामिल है। मध्य प्रदेश में महेंद्र सिंह सिसोदिया की गिनती केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों में होती है। महेंद्र सिंह भी कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए थे। अब सिर्फ 2 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करना बाकी है।

## राजस्थान में कांग्रेस, भाजपा की सूची भी जारी





■ गहलोत सरदारपुरा, वसुंधरा झालरापाटन से लड़ेंगी चुनाव

भाजपा ने शनिवार 21 अक्टूबर को राजस्थान के लिए 83 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी की। इसके कुछ देर बाद कांग्रेस ने 33 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। वसुंधरा राजे झालरापाटन से ही चुनाव लड़ेंगी, वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल गई है। उन्हें चूरू की बजाय तारानगर से टिकट दिया गया है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा ने उदयपुर के पूर्व राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया है। वे कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने नाथद्वारा से मौजूदा विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी को उतारा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरदारपुरा और सचिन पायलट को टोंक से टिकट मिला है। पायलट फिलहाल टोंक से ही विधायक हैं। कांग्रेस पार्टी की सूची में शामिल 33 नामों में 32 उम्मीदवार पुराने नाम वाले हैं।

**सार संक्षेप**

### राजनाथ ने सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली**। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यहां भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य नाटक, कहानी,प्रदर्शनी, बातचीत, कला और नृत्य के माध्यम से सदियों से विकसित भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। यह महोत्सव प्रख्यात विद्वानों और सेवारत तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा पैनल चर्चा के माध्यम से अलग अलग समझ और दृष्टिकोण को लोगों के समक्ष लाने का माध्यम है।

### करीब 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देने की मांग

**नई दिल्ली**। पुलिस के स्मृति दिवस पर दिल्ली पुलिस सेवानिवृत्त अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि देश भर में सीमाओं पर और मानवता की सेवा के लिए अपनी जान गवाने वाले पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के करीब 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देते हुए उनके परिजनों को वे सभी सुविधाएं मिले जो भारतीय फ़ौज के शहीद के परिजनों का दिया जाता है। शनिवार को संगठन के पदाधिकारी ने दिल्ली पुलिस द्वारा नई पुलिस लाइंस, किंग्सवे कैंप में आयोजित स्मृति दिवस में भाग लिया और भारत माता की जयकारे के साथ पूरे माहौल को गमगीन बना दिया।

### 'धूम्रपान की चेतावनी संबंधी नियमों के उल्लंघन होगी कार्रवाई'

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने कहा है कि ओटीटी स्ट्रीमिंग सेवाओं पर धूम्रपान चेतावनी संबंधी नियमों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है और नियम का अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता वाला मुद्दा मानते हुए केंद्र सरकार ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद फिल्म नियमों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी बढ़ा दिया है। ओटीटी नियम 2023 एक सितंबर 2023 से लागू हो गए।

### नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू

**गाजियाबाद**। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस के प्राथमिक खंड के संचालन का आम जनता के लिए शनिवार को पहला दिन था। यात्रियों में उत्साहऔर उमंग था कि पहले ही दिन दस हजार के पार आंकड़ा पहुंचा।

# द्वितीय चरण की 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 30 तक अभ्यर्थी कर सकेंगे नामांकन दाखिल

■ पहले दिन 5 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन पत्र

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। द्वितीय चरण के विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज नामांकन के पहले दिन 5 अभ्यर्थियों ने कुल 5 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रेमनगर, रायगढ़, मरवाही, बिलाईगढ़ और राजिम विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। प्रदेश में द्वितीय चरण में हो रहे निर्वाचन के लिए प्रत्याशी 30 अक्टूबर 2023 तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# दिल्ली में फिर बढ़ने लगा स्मॉग का खतरा

**नई दिल्ली**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। ।दिल्ली में ठंड बढ़ने के साथ अब वहां स्मॉग का खतरा बढ़ने वाला है। अगले दो दिन तक सुबह के समय हल्की धुंध नजर आ सकती है। 23 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर के इलाकों पर एक ताजा सिस्टम का प्रभाव दिखेगा। हवा का रफ्तार कम होने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ेगा। मौसम विभाग ने कहा है हवा की दिशा बदलने और रफ्तार कम होने के चलते अगले 4-5 दिनों के बीच एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 के पार यानी हवा खराब श्रेणी में रह सकती है।

**पड़ोसी राज्यों से आता है प्रदूषण**-दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के पर्यावरण मंत्रियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक के दौरान दिल्ली ने पूरे एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कई उपाय सुझाए।

# महादेव एप बंद क्यों नहीं कर रही मोदी सरकार, कहीं चुनावी फंड तो नहीं लिया



■ हमे बदनाम किया जा रहा : भूपेश बघेल

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप को लेकर ईडी के चालान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि चुनावी फंड ले लिया होगा, इसलिए एप बंद नहीं करवा रही। भाजपा ने महादेव सट्टे का पैसा दाउद और पाक के जरिए कांग्रेस को मिलने का आरोप लगाया है। इस पर भूपेश ने कहा कि मुर्खतापूर्ण बात कह रहे हैं। इससे हास्यास्पद बात और क्या हो सकती है। पूरे देश में शायद किसी राज्य ने कार्रवाई की तो छत्तीसगढ़ में हमने कीहै। 450 लोगों की गिरफ्तारी हुई और हमने खुद होकर लुक आउट नोटिस जारी करने लिखी ।एप के संचालक को गिरफ्तार करने कहा, जो विदेश में है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार एप बंद क्यों नहीं करती। एप बंद करने का काम केंद्र का है, राज्य का नहीं। चुनावी फंड तो नहीं ले लिया, केंद्र सरकार महादेव एप क्यों बंद नहीं कर रहे यह एप पूरे देश में चल रहा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# ईडी की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

## राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के घर पहुंची ईडी की टीम, खंगाल रही दस्तावेज

**कोरबा**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में दूसरे दिन यानी शनिवार को भी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई जारी है। आज कोरबा जिले के साथ-साथ कटघोरा नगर में ईडी की टीम ने एक राइस मिलर्स व व्यवसायी के घर पर दोपहर को दबिश दी।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा के राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष व व्यवसायी प्रशांत अग्रवाल के कसनिया स्थित काके ढाबा के सामने घर पर दोपहर 12 बजे ईडी की टीम ने दबिश दी। 5 सदस्यीय ईडी की टीम में एक महिला और दो पुरुष अधिकारियों के साथ दो सशस्त्र बल मौजूद हैं। ईडी प्रशांत अग्रवाल के घर के भीतर सभी दस्तावेज खंगाल रही है।



दरअसल, शुक्रवार सुबह से ही कोरबा, दुर्ग और तिल्दा में ईडी और आईटी की छापेमार कार्रवाई चल रही है। जानकारी मिल रही है कि राइस मिलर्स और कारोबारियों के यहां नान घोटाले से जुड़ी जांच के संबंध में ये रेड पड़ी है। कोरबा जिले के लालू राम कॉलोनी निवासी अमित अग्रवाल के घर पर दबिश दी। अमित अग्रवाल के पहंदा स्थित राइस मिल में कल ईडी ने छापा मारा था। आज सुबह ईडी की टीम उनके घर पर पहुंची और जांच कर रही है।

## दानिश ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

# संसदीय प्रक्रियाओं के उल्लंघन का मामला उठाया

**नईदिल्ली**, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (सपा) नेता दानिश अली ने शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रमेश बिधूड़ी की उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर लगे आरोप के मामलों में अलग-अलग मापदंड अपनाए गए हैं जो संसदीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन है। अमरोहा के सांसद श्री अली ने आज श्री बिरला को एक पत्र लिखकर संसदीय परंपराओं के उल्लंघन का मामला उठाते हुए अपने विशेषाधिकारों की सुरक्षा के लिए आग्रह किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि आचार समिति के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के मामले में सार्वजनिक रूप से बयान देकर नियम 275 का उल्लंघन किया है।

अली ने पत्र में कहा, 'पूरे सम्मान के साथ मैं आपका ध्यान विशेषाधिकार हनन और नैतिक कदाचार से संबंधित मामलों में संसदीय प्रक्रियाओं के घोर उल्लंघन की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। आप इस तथ्य से अवगत होंगे कि मैंने 22 सितंबर को विशेषाधिकार हनन का एक नोटिस दिया था, जिसमें सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा मेरे खिलाफ अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया था।'

**मुझे अब तक अपना पक्ष रखने के लिए नहीं बुलाया** -इसमें कहा गया है, 'स्थापित प्रक्रिया के अनुसार शिकायतकर्ता सदस्य को सबसे पहले विशेषाधिकार समिति के समक्ष बुलाया जाता है और उसके बाद ही आरोपी व्यक्ति को साक्ष्य के लिए बुलाया जाता है। हालांकि, सभी निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए, जिस सदस्य पर मेरे खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है, उसे बुलाया गया प्रतीत होता है और यह इस तथ्य से साबित होता है कि मुझे अब तक समिति में अपना पक्ष रखने के लिए नहीं बुलाया गया है।

# लंबित मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली**, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में 50 साल से अधिक समय से लंबित मुकदमेबाजी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक देरी के कारण जनता का न्याय वितरण प्रणाली से मोहभंग हो रहा है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेजीडी) से डेटा निकाला और पाया कि देश का सबसे पुराना सिविल मामला 1952 से पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में लंबित है। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र में विभिन्न मजिस्ट्रेट अदालतों में लंबित शीर्ष तीन आपराधिक मामले 1961 और उससे भी पहले के हैं। इसमें कहा गया है कि कानून में कई खामियां, अनावश्यक और बड़ी कागजी कार्रवाई, गवाहों की अनुपस्थिति, बिना किसी उचित कारण के स्थगन मांगा और दिया गया, समन की सेवा में देरी, नागरिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के प्रावधानों के कार्यान्वयन की कमी और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) देरी का प्रमुख कारण है। सुप्रीम कोर्ट ने लंबित मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करने की बात कही। कोर्ट ने कहा, न केवल सभी स्तरों पर लंबित मामलों के विशाल ढेर को निपटाने के लिए सक्रिय कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है, बल्कि वादी जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी हितधारकों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। भारत में लगभग 6 प्रतिशत आबादी मुकदमेबाजी से प्रभावित है।

# 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में निशिकांत व महुआ में छिड़ी लड़ाई

**कोलकाता**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाल ही में हुए 'कैश फॉर क्वेरी' विवाद को लेकर भाजपा के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के बीच शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ताजा लड़ाई छिड़ गई, जिसने राजनीतिक हलकों को हिलाकर रख दिया है। दुबे ने शनिवार की सुबह महुआ मोइत्रा का नाम लिए बिना एक्स पर लिखकर दावा किया कि सांसद की संसदीय आईडी दुबई से खोली गई थी, जब संबंधित सांसद भारत में थीं। उन्होंने कहा, एक सांसद ने चंद पैसों के लिए देश की सुरक्षा गिरवी रख दी। संसद की आईडी दुबई से खोली गई, उस समय वह सांसद भारत में थीं। एनआईसी ने इसकी जानकारी जांच एजेंसी को दी।





इसके कुछ ही घंटों बाद महुआ मोइत्रा ने कई पोस्ट जारी कर दुबे के दावों को चुनौती दी और एनआईसी से मामले में संबंधित विवरण जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, एनआईसी से अनुरोध है कि कृपया सांसदों के सभी विवरण सार्वजनिक रूप से जारी करें, ताकि यह दिखाया जा सके कि वे उस स्थान पर शारीरिक रूप से मौजूद थे जहां से उनके पीए और शोधकर्ताओं/ प्रशिक्षुओं/ कर्मचारियों द्वारा आईडी तक पहुंच बनाई गई थी। लीक के लिए फर्जी डिग्री वाले का उपयोग न करें, इसे अभी सार्वजनिक करें। पश्चिम बंगाल के नादिया में कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल सांसद ने यह भी दावा किया कि वह इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जाने वाली छापेमारी से अवगत हैं। उन्होंने अपने पत्र में कहा, सीबीआई की आसन्न छापेमारी के बारे में भी संदेश मिला। मैं दुर्गा पूजा में व्यस्त हूं। मैं सीबीआई को घर आने और मेरे जूतों की जोड़ी गिनने के लिए आमंत्रित करती हूं। लेकिन पहले कृपया अडानी द्वारा भारतीयों से चुराए गए 13,000 करोड़ एफआईआर दर्ज करें।

**रिपोर्ट**

## एडीआर व तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने दी जानकारी- सात विधायकों ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए

# तेलंगाना में 118 में से 72 विधायकों पर आपराधिक आरोप

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना के 118 विधायकों में से 72 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि 46 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं। शनिवार को जारी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट समिति के 101 विधायकों में से 59 यानी 58 प्रतिशत पर आपराधिक मामले चल रहे हैं।**

*रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने प्रकाशित की। जिसमें 119 मौजूदा विधायकों में से 118 के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों का विश्लेषण किया गया था। वर्तमान विधानसभा में एक निर्वाचन क्षेत्र सिकंदराबाद कैंट रिक्त है।*

*यह विश्लेषण 2018 के विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए उप-चुनावों से पहले उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए गए हलफनामों पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्लेषण किए गए 118 मौजूदा विधायकों में से 72 (61 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 46 (39 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। सात विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए हैं और चार विधायकों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, चार मौजूदा विधायकों में से एक विधायक ने आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार से संबंधित मामला घोषित किया था।*

***बीआरएस के 59 विधायकों पर आपराधिक मामले***-*इसके अलावा सत्तारूढ़ बीआरएस के 101 विधायकों में से 59 (58 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। जबकि, एआईएमआईएम के 7 में से 6 (86 फीसदी), कांग्रेस के 6 में से 4 (67 फीसदी), बीजेपी के 2 विधायक और 2 निर्दलीय विधायकों में से 1 ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सत्तारूढ़ बीआरएस के 101 विधायकों में से 38 (38 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जबकि, एआईएमआईएम के 7 विधायकों में से 2 (29 प्रतिशत), कांग्रेस के 6 विधायकों में से 3 (50 प्रतिशत), भाजपा के 2 विधायकों और 2 निर्दलीय विधायकों में से 1 ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है।*

# देश

**उवाच**

“भाजपा झूठे वादों के साथ 2014 में सत्ता में आई थी और भाजपा लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। केंद्र व राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार है लेकिन वह आरक्षण के मुद्दे पर केवल खोखले वादे कर रही है।

**–नाना पटोले, एमपीसीसी के अध्यक्ष**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 21.0 |
| मुंबई | 35.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# मप्र विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार तय

## चुनाव प्रचार में जोर आजमाइश कर रहे तमाम राजनीतिक दल

**भोपाल,**21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के एलान के बाद राज्य में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। तमाम सियासी दल चुनाव प्रचार में जोर आजमाइश कर रहे हैं। उधर विधानसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया 21 अक्तूबर से शुरू हो गई। अब तक भाजपा ने राज्य की 228 और कांग्रेस ने 229 सीटों के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं। इन सीटों पर राज्य के दो बड़े दलों भाजपा और कांग्रेस ने किसे कहां से उतारा है, इस पर सभी की नजर है। राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी सीट से मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस के दिग्गज और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 92 उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अभी भी दो सीट गुना और विदिशा सीट पर किसी प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है। भाजपा अब तक 228 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। पार्टी ने 6 मंत्रियों के टिकट दिया है। जबकि 3 मंत्री ओपीएस भदौरिया, यशोधरा राजे सिंधिया और गौरीशंकर बिसेन के नाम इस सूची में नहीं हैं। बिसेन की जगह उनकी बेटी मौसम बिसेन को टिकट दिया गया है। पांचवी लिस्ट में मौजूदा 67 विधायकों में से 37 को फिर से मौका मिला है, जबकि 3 मंत्रियों समेत 29 विधायकों के टिकट



■ विधानसभा चुनाव के एलान के बाद राज्य में चुनावी सरगर्मी जोरों पर

काटे गए हैं। इस लिस्ट में 12 महिलाओं को टिकट दिया है। पार्टी 228 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। सिर्फ गुना और विदिशा होल्ड पर है। गुना से भाजपा के गोपीलाल जाटव विधायक हैं, वहीं विदिशा से कांग्रेस के शशांक भार्गव विधायक हैं। डॉ.अंबेडकर नगर महू सीट से मंत्री उषा ठाकुर फिर मैदान में हैं।

पार्टी ने बुरहानपुर सीट से पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस को मैदान में उतारा है। जबकि पूर्व मंत्री माया सिंह को ग्वालियर को फिर टिकट दिया है। जोबट में विधायक सुलोचना रावत की जगह उनके बेटे विशाल रावत को टिकट दिया। बड़वाह से कांग्रेस के वर्तमान विधायक सचिन बिरला को टिकट दिया। वे हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे। धार से वर्तमान विधायक नीना विक्रम वर्मा और दमोह से पूर्व विधायक जयंत मलैया को टिकट दिया है। जबकि उज्जैन से पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय को आलोट सीट से टिकट मिला है। होशंगाबाद से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा को टिकट। कांग्रेस ने इस सीट से उनके भाई गिरिजाशंकर शर्मा को उतारा है। पार्टी ने नागौद से पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वे पहली बार 1977 में इसी सीट से विधायक बने थे। दमोह सीट से फिर पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया फिर मैदान में हैं। 2018 का चुनाव मलैया कांग्रेस के राहुल लोधी से हार गए थे। गुढ़ सीट पर पार्टी ने वर्तमान 75 वर्षीय विधायक नागेंद्र सिंह फिर भरोसा जताया है। भाजपा ने सेमरिया से वर्तमान विधायक केपी त्रिपाठी पर ही भरोसा दिखाया है। इधर, भाजपा ने अनारक्षित सीट मनगवां पर नया प्रयोग किया है। पार्टी ने नरेंद्र प्रजापति पर दांव चला है।

यहां से पार्टी ने पंचूलाल प्रजापति का टिकट काट दिया है। भाजपा ने त्योंथर सीट से सिद्धार्थ तिवारी को मैदान में उतारा है। तिवारी हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। सिद्धार्थ तिवारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी के पोते हैं। भाजपा ने भिंड की मेहगांव सीट से मौजूदा विधायक और नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया का टिकट काट दिया है।

### 230 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए शनिवार से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 30 अक्टूबर नामांकन फार्म भरने की अंतिम तारीख रहेगी। नामांकन की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख दो नवंबर है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना तीन दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति को पांच हजार रुपये जमानत राशि जमा करना होगा। नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ चार व्यक्ति ही रिटर्निंग आफिसर (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। केवल तीन वाहनों को ही 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगी। दोपहर तीन बजे के बाद कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## भाजपा से दोस्ती की कोई बात नहीं की : नीतीश

**पटना,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोतिहारी के महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाजपा से दोस्ती से संबंधित दिए गए बयान से पलटते हुए कहा कि हम ऐसा क्यों कहेंगे। उन्होंने मीडिया को कोसते हुए कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से प्रकाशित किया गया। पटना में शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भाजपा से दोस्ती की कोई बात ही नहीं की थी। उनके बयान का गलत मतलब निकाल लिया गया। नीतीश कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि वे काम याद रखने की बात कर रहे थे, कितना काम हुआ है ये याद रखना, यही हम बोले थे।

नीतीश ने मीडिया पर भड़ास निकालते हुए यहां तक कह दिया कि आज तो वे मीडिया से बात कर ले रहे हैं। लेकिन, आगे से मीडिया से बात ही नहीं करेंगे। सब गलत चला रहा है। हम तो मोतिहारी में कह रहे थे कि यहां जो सेंट्रल यूनिवर्सिटी खुला है, उसमें राज्य सरकार का कितना योगदान है। लोगों को इसे भूलना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जब भाजपा के नेता सुशील मोदी के एक बयान को लेकर पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि सुशील मोदी को डिप्टी सीएम नहीं बनाए जाने से उन्हें तकलीफ हुई थी। भाजपा के साथ जाने के सवाल पर उन्होंने पास खड़े तेजस्वी यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये बच्चा हैं, हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# कश्मीर में इस वर्ष दस युवा बने आतंकी : दिलबाग

## पुलिस स्मृति दिवस परेड को किया संबोधित



**श्रीनगर,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने शनिवार को कहा कि कश्मीर के युवा पाकिस्तान की चाल को समझ गए हैं और इस साल अब तक केवल 10 युवाओं ने आतंकवादियों से हाथ मिलाया। सिंह ने कहा कि उक्त 10 नए रंगरूटों में से छह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने कहा कि युवा दुश्मन की चालों को समझ गए हैं। पिछले साल जहां 110 युवा आतंकवाद में शामिल हुए थे, वहीं इस साल केवल दस युवा शामिल हुए हैं, जिनमें से छह मारे जा चुके हैं। हम बाकी चारों युवाओं से हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने की अपील करते हैं। सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस के दौरान यहां जेवान में संवाददाताओं से कहा कि हम आपकी जान नहीं लेना चाहते। उन्होंने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ युद्ध पर ‘जीत’ हासिल कर ली है और अब उन्हें इसके अवशेषों को खत्म करना होगा। डीजीपी ने कहा कि हमारे बलिदानों का फल मिला है। हमने आतंक के खिलाफ इस युद्ध में जीत हासिल की है और आतंक के अवशेषों को खत्म करने की हमारी प्रतिज्ञा है। हम लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने में सफल रहे हैं। यह अब अतीत की बात है जब पाकिस्तान और उसकी एजेंसियों के इशारे पर निर्दोषों का खून बहाया जाता था। आज लोग शांति और सुकून के माहौल में रह रहे हैं। मैं इसके लिए पुलिस व सुरक्षा बलों के काम की सराहना करता हूं। घुसपैठ पर उन्होंने कहा कि इस साल केवल नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 90 प्रतिशत से अधिक ऐसे प्रयासों को विफल कर दिया गया है।

### घुसपैठ नियंत्रित करने में काफी हद तक रहे सफल

डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि हम घुसपैठ को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। इस साल कुछ कोशिशें हुईं, लेकिन 90 फीसदी से ज्यादा कोशिशें एलओसी पर ही नाकाम कर दी गईं और घुसपैठिए मारे गए। बलों को बड़ी सफलताएं मिली हैं और जो लोग अंदरूनी इलाकों में चले गए, वे भी मारे गए।

## सार संक्षेप

### फिलस्तीन के समर्थन में सड़क पर उतरीं महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को यहां में फिलिस्तीन समर्थक और इजरायल विरोधी प्रदर्शन का नेतृत्व किया। पूर्व मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता शहर के केंद्र में पार्टी मुख्यालय में एकत्र हुए और लाल चौक की ओर मार्च निकालने की कोशिश की। उन्हें हालांकि, आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। बाद में पीडीपी ने अपने कार्यालय के बाहर इजरायल विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने फिलिस्तीन के पक्ष में व इजराइल के खिलाफ जमकर नारे लगाए और प्रदर्शन किया।

### कर्नाटक फर्जी वोटर आईडी घोटाले में तीन गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने फर्जी मतदाता पहचान पत्र घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों में से एक, जिसकी पहचान मौनेश कुमार के रूप में हुई है, राज्य के शहरी विकास और नगर नियोजन मंत्री बिरथी सुरेश को जानता है, जिन्हें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का प्रमुख सहयोगी माना जाता है। हिरासत में लिए गए अन्य दो व्यक्तियों की पहचान भगत और राघवेंद्र के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा पैसे के बदले वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड हासिल करने की सूचना मिलने के बाद बेंगलुरु के कनकनगर में एमएसएल टेक्नो सॉल्यूशंस पर छापेमारी की गई। छापेमारी के बाद तीनों को हिरासत में ले लिया गया।

### तेजस्वी के नेतृत्व में ही लड़ेंगे अगला चुनाव : कांग्रेस

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजद के नेता तेजस्वी यादव के लिए सब कुछ करने वाले बयान का बिहार कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए इशारों ही इशारों में राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को उत्तराधिकारी बता दिया। नीतीश ने तेजस्वी के कंधे पर हाथ रखकर कहा कि यह हमारा बच्चा है और सबकुछ है। हम साथ मिलकर काम करते हैं।

### राष्ट्रव्यापी खादी महोत्सव 31 अक्टूबर तक

**मुंबई।** मुंबई में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अन्य मंत्रालयों के समन्वय से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) मंत्रालय के तहत इस महीने ‘खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन’ टैगलाइन के साथ ‘खादी महोत्सव’ शुरू किया है। यह महोत्सव देश भर में दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

# त्रिपुरा में कपड़े की थैलियां खरीदने में हुआ भ्रष्टाचार : माकपा

## पीडीएस वितरण मामले में की स्वतंत्र जांच की मांग

**अगरतला,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्रिपुरा में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने शनिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण के लिए कपड़े के 9.70 लाख थैलियों की खरीद के लिए सरकार पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए उसकी जांच की मांग की है। माकपा की राज्य इकाई के सचिव एवं विधायक जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार ने 68 रुपए प्रति थैली की लागत से सरकार ने 9.70 लाख कैनवास बैग की खरीद के लिए 6.5 करोड़ रुपए खर्च किए है । जबकि ये थैले इतने घटिया हैं कि इनकी कीमत 20 रुपए से अधिक नहीं हो सकती है। उन्होंने आारोप लगाया, यह बड़ा घोटाला है। इस समय सरकार उपहार की थैली के नाम पर जनता का पैसा लूट रही है और इसकी स्वतंत्र जांच कराने की जरूरत है। उन्होंने राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुशांत चौधरी के हाल के एक कथित बयान का उल्लेख किया, जिसमें मंत्री ने संवाददाताओं से कहा था कि सरकार सभी राशन कार्ड धारकों को कपड़े के थैलों में एक लीटर सरसों का तेल, एक किलो दाल, दो किलो आटा, एक किलो चीनी, आधा किलो चने का बेसन मुफ्त वितरित करेगी। माकपा नेता ने कहा कि अब उन्हीं मंत्री ने अपना बयान बदल दिया है। सभी राशन दुकानों से पीडीएस वस्तुएं मुफ्त कैनवास थैलों में रियायती कीमतों पर बेची जा रही हैं। त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनने के बाद से मंत्रियों और नेताओं ने अपने झूठे वादे जारी रखे हैं और अपने झूठे बयानों से राज्य की जनता को भ्रमित किया है।

**निराश्रित परिवारों की कर्नाटक सरकार से अपील**

# भाजपा सरकार के अन्याय को सुधारें सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां। कर्नाटक में सीबर्ड नेवल बेस के एयरबेस के विस्तार और कारवार में एक सिविल एन्क्लेव के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए दिए गए मुआवजे के निर्धारण में भेदभाव के मुद्दे पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को वादा किया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत इस समस्या को हल किया जाएगा।

उन्होंने एयरबेस के निर्माण के लिए चल रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में भेदभाव के संबंध में उत्तर कन्नड़ जिला प्रभारी मंत्री मंकला वैद्य और विधायक सतीश सेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह आश्वासन दिया। बैठक में तीन गांवों के निराश्रित परिवारों की अपील पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो अन्याय किया है, उसे सुधारा जाए। साथ ही अधिकारियों को वैज्ञानिक एवं मानक तरीके से मुआवजा देने की कार्रवाई



भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत समस्या को किया जाएगा हल : सिद्दारमैया

करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उद्योग एवं बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एम.बी. पाटिल, मुख्य सचिव और संबंधित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर भूमि अधिग्रहण के मुआवजे, रोजगार प्रदान करने और जमीन खोने वाले लोगों को साइट आबंटन पर चर्चा करेंगे। सीबर्ड प्रथम चरण परियोजना के तहत अपनी जमीन गंवाने वाले परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया जाएगा। पाटिल, मत्स्य पालन एवं बंदरगाह मंत्री वैद्य, करवार विधायक सेल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव नसीर अहमद, अतिरिक्त मुख्य सचिव, बुनियादी ढांचा विकास, गौरव गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव जियाउल्लाह, वित्त सचिव पी.सी. जाफर, इंफ्रास्ट्रक्चर विभाग की संयुक्त सचिव हेफसिबा रानी कोरलापति व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सिद्धारमैया के आपत्तिजनक पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति पर केस दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कथित आपत्तिजनक पोस्टर बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। कांग्रेस प्रवक्ता सूर्य मुकुंदराज ने इस संबंध में शहर के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस सिलसिले में तुमकुरु निवासी श्रीनिवासमूर्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने हिंदुस्तानी सेना नाम से फेसबुक अकाउंट पर सीएम सिद्धारमैया और मैसूरु दशहरा समारोह के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक पोस्टर बनाए थे। सीएम सिद्धारमैया का चेहरा हिंदू मिथकों के अनुसार एक राक्षस राजा महिषासुर के तौर पर दिखाया। आरोपी ने फोटो एडिट में आपत्तिजनक टैगलाइन का इस्तेमाल किया था। सूर्य मुकुंदराज, जो कानूनी प्रकोष्ठ के महासचिव भी हैं, ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# जम्मू में ग्रीष्मकालीन विस महारानी वेबसीरिज की शूटिंग से गुलजार

■ **जोगेन्द्र सोलंकी**

**जम्मू,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी जम्मू में वैसे तो इस समय विधानसभा बंद है, लेकिन इसके बावजूद यहां विधान सभा का एक विशेष सत्र शुरू हो गया है। दिलचस्प बात ये है की इस सत्र की कार्यवाही को देखने के लिए भारी भीड़ भी जुट रही है। दरअसल जम्मू सचिवालय में स्थित विधानसभा में शुक्रवार से शुरू हुआ ये विशेष सत्र एकदम फिल्मी है। यहां वेब सीरिज ‘महारानी’ के तीसरे संस्करण की शूटिंग चल रही है। बालीवुड की दिलकश अदाकारा हुमा कुरेशी इसमें मुख्य भूमिका निभा रही है। लाइट साउंड कैमरा और एक्शन की आवाजों के बीच अभिनेत्री और शूटिंग को देखने के लिए शनिवार को दर्शको की भारी भीड़ जुटी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार तक चलने वाली वेबसीरिज की शूटिंग के लिए सरकार से खास अनुमति ली गई है। वेब सीरिज की शूटिंग में कुछ दृश्य जम्मू के जीजीएम साइंस कालेज और सर्किट हाउस में भी शूट किए जाएंगे।

बता दें कि महारानी वेब सीरिज के पिछले सीजन की शूटिंग भी अप्रैल 2021 में जम्मू स्थित विधानसभा में हो चुकी है जिसमें हुमा कुरैशी और फिल्म के अन्य कलाकारों के साथ जम्मू के 250 से भी अधिक स्थानीय रंगकर्मियों को काम करने का मौका मिला था। इन कलाकारों को इस सीजन में भी शूटिंग में शामिल होंने के लिए बुलाया गया है। सोनी लिव के लिए सुभाष कपूर द्वारा बनाई जा रही वेब सीरीज़ के पहले व दूसरे सीजन में भी हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में थीं। राजनीति पर आधारित इस वेब सीरिज के पिछले सीजन को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। 24 अक्टूबर तक चलने वाली इस वेबसीरिज की शूटिंग को देखने के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखा।

### 370 हटाए जाने के बाद हालात में हुए हैं सुधार

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हालात में सुधार हुए हैं जिसके बाद कई फिल्मकार जम्मू कश्मीर में शूटिंग के लिए फिर से रुख करने लगे हैं। सरकार भी फिल्मों की शूटिंग करने में फिल्मकारों का पूरा सहयोग कर रही है। उन्हें शूटिंग की अनुमति भी मात्र कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जम्मू कश्मीर सरकार दे रही है।

## बिहार में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

■ यातायात पर विशेष निगाह



**पटना,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में दुर्गा पूजा और विजयादशमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात पर भी विशेष निगाह रखी जा रही है। राजधानी पटना में सप्तमी, अष्टमी, नवमी और विजयादशमी को भीड़ होने की पूरी संभावना है। दुर्गा पूजा के मौके पर 1,378 से अधिक पंडाल बनाए गए हैं। जबकि, पूरे प्रदेश में इस वर्ष 15,559 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक इस वर्ष दुर्गा पूजा के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पटना में 2,000 प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों, बिहार विशेष सैन्य पुलिस की सात कंपनी और होम गार्ड के 1,200 जवानों को 28 अक्टूबर तक तैनात किया गया है।

## सतर्क पुलिस बल के बिना सीमा सुरक्षा व आंतरिक सुरक्षा असंभव : अमित शाह

### पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सतर्क पुलिस बल के बिना सीमा सुरक्षा या आंतरिक सुरक्षा संभव नहीं है। पुलिस स्मृति दिवस पर एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में पुलिस बल देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं।

आजादी के बाद से देश भर के पुलिस बलों और सीएपीएफ के 35,000 से अधिक कर्मियों ने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। देश की रक्षा के लिए उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में सीमा सुरक्षा या आंतरिक सुरक्षा सतर्क पुलिस बल के बिना संभव नहीं है। आगे कहा कि देश



की सेवा करने वाले सभी लोगों के बीच पुलिस की ड्यूटी सबसे कठिन है। मंत्री ने कहा कि किसी भी मौसम या त्यौहार में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक पुलिसकर्मी हमेशा ड्यूटी पर रहता है। चाहे आतंकवाद अपराध हो या भारी भीड़ हो, पुलिस हमेशा आम लोगों की जान की सुरक्षा के लिए मौजूद रही है हमारे देश की पुलिस हमेशा हर मुद्दे पर खुद को साबित करती आई है।

उन्होंने कोविड महामारी के दौरान पुलिस की भूमिका की भी सराहना की और कहा कि उन्होंने महामारी के दौरान सभी कठिन परिस्थितियों में भी चुपचाप काम किया।

**निर्देश** *जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर चौबीस घंटे तक नहीं चलेंगे वाहन*

# लोगों से यातायात सलाह का पालन करने का किया अनुरोध

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कश्मीर को शेष विश्व से जोड़ने वाला एकमात्र 300 किमी लंबा जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे एक बार फिर चर्चा में है। यह चर्चा एक दिवसीय ‘ड्राई डे’ के कारण है। जनाब आप गलत समझ रहे हैं। आप शायद यह समझ रहे हैं कि एक दिन के ‘ड्राई डे’ के दौरान इस हाईवे पर शराबबंदी होगी। ऐसा नहीं है।**

इस पर ‘ड्राई डे’ के दिनों में सिर्फ वाहनबंदी होगी। अर्थात वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर शनिवार रात से 24 घंटे के ट्रैफिक ड्राई डे घोषित किया गया है। नवयुग टनल-नाशरी के बीच एनएच-44 पर किसी भी एलएमवी/एचएमवी (चिकित्सा आपातकालीन वाहनों को छोड़कर) अन्य वाहनों को



■ एनएचएआई करेगा मरम्मत का काम

चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नवयुग टनल और नाशरी के बीच यातायात 21 अक्टूबर की रात 12 बजे से 22 को रात 12 बजे तक बंद रहेगा। एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे, लोक निर्माण (आरएंडबी) विभाग के संचार और जिला मजिस्ट्रेट रामबन की ओर से यह आदेश जारी किया गया है।

लोगों से यातायात सलाह का पालन करने का अनुरोध किया गया है। वैसे इस नेशनल हाईवे पर यह कोई पहला ‘ड्राई डे’ नहीं है। इस साल 23 फरवरी को पहली बार इसे शुरू किया गया था। तब तीन दिनों के लिए इस पर ‘ड्राई डे’ रहा था। उसके बाद तो इस पर कई महीनों तक प्रत्येक शुक्रवार को ‘ड्राई डे’ घोषित कर वाहनबंदी कर दी गई। दरअसल इतने सालों की तमाम कोशिशों के बावजूद यह हाईवे परेशानी का सबब बना हुआ है जो न सिर्फ जानें ले रहा है बल्कि मुसीबतें भी ला रहा है।

प्रशासन की कोशिश ऐसे ‘ड्राई डे’ घोषित कर इसकी मुरम्मत का प्रयास किया जाता है पर बरसात और बर्फबारी सभी कोशिशों पर पानी फेर देती हैं। इतना जरूर था कि इस साल 23 फरवरी को तीन दिनों के ‘ड्राई डे’ के कारण चर्चा में आया जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे का चर्चाओं से पुराना नाता है। अतीत में भी कई बार यह चर्चा में रहा है। सर्दियों में बर्फबारी और बरसात में बारिश के कारण यह चर्चा में तो रहता ही है। आतंकवाद की शुरुआत के साथ ही इस नेशनल हाईवे पर जब आतंकियों ने बारूदी सुरंगें लगा और लांचरों से हमले कर सैनिकों और नागरिकों को मारना आरंभ किया तो यह प्रतिदिन सुर्खियों में रहने लगा था। इन हमलो में सैंकड़ों लोग जान गंवा चुके हैं। यह हमले फिलहाल रूके नहीं है पर इतना जरूर था कि उन्हें नाकाम बना दिया जाता रहा है।

अफसोस इस बात का था कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा के लेथपोरा में इसी हाईवे पर हुए आज तक के सबसे भीषण आतंकी हमले को रोका नहीं जा सका था जिसमें 50 के करीब केरिपुब के जवानों की मौत हो गई थी।

# साहित्य

# अहसास

■ हरिप्रकाश राठी

बहुत पुरानी कहानी है। मेरी नानी मुझे सुनाया करती थी।

तब किसी देश में एक राजा राज्य करता था। राजा नितांत न्यायप्रिय एवं प्रजावत्सल था। उस राजा के इंसाफ के किस्से दूर-दूर तक सुनाये जाते। न्याय हर एक को मिले एवं हर हाल में मिले, यही उस राजा का उसूल था। राजा न्यायप्रिय होने के साथ-साथ प्रजारंजक भी था। वह प्रजा के दु:ख को अपना दु:ख समझता एवं हर समय इसी धुन में रहता कि प्रजा अधिक सुखी किस तरह हो सकती है। कहते हैं राजा एक बार घोड़े पर बैठकर शिकार खेलने गया तो राह में एक किसान का बच्चा घोड़े के नीचे आ गया। राजा बच्चे को लेकर उल्टे पाँव नगर लौट आया, राजवैद्य से इलाज करवाया एवं उसके ठीक होने तक पूरे पाँच दिन अन्न का दाना तक नहीं लिया।

ऐसे न्यायप्रिय राजा को उसकी प्रजा भी हृदय से आदर देती थी। ऐसे धर्मनिष्ठ राजा एवं प्रजा के चलते उस देश में वर्षा समय पर होती थी, अनाज रसयुक्त होते थे एवं वहाँ अकाल मृत्यु सुनने में नहीं आती थी।

इसी देश में दो मित्र निवास करते थे जिनकी बचपन से गाढ़ी मित्रता थी। दोनों एक दूसरे पर जान देते। दोनों एक-दूसरे के बिना रह ही नहीं पाते। दोनों हमउम्र युवा थे एवं इनमें से एक दूसरे से एक वर्ष बड़ा था। बड़े का नाम 'अरिष्टकेतु' एवं छोटे का 'सुमंत' था। दोनों एक मोहल्ले में पैदा हुए, दोनों के माता-पिता की आर्थिक स्थिति भी तकरीबन एक-सी थी, दोनों के घर विपन्न थे, दोनों गुरुकुल में भी साथ रहे एवं विवाह होने तक बहुधा साथ देखे जाते।

विवाह के कुछ वर्ष पश्चात् दोनों की नियति उन्हें भिन्न मार्गों पर ले गई। संयोग कुछ ऐसा हुआ कि सुमंत दिन-दिन आगे बढ़ता गया, चंद समय में ही उसका व्यवसाय चहुँ ओर फैल गया यहाँ तक कि व्यावसायिक जगत में उसके नाम की तूती बोलने लगी। उसके नाम की प्रतिष्ठा उतनी अधिक थी कि व्यवसायी उसकी लिखी हुण्डियों को स्वर्णमुद्राओं के समकक्ष मानने लगे। इससे ठीक विपरीत अरिष्टकेतु के सितारे तमाम प्रयासों के बावजूद गर्दिश में चले गए। वह जिस व्यवसाय में हाथ डालता उसी में नुकसान होता एवं इसी के चलते वह दिन-दिन वैसे ही सूखने लगा जैसे अकाल में नदी-तालाब सूख जाते हैं। उसकी दशा भी ऐसे ही तालाबों की उन मछलियों की तरह हो गई जो भावी की आशंका से दिन-रात तड़पती रहती है। सुमंत ने उसे अनेक बार सहयोग का प्रस्ताव भी किया, पर अरिष्टकेतु अभिमानी था, सुमंत से सहयोग लेना उसे गवारा न हुआ।

इसी दरम्यान अच्छे कारोबार के चलते सुमंत सपरिवार किसी बड़े जनपद में जाकर बस गया। यह जनपद उसके नगर से सौ कोस पर था। यहाँ आकर सुमंत के पौ-बारह हो गए। बड़े जनपद में माल की बिक्री कई गुना होने से उसकी व्यावसायिक बुलंदिया आसमान छूने लगी। उसका सिक्का चलने लगा तथा विपन्नता बीते दिनों की बात बन गई। नये जनपद पर आने के तीन वर्ष पश्चात् सुमंत के माता-पिता का निधन हो गया एवं उसे हरकारों से पता चला कि अरिष्टकेतु के माता-पिता भी कुछ समय पूर्व स्वर्गलोक सिधार गए हैं।

बादलों में चमकने वाली बिजली की तरह अरिष्टकेतु की स्मृति यदा-कदा उसके मन:पटल पर कौंधती लेकिन व्यावसायिक व्यस्तता के चलते धीरे-धीरे इस स्मृति का भी लोप हो गया।

काल का महानद कब रुका है। इस बात को भी दस वर्ष होने को आए। इन्हीं दिनों सुमंत एक बार अपनी ऊँची गद्दीदार पेढ़ी पर बैठा था कि एक फटेहाल भिखारी उसके समीप आया एवं वहीं आकर खड़ा हो गया। कृशकाय शरीर, सूखे होठ तथा दीन आँखों से वह साक्षात् विपन्नता का कंकाल लगता था। असहज सुमंत ने तिजोरी से कुछ निकाला एवं उसे दे ही रहा था कि यकायक चौंका। उसकी आँखें फटी रह गई। एक मित्र ने दूसरे मित्र को पहचानने में कोई भूल नहीं की। सुमंत उठा एवं अरिष्टकेतु को गले लगा लिया। हर्ष पुलकित उसकी आँखें भर आई। हृदय प्रेम, आनंद एवं श्रद्धा से भर गया। संयत हुआ तो बोला, ''मित्र! तुम्हारी यह दशा कैसे हो गई ? ऐसी विकट परिस्थिति में तुम मेरे पास चले क्यों नहीं आए ?'' कहते-कहते सुमंत की आँखों से गंगा-जमुना बह गई।

''सब भाग्य का खेल है मित्र! तुम्हारे नगर छोड़ने तक मुझे लगा मैं स्वयं को पुनर्स्थापित कर लूंगा। मैंनें कुछ अन्य कारोबार भी किए, लेकिन उनमें भी सफलता नहीं मिली। अब हिम्मत जवाब दे गई है। मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो चला है एवं लोग मुझ पर विश्वास नहीं करते। तुम्हारी भाभी एवं बच्चे अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं।'' कहते-कहते अरिष्टकेतु का गला भर आया।

''सब भाग्य का खेल है मित्र! तुम्हारे नगर छोड़ने तक मुझे लगा मैं स्वयं को पुनर्स्थापित कर लूंगा। मैंनें कुछ अन्य कारोबार भी किए, लेकिन उनमें भी सफलता नहीं मिली। अब हिम्मत जवाब दे गई है। मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो चला है एवं लोग मुझ पर विश्वास नहीं करते। तुम्हारी भाभी एवं बच्चे अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं।'' कहते-कहते अरिष्टकेतु का गला भर आया।

''तुम चिंता न करो मित्र! उन सबको मैं चुकता कर दूंगा। मैंने यहाँ इतना धन कमाया है कि सात पीढ़ियों के लिए पर्याप्त है। अब मेरा इस जनपद से भी मन भर गया है। पुराने नगर की याद दिन-रात सालती है। तुमने आकर उन स्मृतियों को पुनर्जीवित कर दिया है। गत कुछ समय से इधर का व्यवसाय बंद कर अपने नगर लौटने की भी सोच रहा हूँ। तुम्हारी भाभी एवं बच्चों की भी यही मंशा है। अब तुम आ गए हो तो इस योजना को त्वरित अंजाम दूँगा। अपना नगर अपना नगर होता है।'' कहते-कहते सुमंत की श्वासों में मिट्टी की गंध महक उठी।

कुछ ही माह में कारोबार समेटकर दोनों मित्र पुराने नगर में आ गए एवं मिलकर वहीं कारोबार करने लगे। सुमंत के सहयोग से अरिष्टकेतु की न सिर्फ पुरानी प्रतिष्ठा लौट आई, उसका व्यवसाय भी दिन दूना बढ़ने लगा।

भाग्य, भावी एवं भवितव्यता प्रबल है।

इस संसार में कौन है जिसे चिंता रूपी सर्पिनी ने नहीं खाया ? मोह ने किसे मतिभ्रम नहीं किया ? डाह ने किसे नहीं डसा ?

अरिष्टकेतु वैसे तो सुमंत का उपकार मानता था, परन्तु उसकी समृद्धि एवं संपर्कों को देख अनेक बार ईर्ष्या से दग्ध हो उठता। सुमंत की बढ़ती उसकी आँखों में खटकने लगती। यह ईर्ष्या अनेक बार इतनी गहन होती कि अरिष्टकेतु कल्पनाओं में मित्र का अरिष्ट तक सोचने लगता। व्यक्ति जब नकारात्मक विचारों से घिर जाता है तो स्वयं का विकास उसका लक्ष्य नहीं होता वह तो 'भाई भले ही मरे, भाभी विधवा होनी चाहिए' की तर्ज पर दूसरे का सम्पूर्ण विनाश सोच लेता है। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी, राजसेवक बहुधा सुमंत के घर आते। वह अनेक समारोह में मुख्य अतिथि बन कर जाता यहाँ तक कि नगर के अनेक उत्सवों तक में नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की पंक्ति में होता। सुमंत उदार था। वह अर्जन के साथ विसर्जन की महत्ता भलीभांति समझता था। फल देने वाला वृक्ष किसे प्रिय नहीं होता। अरिष्टकेतु को यह कतई नहीं सुहाता कि उसकी दशा उसी के साथ पले-बढ़े मित्र के सामने ऐसी हो। इन्हीं विचारों के चलते अरिष्टकेतु के मस्तिष्क में एक भयानक योजना ने मूर्तरूप ले लिया।

एक बार अरिष्टकेतु सुमंत को नगर परकोटे से कुछ दूर घूमने के बहाने ले गया। दोनों बचपन में अक्सर यहाँ आते थे। बातें करते-करते सुमंत बचपन की स्मृतियों में खो गया एवं उसी समय अरिष्टकेतु ने कटार घोंपकर सुमंत का वध कर दिया। मरते-मरते सुमंत ने क्षणभर के लिए अरिष्टकेतु को देखा एवं फिर यह सोचकर आँखें मूंद ली कि अब दुनिया में देखने लायक क्या रह गया है ? अरिष्टकेतु ने बड़ी चतुराई से उसका शव वहीं गाड़ दिया एवं नगर आकर विलाप करते हुए सबको बताया कि सुमंत को एक चीता उठाकर ले गया। वह बहुत दूर उसके पीछे भागा, लेकिन चीता घनी पहाड़ियों में विलीन हो गया। पारिवारिक विश्वास के चलते थोड़े समय में उसने सुमंत के व्यवसाय पर भी आधिपत्य कर लिया एवं अब वह भी शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायियों में एक था।

इस घटना की सूचना राजा तक पहुँची एवं तफ्तीश करने पर भी कोई चिह्न न मिला तो राजा को दाल में काला लगा।

जिस नगर परकोटे की अगोचर शक्तियाँ रक्षा करती हो वहाँ यह पाप कैसे छिपता ?

एक दिन एक गडरिये ने आकर सेनापति को समाचार दिया कि वह अपनी मरी भेड़ गाड़ने के लिए एक स्थान खोद रहा था कि वहाँ उसे एक कंकाल एवं कुछ वस्त्र दिखे तथा उस कंकाल के समीप से यह दो अंगूठियाँ एवं कटार भी प्राप्त हुए हैं। सेनापति ने अंगूठियों एवं अन्य वस्तुओं की तफ्तीश करवाई तो यह स्पष्ट हो गया कि यह जघन्य अपराध अरिष्टकेतु ने किया है।

सेनापति उसे पकड़कर राजा के पास लाया एवं राजा को बताया कि किस तरह इस कृतघ्न ने इस पर उपकार करने वाले सज्जन मित्र की जघन्य हत्या की है। सेनापति ने दोनों की मित्रता का इतिहास राजा को बताया तो राजा के माथे पर बल पड़ गए। उसकी आँखें क्रोध से चमकने लगी, लेकिन वह संयत रहा। राजा उसे इस तरह एवं ऐसा दण्ड देना चाहता था जिसकी गूंज दूर तक जाए। राजा ने गौर से अरिष्टकेतु की ओर देखा। राजा ने अनेक अपराधी देखे थे। अरिष्टकेतु को देखकर वह ताड़ गया कि अरिष्टकेतु मूलत: सज्जन है, लेकिन लोभ एवं ईर्ष्या के वशीभूत उसने ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम दिया है। संभवत: इसने भी ऐसा घिनौना कृत्य करने की कल्पना नहीं की होगी। आँखों में परदा पड़ जाय तो इंसान क्या नहीं कर बैठता। अपराध फिर भी अपराध है एवं अपराधी को सजा मिलनी ही चाहिए। राजा सेनापति के निकट आया एव तेज आवाज में पूछा, ''सेनापति! तुम्हीं बताओ ऐसे कृतघ्न मित्रघाती को क्या दण्ड दिया जाय ?''

''राजन्! इसे बांधकर नगर के बाहर ऐसी जगह डलवा दिया जाय जहाँ माँसभक्षी पशु-पक्षी इसे नौंच-नौंच कर खा सकें। पक्षियों की तीखी चोंचें जब इसके बदन को आहत करेंगी तब इसे मित्र के उपकार एक-एक कर याद आएंगे।'' कहते-कहते रोष एवं आवेश के मारे सेनापति की आँखें लाल हो गई।

''लेकिन यह कैसे संभव है सेनापति ? क्या तुम नहीं जानतेज्ज'' कहते-कहते राजा ने सेनापति की ओर इस तरह देखा मानो वो उसे कोई विशिष्ट संदेश देना चाहता हो।

चतुर सेनापति ने राजा के मन की थाह जान ली। वह राजा की आँखों के इशारे का गूढ़ार्थ भांप गया। कुछ रुककर बोला, ''राजन्! मैं क्या नहीं जानता ? मैंने कुछ गलत तो नहीं कह दिया ? क्या यह दण्ड ऐसे जघन्य अपराध के अनुकूल नहीं है ?''

''मैं तुम्हारे द्वारा बताये दण्ड को गलत नहीं कह रहा, पर संभवत: तुम नहीं जानतेज्ज'' कहते-कहते राजा कुछ क्षण के लिए रुक गया।

''राजन्! आप अपनी बात स्पष्ट करें।'' सेनापति बोला।

''सेनापति! क्या तुम नहीं जानते कि मेरे नगर के माँसभक्षी पशु-पक्षी कृतघ्न व्यक्ति का माँस नहीं खाते। इसने अपने परम उपकारी मित्र का वध किया है। ऐसे दुर्दान्त, मित्रघाती एवं निकृष्ट व्यक्ति का माँस खाकर वे अपनी गति क्यों बिगाड़ेंगे ? पशु-पक्षी भी किसी धर्म से बंधे होते हैं। इससे तो अच्छा यही होगा कि वे किसी सड़े-गले मरे जानवर का मांस खा लें, ऐसा करके वे एक महान पाप से बच जाएंगे।'' कहते-कहते राजा ने तीखी आँखों से अरिष्टकेतु की ओर देखा।

अरिष्टकेतु पर बिजली गिरी। राजा का एक-एक वाक्य अपमान का तीखा बाण बनकर उसकी आत्मा में धंस गया। वह नख-शिख पसीने से नहा गया। सुमंत का चेहरा उसकी आँखों के आगे होकर घूमने लगा। उसकी पराजित, ग्लानित, अपमानित आत्मा उसके आगे असंख्य प्रश्न लेकर खड़ी हो गई। रे नराधम! रे कृतघ्न! तुमने ऐसा क्यों किया ? सुमंत ने तुम्हें भिखारी से श्रेष्ठि बनाया पर तुमने क्या सिला दिया ? तुम्हारे विश्वास पर तो वह सब कुछ छोड़कर जनपद से नगर चला आया था ? हा मित्र! मैंने यह क्या कर डाला ? हा! हा! मैंने यह क्या कर डाला ? मैं इतना निकृष्ट क्यों कर हो गया ? राजन् ठीक ही कहते हैं कि मुझ पातकी का माँस माँसभक्षी पशु-पक्षी तक नहीं खाएंगे ? यही सोचते-सोचते उसका सर घूमने लगा, आँखों से गंगा-जमुना बह निकली, वह निश्चेष्ट हो गया तथा देखते ही देखते राजा एवं सेनापति के सामने जड़ से कटे वृक्ष की भांति नीचे गिरकर ढेर हो गया।

अरिष्टकेतु की मृत्यु के पश्चात् विस्मयविमुग्ध सेनापति ने राजा से पूछा, ''राजन्, आज आपने यह कैसा दण्ड दिया ? आपकी वह बात मैं पूरी तरह समझ नहीं पाया कि आपके नगर के माँसभक्षी पशु-पक्षी कृतघ्न मित्र का माँस नहीं खाते ? यह कैसे संभव है ? भला ऐसे पशु-पक्षी भी किसी को बख्शते हैं? उनका तो यही धर्म है। वे यह कहाँ सोच पाते हैं कि यह कृतज्ञ का माँस है अथवा कृतघ्न का ?''

इस बार राजा मुस्कुराया एवं सेनापति के कंधे पर हाथ रखते हुए बोला, ''तुम ठीक कहते हो पशु-पक्षी ऐसा नहीं सोच सकते, लेकिन मनुष्य तो ऐसा सोच सकता है कि उसने कितना जघन्य अपराध किया है ? भटके हुए सज्जन एवं क्रूर अपराधी के दण्ड में अंतर तो होना ही चाहिए। दण्ड अपराध के अनुरूप ही नहीं, अपराधी के अनुरूप भी हो। पशु भी एक लाठी से नहीं हाँके जाते। मनुष्य तो फिर प्रज्ञाचेतन जीव है। मैं चाहता था कि दण्ड के पूर्व अरिष्टकेतु आत्मचिंतन करे। उसका आत्मचिंतन ही उसका मृत्युदण्ड था।''

''मैं समझा नहीं राजन्!'' ऐसे अनूठे दण्ड को सुनकर सेनापति की आँखें फैल गई।

''सेनापति! कठोर मृत्युदण्ड की सजा तो जगत के दुर्जनों के लिए है, सज्जन तो अहसास मात्र से मर जाते हैं। अरिष्टकेतु के समक्ष मैं जो कुछ कह रहा था, वह तो मात्र उसका अहसास जगाने भर के लिए था।''

''राजन्! सचमुच आप न्यायविद् हैं।'' कहते-कहते सेनापति का गला भर आया।

# स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य- हमारे जीवन मूल्य

■ सेवाराम त्रिपाठी

- पुस्तक. स्वाधीनता आन्दोलन और साहित्य
- सं. श्यामबाबू शर्मा
- प्रकाशक. अनुज्ञा बुक्स दिल्ली,
- मूल्य.799 रू
- रजनीगंधा 06. शिल्पी उपवन, अनंतपुर

स्वाधीनता से बढ़कर इस दुनिया में कोई चीज़ नहीं। स्वतंत्रता है तो सब कुछ है अन्यथा कुछ भी नहीं। पुस्तक का शीर्षक है. स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य। इसे अनुज्ञा बुक्स दिल्ली ने प्रकाशित किया है। इसकी विधिवत योजना 16 मार्च 2022 को श्यामबाबू शर्मा ने बड़े उत्साह के साथ मुझसे साझा की थी। अपने तई मैंने उनका हमेशा उत्साहवर्धन ही किया। वे बेहद उत्साही व्यक्ति हैं और उनकी सक्रियता ने हमें एक ठोस आधार और एक बड़ा नेटवर्क भी दिया है। वे संवाद पर अमल भी किया करते हैं। सक्रियता का आदान.प्रदान भी करते हैं। उन्होंने मुझे जो मान.सम्मान दिया है, वह सामान्य नहीं महत्वपूर्ण है। उन्होंने मेरी अनुशंसाओं को भलीभांति क्रियान्वित भी किया है। उसके बारे में क्या कहूं, सोचता हूं ऐसे आदमी भी इस मायावी महाबाज़ार में ढल रही दुनिया में मौजूद हैं। हम रिश्तों के विखंडन की त्रासदी भी झेल रहे हैं। खैर, यह एक अलग प्रश्न है।

सच मानिए, मैने अपने किसी मित्र को इस विषयक कभी कोई फ़ोन नहीं किया कि आपको लिखना है। सम्पादक को खुला छोड़ दिया था। यह भी आश्चर्य से कम नहीं है। मेरे मित्रों ने मेरे संदर्भ को इतनी अहमियत दी। इसका सचमुच गर्व है मुझे। लेकिन यह गर्व वाकई में हिंदू होने जैसा गर्व नहीं है। मैं अपने तई एक चुप्पा किस्म का, एक अदना सा आदमी रहा हूं। अपनी आत्मा में ही बहता हूं। साहित्य में कभी कोई धूम.धड़ाका करने की कोशिश भी नहीं करता। 28 मार्च को मैंने उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित किया कि भारत की विविध भाषाओं में स्वाधीनता आंदोलन के अवदान को इसमें शामिल किया जाए तो बेहतर होगा। 4 अप्रैल को मैंने सुझाया कि मेरे मित्र और संस्कृत साहित्य के प्रकांड विद्वान प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी जी को इससे जोड़ा जाए और संस्कृत में स्वाधीनता आंदोलन के जो तमाम रूप रहे हैं उनसे निवेदन किया जाए कि उसे आलेख के रूप में प्रस्तुत करें। मैंने उन्हें त्रिपाठी जी का फोन नंबर उपलब्ध कराया और उनसे संपर्क करने को कहा। उसी तरह कन्नड़ भाषी मेरे मित्र हिंदी के विद्वान प्रो. धरणेंद्र कुरकुरी से अनुरोध करने के लिए कहा कि कन्नड भाषा में स्वाधीनता आंदोलन को आलेखित करें। 20 अप्रैल को मैंने अपने लिए भी विषय का चयन किया और कई दिक्कतों के बावजूद एक प्रतिज्ञा की तरह उस काम को पूरा किया। अग्रज रामकुमार कृषक जो छंद के भी ज्ञाता है और अत्यंत समझदार भी। सुधीर विद्यार्थी का नाम सुझाते हुए मैंने उन्हें बताया कि वे स्वाधीनता आंदोलन के क्रांतिकारी साहित्य के बारे में बेहतर तरीके से लिख सकते हैं। संपर्क सूत्र दे रहा हूं। बातें करें। एक बार ही उनसे लघुपत्रिका समन्वय समिति के आज़मगढ़ अधिवेशन में मिलना हुआ था। पांडेय शशिभूषण शीतांशु का भी नाम सुझाया। हालांकि एक बार ही उनसे मिला हूं बनारस में 1994में। उनसे भी मैंने आलेख लिखने के लिए कहने का अनुरोध किया। पूर्व में श्यामबाबू इस पुस्तक में कुछ लिखना नहीं चाहते थे। मैंने उन्हें समझाया कि आप ज़रूर लिखें। मैं मित्रों के नाम सुझाता गया, वे संपर्क करते रहे। कभी सफल हुए कभी असफल। कुछ और मित्रों. जानकारों के नाम सुझाए। जैसे अग्निशेखर और क्षमा कौल जी का। यह ठीक है कि अपनी विशेष व्यस्तताओं के कारण वे आलेख नहीं लिख सके। मैं सूत्र बताता गया और वे अपने उत्साह में अपनी कार्यविधि में उसे परिणत करते रहे।

इस किताब की विशेषता यही है कि हिंदुस्तानी भाषाओं में स्वाधीनता आंदोलन के सिलसिले में जो संघर्ष हुए हैं और साहित्य में उसे जिस तरह रेखांकित किया गया है। जिस प्रकार की उसकी विविध छवियां हैए उसे सामने लाया जाए। हिंदी, संस्कृत, मराठी,

अभी तो हमें लोकबोलियों में स्वाधीनता आंदोलन, उसकी अवधारणा को और तमाम संघर्षों और जीवन मूल्यों और धाराओं को ढंग से खोजना है। उसमें लगातार परिवर्तन घटित होते रहे हैं। उसमें अभी भी बहुत कुछ छिपा है और यह सुखप्रद स्थिति है कि संकल्पनिष्ठ श्यामबाबू शर्मा शीघ्र ही इस वास्तविकता को आगे ले जाएंगे। यह जज़्बा अभी भी मौजूद है, स्वाधीनता आंदोलन केवल कुछ वर्षों की परिघटना नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए अनथक संघर्ष किए हैं। जब इस क़िताब की तैयारी चल रही थी ।उसी समय शर्मा जी को दो स्लिप डिस्क का आघात हुआ था। दिक्कतों के बाद भी वे बिना थमे, बिना रुके और अविचलित भाव से काम में लगे रहे।

बांग्ला, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगू, असमिया, मणिपुरी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, कश्मीरी, उड़िया, संथाली जैसी भाषाओं को इसमें केंद्रित किया जा सका है। इस क़िताब में लोक साहित्य. संस्कृति, सिनेमा, नाटक, उपन्यास, कविता के साथ पत्रकारिता और उसमें स्वाधीनता आंदोलन के व्यापक परिप्रेक्ष्य को पहचानने का एक विनम्र प्रयास किया गया है। यह मार्च से लेकर जुलाई 22 तक की महत्त्वपूर्ण रचनायात्रा है। इन पाँच महीनों में जिस उत्साह, उमंग, लगन और श्रद्धा से सम्पादक और लेखक मित्रों ने काम को अंजाम दिया है। वह मेरी निगाह में बेमिसाल है। श्याम बाबू ने जो काम किया है उसी का प्रतिफल है यह क़िताब। इसमें स्वतंत्रता आंदोलन का संघर्ष और समर्पण तो है ही उसकी खुशबू और महत्त्व भी है।

स्वाधीनता आंदोलन में इस देश का प्रत्येक वर्ग शामिल रहा है। जीवन के इस व्यापक रूप में देश के सभी लोगों ने कंधा से कंधा मिलाकर गुलामी से मुक्ति के लिए यह दिलचस्प मारक और अमूल्य लड़ाई लड़ी है। अपने प्राणों की आहुतियां दी. युवा पीढ़ी को जानना होगा कि यह आज़ादी दीवानगी और संघर्ष से ही कमाई गई है। यह फालतू पड़ी हुई कोई वस्तु नहीं है। वे इसकी कीमत समझें और इसकी सुरक्षा के लिए कुछ उठा न रखें। जुनून नहीं तो आज़ादी नहीं। जुनून नहीं तो जीना नहीं। जुनून और समर्पण नहीं तो लेखन भी नहीं। वे गीत हमें आज भी प्रेरणा देते हैं।

आज़ादी के अमृत महोत्सव में उस जज्बे को जीवित और जीवंत रखें। आज़ादी कहीं पड़ी हुई नहीं मिलती। वह लोक कल्याण की असली धुरी है। वह बलिदान मांगती है। वह हमारी अस्मिता है। स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों से इसे हमें सीखना चाहिए। आज़ादी कायम है तो हम हैं। आज़ादी कायम नहीं तो हम भी नहीं हैं। वास्तव में यह सेंत-मेंत की दुनिया नहीं है । उसे लाना पड़ता है, निगरानी करनी पड़ती है और सतत कुर्बानी भी देनी पड़ती है। आज़ादी कोई सस्ती चीज़ नहीं है। यह अमूल्य होती है। इसका मूल्य वे जानते हैं जिन्होंने आज़ादी प्राप्ति के लिए गुलामी के खिलाफ़ लड़ाई लड़े थे और जो यह कठिन लड़ाई आज़ादी की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हमें इसकी कदर करनी चाहिए। इसकी अवहेलना नहीं । भारतीय जीवन में इस दौर में अस्मिता की खोज और पहचान एक बेहद ज़रूरी मुद्दा है। भारत ने कभी भी नफ़रत फ़ैलाने का महासंग्राम नहीं लड़ा था। अवहेलना तो देखी थी, अब यह साक्षात हमारे सामने है। संभवत: इसीलिए स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों की सांसें फूल रही हैं। कभी प.जवाहर लाल नेहरू ने एक तथ्य की ओर हमारा ध्यान केंद्रित किया था कि मेरे भीतर पश्चिम और पूर्व का तनाव है, मेरे भीतर प्राचीन और आधुनिकता का तनाव है। इस मार्के की बात को हमें निरंतर अनुभव करते रहना होगा। इसमें स्वतंत्रता की वास्तविकता के बीज निहित हैं। इसी से हम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। स्वाधीनता की लौ मद्धिम पड़ती जा रही है। उसके कारकों को लगातार खोजना होगा।

अभी तो हमें लोकबोलियों में स्वाधीनता आंदोलन, उसकी अवधारणा को और तमाम संघर्षों और जीवन मूल्यों और धाराओं को ढंग से खोजना है। उसमें लगातार परिवर्तन घटित होते रहे हैं। उसमें अभी भी बहुत कुछ छिपा है और यह सुखप्रद स्थिति है कि संकल्पनिष्ठ श्यामबाबू शर्मा शीघ्र ही इस वास्तविकता को आगे ले जाएंगे। यह जज़्बा अभी भी मौजूद है, स्वाधीनता आंदोलन केवल कुछ वर्षों की परिघटना नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए अनथक संघर्ष किए हैं। जब इस क़िताब की तैयारी चल रही थी ।उसी समय शर्मा जी को दो स्लिप डिस्क का आघात हुआ था। दिक्कतों के बाद भी वे बिना थमे, बिना रुके और अविचलित भाव से काम में लगे रहे।

लोक बोलियों के साहित्य में वह वाचिक हो या गैरवाचिक यानी लिखित, वह हमारी वार्ताओं में रहा हो या यूं ही अन्य किसी माध्यमों में, कुछ लोगों के अवदान हमारे खोजने, खंगालने के बावजूद इतनी जल्दी में मिल नहीं पाए। एक कसक रह. रह कर टीस रही है कि उर्दू, अरबी, फारसी और अन्य भाषाओं को तत्काल हम रेखांकित नहीं कर पाए। उस दौर में कितना साहित्य जब्त किया गया था। उसे भी परिश्रम से खोजना और हर हाल में पाना यानी उपलब्ध करना है। यह आसान काम नहीं है बल्कि बेहद गंभीर और मुश्किल है। क्योंकि आज की तरह हमारे पूर्व समयों में स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाइयां नाम कमाने के लिए यश प्राप्ति के लिए और किसी तरह के लाभ. लोभ के लिए नहीं लड़ी जाती थीं, जो इस दौर में अभूतपूर्व प्रशंसा के रूप में विकसित हुआ है। साथ ही अपने आपको चमकाने के रूप में संपन्न हो रहा है। स्वतंत्रता हमारा जीवन मूल्य भी होती है। मौन आराधना भी है और उसको सुरक्षित रखना हमारे जिंदा रहने से ज्यादा ज़रूरी है। यह अमृत महोत्सव हमें आज़ादी के जश्न मनाने का जितना अवसर देता है। उससे कहीं ज्यादा उसको नए सिरे से पहचानने और पुनर्विचार करने का दायित्व भी सौंपता है। देखना यह है कि यदि हम अपनी सामासिकता, बहु आयामिता को नहीं बचा पाए और वह नफ़रत, क्रूरता, निर्लज्जता की भेंट चढ़ गई तो हमारे पुरखों का किया धरा अर्थहीन हो सकता हैघ। इधर बढ़ती कॉरीडोर संस्कृति ने दिखावे के जलसों ने आत्माओं तक को छलनी करना शुरू कर दिया है। अभी तो कहने को बहुत कुछ है और सहने को बहुत कुछ है। स्वतंत्रता के तमाम बिखरे सूत्रों को उसके विविध रंगों, सपनों और यथार्थ को विस्तार से समझने की ज़रूरत है। उसकी असलियत जड़ों, संस्कृति और लोकबोलियों के आयामों को विराट संदर्भों में टटोलने, सहेजने का भगीरथ प्रयास करना है और उसके लिए गंभीर जतन भी करना हैघ। ये बहुत उलझा हुआ सा मामला है। ठीक-ठीक कहा नहीं जा सकता कि कितना उसे कर पाएंगे। क्योंकि यह तो समय, परिस्थितियों और हमारी कार्यविधि में ही निर्णय हो पाएगा।

# पहली पंक्ति के नेता

■ भूपेन्द्र भारतीय

वे बचपन से पहली पंक्ति के नेता रहे है। अपने पिताजी के पिताजी के समय से पहली पंक्ति वाली राजनीति में रहे। बचपन में अपने दादाजी के साथ पहली पंक्ति में बैठते थे। पाँच दशक से उन्हें कोई पहली पंक्ति से उठा नहीं पाया। हर राजनीतिक आयोजन में उनके लिए पहली पंक्ति में सीट आरक्षित रही है। मजाल की वे अपने क्षेत्र व पंक्ति से टस से मस हुए हो ! ना उन्हें कोई पहली पंक्ति से दूसरे पंक्ति में धकेल सका। आखिर नेतागिरी उनके बापदादा की जागीर जो ठहरीं। वे जन्मजात नेता जो ठहरे।

लेकिन इस सोशल मीडिया रूपी घोर कलयुग ने उनसे उनकी यह विरासत छीन ली। क्या जमाना आ गया ! युवाओं को अवसर देने के नाम पर उनके साथ राजनीति का सबसे बड़ा छल किया गया। उन्हें राजनीति में अग्रणी से सीधे बैकबेंचर बना दिया। पहली पंक्ति से सीधे राजनीति के कोपभवन में। लोकतंत्र नाम के खंभे ने उनकी नींव हिला दी। प्रजातंत्र ने उनसे उनकी जागीरी छीन ली। कहाँ तो हाईकमान ने अच्छे दिनों का वादा किया था और ऊपर से ये दिन देखने पड़ेंगे । उनकी राजनीति चाँद से सीधे उनकी गली में आ गई। अब गली का बुजुर्ग मतदाता भी उन्हें नहीं पूछ रहा है। युवा मतदाता उनकी राजनीति से परिचित ही नहीं है। वह तो उन्हें नेता ही नहीं मानते। भला बड़ी कार व चेले-चपाटों के बगैर कोई नेता हो सकता है ? अब पहली पंक्ति के नेता की परिभाषा बदल चुकी है।

क्या दौर था जब वे पहली पंक्ति के नेता थे। उनके एक इशारे पर पूरा क्षेत्र एकतरफा मतदान करता था। उनका दल उनके लिए हर समय रेड कार्पेट बिछाकर रखता था और अब देखो तो उन्हें टाटपट्टी तक नसीब नहीं हो रही है। उम्र के अंतिम पड़ाव पर बैकबेंचर बना दिया। वे जब पहली पंक्ति के नेता थे तो क्षेत्र में उनकी तूती बोलती थी। मजाल की हाइकमान उनसे बगैर पूछे कोई निर्णय ले सके। बड़े बड़े नेताओं की टिकट उनकी जेब में पड़ी रहती थी। ओर अब ये स्थिति है कि उनका ही टिकट कट गया है। पहली पंक्ति में आने के लिए राजधानी के चक्कर लगा रहे है। कहाँ तो अपने समय में वे स्वयं टिकट बांटते थे और अब उनकी टिकट के लाले पड़े हैं। क्या समय आ गया है, अब उन्हें कोई नहीं पूछ रहा है। वर्तमान में पहली पंक्ति के नेता तो छोड़ो, उन्हें तो उनके ही समय के वरिष्ठ नेता तक नहीं पूछ रहे हैं।

वह भी क्या दौर था, जब वे पहली पंक्ति के नेता थे। सुबह से उनके घर पर ही कार्यकर्ताओं का ताँता लग जाता था। उनके परिवार के सदस्य उनका बहुत सम्मान करते थे। पहली पंक्ति के नेता होने के कारण परिवार के लोगों का भी उनके क्षेत्र में बहुत सम्मान था। छोटेमोटे काम स्वत: ही हो जाते थे। लेकिन अब परिवार के सदस्यों को भी कोई नहीं पूछ रहा है। पड़ोसी तक उन्हें नहीं पूछते। राजनीतिक चर्चाएं अब उनके परिवार में नहीं होती हैं। परिवार में कोई राजनीति की बात भी करता है तो सब उसे पागल समझकर आगे बढ़ जाते हैं।

अपने समय में वे अपने दल के पहली पंक्ति के नेता के साथ ही अग्रणी वक्ता भी थे। वे अग्रणी वक्ता आज भी है, लेकिन अब उन्हें उनका ही दल याद नहीं करता। नये कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण तक में उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाता है। सोशल मीडिया की राजनीति के समय में उनके हाथ में ना मंच है ओर ना ही माईक। पहली पंक्ति के नेता इस स्थिति में अब अपनी राजनीति चमकाने के लिए विपक्ष की भूमिका में आ गए हैं। उन्हें लगता है कि शायद विपक्ष की भूमिका में आकर वे फिर से पहली पंक्ति के नेता का गौरव प्राप्त कर सकते हैं...!!

## हाना

धान के सुखाय ले पानी छेंके के कौन काम।
धान के पौधा ह सुखा जाही त पानी का काम? पानी रोके ले धान हरियावय नहीं। किसी काम के बिगड़ जाने से सुधारने से कोई फायदा नइए।

## शब्द अरथ

1. चुरपुर- तीखा, चटपटा
2. चुरपुरइया- चुरपुरइया
3. चुरपुरई- पछताने की क्रिया या भाव
4. चुरपुराना- पछताना
5. चुरपुराल- पछताया हुआ
6. चुरपुरासी- पछताने की क्रिय
7. चुरल- पका हुआा
8. चुरवा- एक हाथ की अंजुलि
9. चुरहा- पका हुआ
10. चुरचुरासी- मिर्च के कारण होने वाली जलन

## बाढ़त रावन

रावन हर बछर बाढ़त जात हावय। पहिली पांच-छै फुट के राहय, पचास बछर म पचास फीट के होगे। सीताहरण के सजा आज ले मिलत हे। सही भी हे येला देखके कइ झन ल सीख मिलिस होही के अइसना गंदा काम नइ करना चाही। आज तो ये बाढ़त आकार ल देख के लागथे के अत्याचार बाढ़त हे। हर बछर एक रावण के ऊंचाई ल बढ़ा-बढ़ा के मारे ले अत्याचार कमती नइ होवय।

आजकल एक आवाज उठत हावय के हर बछर मरे रावण ल काबर मारे जाथे। येखर ले कुछु फायदा तो होवत नइये। तीन-चार बछर पहिली रावण दहन देख के लहुटत दू नोनी के गांव डाहर बलात्कार होगे। अब ये बात ले का निष्कर्ष निकाले जाये। हर बछर हजारों रुपिया ये रावण दहन म फूंका जथे। आजकल तो राम लीला बंद होगे हावय। प्रतिकात्मक होथे। ये दस दिन के रामलीला ल शुरु करना चाही। येमा ही नाटक के रूप म रावण के दहन होना चाही। एक ऊंचा मंच अउ रामलीला। दसमी के दिन मेला भराना चाही। जइसे आजकल भरावत हावय। मनखे मन ल पूरा मजा आना चाही। लइकामन ल भी पूरा मजा आना चाही।

जेन बात उठत हावय के हर बछर बाढ़त रावण ल मारे ले नारी के रक्षा होवत हावय? ये सवाल के जवाब ह रामलीला ले मिलही। जब एक कहानी के मंचन होही। आज कोन मेर नारी के अस्मिता बांचे हावय। रायपुर जइसे शहर के बीच म रोड तीर मल्टी पार्किंग म एक लड़की संग बलात्कार होगे। बस म कार म घलो अस्मिता के हनन होवत हावय। बेटी अपन परिवार में ही सुरक्षित नइये। पड़ोसी तो पड़ोसी संग चाचा भी ये घटना ल अंजाम दे चुके हावय। आज काखर ऊपर भरोसा करे जाये।

रावण ह सीता के हरण करके वाटिका म रखे रहिथे। ओला छुये भी नइ रहिस हे। चार पहरेदार ओखर करा राहय। ओला कभी तंग नइ करिस। राम युद्ध करके सीता ल लेग जथे। ओखर सतीत्व के परीक्षा अग्निपरीक्षा दे के पूरा होथे। आज तो बेटी मन इज्जत लुटाये के बाद थाना के चक्कर काटत रहिथें। वकील जज मन अपन सवाल ले हर दिन ओखर अस्मिता ल लुटथे।

आज हमन ल ये अस्मिता के हनन करने वाला मन के दहन खुलेआम करना चाही। हर बछर अइसना सजायाफ्ता मनखे मन ल खुलेआम फांसी दे के दशहरा मनाना चाही। तभे हमर रावण दहन के उद्देश्य ह पूरा होही।

**सुधा वर्मा**

## माता रानी

जोत जलत हे जगमग जगमग, गूंजत हे किलकारी।
नौ दिन बर माता रानी हर, आये हमर दुवारी।।
लाल-लाल चूरी पहिरे अउ, लाली महुर रचाये।
लाली चुनरी ओढ़े माता, मुच मुच ले मुस्काये।।
सरग उपर ले दुर्गा दाई, बघवा करे सवारी।
नौ दिन बर माता रानी हर, आये हमर दुवारी।।
महाकाल अउ राम चंद्र जी, हर दुर्गा स्तुति गावै।
नारद मुनि सँग सबो देवता, माथा अपन नवावै।।
कुष्मांडा अउ गौरी मइया, सब के हवै दुलारी।
नव दिन बर माता रानी हर, आये हमर दुवारी।।
कतको धरती संकट आथे, तुरते ओला टारे।
रूप धरे काली माता के, दानव मन ला मारे।।
करे पाप कलयुग मा मानव, ओखर लाये पारी।
नव दिन बर माता रानी हर, आये हमर दुवारी।।

**-प्रिया देवांगन प्रियू राजिम, गरियाबंद**

# रावण कब मरही

> तब के रावण हा माता के संग कोई दुराचार नइ करे रिहीस। अब के रावण मन केवल दुराचार म लिप्त हाबे। तब रावण हा दूसर के सम्पत्ति ला हड़पके अपन देश म ले आने अऊ अपन देश ला समृद्ध करत रिहिस। अब के रावण मन अपन देश के धन दोगानी म दूसर देश के कोठा भरत हे। ओ समे रावण ह अपन देश के भुंइयां ला कभू नइ बेंचिस अभी के रावण मन रोज अपन देश ल नीलाम करे म तुले हे।

राम जेला मारथे तेला तारथे घला। ताड़का मारीच बाली जइसन दुष्ट मन के संहार करिस फेर जम्मो झन ला परमधाम के सुख घला देवइस। रावण के मरे के पारी अइस तब जम्मो देवता मन रोवत डबडबावत आँखी के आँसू पोछत हाथ जोर के राम से प्रार्थना करत रिहिन। भगवान हा देवता मन कोति मुखातिब होवत किहिस - अब तो तूमन खुश हो जावव जी, तुंहर दुख तिरोहित होवत हे। इंद्र किथे- ओ तो ठीक हे भगवान, फेर अवइया कष्ट के भय पदोवत हे। भगवान पूछिस- काये कष्ट जी? इंद्र किथे- तोर हाथ ले जेहा मरथे तेला स्वर्ग म जगा मिलथे। रावण घला तोरे हाथ ले मरत हे। यहू सीधा स्वर्ग जाही तहन मोर शासन ला पोगराये के उदिम रचाही। येकर तपोबल बहुत प्रबल हे भगवान। मोर का चलही अऊ तब स्वर्ग म येकरे शासन हो जही ... तब हमन कहां जाबो? ओतके बेर बिगन बलाय ... यमराज घला पहुंचगे अऊ केहे लगिस- तैं इही कहना चाहथस न इंद्र जी के येला स्वर्ग निही बल्कि नरक म भेज देवव...। भगवान तैं जानतेच हस, यमलोक म केवल दुष्ट पापी मन रहिथे ... ए चल दिही त येकर पाप के बोझा म यमलोक टूटके बिखर जहि। येला सम्भाले के चक्कर म बांकी दुष्ट मन कोति ध्यान नइ दे पाबो... तब ओमन नरक म घला मजा मारहि। अऊ ये महापापी हा उहां घला संगठन बना लिस तब ... पूरा नरक येकरे हो जहि। फेर ब्रम्हाजी के बेवस्था के का होही? तोर हाथ ले मरइया हा स्वर्ग के जगा यमलोक चल दिही तब, सरी नियम धरम बेवस्था चरमरा जहि। भगवान ह परिस्थिति भांप गिस अऊ अपन पल्ला झाड़त बिगन कुछु केहे प्रस्थान करे म अपन भलाई समझिस अऊ आगू के मोर्चा सम्हारे बर ब्रम्हाजी ला बलवा लिस अऊ अपन हा माता सीता ला लेहे बर अशोक वाटिका कोति प्रस्थान कर दिस।

रावण मरे नइ रहय... चंदर लग चुके हे। स्वर्ग अऊ नरक के प्रतिनिधि देवता मन के बीच म वाकयुद्ध शुरू होगे। सत्ता के डगमगाहट के आशंका म एक दूसर उपर आरोप प्रत्यारोप लगावत ... दुनों डहर संगठन बनाये बिगाड़े के खेल शुरू होगे। जेकर अंत समे आ जथे तेकर आंखी म हरेक देवी देवता दिखे बर लग जथे। रावण ला घला दिखे लगिस। सांस के टूटन म घला ओकर थोथना म चमक आये लगिस। रावण सोंचत रहय ... एती ब्रम्हाजी दुविधा म परगे। सांस बंद होय के पहिली स्वर्ग अऊ नरक के देवता मन के आपसी झगरा के फायदा उचाये के कुत्सित मानसिकता ह फेर जोर मारिस। ओहा देख डरिस के ओला कोनो स्वर्ग म लेगना नइ चाहत हे अऊ ब्रम्हाजी हा नियम कानून म अइसे जकड़े हे के ओला नरक तो भेजेच ला नइ सकय। रावण हा ब्रम्हाजी ला बुड़ोये बर अपन बात रखत केहे लगिस- मोला नरक भेज देबे ते मेहा भगवान तिर तोर शिकायत कर देहूं। तोर ब्रम्हईगिरी खुसर जहि । तोर नौकरी खतरा म पर जही। स्वर्ग के टिकिस ला जल्दी दे... गाड़ी हा प्लेटफार्म म लग चुके हे मोला चइघन दे। ब्रम्हाजी हुंके भुंके नइ सकत रहय। रावण हा बिगन टिकिस भगवान के दिये पास के सहारा म... गाड़ी म चइघ जहूं कहत उचे ला धरिस। एती डोकरा के पोटा कांपगे। का करे का नइ करे... समझ नइ आवत रिहिस। ओकर आंखी डबडबागे। ब्रम्हाजी ला भितरे-भीतर सुसकत देख, रावण ला दया नइ लागिस बल्कि ओकर जम के फायदा उचाये के सोंच डरिस। ब्रम्हाजी ला रावण किथे- तेकर ले मोला इंहींचे रहन दे बबा! साधारण जीव कस महूं ला धरती म रेहे के ठौर ठिकाना मिल जतिस ते... स्वर्ग नरक वाला तोर दुविधा घला खतम हो जतिस अऊ येकर मन के बीच खुरसी जाये के डर म होवत होक्काबाजी घला सिरा जतिस। धरती के कतको मनखे मन बानर के रूप म भगवान के सेवा म लगे रहयं ... तेमन ला न देवता दिखत रहय न यम न ब्रम्हाजी, रावण के सांस उखनही तहन लेसबो सोंच ओमन कलेचुप खड़े रहय। रावण मने मन केहे लगिस- जिनगी भर मोला लेसहू तभो में तुंहर से नइ लेसावंव रे।

ब्रम्हाजी हा रावण ला पूछिस- तोर का इच्छा हे रावण? रावण किथे- मोर का इच्छा रइहि भगवान। मोला जे राखना चाहथे... तेकर तिर मोला भेज अऊ कोनो नइ लेगना चाहही त मोला सबर दिन बर इंहे रहन दे फेर ओकर बर मोर कुछ शर्त माने बर परही। हां, कहिबे त ठीक ... नहीं ते मोर गाड़ी छुटे के समे होवत हे। मेहा जावत हवं। ब्रम्हाजी हा बिगन सोंचे समझे वरदान दे बर माहिर रिहिस। ओहा जइसे हव कहत मुड़ी हलइस। रावण केहे लगिस- भविष्य म मोला कोन्हो इहां के साधारण जनता हा चिन्हे झन सकय । मोला उही चिन्हय जेहा मोर भाई बंधु होय या मोर महतारी होय। दूसर शर्त- मेंहा कुछु भी करंव ... पकड़ांवव झन कोन्हो मोला जेल मेल म डारे के कोशिस झन करय या मारे के कोशिश- झन करय। गलती से, धोखा से या जान बूझ के मोर संग अइसन मिसबिहेब करइया ला मेंहा जब चाहंव तब .. मोर भाई बना के अपन आप ला बचाए पर सफल रहंव। तीसर बात... भविष्य म मोला कोई देवता मार झन सकयं। मोला मारे के अधिकार मोरे भाई या बहिनी ला मिलय। आखिरी बात यदि मोला देवता मन मारही... तब बिगन कुछ बात पूछे अऊ बिगन विलम्बित करे सीधा स्वर्ग के कपाट हा मोर बर खुल जाय। ब्रम्हाजी हा रावण के शर्त सुनत थकथकागे रिहिस। आनन फानन म बिगन सोंचे बिचारे हव किहिस अऊ अपन धाम चल दिस। रावण मरगे। खुशी के मारे .. देवता मन फूल के बरसात कर दिन।

चौरासी लाख योनि म भटके के बाद ... रावण के मनखे रूप म जनम धरे के समे लकठियाये लगिस। कलयुग घला संगे संग पहुंचगे । ब्रम्हाजी ला अब फिकर हमागे। ओहा सोंच डरिस के अब रावण ला स्वर्ग म लान के बइठार देथंव। इंद्र ला पता चलिस। ओहा ब्रम्हाजी तिर जाके किहिस- तैं फिकर झन कर ब्रम्हाजी... हमन धरती म रावण के रेहे के बेवस्था बना के आवत हन। इंद्र हा मईलोगिन के मन ला टटोले लगिस। फेर कोनो मई लोगिन के कोख म ताकत नइ रहय के अतेक बड़ रावण ला अकेल्ला अपन कोख म धारण कर सकय। इंद्र हा धरती म पहुंचके माता मन ला रावण के जन्म ला जरूरी बतावत सभा करके पूछे लगिस के कोन अपन कोख ले ओला बियाहू ? रावण ला कोन बियाना चाहहि ... हरेक मई लोगिन हा मना कर दिस। सब झन राम बियाबो कहय। इंद्र हा लालच घला दिस के जेहा रावण ला बियाही... तेला अबड़ अकन धन दोगानी नाव पद सब मुफ्त म मिलही। कोनो दई मई तभो तैयार नइ होइस।

इंद्र ला घला अपन स्वर्ग के सत्ता प्यारा रिहिस। ओहा रावण ला स्वर्ग झन पहुंच सकय तेकर बर चालाकी करिस। एक दिन मई लोगिन मन के सभा समागम जइसे सिरइस तइसने म एक झन मईलोगिन ला कलेचुप तिर म बलइस अऊ किहिस- एमन ला जावन देथवं, तोला एक ठिन राज के बात बतावत हंव। राज के बात सुन मईलोगिन हा बिलमगे। इंद्र केहे लगिस - दुनिया म बहुत खराब समे आवत हे। कलयुग के आगमन हो चुके हे। राम बियाना सम्भव ही नइहे। ओकर बर युग युग तक तपस्या करे बर लागथे। बहुत संयम नियम के पालन करे बर लागथे। राम हा एक तो आवय निहि अऊ आही त बुढ़हारी म। अऊ आही तभो ओहा अपन महतारी बाप ला कोई सुख नइ देवय। जंगल-जंगल किंजरहि अऊ दूसर ला सुख दिहि। जिनगी भर संघर्ष करही। जबकि रावण हा सुखे सुख म रहि । दुनिया भर के सुख-सुविधा हा ओकर दास रहि। ओकर बर दूसर मन संघर्ष करही। जनम धरते साठ सिंघासन पा जही। अतेक वैभववान के माता नइ बनना चाहबे का? तोला अपन पुत्र के कारण मान सनमान मिलय... अइसन इच्छा नइये का? तोला योग्य देख अलग से बुलाके पूछे हंव। सभा म तोर से योग्य कोई नइ दिखिस। फेर तैं नहि कहिबे त... दूसर योग्य मईलोगिन ला खोज के इही बात ला कहूं। सभा म कहि देतेंव ते कतको झन, बिगन योग्यता वाली मन घला मेहा बनहूं रावण के महतारी कहत आ जतिन... मोला मुश्किल हो जतिस। मईलोगिन ला अपन से योग्य आज तक कोन दिखे हे... तेकर सेती ओकरो मन म आगे अऊ कुछ जाने के अऊ प्रशंसा सुने के इच्छा तीव्र होगे। मईलोगिन हा इंद्र के पांव परत किथे- ओ तो ठीक हे इंद्र देवता। फेर दुनिया म हरेक मनखे हा मोला रावण के महतारी अस कहिके गारी बखाना करही तब... मोर का होही? नहीं... मोर से नइ होय। इंद्र किथे- तोर बेटा रावण आय तेला तोला गारी बखाना कर सकइया मन जान ही नइ सकय। ओला तो भगवान ब्रम्हा हा मरे के बेर बरदान दे हाबे के ओला कोनो चिन्हय निही। अच्छा ... मानलो कोनो जानगे त अतेक ताकतवार रावण के कोनो कुछ बिगाड़ नइ सकय अऊ उही पुत्र रावण के सेती तोला कोई कुछ नइ कहि सकय। जब तक पद पावर सत्ता म रइहि तभे तक ओहा रावण रहि। बाकी समे जनता संग खड़े छद्म राम बन जहि। अब बता कोन जानही भलुक।

इंद्र के छल काम कर गिस। मईलोगिन हा ओकर बात म आगे। ओ तैयार होगे। मईलोगिन पूछिस- एकर बर मोला का करे बर परही ? इंद्र हा बतइस- आज ले पूजा छोंड़ देवव तुंहर समे बांचही। ससुराल म अपन से बड़े के इज्जत करे ला छोंड़ दव, तुंहर मान मइके म बाढ़ही। सब ला पदोवव। व्यभिचार म बुड़ जावव। मास मछरी बिगन भात झन खावव। मंद मउहा म नहावत रहव। लबारी मारव, बईमानी करव ... भ्रस्टाचार म सना जावव। इंकर ले आसान बुता कोई नइये ... तेकर सेती तूमन ला अपन जान के बतावत हंव। मईलोगिन हा हव कहत खुशी-खुशी अपन घर पहुंचके इही सब बुता ला अजमाना शुरू कर दिस। इंद्र हा जानत रहय के एक झन मईलोगिन के कोख म ओ ताकत नइये के वोहा अतेक बड़ रावण ला धारण कर सकय। ओहा अइसने युक्ति कतको झन मईलोगिन तिर अजमइस। सुख सुभीत्ता के नाव म कोन पिछु घुचही । मईलोगिन के संख्या बाढ़गे । स्वर्ग म ब्रम्हाजी ल उपाय बतावत इंद्र ह किहीस के रावण बर बहुत अकन मईलोगिन के कोख तैयार हे। ओला एक झन धारण नइ कर सकय। ओकर जीव के कुटका कुटका करके अलग-अलग कोख म आरोपित कर देवव। बिचारा ब्रम्हाजी घला जनम के सिधवा ... इंद्र के चालबाजी ला न पहिली समझे रिहिस न अभी समझिस। हव कहत रावण के जीव ला केऊ ठिन नान नान कुटका म विभाजित करके ... एती ओती बगरा दिस। जतका योग्य महतारी मिलत गिस ... सबके कोख म रावण पहुंचगे। जगा-जगा रावण के पुनर्जन्म होगे। जे घर म बिगन मेहनत करे... अपने अपन धन दोगानी हा अड्डा बना लिस। जिंहा व्यभिचार ला खाये बर भात, सुते पर दसना अऊ रेहे बर कुरिया मिलिस तिंहा रावण के जीव के कुटका हा मंडराये लगिस। महतारी के पेट म रावण के खुसरतेच साठ ओ घर म धन दोगानी के पुरा बोहाये बर धरलिस। बपरा कुबेर तो पहिली भी रावण से हारे रिहिस। यहू दारी ओकर आये के पहिली ओकर घर ला साधन सुख-सुविधा धन धान्य ले पाट दिस। परोसिन मन अपने अपन परेशान होय लगिन। भेद खुलत गिस। धीरे-धीरे परोस म घला उही वातावरण बनगे। रावण के जीव के एक कुटका ओकरो पेट म हमाके ओकरो घर ला भर दिस। कुछ दशक म घरों घर रावण आगे। धरती म आतंक बाढ़गे। धरती थर्राये लगिस।

अब दुनिया म कोनो महतारी ला रावण बियाये म लाज शरम अऊ झिझक नइ रहि गिस बल्कि गरब के अनुभव करे लगिस। येती धरती महतारी के मुड़ के बोझा के वजन बाढ़त जावत रिहिस। भगवान राम ला सुरता करिस। भगवान किथे- एक झन, दू झन होतिस ते मारतेंव नोनी। अतेक अकन ला काइसे मार सकहूं या फेर येमन मोर हाथ ले मरही तहन सरग चल दिही ... तहन सरग म झंझट खड़ा हो जही। रावण के जीव हा जब एके म रिहीस तब आज के रावण मन ले फेर भी ठीके रिहीस। कम से कम सरी बुराई हा एके जगा सकलाये रिहिस। अब कुटका-कुटका म बंटा के अलग-अलग जगा के दुर्गति करत हे। धरती माता किथे-हव प्रभु, ओ समे के रावण हा केवल अपन जीव ला तारे बर तोर संग बैर करके माता सीता ला चोरा के लेगे रिहीस। अब के रावण मन केवल दूसर ला मारे बर अऊ सुख पाये बर माता ला रोज चोरावत हे। तब के रावण हा माता के संग कोई दुराचार नइ करे रिहीस। अब के रावण मन केवल दुराचार म लिप्त हाबे। तब रावण हा दूसर के सम्पत्ति ला हड़पके अपन देश म ले आने अऊ अपन देश ला समृद्ध करत रिहिस। अब के रावण मन अपन देश के धन दोगानी म दूसर देश के कोठा भरत हे। ओ समे रावण ह अपन देश के भुंइयां ला कभू नइ बेंचिस अभी के रावण मन रोज अपन देश ल नीलाम करे म तुले हे। तब रावण हा काकरो हक नंगाये बर उदिम नइ करय, अब रावन हा केवल दूसर के हक नंगाये बर दिन भर व्यस्त अऊ मस्त रहिथे। ओ समे रावण कभू लबारी नइ मारिस ... अब कोनो बात बिगन लबारी मारे नइ करय । तब के रावण हा तो भगवान शिव के पूजा म अपन मुड़ी चघा देवत रिहिस, अब दूसर के बलि चघा के को जनी काकर पूजा करत हे। धरती माता सुसके लगिस।

एती ब्रम्हाजी ला भगवान हा तलब करिस । ब्रम्हा जी बतइस- का करबे भगवान मेंहा नइ जानत रेहेंव के मोर वरदान के सेती अतेक बड़ दुर्घटना घट जहि कहिके। मोला इंद्र हा भरमा दिस । मोर वरदान के सेती येमन ला तैं मार नइ सकस। कोनो साधारण मनखे हा ये रावण ला चिन्ह नइ सकत हे। तेकर सेती अइसने मन देश म अगुवा बन चुके हे। येला मारही त ओकरेच बंधु बांधव मन फेर ओमन तो अतेक एकमई रहिथे के ओकर मनके बीच वैमनस्य पैदा करना बहुत कठिन हे।

भगवान हा ब्रम्हाजी ला किथे- ओ समे विभीषण हा बताये रिहीस के, रावण के प्राण हा ओकर नाभि म लुकाये रहिथे। सीधा ओकर पेट म वार नइ करवातेस जी। ब्रम्हा जी किथे- दूसर के पेट म लात मरइया मन को जनि कति तिर अपन प्राण ला लुकाके राखथे पता नइ चलय। विभीषण ला येमन अपनेच दरबार म पाल के राखथो। ओ का बताही? इकर पार पा सकना मोरो बस म नइहे। भगवान हाँसिस। ब्रम्हाजी किथे- तोला हाँसी सूझे हे मोर का हालत होही तेला मिही जानहू। एक बेर एक झिन रावण के प्राण हरे बर यमदूत मन गिन देहें पोट-पोट करत रिहीस। सांस के गति मंद हो चुके रिहीस तबले ओकर दुष्कर्म के मोह छूटे नइ रहय। ओहा अपन प्राण ला धन दोगानी रूपया पइसा के बंडल ले तरी म खुसेर के राखे रिहीस । जइसे ही ओकर धन दोगानी रूपया पइसा के उपर छापा परिस ओकर प्राण बाहिर निकल अइस जावत समे उही हा अपन अगला कुटका के भेद बतइस। दूसर रावण के प्राण बम बारूद ले भरे बंदूक के नली म खुसरे रिहिस। बंदूक ला जइसे नंगइन उहू जीव पकड़ागे। जावत-जावत यहू हा अपन संगवारी के पता बतइस। ओकर संगवारी के बड़े जिनीस पेट हाथ म न पइसा के बंडल ... न बंदूक । इंकर प्राण हा खुर्सी म लुकाये रहय । यमदूत मन अइसन मन के प्राण ला हरे के हरेक उपाय म असफल हो गिन। इही रावण मन बाकी दुनों ला फेर जिया डरिन भगवान। अब बता मय का करंव? मोला घाव ठीक करे बर आथे भगवान ... येमन नासूर आय। ओला ठीक करे के कोई उपाय मोर तिर नइये। तोला अब आयेच ला परही अऊ येमन ला धरती ले मेटाये ला परही।

भगवान किथे- तैं न ब्रम्हा जी। बड़ विचित्तर प्राणी अस। उल्टा-सीधा वरदान देके निकल लेथस अऊ ठीक करे बर मोला बलाथस। जानो मानो मोर अऊ दूसर काम धंधा नइये तइसे । अब तिहीं बता अतेक रावण ला कइसे मार सकहूं। कति मोर बर माता कौशल्या बनही? ब्रम्हा जी किथे- ओतो ठीक हे प्रभु महूं अपन तनि ले कसर नइ छोड़े हंव जी, कोनो न कोनो उदिम रचतेच हंव। जतका अकन रावण के प्राण सकला जथे तेला रावण मरे के दिन हरेक बछर रावण के पुतला बनवाके ओला उही म आरोपित कर ओकरे बंधु बांधव के हाथ से लेसवा देथव। ओ जीव हा राख बन जथे फेर जे रावण के प्राण कुर्सी म लुकाहे तेकर का उपाय? भगवान किथे - ओकर बर मय खुदे जाहूं फेर में देहें धरके नइ जांवव में विचार म पैदा होहूं। राम अब धरती म जनम नइ धरय बल्कि इंहे राम बनही। ब्रम्हाजी हा भगवान के गूढ़ रहस्यमयी बात ला समझिस निही। प्रश्नवाचक मुंहु बना के देखे लगिस। तब भगवान किथे- रा माने राष्ट्र अऊ म माने मंगल करइया। जे अपन राष्ट्र के मंगल सोंचही उही सबो मन राम हो जही। ब्रम्हाजी प्रश्न करिस-फेर राम ला धरती म कोन खड़े करही भगवान? भगवान किथे- मोला त्रेतायुग कस कैकेयी खड़ा करही। ब्रम्हाजी किथे- तब तो धरती म तोर आगमन असम्भव हे भगवान। इहां जगा जगा मंथरा किंजरत हे। एन बखत म कैकेयी ला भरमा देथे।

**हरिशंकर गजानंद देवांगन, छुरा**

# दान-धरम के सउंहे रूप सुंदर लाल कौशिक

छत्तीसगढ़ के पावन भुइयां पावन इहां के लोग
महादेव कस औघड़ दानी कतकों संग बनगे संजोग
धन-दौलत तो देबेच करीन सउंहे देंह घलो कर दीन दान
एकरेच सेती पावत हें अब उन इहाँ देवता बरोबर मान।

छत्तीसगढ़ दान-पुन्न अउ सेवा-धरम के भुइयाँ आय। एकरे सेती इहां के कण-कण म नर ल नारायण मान के दान-धरम करत लोगन के पबरित अउ महान रूप देखे बर मिल जाथे।

ए बात ल तो आज सबो जान डारे हवंय के पूरा दुनिया म सिरिफ छत्तीसगढ़ ही हब एकमात्र अइसन भुंइयां आय जिहां दान देवई अउ लेवई ल परब के रूप म मनाए जाथे। एकरे सेती ए दान के परब 'छेरछेरा' ह इहां के लोगन के भीतर संस्कार के रूप म संचरे असन जना जाथे।

हमर इहां इतिहास के सब ले बड़का दानी के रूप म राजा मोरध्वज ल जानथन, जेन ह अपन बेटा ताम्रध्वज ल सउंहे आरा म दू फांकी काट के परीक्षा लेवत भगवान कृष्ण के आगू म मढ़ा दिए रिहिन हें। आज के बेरा म घलो अइसन औघड़ दानी के रूप हमला बेरा-बेरा म देखे ले मिलत रहिथे। हमन इहां दाऊ कल्याण सिंह, सेठ किरोड़ी मल, नगर माता बिन्नीबाई सोनकर जइसन मनला देखत आए हन। दान-धरम अउ नर ल नारायण के रूप मान के सेवा करइया के इही रद्दा म रेंगइया सुंदर लाल कौशिक जी ल घलो अभीचे देखे हावन।

बछर 1956 म 5 जनवरी के दिन गाँव कमरीद जिला जांजगीर चांपा के किसान सुदर्शन प्रसाद जी कौशिक अउ महतारी राधा देवी जी के घर अवतरे सुंदरलाल जी संग मोर साक्षात भेंट तो नइ हो पाइस, फेर उंकर गुनवंतीन बेटी ऋतंभरा कौशिक जी के माध्यम ले उनला जाने-समझे के सौभाग्य मिलिस.

सुंदर लाल जी दान-धरम के कारज के संगे-संग लोगन म संचरे अज्ञानता अउ भरम के मायाजाल ले घलो लोगन ल निकाले के उदिम करत राहंय. उन अनाथ लइका मन के बारे म बगरे भरम ले निकाले खातिर खुदे अनाथ लइका मन संग राहंय, उंकरे रांधे-चुरोए भात-बासी ल खावंय अउ उंकरेच मन द्वारा बोरिंग या कुआं-बावली ले लाने पानी ल पीयत राहंय। उनला अपन संग लइका ले बढ़ के मया अउ दुलार करंय। नान्हे लइका मनला अपन संस्था 'माँ भगवती देवी वात्सल्य मंदिर' कमरीद म राख के सेवा करंय।

सुंदर लाल जी तीन भाई अउ दू बहिनी म जेठ रहिन। जब उन 10 बछर के रहिन तभे उंकर सियान सरग सिधार दिए रहिन हें। घर के जेठ बेटा होय के सेती घर के जम्मो जवाबदारी तब उंकरेच ऊपर आगे रिहिसे।



खेती-खार तो सुंदर लाल जी मन के भरपूर रिहिस, फेर वो बखत धान-पान के ऊपज ह आज असन नइ हो पावत रिहिसे, तेकरे सेती उनला परिवार के भरन-पोसन खातिर आने ठउर म जा के काम-बुता करे बर लागिस।

अपन गांव कमरीद म उन सुंदर गौंटिया के नांव ले जाने जावंय. लइकई उमर ले उन रामायण गाये अउ प्रवचन करत रिहिन। लोगन उंकर प्रतिभा ल देख के मोहित हो जावंय. उंकर रामायण के सुघ्घर प्रस्तुति खातिर कतकों जगा ईनाम अउ सम्मान मिलत राहय।

सुंदर लाल जी के स्कूली पढ़ई गांव अफरीद म होइस, तेकर पाछू फेर जांजगीर म दसवीं तक पढ़ीन। कुछ बछर तक उन गांव जोबी म राहत कृष्ण लीला म भाग लेवत रिहिन। उंकर बिहाव 16 बछर के उमर म गांव नैला के नीरा देवी संग होए रिहिसे।

सुंदर लाल जी के सियान धार्मिक स्वभाव के रिहिन, तेकर सेती उहू मनला विरासत म अइसन गुन मिले रिहिसे। बछर 1978 म सुंदर लाल जी गायत्री परिवार संग जुड़िन तहां ले उन सामाजिक कारज म पूरा जुड़गे रिहिन। बछर 1980 म पं. श्रीराम शर्मा जी ले दीक्षा ले के ए संस्था के प्रचारक बनगे रिहिन। इहां ले फेर उंकर उल्लेखनीय कारज शुरू होइस।

पहिली गांव कमरीद म प्रायमरी तक ही स्कूल रिहिस, जेला आगू बढ़ावत उन अपन बेटा स्व. जगदीश प्रसाद कौशिक के नॉव ले मिडिल तक करवाईन. अपन महतारी स्व. राधा देवी के नॉव ले आचार्य श्रीराम शर्मा हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल अपन खुद के जमीन बेच के करवाईन अउ बछर 1990 ले संचालित घलो करत रिहिन।

अपन सियान स्व. सुदर्शन प्रसाद जी के नॉव म गायत्री शक्तिपीठ चांपा के मंदिर ऊपर तीन ठन कुरिया बनवाईन। माता भगवती देवी वात्सल्य मंदिर कमरीद के नांव ले अनाथालय बनवाइन, जिहां लइका मनला पढ़ा-लिखा के बर-बिहाव घलो करवाईन। उन बछर भर कुष्ठ निवारण संघ कात्रे नगर चांपा म रहि के सेवा घलो करीन।

कुर्मी समाज के फिरकापरस्ती ल टोर के अपन बेटा बद्रीविशाल के बिहाव आने फिरका ले करवा के एक मिशाल पेश करीन। अपन गांव के तीन ठन तरिया मनला कोड़वा के मुक्तिधाम, शौचालय, चौरा आदि बनवाईन। गरीब निवाज सेवा समिति के माध्यम ले गरीब मन के मदद जिनगी भर करीन। पर्यावरण खातिर सचेत राहत उन सौ ले आगर पौधा लगाइन, जे मन आज सउंहे रूख बन के उंकर महिमा के गान करत हें।

सांकरा म विश्वविद्यालय खातिर लाखों रुपिया देइन त चिल्हाटी म हाई स्कूल के बढ़ोत्तरी खातिर घलो आर्थिक सहयोग देइन संग म अपन सुवारी दूनों तन मन धन ले कारज करत रिहिन।

बछर 2020 म अपन घर म यज्ञ करवा के परिवार वाले मन के आगू म अपन देहदान के घोषणा करत जीतेच जीयत अपन खुद के श्राद्ध तर्पण घलो कर डारे रिहिन। देह दान करे के संग ही सुंदर लाल जी अपन जीवन दान घलो करे रिहिन। देहदान के बाद तीन बछर तक उन घर-परिवार के त्याग कर के शक्तिपीठ अउ प्रज्ञापीठ मन म समयदान करत जनजागरन के कारज करत रिहिन।

अपन देहत्याग के पाछू कोनो किसम के भोज नइ करवाए के संग कोनोच किसम के क्रियाक्रम करे बर बरजे रिहिन हें। उन चेताय रिहिन हें, के अगर कुछु देना ही हे, त गरीब लइका मन बर जेन फंड बनाए हे, वोमा दान कर देहू या फेर वृक्षारोपण जइसन लोकहित के कारज करे बर कहे रिहिन हें।

लइका मन के विकास खातिर बाल संस्कार शाला के स्थापना करे रिहिन हें, जेकर संचालन खातिर बाल आचार्य के रूप म विवेकानंद कौशिक अउ प्रज्ञानंद कश्यप ल जिम्मेदारी दे रिहिन हें। युवा मन के विकास खातिर घलो वो मन युवा जागरण शिविर चलावंय उंकर संगठन बनाईन, जेकर मुखिया बद्रीविशाल कौशिक ल बनाइन।

महिला मनला आगू बढ़ाय खातिर 'सविता महिला मंडल' के गठन कर एकर जवाबदारी ऋतंभरा कश्यप ल देइन। अइसने चांपा के गायत्री शक्तिपीठ म अपन परिवार वाले मन जगा आर्थिक सहयोग करवा के गजब अकन निर्माण कारज करवाए रिहिन हें।

अनाथ लइका मन के पालन-पोषण अउ विकास खातिर अपन एक एकड़ जमीन ल ट्रस्ट ल दान कर दिए रिहिन हें। गांव के चहुंमुखी विकास खातिर घलो उन कतकों किसम के आयोजन अउ कारज करतेच राहंय। नर ल ही नारायण के सउंहे रूप मान के उंकर सेवा करत सुंदर लाल कौशिक जी 27 फरवरी 2023 के अपन नश्वर देह के त्याग कर के अपन सूक्ष्म शरीर ल मां गायत्री के चरण म समाहित कर देइन। उंकर सुरता ल पैलगी जोहार।

**-सुशील भोले**
**संजय नगर, रायपुर०**

# आदर्श आचार संहिता का होथे, आखिर काबर लगाय जाथे ?

छत्तीसगढ़ म 7 अऊ 17 नवंबर ले 90 विधानसभा क्षेत्र म होही चुनाव, 3 दिसंबर के आही परिनाम, बनही नवा सरकार। 2023 के चुनाव म महिला 1 करोड़ दू लाख, पुरुस 1 करोड़ 1 लाख, दिव्यांग 1 लाख 60 हजार, किन्नर 790 अऊ प्रवासी भारतीय 17 कुल मिला के 2 करोड़ 3 लाख 68 हजार मतदाता वोट डालही।

मुक्त , निस्पक्ष, पारदर्सिता अऊ शांतिपूर्ण चुनाव कराय बर भारतीय चुनाव आयोग हा सरकार, राजनीतिक दल, उम्मीदवार अऊ आम जनता बर बनाय नियमावली कानून ल आदर्स आचार संहिता कहे जाथे। चुनाव तिथि के घोसना ले परिनाम आय तक ये लागू रहिथे। आचार संहिता कोनो कानून अऊ संविधान म नई लिखाय हे, चुनाव ल बने ढंग से करवाय खातिर बनाय गये नियम हरे। येला पहली बार चुनाव आयुक्त एन सेसन हा बनाय रहिस। हमर राज्य म चुनाव ल उत्सव अऊ तिहार के रूप म मनाथन जेला 'चुनई तिहार' बोले जाथे। भारत देस म सन् 1960 के केरल विधानसभा चुनाव अऊ 1962 म लोकसभा चुनाव म पहली बार आचार संहिता के नियम लगाय रहिस। लोकसभा म पूरा देस, विधानसभा म राज्य भर अऊ उपचुनाव के दौरान निर्वाचन क्षेत्र म आदर्स आचार संहिता लागू होथे।

छत्तीसगढ़ म 7 अऊ 17 नवंबर ले दू चरन म चुनाव हे जेकर परिनाम 3 दिसंबर के आही तहन नवा मुख्यमंत्री, मंत्री मंडल संग नवा सरकार बनही। आदर्स आचार संहिता लगे के बाद वर्तमान सरकार म रहे मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक मन नवा सरकारी योजना, लोकार्पन, शिलान्यास, उद्घाटन, भूमिपूजा, नवा नौकरी के विज्ञापन, स्थानांतरन, नियुक्ति पत्र बांटे के बुता नई कर सके। येकर अलावा सरकारी मोटर गाड़ी, हवई जहाज, सरकारी बंगला, चुनाव प्रचार बर लाल बत्ती सायरन लगे गाड़ी ल नई बऊर सके। रैली जुलूस बर पुलिस थाना म जाके अनुमति लेबर लगही, जात-पात ल लेके वोट नई मांग सके, बिना अनुमति के काकरो भी जमीन घर कार्यालय के दिवार म पोस्टर बेनर झंडा नई लगाना हे। लोगन मन ल मतदान केन्द्र तक पहुंचे बर उम्मीदवार मन अपन गाड़ी मोटर के उपयोग नहीं कर सकय। वोट देबर कोनो भी लोगन ल दबाव डालना, डराना धमकी चमकी लगाना नई करना हे, आचार संहिता लगे के बाद गली मोहल्ला, चौक चौराहा अऊ सासकीय कार्यालय म लगे नेता मंत्री विधायक के विज्ञापन बैनर पोस्टर कैलेंडर ल तुरते निकलवाना हे।

केन्द्रीय अऊ राज्य सरकार डाहर से पहली ले अनुमति प्रधानमंत्री आवास योजना, रोजगार गारंटी योजना के संग जम्मो विकास कार्य के पइसा आही नई रूके, नवा निर्माण कार्य शुरू नई होय। समाचार पत्र इलेक्ट्रॉनिक मीडिया म सरकारी लागत ले पार्टी के बखान वाला विज्ञापन नई छपवा सके। नवा अनुदान सहयोग राशि, प्रोत्साहन राशि नई देना हे। मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्वारा मन म चुनावी सभा आयोजित नई करना हे, पइसा के लालच दिखाके वोट डालेबर मजबूर नई करना हे। चुनाव के 24 घंटा पहली निर्वाचन क्षेत्र के दारू दुकान बंद रही, देसी महुआ अंग्रेजी के अवैध रूप ले बेचइया मन म पुलिस थाना हा नजर रखे जाही। आचार संहिता तक जिला प्रशासन हा जिला भर म धारा 144 लगा सकत हे। आचार संहिता लागू होय के बाद जम्मो सरकारी कर्मचारी मतदान प्रक्रिया होय तक चुनाव आयोग के कर्मचारी बन जथे, अऊ ओकर बताय निर्देस के पालन करना होथे। उम्मीदवार मन के सोसल मीडिया अकाउंट म नजर रखे बर जिला अऊ राज्य टीम के गठन करे गेहे। सरकारी कर्मचारी अधिकारी मन चुनाव तक लम्बा छुट्टी नी ले सकय।

राज्योत्सव राजकीय उत्सव - राज्य उत्सव कार्यक्रम एक दिवस छोटे स्तर म करे जाही, जेमे राजनीति भासन नहीं देना हे, महाविद्यालय विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह म सिर्फ राज्यपाल महोदय सामिल होही। आधुनिक तकनीक ले बने सी-विजिल जीपीएस एप्प के पहली बार उपयोग करे जात हे। आचार संहिता के जहां उल्लंघन होवत हे ओकर एक ठन फोटू नइते दू मिनट के विडियो रिकॉर्ड करके एप्प म अपलोड करना हे, जीपीएस हा जानकारी सीधा अधिकारी मन तीर पहुंचा दिही। सिकायत करइया के जानकारी गुप्त रखे जाही, सिकायत सही होय म आयोग हा तुरते कार्यवाही करही।

नियम तोड़इया बर कार्यवाही- कोनो भी सरकारी कर्मचारी अऊ पुलिस अधिकारी राजनीति दल के पक्ष लेही त तुरते चुनाव आयोग म सिकायत करव। आचार संहिता नियम के पालन नई करे म आयोग द्वारा उम्मीदवार ल चुनाव लड़ें ले रोके जा सकत हे, ओकर नाव ले थाना म एफआईआर दर्ज कर सही पाय जाही त जेल भेजे जाही। भारतीय निर्वाचन आयोग जम्मो झन ल आदर्श आचार संहिता नियम के पालन करें बर निवेदन करत हे।

**देव हीरा लहरी, चंदखुरी फार्म रायपुर**

## सात लाख गाजावासियों को दक्षिण क्षेत्र ले जाया गया

**गाजा।** गाजा पट्टी के कम से कम सात लाख नागरिकों को उत्तरी क्षेत्र से निकालकर दक्षिणी क्षेत्र में ले जाया गया है। इजरायली अखबार हारेत्ज ने शनिवार को एक वरिष्ठ इजरायली सुरक्षा अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि लगभग 350,000 लोग अभी भी गाजा पट्टी के उत्तरी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। अधिकारी ने यह भी कहा कि गाजा के दक्षिणी क्षेत्र में कोई मानवीय संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि वहां दो सप्ताह तक का पानी उपलब्ध है।

# देश विदेश

# राहत सामग्री से भरे 20 ट्रक गाजा पहुंचे

**गाजा,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और हमास के बीच 7 अक्टूबर को भड़के संघर्ष के बाद दो सप्ताह की नाकेबंदी में शनिवार को पहली बार ढील दी गई और मानवीय सहायता से भरे 20 ट्रक राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में दाखिल हुए, जो तटीय एंक्लेव और मिस्र के बीच एकमात्र सीमा क्रॉसिंग है।

■ **7 अक्टूबर को भड़के संघर्ष के बाद दो सप्ताह की नाकेबंदी में पहली बार ढील दी गई**

लाइफ मेकर्स फाउंडेशन के जनसंपर्क अधिकारी अया अहमद ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि ट्रकों में मिस्र की संस्थाओं नेशनल अलायंस फॉर सिविल डेवलपमेंट वर्क और इजिप्शियन रेड क्रिसेंट द्वारा दान की गई चिकित्सा सहायता भरी हुई थी।

इससे पहले इज़राइल राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में सहायता ले जाने वाले 20 ट्रकों को अनुमति देने पर सहमत हुआ। हालांकि उसने ईंधन की मदद को जाने की अनुमति नहीं दी।



### हमास ने रिहा किए गए दो अमेरिकी बंधक




गाजा/जेरूसलम। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने कतर के प्रयासों के जवाब में मानवीय कारणों से दो अमेरिकी बंधकों को रिहा कर दिया है। ब्रिगेड ने कहा कि उसने यह साबित करने के लिए यह कदम उठाया है कि अमेरिकी आरोप झूठे और निराधार है । लगभग दो सप्ताह पहले संघर्ष शुरू होने के बाद यह पहला मौका है जब गाजा-सत्तारूढ़ समूह ने बंधकों को रिहा किया है।

इससे पहले दिन में, इज़राइल में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे जानकारी मिली है कि रफ़ा क्रॉसिंग शनिवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) खुलेगी। इजराइल-हमास के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच गाजा में गहराते मानवीय संकट के कारण मिस्र में कई दिनों से मानवीय सहायता रुकी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शनिवार को चेतावनी दी कि गाजा में भोजन, पानी, ईंधन और चिकित्सा आपूर्ति तेजी से खत्म हो रही है, जबकि बिजली कटौती और ईंधन आयात पर प्रतिबंध के कारण स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली और स्वच्छ पानी तक पहुंच पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। इसमें कहा गया है कि गाजा में लगभग 14 लाख लोग विस्थापित हुए हैं - जो पूरी पट्टी की 20 लाख की आबादी का 70 प्रतिशत है।

### हमास का हमला इजरायल को बाधित करने की कोशिश : बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि सऊदी अरब और इजरायल के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के अमेरिका के प्रयासों को जानबूझकर बाधित करने के लिए हमास ने इस महीने की शुरुआत में इजरायल के खिलाफ हमले किए थे। व्हाइट हाउस प्रेस पूल ने शनिवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस प्रेस पूल की एक रिपोर्ट के मुताबिक श्री बाइडेन ने शुक्रवार को कहा, हमास के इजरायल की ओर बढ़ने के कारणों में से एक यह है कि वे जानते थे कि मैं सउदी के साथ बैठने वाला था।

### संघर्ष को समाप्त करने का समय आ गया : गुटेरेस



**यरूशलम।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को कहा कि फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बढ़ने के कारण गाजा पट्टी में उत्पन्न संकट को समाप्त करने के लिए कार्रवाई करने का समय आ गया है। श्री गुटेरेस ने काहिरा शांति शिखर सम्मेलन में कहा, संघर्षविराम की कार्रवाई का समय आ गया है। इस भयानक दु:स्वप्न को समाप्त करने के लिए कार्रवाई करें। फिलिस्तीन और इज़रायल क्षेत्र में हमारी दुनिया के बच्चों के सपनों के लायक भविष्य बनाने के लिए कार्रवाई करें।

## सुडोकू 6354

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 22 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष -आज आप परिजनों के साथ मिलकर घरेलू मामलों में महत्वपूर्ण विचार विमर्श करेंगे। घर की काया पलट करने के लिए कुछ नई योजना बनाएंगें। कार्यस्थल पर उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

वृषभ -आज का दिन व्यापारी वर्ग के लिए अच्छा प्रतीत हो रहा है। वे नई योजनाएं बना सकेंगे। नए बिजनेस में भी उन्हें आर्थिक लाभ की संभावना है। विदेश में रहने वाले दोस्तों और रिश्तेदारों से समाचार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे।

मिथुन -आपको स्वभाव की उग्रता पर अंकुश में रखना चाहिए। गलत विचार रखने से बदनामी हो सकती है। अधिक खर्च होने से आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

कर्क -आज आप समाज और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा दोस्तों से मिलकर सुख का अनुभव करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी रहेगा।

सिंह -आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। हालांकि घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त होगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे।

कन्या -आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। अपच आदि पेट दर्द की बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी।

तुला -आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इससे आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से वाद-विवाद हो सकता है। यात्रा के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक -आज आपको काम में सफलता मिलेगी। कोई वित्तीय लाभ होगा और भाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। आप नए काम भी शुरू कर सकेंगे। आपको अपने दोस्तों के पास से भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा।

धनु -आज किसी बात का भय आपके मन में रहेगा। परिवार में भी किसी से विवाद हो सकता है। कहीं गलत जगह पैसा खर्च हो सकता है। आपके कार्यों में भी विघ्न होगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

मकर -आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पूजा-पाठ में समय व्यतीत करेंगे। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। मित्रों और सगे- सम्बंधियों से आपको उपहार मिल सकता है। आपका तन- मन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा।

कुंभ -आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की सलाह दी जाती है। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन -आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## हमास की निगरानी चौकियों पर इजरायल ने किए हमले

**यरूशलम,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि उसने बहुमंजिला इमारतों के अंदर हमास के स्नाइपरों और निगरानी चौकियों पर हमला किया है। आईडीएफ ने कहा, रात भर आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी में बड़ी संख्या में हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले जारी रखे। इन आतंकी लक्ष्यों में ऑपरेशनल कमांड सेंटर, एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्चर और आतंकी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रणनीतिक हमास के बुनियादी ढांचे शामिल थे। आईडीएफ के मुताबिक, इसके अलावा आईडीएफ ने बहुमंजिला इमारतों के अंदर स्थित हमास की एंटी-टैंक मिसाइल, स्नाइपर और निगरानी चौकियों पर भी हमला किया। गौरतलब है कि गत सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन करते हुए इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन तथा ईंधन की आपूर्ति काट दी। तनाव बढ़ने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की ओर से हजारों लोग मारे गये हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

## नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गैग आदेश का उल्लंघन करने के लिए ट्रंप पर जुर्माना

**न्यूयॉर्क,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गैग आदेश का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को ट्रंप पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाने वाले न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने अदालत में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अदालत में एक क्लर्क का मजाक उड़ाने वाली ऑनलाइन पोस्ट को हटाने में विफल रहे थे। उन्होंने ट्रंप को जेल भेजने की भी धमकी दी और कहा कि वह झूठे और अपमानजनक पोस्ट को हटा लें। न्यायाधीश एंगोरोन ने कहा कि पोस्ट सोशल मीडिया पर हटा दी गई थी, लेकिन उनकी वेबसाइट पर बनी रही। ट्रम्प के वकील क्रिस्टोफर किसे ने अपने मुवक्किल की ओर से माफी मांगी और कहा कि यह एक अनजाने में हुई गलती थी क्योंकि पोस्ट को सोशल मीडिया से हटा दिया गया था, सहयोगी इसे अभियान वेबसाइट से हटाना भूल गए थे। बाद में दिन में, न्यायाधीश एंगोरोन ने फैसला सुनाया कि ट्रम्प को जुर्माना भरना होगा क्योंकि उल्लंघन अनजाने में हुआ था, और यह देखते हुए कि यह पहली बार उल्लंघन है।



■ **ट्रंप पर गलत वित्तीय विवरण जारी करने और साजिश रचने का भी चल रहा मुकदमा**

उन्होंने कहा, कोई गलती न करें, भविष्य में उल्लंघन, चाहे जानबूझकर या अनजाने में, उल्लंघनकर्ता को कहीं अधिक गंभीर प्रतिबंधों के अधीन किया जाएगा। ट्रंप और उनके परिवार के कई सदस्यों पर धोखाधड़ी, व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी, गलत वित्तीय विवरण जारी करने और साजिश रचने का मुकदमा चल रहा है।

## चीन में महिलाओं की स्थिति लगातार बेहतर हुई



**बीजिंग,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। महिलाओं की मुक्ति और प्रगति के बिना, मानव जाति प्रगति हासिल नहीं कर सकती है। अपनी स्थापना के बाद से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने महिलाओं की मुक्ति हासिल करने और पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रयास किए। वर्ष 1949 में चीन लोक गणराज्य की स्थापना के साथ चीनी महिलाओं ने सैंकड़ों वर्षों के उत्पीड़न और गुलामी को समाप्त किया और अपने परिवारों की स्वामी बनीं। चीनी महिलाओं का कार्य हमेशा पार्टी और देश के विकास से निकटता से जुड़ा रहा है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में पीढ़ी दर पीढ़ी महिलाएं चीन के निर्माण, सुधार और विकास में योगदान दे रही हैं। चीनी राष्ट्र के निरंतर विकास के साथ चीनी महिलाओं के स्थान में व्यापक बदलाव आया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 18वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से आर्थिक और सामाजिक विकास में आधे आसमान के रूप में महिलाओं की भूमिका तेजी से स्पष्ट हो गई है। वर्ष 2021 में देश भर में कार्यरत सभी व्यक्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 43.1 फीसदी रही, और देश भर में वैज्ञानिक और तकनीकी श्रमिकों में महिलाओं की हिस्सेदारी 45 फीसदी से अधिक थी।


महिलाओं और बच्चों के लाभ, खुशी और सुरक्षा की भावना में काफी सुधार हुआ है और महिलाओं की औसत जीवन प्रत्याशा 80.88 वर्ष तक पहुंच गई है। शिक्षा में लैंगिक संतुलन मूलत: हासिल कर लिया गया है। बच्चों के विकास का माहौल तेजी से अनुकूलित हो रहा है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**द्वितीय चरण की 70 विधानसभा क्षेत्रों ...**
भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

**महादेव एप बंद क्यों नहीं कर...**
है। उसमें आप ही के लोग (भाजपा) तो बैठते हैं। केक काट रहे, पार्टी कर रहे, उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं कर रहे। हमने कार्रवाई की, आप नहीं कर रहे. आपके क्या संबंध हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि सट्टा आम लोग खेलते हैं।पैसा वो वसूल रहे, लोगों को बर्बाद कर रहे और ये जीएसटी लगा रहे, कार्रवाई नहीं कर रहे।कर रहे तो हमारे लोगों को पकड़ रहे, सलाहकार को पकड़ रहे, जहां कुछ नहीं मिला। केवल बदनाम करने कार्रवाई कर रहे, संचालक को क्यो नहीं पकड़ रहे। बघेल ने कहा कि हिम्मत है तो इन सवालों के जवाब दे देना।

## वर्ग पहेली 6354



**बायें से दायें:-**

१. उतार-चढ़ाव से नीचे आना, संगीत में स्वरों के ऊपर से नीचे आने का क्रम
३. सलाह
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. अनीश्वरवादी
७. गहरापन, गहरेपन की नाप
८. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
१३. बेमिसाल
१५. घुड़साल
१६. कभी-कभी
१७. गिरवी, बंधने, पकड़ने वाला
१८. गर्व, अभिमान
२०. गूंज, प्रतिध्वनि
२२. विष्णु
२३. मिठास, मीठापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपना बनाना, अंगीकार करना, ग्रहण करना
२. रुचिकर होने का भाव, दिलचस्पी
३. पुष्प की पराग का बिखरना, पुष्प पर पराग का फैल जाना
४. हवाई किला, मन के लड्डू
५. जोर की आवाज, भारी वस्तु के गिरने की आवाज़
९. रसीला, रसदार
१०. आग्रह, विचार, प्रार्थना, फरमाईश
११. मरा हुआ
१२. चट्टान का टुकड़ा,
१४. गिरफ्त में लेना, बंदी बनाना
१७. अनुपजाऊ और कृषि के अयोग्य भूमि
१९. देवालय
२०. एक उपसर्ग, नकल, बहुत सी पुस्तकों में से एक
२१. बल, जान, सांस (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6353



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1867 - नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया की आधारशिला रखी गयी।
1875 - अर्जेंटीना में पहले टेलीग्राफिक कनेक्शन की शुरुआत हुई।
1879 - ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला राजद्रोह का मुकदमा बसुदेव बलवानी फड़के के खिलाफ।
1883 - न्यूयार्क में ओपेरा हाउस का उद्घाटन हुआ ।
1900 - भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ का जन्म ।
1937 - प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता कादर खान का जन्म हुआ।
1962 - भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना %भाखड़ा नांगल% राष्ट्र को समर्पित की गई ।
1964 - फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक ज्यां पाल सार्त्र ने नोबेल पुरस्कार ठुकराया।
1975 - %वीनस-9% अंतरिक्षयान का शुक्र ग्रह पर अवतरण।
2004 - अंकटाड रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में निवेश में भारत 14वें स्थान पर।
2006 -अफगानिस्तान में अधिक नशीली दवाएँ जब्त की गईं।
2007 - चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी की कमान सम्भाली।
2008 - इसरो ने भारत के पहले चंद्रयान मिशन चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण किया। इस मिशन से चंद्रमा पर पानी के होने का पता लगा।
2014 - माइकल जेहाफ बिडायु ने ओटावा में कनाडा के संसद पर हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हुये।
2016 - भारत ने कबड्डी विश्व कप जीता।

**राजनीति** *चिकित्सा कराने के नाम पर देश से बाहर गए थे पूर्व प्रधानमंत्री*

## चार साल के स्वनिर्वासन के बाद पाकिस्तान लौटे नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चार साल तक स्वनिर्वासन की जिंदगी काटने के बाद शनिवार दोपहर पाकिस्तान वापस लौटे। आपराधिक मामलों में पाकिस्तान के कानून के तहत भगोड़ा अपराधी घोषित श्री शरीफ चिकित्सा कराने के नाम पर देश से बाहर गए थे और इस दौरान उन्होंने स्वनिर्वासन का अधिकांश समय लंदन में बिताया। श्री शरीफ दुबई से इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचे।**

वहां उनके स्वागत के लिए पूर्व कानून मंत्री सीनेटर आजम तरार और उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के कई और अन्य वरिष्ठ नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री की कानूनी टीम के सदस्य हवाई अड्डे पर पहुंचे थे।

श्री शरीफ के आगमन से पहले श्री तरार ने मीडिया से कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के आगमन के बाद वह हवाई अड्डे के एक लाउँज में जाएंगे। उनके आने पर अब उनके साथ राजनीतिक और कानूनी मुद्दों पर सलाह मशवरा



किया जाएगा। श्री तरार ने यह भी कहा कि कि अदालत के कर्मचारी भी हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं जहां श्री शरीफ के संबंध में 'सुरक्षा की गारंटी की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।' कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए एक हलफनामा आयुक्त और पूर्व डिप्टी मेयर जीशान नकवी भी एयरपोर्ट पर मौजूद थे। बताया गया कि कानूनी टीम शरीफ के अंगूठा निशान और और हस्ताक्षर आदि लेने के लिए उनके विमान के अंदर जाएगी। श्री नवाज ने दुबई में पाकिस्तान की उड़ान पकड़ने से पहले कहा, वह वापसी करके खुश हैं। श्री शरीफ को अगले साल जनवरी में होने वाले चुनावों से पहले अपनी पार्टी को फिर से मजबूत करने का अभियान शुरू करने से पहले कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### समय पर चुनाव कराने की मांग वाली याचिकाओं पर कल सुनवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट 90 दिनों के अंदर चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर 23 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश क़ाज़ी फ़ैज़ ईसा ने अगस्त में कार्यवाहक सरकार के सत्ता में आने के बाद देश में समय पर चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने का संकेत दिया था। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई करेगी।

## दुनिया को जानें

### रोजाना 7,500 कदम चलने से ऑपरेशन के बाद जोखिम कम

**न्यूयॉर्क,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नए शोध के अनुसार, जिन लोगों ने सर्जरी से पहले चलने की गतिविधि अधिक दर्ज की, उनको ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं का कम सामना करना पड़ा। कहा गया है कि कम सक्रिय रोगियों की तुलना में ज्यादा चलने वाले लोगों में ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं की संभावना 51 प्रतिशत कम देखी गई। यदि मरीज़ सर्जरी से पहले प्रतिदिन 7,500 कदम से अधिक चलते हैं, तो सर्जरी के बाद 30 दिनों के भीतर जटिलता का अनुभव होने की संभावना कम होती है। ऑपरेशन के बाद की जटिलताएं आम तौर पर लगभग 30 प्रतिशत रोगियों में होती हैं, और सभी जटिलताओं में से लगभग आधी रोगी के अस्पताल छोड़ने के बाद होती हैं। विस्कॉन्सिन के मेडिकल कॉलेज के मुख्य स्टडी ऑथर कार्सन गेहल ने कहा, फिटबिट्स और अन्य पहनने योग्य उपकरणों को संभावित रूप से इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स (ईएचआर) से जोड़ा जा सकता है और डेटा कुछ ऐसा हो सकता है जिसे सर्जन अपने मरीजों के लिए ऑपरेशन से पहले विचार करते हैं। शोधकर्ताओं ने 475 लोगों के स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण किया।

# खेल जगत

## पाकिस्तान पर शानदार जीत के बाद वार्नर ने बर्थडे ब्वाय मार्श को सराहा

**पुणे,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान पर शानदार जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप में 4 मैचों में 2 जीत के साथ जीत की राह पर लौट आया है। डेविड वार्नर और मिशेल मार्श की ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ने विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए 259 रनों की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी दर्ज की, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों ने शुक्रवार को शतक बनाये। डेविड वार्नर को 124 गेंदों में 163 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया और उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार मिशेल मार्श की भी भरपूर प्रशंसा की, जिन्होंने शानदार शतक (121) के साथ अपना जन्मदिन मनाया और पाकिस्तान पर विनाशकारी हमला किया। उन्हें पारी की बेहतरीन शुरुआत मिली। वार्नर ने संवाददाताओं से कहा, मैं शायद इसके विपरीत था, डेविड और गोलियथ। लेकिन उसने गेंद को बहुत अच्छे से मारा और वह बहुत दुर्भाग्यशाली था कि इस तरह आउट हो गया।



# रंग में चल रहे रोहित व विराट के बूते भारत का मकसद न्यूजीलैंड को भी हरा हिसाब चुका शीर्ष पर पहुंचना

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। रंग में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा और चेज मास्टर विराट कोहली जैसे अब तक एक-एक शतक जडने् वाले अपने धुरंधर बल्लेबाजों के बूते भारत का मकसद अब पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड को धर्मशाला में रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के अहम लीग मैच में हरा उससे 2019 के संस्करण में बेहद करीबी सेमीफाइनल में मिली 18 रन की हार का हिसाब खुद शीर्ष पर पहुंचने का है। न्यूजीलैंड और भारत के शुरू के अपने अपने चारों मैच जीतने से समान रूप से आठ आठ अंक हैं। न्यूजीलैंड अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण फिलहाल शीर्ष पर है। एक दिलचस्प बात यह है कि भारत ने मौजूदा विश्व कप में चारों मैच लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते हैं। भारत के लिए सबसे सुखद बात यह है कि रोहित, विराट और केएल राहुल के साथ उसके लिए इस साल के शुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में दोहरा शतक जड़ा उसे सीरीज 3-0 जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले शुभमन गिल डेंगू से उबर कर पूरे फिट होने के साथ बांग्लादेश के खिलाफ अर्द्धशतक जड़ अपनी रंगत पा चुके हैं। सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खुद अब तक सबसे ज्यादा दस विकेट चटकाने के साथ साथी गेंदबाजों का भी मार्गदर्शन कर रहे हैं। बुमराह अपनेरफ्तार और विविधता से रंग में चल रहे न्यूजीलैंड के शीर्ष का जरूर अच्छा इम्तिहान लेंगे। मुकाबला भारत की मजबूत बल्लेबाजी और न्यूजीलैंड के ऑलराउंडरों में है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर ऑलराउंडर-भारतीय मूल के रचिन रवींद्र ने पहले ही मैच में शतक उसे मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ आठ विकेट से और मिचेल सेंटनर ने खासतौर पर गेंद से अफगानिस्तान के खिलाफ कमाल कर पांच विकेट चटका यह दर्शाया है कि भारत उसे हल्के लेने की भूल कतई नहीं करेगा। धर्मशाला में नम मौसम में गेंद के स्विंग होगी और ऐसे में भारत को धर्मशाला की तेज गेंदबाजों की माकूल समझी

■ न्यूजीलैंड के स्पिनर सेंटनर व रफ्तार के सौदागरों से भारत को चौकस रहना होगा

जाने वाली पिच पर न्यूजीलैंड के रफ्तार के सौदागरों मैट हेनरी, लॉकी फर्गुसन और ट्रेंट बोल्ट जैसे अब तक मौजूदा संस्करण में बीस विकेट आपस में बांटने वाली रफ्तार के सौदागर की त्रिमूर्ति और अपनी सधी लाइन गति परिवर्तन से सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले स्पिनर मिचेल सेंटनर (11 विकेट) से भारतीय बल्लेबाजों को जोश के साथ रविवार को होश दिखा चौकस रहना होगा।

वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में दोनों टीमें अब तक नौ बार आमने सामने हुई हैं। न्यूजीलैंड ने 2019 के पिछले संस्करण सहित भारत को अब तक पांच बार शिकस्त दी है। मात्र तीन बार ही जीत भारत के हिस्से आई है। एक दिलचस्प बात यह है कि भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कुल तीन में दो जीत 1987 में रिलायंस वन डे विश्व कप में अपने घर में खेले और इसके बाद मात्र एक बार 2003 में दक्षिण अफ्रीका में हुए संस्करण में हासिल की है। बेशक न्यूजीलैंड का पलड़ा वन डे विश्व कप में भारत के खिलाफ भारी रहा है। भारत इस साल के शुरू में न्यूजीलैंड से तीन वन डे मैचों सीरीज में 3-0 से सफाया कर जीती इसमें हैदराबाद में पहले मैच में शुभमन गिल ने दोहरा शतक जड़ा था जबकि तीसरे में उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़े थे। कप्तान रोहित शर्मा (कुल 265 रन) अब तक मौजूदा विश्व कप में रोहित शर्मा एक शतक और एक अर्द्धशतक सहित भारत के लिए रन बनानें में सबसे आगे चल रहे हैं। एक शतक और दो अर्द्धशतक सहित विराट (259) अब कप्तान रोहित से फिलहाल चार मेचों के बाद मात्र छह रन पीछे है। विराट कोहली ने जिस जीवट और जज्बे के साथ लेग स्पिनर नसुम अहम की गेंद पर छक्का जड़ उससे वह देश में बतौर क्रिकेटर हर किसी के




%प्रिय' बन गए हैं। विराट कोहली बृहस्पतिवार को जिस तरह अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट में अपना 48 वां शतक पूरा किया। विराट अब दुनिया के सर्वकालीन महानतम बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर (कुल 49 शतक) से अंतराष्ट्रीय वन डे क्रिकेट में सबस ज्यादा शतक जडने् के रिकॉर्ड से बस एक कदम के फासले पर हैं। भारतीय टीम हर कोई यही आस करेगा कि विराट धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी शतक जड़ महान सचिन तेंडुलकर की बराबरी कर ले। विराट आखिर तक हार न मानने के जज्बे के लिए ख्यात हैं। वहीं विराट का फोकस बस भारत को एक बार फिर बस जिताने पर रहेगा।

एक एक शतक जडने् वाले सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे (कुल 249 रन) और रचिन रवींद्र( कुल 215)न्यूजीलैंड के लिए रन बनाने में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। साथ ही सलामी बल्लेबाज विल यंग(124 रन) और कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम (121) दो-दो अर्द्धशतक जड़ के साथ निचले मध्यक्रम में ग्लेन फिलिप्स के साथ डैरल मिचेल जैसे ऑलराउंडर एक-एक अर्द्धशतक बना बताया कि वे किसी न्यूजीलैंड को किसी भी स्थिति से उबार सकते हैं ।वहीं भारत के नजरिए से सोने पर सुहागा यह है कि मौजूदा संस्करण में न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर (11 विकेट) के बाद विकेट चटकाने में दूसरे नंबर पर अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह(दस विकेट)की अगुआई में भारत गेंदबाजी इकाई में धैर्य से शानदार प्रदर्शन कर रहा है। बुमराह खुद विकेट चटकाने अपने साथी भारतीय गेंदबाजों मोहम्मद सिराज(5 विकेट) का मार्गदर्शन कर उन्हें भी विकेट दिलाने में मदद कर ही रहे हैं बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (छह विकेट) और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव(पांच विकेट) की जुगल जोड़ी खासतौर पर पारी के बीच के ओवरों रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटका कर भारत की अब तक की चारों जीत में अहम निभाने में कामयाब रहे हैं।

### भारत के सबसे बड़ा सवाल चोटिल हार्दिक की जगह कौन?

भारत को अब अपने इस संस्करण के पांचवें मैच के लिए टखने की चोट के कारण बाहर ऑलराउंडर हार्दिक पांडया की कमी जरूर धर्मशाला में खासतौर पर गेंदबाजी में अखरेगी। भारत के सामने बड़ा सवाल यह रहेगा कि हार्दिक की जगह अब एकादश में कौन? वहीं न्यूजीलैंड के लिए अपने नियमित कप्तान केन विलियमसन का फिर चोट के उभरने के कारण बाहर होना जरूर परेशान करने वाला है। हार्दिक इस मैच के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ उपलब्ध न होने पर सीधे ही अब इंग्लैंड के खिलाफ मैच के लिए लखनउ पहुंचेंगे। हार्दिक और रवींद्र जडेजा बतौर ऑलराउंडर टीम इंडिया की मौजूदा विश्व कप की धुरी तो हैं ही एकादश के संतुलन के लिहाज से दोनों बेहद अहम हैं। हार्दिक व जडेजा गेंद, बल्ले और चीते की फुर्ती से की गई फील्डिंग के लिए एक %कंपलीट पैकेज हैं। भारतीय क्रिकेट कट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम हार्दिक पाडया की फिटनेस पर करीबी निगाह रखेगी। भारत के सामने चोट के कारण बाहर हार्दिक की जगह ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अथवा सूर्य कुमार यादव में से किसी एक चुनने के लिए खासी मशक्कत करनी होगी। भारत यदि हार्दिक की जगह अश्विन को एकादश में जगह देता है तो फिर उसका निचला मध्यक्रम कमजार पड़ जाए क्योंकि तब रवींद्र जडेजा और उनके बाद अश्विन और शार्दूल ठाकुर आएंगे। भारत के लिए बेहतर विकल्प यही होगा कि वह हार्दिक की जगह सूर्य कुमार यादव और बाएं हाथ के इशन किशन जैसे खालिस बल्लेबाज को उतारे और शार्दूल ठाकुर की जगह खालिस स्विंग-सीम गेंदबाज मोहम्मद शमी को उतारे। आठवें नंबर तक बल्लेबाजी का तर्क देकर शार्दूल ठाकुर को एकादश में शामिल करने में दरअसल शार्दूल ठाकुर से पूरे दस ओवर कराने का एक बड़ा जुआ होगा।

## कुलदीप यादव ने विश्व कप में सफलता का श्रेय भारतीय तेज आक्रमण को दिया



**धर्मशाला,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव घरेलू सरजमीं पर क्रिकेट विश्व कप की शानदार शुरुआत के लिए भारतीय तेज आक्रमण को श्रेय देते हैं, जिसमें चार शानदार जीत के साथ वह अपराजित रहने वाली केवल दो टीमों में से एक बन गए। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों को 200 से कम रन पर आउट करने और अफगानिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ आठ विकेट लेने के बाद, भारत ने अब तक अपने चार मैचों में 36 विकेट लिए हैं। कुलदीप ने आईसीसी को बताया, पहले पावरप्ले से अच्छी शुरुआत करना बहुत महत्वपूर्ण है। जसप्रीत और सिराज ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। न केवल हमें विकेट दे रहे हैं, बल्कि जब मैं और जड्डू भाई (रवींद्र जड़ेजा) गेंदबाजी करने आते हैं तो शायद रन भी रोकते हैं। हमें हमेशा एक या दो विकेट मिले हैं, केवल आज (बांग्लादेश के खिलाफ) हमें लगा कि उन्हें बहुत अच्छी शुरुआत मिली है।

जबकि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित बल्लेबाजों ने बड़े स्कोर बनाए हैं क्योंकि भारत ने अपने चार लक्ष्यों का पीछा किया है, गेंदबाजी आक्रमण प्रत्येक जीत को स्थापित करने में उतना ही महत्वपूर्ण रहा है। चोट के बाद वापसी करने वाले बुमराह का एशिया कप के बाद विश्व कप में प्रदर्शन शानदार रहा है, उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 10 के साथ दूसरे सबसे अधिक विकेट लिए हैं, जबकि सिराज और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या दोनों ने पांच विकेट लिए हैं।. हार्दिक पांड्या की टीम में वापसी को लेकर चिंताएं हैं क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए उनके टखने में चोट लग गई थी, मोहम्मद शमी उनकी जगह ले सकते हैं, जिसमें भारतीय तेज आक्रमण के साथ-साथ बुमराह और सिराज भी शामिल होंगे। कुलदीप ने कहा, हम सिर्फ लंबाई पर काम कर रहे हैं और हम इसे बहुत सरल रख रहे हैं, मैं और जड्डू भाई। हमें अच्छे विकेट भी मिल रहे हैं, लेकिन इसे बहुत सरल रखना और हर मैच में इसे बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप बीच के ओवरों में शुरुआती विकेट लेते हैं, तो निश्चित रूप से यह आपको आत्मविश्वास देता है और यह रन रेट को भी नियंत्रित करता है। जडेजा ने सात विकेट लेने और 3.75 के साथ टूर्नामेंट में चौथे सर्वश्रेष्ठ इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी करते हुए दोनों भूमिकाएँ निभाई हैं। 4.1 रन प्रति ओवर की सातवीं सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी रेट के साथ छह विकेट के साथ कुलदीप सबसे अच्छे गेंदबाजों में से एक हैं। भारत रविवार को धर्मशाला में शीर्ष ब्लॉकबस्टर मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है।

# नीदरलैंड्स को हरा कर श्रीलंका ने विश्व कप में खोला जीत का खाता

**लखनऊ** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी विश्वकप में श्रीलंका की पहली जीत की तलाश शनिवार को नवाब नगरी लखनऊ में खत्म हुयी जहां सदीरा समराविक्रमा (91),पथुम निसंका (54),चरिथ असलंका (44) और धनंजय डिसिल्वा (30) की उपयोगी पारियों की मदद से नीदरलैंड्स को दस गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर नीदरलैंड्स ने शुरूआती झटकों से उबरते हुये 49.4 ओवर में 262 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका ने विजय लक्ष्य 48.2 ओवरों में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। प्लेयर आफ द मैच समराविक्रमा ने 91 रनो की नाबाद सूझबूझ भरी पारी खेली और नीदरलैंड्स के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। उनका साथ चरिथ असलंका और बाद में धनंजय डिसिल्वा ने निभाया। इससे पहले पथुम निसंका ने एक छोर पर विकेट गिरने के बावजूद तेज गति से खेलते हुये अपना अर्धशतक पूरा किया। वह पाल वैन मीकरेन का शिकार बने।

नीदरलैंड्स के करिश्मायी गेंदबाज आर्यन दत्त ने 44 रन देकर तीन श्रीलंकाई बल्लेबाजों को आउट किया जबकि पाल वैन मीकरेन और कॉलिन ऐकरमैन को एक एक विकेट मिला। इससे पहले साइब्रैंड एंगलब्रेट (70) और लोगन वैन बीक (59) के बीच 130 रन की शतकीय साझीदारी की बदौलत नीदरलैंड्स ने श्रीलंका के खिलाफ 262 रन बनाये। नीदरलैंड्स एक समय 91 रन पर शुरुआती छह विकेट गंवा कर संघर्ष की स्थिति में था मगर साइब्रैंड और वैन बीक ने जबरदस्त बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया। दोनो बल्लेबाजों ने क्रीज पर समय देते हुये बाउंड्री की बजाय सिंगल्स और डबल्स रन लेने में रुचि दिखायी और



### जीत से संतुष्ट, आज का दिन हमारा था : मेंडिस

श्रीलंका टीम के कप्तान कुसल मेंडिस ने कहा कि आज के मैच में हमने गेंद और बल्ले से सकरात्मक प्रदर्शन किया। मैच के बाद मेंडिस ने कहा आज मैं बहुत ख़ुश हूं। हमने हर क्षेत्र में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। गेंदबाज़ों ने पहले दस ओवरों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। मैच के अंत में पिच थोड़ा टर्न लेने लगी थी। सदीरा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाज़ी की। पथुम और सदीरा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाज़ी की। आज के मैच में हमारे लिए कई सकारात्मक चीज़ें रहीं। 91 रन की नाबाद पारी खेल कर टीम को विजय द्वार पर पहुंचाने वाले सदीरा समराविक्रमा ने कहा, मैं काफ़ी ख़ुश हूं कि मैंने आज का मैच फ़िनिश किया। हमें जीत की ज़रूरत थी। जब मैं बल्लेबाजी करने गया, तो विकेट आसान नहीं था। गेंद घूम रही थी और तेज़ गेंदबाज़ अच्छी लाइन पर गेंदबाज़ी कर रहे थे। मैंने अपने बेसिक्स को फॉलो किया। मुझे पता था कि बाद में यह पिच कठिन होने जा रही है। इसलिए मैं अंत तक बल्लेबाज़ी करना चाह रहा था। सदीरा को प्लेयर आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। हार से निराश नीदरलैंड्स के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कहा हमने अच्छी शुरुआत नहीं की। हमने ख़ुद को काफ़ी प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। हमने कई ऐसी गेंदें फेंकी जो काफ़ी कमज़ोर थी। साथ ही हमारी फ़ील्डिंग भी काफ़ी ख़राब थी। हमारे गेंदबाज़ पूरे टूर्नामेंट में हमारे लिए काफ़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आर्यन ने आज अच्छी गेंदबाज़ी की। हमारी बल्लेबाज़ी अभी तक अच्छी नहीं रही है।

ढीली गेंदों पर प्रहार भी किये। नतीजन नीदरलैंड्स का स्कोरबोर्ड चल निकला और 45 ओवर की समाप्ति पर उस पर 221 रन अंकित हो चुके थे।

इस बीच कप्तान कुसल मेंडिस ने अपने स्ट्राइक गेंदबाज दिलशान मदुशंका को गेंद थमायी और उन्होने इसे सही फैसला करार देते हुये साइब्रैंड को क्लीन बोल्ड आउट कर पार्टनरशिप को तोड़ने में सफलता हासिल की। उन्होने अपने अगले ही ओवर में रूलाफ वैन डर मर्व को विकेट के पीछे कैच करा कर नीदरलैंड्स को 250 से कम टोटल पर रोकने की कोशिश की मगर एक छोर पर जम वैन बीक ने पुछल्ले बल्लेबाजों के सहारे टीम के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

मदुशंका और कसुन रजिता ने चार चार विकेट झटके वहीं महीश थीक्षणा को एक सफलता मिली। आखिरी विकेट के रूप में पाल वैन मीकरेन (4) नो बॉल पर रन आउट करार दिये गये।

## सार संक्षेप

### दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को दिया 400 रन का लक्ष्य

**मुबंई।** हेनरिक क्लासेन (109),रीजा हेंड्रिक्स (85),रासी वान दर दुर्से (60) और मार्को यानसान (75 नाबाद) की धुआंधार पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां विश्व कप मैच में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट पर 399 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। वानखेड़े स्टेडियम में क्विंटन डिकॉक (4) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का पहला विकेट जल्दी झटकने के बाद इंग्लैंड जास बटलर टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले पर गर्व कर रहे थे जिसको सिरे से गलत साबित करते हुये हेड्रिक्स और दुर्से ने 121 रन की पार्टनरशिप की जबकि बाद में कप्तान एडन मारक्रम (42) बना कर विरोधी टीम को बड़ी चुनौती पेश करने के संकेत दे दिये थे। रही सही कसर क्लासेन और यानसन ने पूरी कर दी। पारी के आखिरी ओवर में आउट होने से पहले क्लासेन 67 गेंदो में 12 चौके और चार छक्के लगा कर स्टेडियम का तापमान काफी हद तक बढ़ा चुके थे। उनका यह एक दिवसीय करियर का तीसरा शतक था। दूसरे छोर पर 42 गेंदो की नाबाद पारी खेलने वाले यानसन छक्कों का छक्का लगा कर अंग्रेज गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में व्यस्त रहे। रीस टाप्ली ने 88 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि गस ऐटकिंसन और आदिल रसीद को दो दो विकेट मिले।

### महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी भारत को मिली

बेंगलुरु। अंतरराष्ट्रीय हॉकी परिषद (एफआईएच) ने महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी भारत को प्रदान की है। पहले यह प्रतियोगिता चीन के हांगझोउ में खेली जानी थी। महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के मुकाबले अब झारखंड की राजधानी रांची में खेले जायेंगे। यह निर्णय चीन की महिला टीम के ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद लिया गया है। प्रतियोगिता रांची में अगले साल 13 से 19 जनवरी के बीच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जायेगी।

# सेंटनर हमारे लिए शानदार रहे हैं, उम्मीद है कि कल भी कुछ अलग नहीं होगा : लैथम

**धर्मशाला,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप से पहले कई लोगों ने चर्चा की थी कि नई गेंद के तेज गेंदबाज विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर होंगे। लेकिन जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने आधे चरण के करीब पहुंच रहा है, न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर 11 विकेट के साथ चार्ट में शीर्ष पर हैं। 4.40 की इकोनॉमी रेट और पांच विकेट लेने के अलावा, हाल ही में डैनियल विटोरी के बाद 100 वनडे विकेट लेने वाले अपने देश के दूसरे बाएं हाथ के स्पिनर बनने के अलावा, सेंटनर न्यूजीलैंड की मध्य ओवरों में जीत के सूत्रधार रहे हैं। उसके लिए एक हमलावर और रन-फ्लो को रोकने वाले दोनों रूप में। सेंटनर गेंद को बहुत ज्यादा घुमाने वाले खिलाड़ी नहीं हैं, लेकिन उनकी ताकत गति में सूक्ष्म बदलाव और दबाव बनाने और बल्लेबाजों को गलत शॉट लगाने के लिए गेंदों पर अविश्वसनीय नियंत्रण रखने में निहित है। रविवार को धर्मशाला में भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले, ब्लैककैप्स मुकाबले में सेंटनर के शानदार प्रदर्शन की पुनरावृत्ति की कामना कर रहे हैं।

वह कई वर्षों से हमारी टीम का एक बड़ा हिस्सा रहा है। मुझे लगता है कि इन परिस्थितियों में उनका अनुभव, जाहिर तौर पर उन्होंने कई वर्षों तक आईपीएल में खेला है, वह लंबे समय से चेन्नई टीम के साथ हैं, इसलिए मुझे लगता है कि हमने देखा है कि वह इन परिस्थितियों में कितने अनुकूलनीय हैं। वह स्पष्ट रूप से गेंद को टर्न करा



सकता है और उसे स्पष्ट रूप से काफी उछाल भी मिल रहा है, जो उसे वास्तव में खतरनाक बनाता है।

न्यूजीलैंड के कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह इस टूर्नामेंट में अब तक हमारे लिए शानदार रहा है और मुझे यकीन है कि कल भी कुछ अलग नहीं होगा। और जैसा कि मैंने कहा कि उसने कुछ मैचों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि वह इसे दोहराने की कोशिश करेगा। सेंटनर को टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में जिस चीज ने मदद की है, वह भारतीय परिस्थितियों में खेलने और आईपीएल के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए जो भी प्रदर्शन करने में कामयाब रहे हैं, उसमें विभिन्न परिस्थितियों में खुद को ढालने का अनुभव है।

जब न्यूजीलैंड ने हाल ही में चेपॉक में अफगानिस्तान को हराया था, तो सेंटनर को भीड़ के जोरदार समर्थन से खुशी हुई थी क्योंकि उन्होंने हशमतुल्लाह शाहिदी को आउट करने के लिए शॉर्ट मिडविकेट पर एक हाथ से सनसनीखेज कैच लेने के अलावा 39 रन देकर 3 विकेट लिए थे। लैथम ने उम्मीद जताई कि सैंटनर और अन्य सदस्यों के आईपीएल अनुभव धर्मशाला में भारत से निपटने में मदद करेंगे।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, फिर से उनका अनुभव किसी से पीछे नहीं है। जाहिर है, लंबे समय तक चेन्नई के साथ रहने के कारण, हमें जाहिर तौर पर अन्य लोग भी मिले हैं जिन्होंने कई वर्षों तक आईपीएल का अनुभव किया है। इसलिए, उस अनुभव पर निर्भर रहना वास्तव में महत्वपूर्ण है। हमने यहां धर्मशाला में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। दोस्तों ने बहुत अधिक नहीं खेला है, इसलिए हमारे लिए जितनी जल्दी हो सके परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करना वास्तव में महत्वपूर्ण होने वाला है।

### सुडोकू 6354 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.80 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.43 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.14 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.60 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 2.68 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.22 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.07 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.40 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.39 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रू ड 0.08 प्रतिशत उबलकर 88.30 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड उतरकर 92.16 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।



# 'भारत टेक्स 2024' प्रदर्शनी से देश बनेगा वैश्विक कपड़ा महाशक्ति : गोयल

- अगले साल 26-29 फरवरी को राजधानी दिल्ली में लगेगी भारत टेक्स 2024 प्रदर्शनी
- 'कस्तूरी कॉटन भारत' की वेबसाइट की भी शुरुआत की



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय कपड़ा और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अगले साल फरवरी में होने वाली व्यापार प्रदर्शनी 'भारत टेक्स 2024' भारत को कपड़ा क्षेत्र की वैश्विक महाशक्ति के रूप में पेश करेगी।

इस प्रदर्शनी का आयोजन अगले साल 26-29 फरवरी को राजधानी दिल्ली में स्थित भारत मंडपम और यशोभूमि परिसरों में होगा। इसकी परिकल्पना दुनिया के सबसे बड़े कपड़ा मेले के रूप में की गई है। इसमें एक ही छत के नीचे संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में फैले कपड़ा उत्पादों के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की क्षमताएं प्रदर्शित की जाएंगी।

गोयल ने इस व्यापार प्रदर्शनी (एक्सपो) से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत मंडपम या यशोभूमि से वास्तव में भारत को कपड़ा क्षेत्र में एक वैश्विक गंतव्य बनाने के हमारे प्रयास को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम भारत को वास्तव में एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने जा रहा है।

गोयल ने कहा कि प्रदर्शनी क्षेत्र दो लाख मीटर क्षेत्र में फैला है और यह दुनिया की सबसे बड़ी कपड़ा प्रदर्शनी होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया को यह दिखाने के लिए भारत टेक्स 2024 से बेहतर कोई मंच नहीं है कि भारत का वक्त आ चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे बुनकरों के लिए, हमारे शिल्पकारों के लिए, हमारे हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए, हमारे हथकरघा क्षेत्र के लिए, यह वास्तव में जो संभव है उसे प्रदर्शित करने का एक बहुत अच्छा तरीका बन सकता है।

### गोयल ने की 'कस्तूरी कॉटन भारत' वेबसाइट की शुरुआत

उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत टेक्स एक्सपो का आयोजन करीब आने तक 'हैंडमेड इन इंडिया' भी एक जीवंत वेबसाइट बन चुकी होगी और बड़ी संख्या में हितधारक इससे जुड़े होंगे। इस मौके पर गोयल ने 'कस्तूरी कॉटन भारत' की वेबसाइट की भी शुरुआत की। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह वेबसाइट इस पहल से संबंधित आवश्यक जानकारी और अपडेट के लिए एक डिजिटल मंच प्रदान करती है। वेबसाइट बुनकरों के लिए पंजीकरण एवं अन्य प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालती है जो ब्रांडेड भारतीय कपास को अनूठा बनाते हैं। 'कस्तूरी कॉटन भारत' कपड़ा मंत्रालय, भारतीय कपास निगम, व्यापार निकायों और उद्योग की एक संयुक्त पहल है। यह भारतीय कपास की ब्रांडिंग और प्रमाणन की पूरी जिम्मेदारी लेकर स्व-नियमन के सिद्धांत पर काम करता है।

## एफपीआई ने अक्टूबर में नकदी बाजार में की 16,176 करोड़ की बिकवाली



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एफपीआई ने अक्टूबर में अपनी बिक्री का सिलसिला जारी रखा और नकद बाजार में बिक्री 16176 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री की । यह बात जिओजित फाइनेंशियल सेवाओं के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कही। उन्होंने कहा कि एफपीआई वित्तीय, बिजली, एफएमसीजी और आईटी जैसे क्षेत्रों में बिकवाली कर रहे हैं। ऑटोमोबाइल और पूंजीगत वस्तुओं में बिकवाली कम रही।

निरंतर बिक्री का प्राथमिक कारण अमेरिकी बांड पैदावार में तेज वृद्धि थी, जो 17 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एफपीआई की बिक्री बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि जब स्थिति बदलेगी तो पूंजी का बहिर्प्रवाह उलट जाएगा।

एफपीआई निवेश की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता ऋण बाजार में बढ़ता प्रवाह है। इसके कई कारण हैं। एक, वैश्विक अनिश्चितता और वैश्विक अर्थव्यवस्था में कमजोरी के बीच एफपीआई अपने निवेश में विविधता ला रहा है। भारतीय बांड अच्छा रिजल्ट दे रहे हैं और भारत के स्थिर मैक्रोज़ को देखते हुए आईएनआर स्थिर होने की उम्मीद है।

एक अन्य कारक जेपी मॉर्गन ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में भारत का शामिल होना है। कुछ एफपीआई प्रमुख खरीदारों द्वारा भारतीय बांड खरीदने पर रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बढ़कर विदेशी निवेशक अब भारत को सबसे अच्छी विकास कहानी के साथ सबसे स्थिर उभरते बाजार के रूप में देखते हैं।

## साइंटिफिक रेमेडीज ने देश में एफिनिटी एडवांस किया पेश

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पशु स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनी साइंटिफिक रेमेडीज ने दुनिया में पालतू जानवरों के भोजन के छठे सबसे बड़े निर्माता एफिनिटी पेटकेयर के प्रमुख ब्रांड एफिनिटी एडवांस को भारत में लॉन्च किया है। कंपनी ने कहा कि एफिनिटी एडवांस पालतू जानवरों के लिए सुपर प्रीमियम चिकित्सा, स्वास्थ्य और विशेष पोषण की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो दुनिया भर में पालतू जानवरों के पेरेंट्स और पशु चिकित्सकों में लोकप्रिय है और डॉक्टर इसकी सलाह देते हैं। एफिनिटी पेटकेयर के साथ यह साझेदारी साइंटिफिक रेमेडीज को देश में पालतू जानवरों के पेरेंट्स को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला पालतू भोजन प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। यह पालतू जानवरों की अधिक लंबी उम्र और जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकीय रूप से सिद्ध और साक्ष्य आधारित है। एफिनिटी पेटकेयर वैश्विक स्तर पर उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ पालतू जानवरों के पेरेंट्स और पशु चिकित्सकों दोनों को सेवाएं प्रदान करता है।

## केन्द्र से मिले 90 करोड़ की अनुदान राशि उद्योगों को डिजिटल स्थांतरित



- नवेश के लिए लगभग 55 हजार करोड़ के करार

**देहरादून,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को औद्योगिक विकास योजना के अन्तर्गत, स्थापित उद्योगों को भारत सरकार से प्राप्त अनुदान धनराशि का डिजिटल स्थानान्तरण किया। उन्होंने चयनित 40 औद्योगिक ईकाइयों को स्वीकृत 90 करोड़ रुपये की धनराशि उनके खातों में स्थानान्तरित की। उन्होंने राज्य में उद्योगों के विकास के लिए औद्योगिक विकास योजना के माध्यम से राज्य को सहयोग प्रदान करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का आभार व्यक्त किया। धामी ने कहा कि राज्य में उद्योगों के प्रोत्साहन, संवर्द्धन और विस्तारीकरण के लिए यह महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली, दुबई और अबू धाबी में विभिन्न निवेशक समूहों के साथ हुई बैठकों में राज्य में निवेश के लिए लगभग 55 हजार करोड़ के करार हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक जो करार हुए हैं, राज्य सरकार का प्रयास है कि आगामी आठ और नौ दिसम्बर 2023 को देहरादून में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट तक अधिकांश करारों को धरातल पर उतारने का कार्य पूर्ण हो जाय। उन्होंने कहा कि विभिन्न बैठकों में जो भी सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सुझावों पर भी अमल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी करार हुए हैं और प्रस्ताव आये हैं, उनका पूरा आंकलन कर आगे कार्य किये जायेंगे। निवेश के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले और प्राथमिक सेक्टर को मजबूत बनाने वाले प्रस्तावों एवं करारों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा। धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं, निवेशकों, उद्योगों एवं उत्तराखण्ड के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की औद्योगिक विकास योजना 2017 के तहत हिमालयी राज्यों उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश में औद्योगिकरण को प्रोत्साहित किये जाने के लिए स्थापित होने वाली विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों को संयंत्र और मशीनरी में किये गये निवेश पर 30 प्रतिशत की दर से अधिकतम पांच करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है।

# 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार में सबसे आगे सैमसंग




**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। सैमसंग ने तीसरी तिमाही में 18 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी और 7.9 मिलियन यूनिट की शिपमेंट के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। शाओमी 7.6 मिलियन यूनिट की शिपिंग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, जो मुख्य रूप से इसके किफायती 5जी मॉडल की रिलीज से प्रेरित है। मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के अनुसार, वीवो 7.2 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि रियलमी और ओप्पो (वनप्लस को छोड़कर) क्रमशः 5.8 मिलियन और 4.4 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी करके शीर्ष पांच में रहे।

भारत ने 2023 की तीसरी तिमाही में 43 मिलियन शिपमेंट दर्ज की, क्योंकि बाजार धीरे-धीरे रिकवरी की ओर बढ़ रहा है। हालांकि शिपमेंट में साल-दर-साल 3 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन तिमाही में उपभोक्ता माहौल में सुधार देखा गया, जिससे विक्रेताओं को नए पेश किए गए उपकरणों पर पूंजी लगाने की अनुमति मिली।

कैनालिस के वरिष्ठ विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा कि तीसरी तिमाही में, स्मार्टफोन ब्रांडों ने बजट-अनुकूल 5जी विकल्पों पर जोर देने के साथ रणनीतिक रूप से अपने उत्सव उत्पाद लाइनअप को बढ़ावा दिया।

एंट्री-लेवल सेगमेंट में मांग में वृद्धि देखी गई क्योंकि विक्रेताओं ने बड़े पैमाने पर 5जी मॉडल पेश किए। चौरसिया ने कहा कि प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत वृद्धि का अनुभव जारी रहा। यह सैमसंग की एस23 सीरीज और पुरानी पीढ़ी के एप्पल आईफोन्स, जैसे आईफोन 14 और आईफोन 13 द्वारा संचालित था, जो फेस्टिव सेल्स के दौरान आकर्षक डील्स पर पेश किए जा रहे थे। बाजार में एचटेक के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम मार्ग के माध्यम से ऑनर की रि-एंट्री भी देखी गयी और इसका ऑनर 90 मॉडल लॉन्च किया गया। वनप्लस, इनफिनिक्स और टेक्नो जैसे ब्रांडों मुख्य रूप से चैनल की उपस्थिति में वृद्धि, पेशकश में वृद्धि और 2021 की चिप की कमी की अवधि से कुछ सकारात्मक गति प्राप्त करने के कारण मजबूत वृद्धि देखी। चौरसिया ने कहा कि दूसरी छमाही में बाजार में उपभोक्ता विश्वास बढ़ने के बावजूद, सुधार की राह को वैश्विक आर्थिक चिंताओं से चुनौती मिलेगी। 2024 में वृद्धि अनिश्चित व्यापक आर्थिक कारकों पर निर्भर करती है, जो विशेष रूप से कमजोर एंट्री लेवल सेगमेंट को प्रभावित करती है। रिपोर्ट में कहा गया, बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए, विक्रेताओं को चैनल दबाव को कम करने और एक कम उत्पाद पोर्टफोलियो बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सभी चैनलों पर संतुलित सूची बनाए रखते हुए उनके पास प्रत्येक प्राइस सेगमेंट में हीरो मॉडल होने चाहिए।

## एलन मस्क के एक्स को पिछले महीने 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता का नुकसान



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्स कॉर्प (पूर्व में ट्विटर) पर पिछले महीने 50 करोड़ से अधिक यूजर विजिट कम हो गए और एलन मस्क द्वारा संचालित प्लेटफॉर्म अब वैश्विक रैंकिंग में इंस्टाग्राम के बाद सातवें स्थान पर आ गया है। नए सिमिलरवेब डेटा के अनुसार, सितम्बर में एक्स का ट्रैफिक 6.4 बिलियन से घटकर 5.8 बिलियन हो गया, जो 10 प्रतिशत का नुकसान है। सितम्बर में ट्विटर पर विजिट करने वाले 176 देशों में से 83 प्रतिशत में महीने-दर-महीने विजिट में गिरावट देखी गई। वेंचर स्मार्टर द्वारा डेटा के विश्लेषण से पता चला कि एक्स अब मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम के बाद वैश्विक रैंकिंग में सातवें स्थान पर आ गया है। सितम्बर में ट्विटर का उपयोग करने वाले 176 देशों में से चार-पांचवें (83 प्रतिशत) से अधिक देशों में वेबसाइट पर महीने-दर-महीने ट्रैफ़िक में गिरावट देखी गई। गूगल डेटा से यह भी पता चला है कि पिछले साल मस्क द्वारा कंपनी का अधिग्रहण करने के बाद से ट्विटर पर वैश्विक खोज में गिरावट आई है, जो 14 मिलियन मासिक खोज से घटकर एक साल बाद 11 मिलियन हो गई है, जो नवंबर 2018 के बाद से सबसे कम है। वेंचर स्मार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि समान वेब ट्रैफिक से पता चलता है कि ट्विटर तेजी से ट्रैफिक खो रहा है और वैश्विक रैंकिंग में पहले ही नीचे गिर चुका है। जब से मस्क ने पदभार संभाला है, इसकी लोकप्रियता में गिरावट होती दिख रही है। सैकड़ों देशों से ट्रैफ़िक में गिरावट देखना चौंका देने वाला है, और यह बॉट्स से निपटने के लिए ट्विटर के पर्दे के पीछे के प्रयास भी हो सकते हैं।

## खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में आज अरहर दाल में तेजी गिरावट के अलावा खाद्य तेल समेत अन्य सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में गिरावट को छोड़कर शेष दालों में टिकाव रहा। इस दौरान अरहर दाल 500 रुपये प्रति कुंतल उतर गयी जबकि चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे -

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9800-9900, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति कुंतल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल = 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000।

## कॉल के दौरान आईपी एड्रेस की सुरक्षा के मामले में हम सबसे आगे




**साइबर-सुरक्षा शोधकर्ता को टेलीग्राम ने दिया जवाब**

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने शनिवार को कहा कि जब कॉल के दौरान आईपी एड्रेस की सुरक्षा की बात आती है तो वह सबसे सुरक्षित मास मार्केट मैसेंजर है।

कंपनी ने डेनिस सिमोनोव नामक एक साइबर-सुरक्षा शोधकर्ता को जवाब दिया, जिन्होंने दिखाया कि एक सरल टूल के साथ एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर किसी भी खाते के आईपी एड्रेस तक पहुंचना आसान है।

टेलीग्राम ने एक बयान में कहा कि यह एकमात्र ऐसा प्लेटफॉर्म है जो डिफ़ॉल्ट रूप से सभी कॉल के लिए पीयर-टू-पीयर का उपयोग नहीं करता है।

कंपनी ने कहा कि केवल यूजर की संपर्क सूची (विश्वसनीय पक्ष) वाले लोग ही कॉल करते समय उनका आईपी पता देख पाते हैं। अजनबियों के साथ कॉल विशेष रूप से आईपी एड्रेस छिपाने के उद्देश्य से टेलीग्राम के सर्वर के माध्यम से रूट की जाती है।

टेलीग्राम ने कहा कि यह यूजरों को संपर्कों के लिए पीयर-टू-पीयर कॉल को पूरी तरह से अक्षम करने, सभी कॉल को सर्वर के माध्यम से रूट करने का विकल्प भी देता है। कंपनी ने कहा कि यह 'लीक' नहीं है क्योंकि पीयर-टू-पीयर कॉल की सुविधा के लिए तकनीकी आवश्यकता के कारण आईपी एड्रेस साझा किए जाते हैं।

टेलीग्राम के अनुसार, अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म में, सभी कॉल डिफ़ॉल्ट रूप से पीयर-टू-पीयर नेटवर्किंग का उपयोग करते हैं और अपने यूजरों को इसे बदलने के लिए कोई विकल्प दिए बिना आईपी एड्रेस साझा करते हैं।

सिमोनोव ने एक पोस्ट में लिखा कि हाल ही में उन्हें टेलीग्राम मैसेंजर में अपने वार्ताकार का आईपी एड्रेस पता करने का काम मिला था।

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मैंने नेटवर्क ट्रैफ़िक विश्लेषण टूल वायरशार्क का उपयोग किया, जहां मैंने एसटीयूएन प्रोटोकॉल ट्रैफ़िक का पता लगाया। एसटीयूएन (सेशन ट्रैवर्सल यूटिलिटीज फॉर नैट) एक मानकीकृत प्रोटोकॉल है जिसे नैट (नेटवर्क एड्रेस ट्रांसलेशन) के पीछे के उपकरणों को उनके बाहरी आईपी एड्रेस और उनके गेटवे पर उपयोग किए जाने वाले नैट के प्रकार को निर्धारित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शोधकर्ता ने कहा कि थोड़ा समय बिताने के बाद मैंने वायरशार्क - टीशार्क के कंसोल संस्करण का उपयोग करके टेलीग्राम में मुझसे बात करने वाले का आईपी प्राप्त करने की प्रक्रिया को स्वचालित करने का निर्णय लिया।

### सार संक्षेप

### जालंधर में 24954 टन धान की लिफ्टिंग, किसानों को 428 करोड़ का भुगतान

**जालंधर।** पंजाब के जिला जालंधर की अनाज मंडियों में एक ही दिन में 24954 टन धान लिफ्टिंग कर जिले ने पंजाब में पहला स्थान हासिल किया है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने शनिवार को बताया कि जिले की मंडियों में अब तक 2088861 टन धान की आमद हो चुकी है, जिसमें से 206474 टन धान विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा जा चुका है, जो धान की आमद का 99 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जिले की मंडियों से एक दिन में 24954 टन धान एकत्र किया गया, जो प्रदेश के किसी भी जिले में सबसे ज्यादा है। जालंधर के बाद पटियाला में एक दिन में 19015 टन, कपूरथला में 17744 टन और होशियारपुर में 15459 टन धान की लिफ्टिंग हो चुकी है। सारंगल ने बताया कि किसानों को अब तक 428 करोड़ रुपये की अदायगी की जा चुकी है, जो कि तय समय में की जाने वाली 357 करोड़ रुपये की अदायगी से 71 करोड़ रुपये अधिक है।

### आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 35 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 10261 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 7557.8 करोड़ रुपये की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज शेयर बाजार को सूचित किया कि सितंबर में समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 24 प्रतिशत बढ़कर 18308 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी जबकि अन्य आय 14.3 प्रतिशत बढ़कर 5777 करोड़ रुपये पर रही। बैंक ने कहा कि इस तिमाही में विभिन्न मदों में किये गये प्रावधानों में 64.5 प्रतिशत की कमी आने के कारण लाभ में बढोतरी हुयी है। इस तिमाही में विभिन्न मदों में 583 करोड़ रुपये के प्रावधान किये गये हैं। इस तिमाही मे बैंक के सकल गैर निष्पादित परिसंपत्तियां 28 आधार अंक सुधरकर 2.48 प्रतिशत पर रहा और इस दौरान शुद्ध एनपीए पांच आधार अंक सुधरकर 0.43 प्रतिशत पर रहा।

### येस बैंक का मुनाफा 47.4 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के येस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 225 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष के समान अवधि के 152.8 करोड़ रुपये की तुलना में 47.4 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने बीएसई को दिये सूचना में बताया कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज 1925.1 करोड़ रुपये रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1991.4 करोड़ रुपये रही थी। इस तरह से शुद्ध ब्याज आय में 3.3 प्रतिशत कमी आयी है। बैंक का सकल एनपीए 1.72 प्रतिशत पर रहा है जबकि शुद्ध एनपीए 10 आधार अंक सुधरकर 0.9 प्रतिशत पर रहा है।

## 'डर' में शाहरुख की जबरदस्त भूमिका की याद दिलाता है अमित साध का 'दुरंगा 2' का किरदार

**नई दिल्ली।** एक्टर अमित साध स्ट्रीमिंग सीरीज 'दुरंगा' के दूसरे सीजन की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने खुलासा किया कि शो में वह जो किरदार निभा रहे हैं, वह फिल्म 'डर' में सुपरस्टार शाहरुख खान की भूमिका को समर्पित है। दुरंगा लोकप्रिय के-ड्रामा फ्लावर ऑफ एविल का भारतीय रूपांतरण है और बहुप्रतीक्षित दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी के लिए तैयार है। अमित सीजन 2 में सेंटर स्टेज पर आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह समित पटेल का किरदार निभाते नजर आएंगे। आईएएनएस से बात करते हुए, अमित ने अपने किरदार के ग्राफ, भूमिका की चुनौतियों, अपने दृष्टिकोण और बहुत कुछ के बारे में बात की।

### शोधकर्ताओं का नए अध्ययन में खुलासा

# कुछ पुरुष पर्याप्त शुक्राणु क्यों पैदा नहीं करते हैं

**न्यूयॉर्क,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। नए शोध ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि शुक्राणु निर्माण की प्रक्रिया में क्या गलत हो रहा है, जिससे यह समझने में मदद मिली है कि क्यों कुछ पुरुषों में अंडे को निषेचित करने के लिए पर्याप्त शुक्राणु नहीं बनते हैं। दरअसल, दुनिया भर में लाखों जोड़े बांझपन का अनुभव करते हैं, जिनमें से आधे मामले पुरुषों में उत्पन्न होते हैं। 10 प्रतिशत बांझ पुरुषों में बहुत कम या कोई शुक्राणु उत्पन्न नहीं होता है।




यूके में एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में वेलकम सेंटर फॉर सेल बायोलॉजी के सहयोग से अमेरिका में स्टोवर्स इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल रिसर्च के नए अध्ययन से संभावित उपचारों पर संभावित सिद्धांत सामने आ सकते हैं।

स्टोवर्स इन्वेस्टिगेटर स्कॉट हॉले ने कहा कि पुरुषों में बांझपन का एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि उनमें शुक्राणु नहीं बन पाते हैं। यदि आप वास्तव में जानते हैं कि क्या गलत है, तो अभी ऐसी प्रौद्योगिकियां उभर रही हैं, जो आपको इसे ठीक करने का एक तरीका दे सकती है।

मनुष्यों सहित अधिकांश यौन प्रजनन करने वाली प्रजातियों में, शुक्राणु और अंडाणु कोशिकाओं का उत्पादन करने के लिए जाली की तरह पुल जैसी एक महत्वपूर्ण प्रोटीन संरचना को ठीक से बनाने की आवश्यकता होती है।

जर्नल साइंस एडवांसेज में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि चूहों में, इस पुल में एक और बहुत विशिष्ट बिंदु को बदलने से यह ढह गया, जिससे बांझपन हो गया और इस प्रकार अर्ध-सूत्रीविभाजन के साथ समान समस्याओं के कारण पुरुषों में मानव बांझपन की जानकारी मिली। अर्ध-सूत्रीविभाजन, शुक्राणु और अंडों को जन्म देने वाली कोशिका विभाजन प्रक्रिया में कई चरण शामिल होते हैं, जिनमें से एक बड़ी प्रोटीन संरचना का निर्माण होता है, जिसे सिनैप्टोनेमल कॉम्प्लेक्स कहा जाता है।

हॉले लैब और वेलकम सेंटर के अन्वेषक ओवेन डेविस ने समझाया, बांझपन में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता अर्ध-सूत्रीविभाजन में दोष है। यह समझने के लिए कि गुणसूत्र प्रजनन कोशिकाओं में सही तरीके से कैसे अलग हैं, हम वास्तव में इस बात में रुचि रखते हैं कि जब उनके बीच सिनैप्टोनेमल कॉम्प्लेक्स बनता है तो उससे ठीक पहले क्या होता है।

लेखकों ने चूहों में एक प्रमुख सिनैप्टोनेमल कॉम्प्लेक्स प्रोटीन में उत्परिवर्तन करने के लिए एक सटीक जीन संपादन तकनीक का उपयोग किया, जिसने शोधकर्ताओं को पहली बार जीवित जानवरों में प्रोटीन के प्रमुख क्षेत्रों के कार्य का परीक्षण करने की अनुमति दी।

मॉडलिंग प्रयोगों से अनुमानित केवल एक उत्परिवर्तन को चूहों में बांझपन के दोषी के रूप में सत्यापित किया गया था। हॉले ने कहा कि हमने इस विशाल संरचना में एक प्रोटीन के एक छोटे से क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया, जिसके बारे में हमें पूरा यकीन था कि यह बांझपन का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है।

बिलमायर ने कहा कि मेरे लिए वास्तव में रोमांचक बात यह है कि हमारा शोध हमें इस बुनियादी प्रक्रिया को समझने में मदद कर सकता है जो जीवन के लिए आवश्यक है।

## पानीपुरी से प्रेरित कोलकाता पूजा पंडाल बना आयोजकों के लिए सिरदर्द!

दुर्गा पूजा पंडाल को पानीपुरी के टुकड़ों से सजाने का एक अनूठा विचार



**कोलकाता,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके बेहाला में एक सामुदायिक दुर्गा पूजा पंडाल को पानीपुरी के टुकड़ों से सजाने का एक अनूठा विचार, जो स्थानीय रूप से पुचका के रूप में लोकप्रिय है, अब पूजा आयोजकों के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गया है।

चार दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव के पहले दिन, महा सप्तमी पर, बेहाला नून दल दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी अब सोच रहे हैं कि उत्सव मनाने वालों को पंडाल की दीवारों से पानीपुरी के टुकड़ों को निकालने और उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में घर वापस ले जाने से कैसे रोका जाए। इसके अलावा, इस संबंध में एक बड़ी आशंका आयोजकों को और भी अधिक तनाव में डाल रही है, क्योंकि पानीपुरी के टुकड़े हटाने वाले अधिकांश बच्चे और नाबालिग हैं।

पूजा आयोजन समिति के एक सदस्य ने कहा कि बंगालियों के बीच पुचका का आकर्षण अनूठा है। अगर कोई पुचका के अनूठे आकर्षण से अभिभूत होकर पंडाल की दीवार से एकत्र किया गया एक टुकड़ा भी खा लेता है, तो संबंधित व्यक्ति के लिए खाद्य विषाक्तता सहित स्वास्थ्य संबंधी खतरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पंडाल की सजावट के लिए इस्तेमाल किए गए ये सजावटी पानीपुरी के टुकड़े विभिन्न सड़क किनारे अस्थायी स्टॉल्स पर उपलब्ध नियमित पुचका से अलग क्यों हैं।

आयोजक सदस्य ने कहा कि समारोह के अंत तक सजावटी पानीपुरी के टुकड़ों की कुरकुरी प्रकृति को बनाए रखने के लिए इनमें विशेष रसायन मिलाए जाते हैं। इसलिए अगर कोई इसका एक टुकड़ा भी खाता है तो यह रसायन पेट से संबंधित कई बीमारियों का कारण बन सकता है। आयोजक लगातार लाउडस्पीकरों पर घोषणाएं कर रहे हैं, ताकि पंडाल में आने वाले लोगों को ऐसे सजावटी पानीपुरी टुकड़ों के सेवन से होने वाले संभावित स्वास्थ्य खतरों के प्रति आगाह किया जा सके।

## 24 से एनटीआर जूनियर स्टारर 'देवरा' का दूसरा शेड्यूल शुरू करेंगी जान्हवी कपूर

**मुंबई,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'गुंजन सक्सेना-द कारगिल गर्ल', 'रूही' और 'बवाल' जैसी फिल्मों से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री जान्हवी कपूर 24 अक्टूबर को अपनी अंडर-प्रोडक्शन फिल्म 'देवरा' के दूसरे शूट शेड्यूल की शुरुआत करेंगी। फिल्म में एनटीआर जूनियर भी हैं, जिन्होंने अपनी ऐतिहासिक फिक्शन फिल्म 'आरआरआर' से वैश्विक सफलता दर्ज की थी। यह फिल्म एनटीआर जूनियर को निर्देशक कोराताला शिवा के साथ उनके आखिरी सहयोग 'जनथा गैराज' के बाद फिर से जोड़ती है, जो 2016 में रिलीज हुई थी।



एक सूत्र के मुताबिक, जान्हवी 24 अक्टूबर को एनटीआर जूनियर के साथ 'देवरा' के लिए दूसरा शूट शेड्यूल शुरू करेंगी। अभिनेत्री ने पहले शेड्यूल की शूटिंग केवल 3 दिनों के लिए की थी। वह अक्टूबर से गोवा में प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त रहेंगी और शूटिंग शेड्यूल लगभग 3 से 4 महीने यानी जनवरी तक बढ़ाया जाएगा। इससे पहले, निर्देशक कोराताला शिवा ने खुलासा किया था कि इसकी कहानी के साथ न्याय करने के लिए फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। कोराटाला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा कि फिल्म तटीय भारत की भूमि पर आधारित है और कैनवास बहुत बड़ा है। जैसे ही हमने फिल्म की शूटिंग शुरू की, कैनवास अपने आप सामने आ गया और बड़ा होने लगा। फिल्म में हर किरदार का अपना महत्व है और उन्हें गहराई से विस्तार तलाशने की जरूरत है, जिसे हम एक हिस्से में उचित नहीं ठहरा सकते। अपने संदेश को समाप्त करते हुए उन्होंने कहा कि इसलिए हमने इस बड़ी कहानी और कैनवास को दो भागों में बताने का फैसला किया। अब तक के सबसे बड़े कैनवस में से एक देवरा को दो भागों में बनाया जाएगा।

## विदेशी प्रकाशकों ने भारतीय पुस्तकों के अनुवाद में दिखाई रुचि

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। साहित्य अकादमी सचिव के. श्रीनिवास राव ने कहा है कि न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, चीन और बंगलादेश के प्रकाशकों - साहित्यकारों ने भारतीय पुस्तकों के अनुवाद में रुचि दिखाई है। राव ने शनिवार को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इन देशों के अलावा कुछ पोलिश और इजरायली भाषा के प्रकाशकों ने भी संपर्क किया है। विश्व के इस सबसे बड़े पुस्तक मेले में 100 से अधिक देशों के हजारों प्रकाशक, एजेंट, लाइब्रेरियन और लेखक आदि इकट्ठा हुए हैं। यह पुस्तक मेला पूरी दुनिया के पुस्तक प्रकाशकों के लिए विभिन्न देशों और भाषाओं की पुस्तकों के अधिकार और लाइसेंसों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री के लिए सुविधाजनक मंच उपलब्ध कराता है। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह पुस्तक मेला इस वर्ष 18 से 22 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि प्रकाशन और अनुवाद में व्यापक तेज़ी आने के बाद भारत की वास्तविक छवि दुनिया के सामने आई है। भारत के बाहर के लोगों ने विभिन्न देशों के इतिहास की पुस्तकों, यात्रा वृतांतों, दार्शनिक साहित्य आदि के माध्यम से भारत के बारे में जानकारी प्राप्त की जो असलियत से दूर थी।

## 'देवी सॉन्ग-अनमास्क्ड गॉडेस' में रितुपर्णा सेनगुप्ता का दिखा अद्भुत अवतार

**मुंबई,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बंगाली स्टार रितुपर्णा सेनगुप्ता का नया ट्रैक 'देवी सॉन्ग - अनमास्क्ड गॉडेस' शनिवार को रिलीज हुआ। यह ट्रैक दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर देवी दुर्गा की शक्ति को जीवंत करता है। वीडियो में रितुपर्णा को शक्ति के रूप में विस्मयकारी अवतार में दिखाया गया है। स्वप्नाली गैलिकवर्ड द्वारा गाए गए इस ट्रैक को राजन सर्वदे ने लिखा और संगीतबद्ध किया है। गीत में दुर्गा मां की कहानी को दिखाया गया है क्योंकि उन्हें अक्सर एक बहुत ही अनोखे अंदाज में बुलाया जाता है। यह श्रोताओं को आत्म-खोज सशक्तिकरण और महिला शक्ति की यात्रा पर ले जाता है। ट्रैक में संस्कृत और हिंदी में शक्तिशाली छंदों के साथ शास्त्रीय वाद्ययंत्र प्रस्तुत किया गया है, जो एक ही देवी के दो पक्षों के बीच विरोधाभास प्रस्तुत करता है, क्योंकि दुर्गा रक्षक और संहारक दोनों हैं। इसमें रितुपर्णा का नृत्य भी दिखाया गया है रितुपर्णा सेनगुप्ता ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि देवी गीत महिलाओं की शक्ति और लचीलेपन का एक उल्लेखनीय गीत है। इस परियोजना का हिस्सा बनना सम्मान की बात है जो देवी मां की कहानी को इतने अनोखे और शक्तिशाली तरीके से जीवंत करती है। ट्रैक की निर्देशक नेहा लोहिया ने इसे महिला सशक्तिकरण पर वैश्विक बातचीत के उत्प्रेरक के रूप में देखा। गाने के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा कि 'देवी सॉन्ग - अनमास्क्ड गॉडेस' सिर्फ एक गाना नहीं है, बल्कि यह एक परिवर्तनकारी अनुभव है जो दर्शकों को अंधेरे से प्रकाश की यात्रा पर ले जाता है और आत्म-खोज और सशक्तिकरण की गहराई की खोज करता है। गाने की कहानी देवी मां की सशक्त कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने आगे कहा कि देवी मां की कहानी सिर्फ पौराणिक कथाओं की कहानी नहीं है। यह हर महिला के भीतर की आंतरिक शक्ति और दिव्यता का प्रतिबिंब है। इस परियोजना के साथ हम दुनिया भर में महिलाओं को उनकी वास्तविक शक्ति को अपनाने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाने की उम्मीद करते हैं।




## सामाजिक ड्रामा शो 'डोरी' के कलाकारों में शामिल हुए अनुराग शर्मा और तोरल रासपुत्र

**मुंबई,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। आगामी सामाजिक ड्रामा शो 'डोरी' के निर्माताओं ने अभिनेत्री तोरल रासपुत्र और अनुराग शर्मा को शो में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में लिया है। 'डोरी' के प्रोमो ने दर्शकों को एक सामाजिक मुद्दे की झलक से मंत्रमुग्ध कर दिया है, जो हमारी चेतना के ताने-बाने में बुना हुआ है। वाराणसी पर सेट किया गया यह शो छह वर्षीय डोरी (माही भानुशाली द्वारा अभिनीत) के इर्द-गिर्द घूमता है, जो अपने सौतेले पिता, गंगा प्रसाद (अमर उपाध्याय) के सहयोग से पुरुष-प्रधान हथकरघा उद्योग को चुनौती देती है। शो में अभिनेत्री सुधा चंद्रन को कैलाशी देवी के किरदार में दिखाया गया है। तोरल और अनुराग शो में मानसी और आनंद (पत्नी और पति) की भूमिका निभाएंगे।



उसी के बारे में बात करते हुए तोरल ने कहा कि मैं कलर्स के प्रतिष्ठित शो 'बालिका वधू' और कुछ अन्य परियोजनाओं में मुख्य भूमिका निभाने के बाद इसकी विरासत का हिस्सा बनने को लेकर रोमांचित हूं, जिसके केंद्र में महिलाएं हैं। शो में मैं मानसी का किरदार निभाती नजर आऊंगी, जो कैलाशी देवी की बहू है। मानसी पितृसत्ता का प्रचार करने वाली तानाशाह सास के खिलाफ आवाज उठाने के डर से घिरी हुई है। मैं भूमिका में खुद को डुबोने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक मुझे इस नए किरदार में अपनाएंगे।

अनुराग ने कहा कि मैं इसमें आनंद की भूमिका निभा रहा हूं।

## 'सा रे गा मा पा' के प्रतियोगियों ने सुपरस्टार सनी देओल की फिल्म 'बेताब' के गीतों पर दी शानदार प्रस्तुति

**मुंबई,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'सा रे गा मा पा' 2023 के प्रतियोगियों अब्दुल शेख और रनिता बनर्जी ने सुपरस्टार सनी देओल की फिल्म 'बेताब' से 'बादल क्यूं' और 'जब हम जवान' पर अपनी मनमोहक युगल प्रस्तुति दी। इस सप्ताहांत दर्शकों को एक शानदार मनोरंजन देखने को मिलेगा। शो में 'गदर 2' की स्टार कास्ट उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर 'गदर 2 सक्सेस पार्टी' स्पेशल एपिसोड की शोभा बढ़ाते नजर आएंगे।



इस विशेष एपिसोड में प्रतियोगियों ने जजों और मेहमानों पर प्रभाव छोड़ने के लिए अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अब्दुल और रनीता के प्रदर्शन ने न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, बल्कि जजों और मेहमानों दोनों पर भी गहरा प्रभाव डाला। शो में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन और अनु मलिक जज हैं और आदित्य नारायण होस्ट हैं। नीति मोहन ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि अब्दुल और रनीता आपने आज मंच पर एक रोमांटिक माहौल जोड़ दिया है और मुझे लगता है कि रोमांटिक गाने सरल धुनें हैं, लेकिन गायकों को गाते समय कई चीजों पर ध्यान देना होता है, जिसे मैं आपके प्रदर्शन में देख सकती हूं। नीति ने कहा कि इसके अलावा आप दोनों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया और मेरा मानना है इसे खूबसूरती से गाया गया है।

## दुर्गा पंडाल में गिरते-गिरते बची काजोल, रानी, कियारा, हेमा मालिनी ने भी दुर्गा पूजा उत्सव में लिया हिस्सा



**मुंबई,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। नवरात्रि उत्सव के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनिन दुर्गा पूजा में भाग लिया, जहां अभिनेत्री गिरते-गिरते बचीं।

अभिनेत्री अपने बेटे युग और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पंडाल में मौजूद थीं। वहां उनकी बहन तनीषा मुखर्जी समेत वत्सल सेठ, इशिता दत्ता भी मौजूद थीं।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में काजोल गुलाबी साड़ी के साथ मैचिंग स्लीवलेस ब्लाउज में नजर आ रही हैं। साड़ी पर सिल्वर वर्क था। उन्होंने अपना लुक मेकअप, बिंदी और झुमके के साथ पूरा किया। उन्होंने अपने बालों का जूड़ा बना रखा था और उस पर फूल लगाए हुए थे।

वीडियो में दिखाया गया है कि काजोल स्टेज से गिरते-गिरते बचीं और उनका मोबाइल फोन भी गिर गया। युग सफेद कुर्ता पायजामा में है और अपनी मां के गिरने के बाद उन्हें पकड़ रहे हैं।

अभिनेत्री रानी मुखर्जी भी पंडाल में पहुंचीं। वह सुनहरी साड़ी और लाल नेकपीस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अभिनेत्री ने सिन्दूर और बिंदी लगाई हुई थी। वह मूर्ति की तस्वीरें क्लिक करती नजर आईं।

तनीषा ने पीले रंग का एथनिक लहंगा पहना और गुलाबी चोकर नेकपीस और झुमके के साथ ड्रेस को पूरा किया।

मां-बेटी हेमा मालिनी और ईशा देओल भी पंडाल में पहुंचीं। दिग्गज अभिनेत्री बैंगनी और सुनहरे बॉर्डर वाली साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को गोल्डन लॉन्ग नेकपीस से पूरा किया। उन्होंने सिन्दूर लगाया और अपने बालों को जूड़े में बाधा हुआ था। ईशा चांदी के काम वाली पेस्टल गुलाबी साड़ी में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को मोती की लंबी नेकपीस, मैचिंग ईयररिंग्स और जूड़े में बांधे हुए बालों के साथ गजरा लगाकर पूरा किया।

नवविवाहिता कियारा आडवाणी भी पंडाल में आईं और हल्के हरे रंग के सूट में खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने मिनिमल मेकअप के साथ अपने बाल खुले रखे थे और चूड़ियां पहनी थीं।

फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर और उनकी पत्नी भी पंडाल में मौजूद थे। निर्देशक इम्तियाज अली, दिव्या दत्ता और शारवरी वाघ भी उपस्थित थीं।

## संयुक्त उपचार व्यवस्था द्वारा चमत्कारिक परिणाम : डॉ. राजेश राणा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुचित दिनचर्या, गलत खानपान, बेवजह का तनाव आदि कारणों से दिनों दिन विभिन्न बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। आजकल किसी भी अस्पताल में विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, डिप्रेशन, नींद न आना, ज्यादा चिंता करना, विभिन्न प्रकार की एलर्जी, अस्थमा, कब्ज, पाचन क्रिया से संबंधित बीमारियां, मोटापा, हाइपरटेंशन, डायबिटीज आदि के मरीज बड़ी संख्या में आते हैं।

इस संबंध में देशबन्धु ब्यूरो चीफ देवेंद्र सिंह ने डॉक्टर राजेश राणा (चेयरमैन सात्विक देव आरोग्यधाम) से कुछ रोचक तथ्य जाने।

**आजकल विभिन्न प्रकार के दर्द व जीवन शैली से संबंधित बीमारियां क्यों बढ़ रही हैं?**

संयुक्त उपचार में नेचुरोपैथी, एक्यूपंक्चर, फिजियोथैरेपी, योग, पंचकर्म शामिल




हम लोग एक अनुचित जीवन शैली के शिकार हो चुके हैं। प्रकृति से दूरी सब बीमारियों का कारण है। देरी से सोना, देरी से उठना, खाने का उचित समय न होना, खाने में पोषक तत्व न होना, जंक फूड का ज्यादा इस्तेमाल करना, धूप में न बैठना, ज्यादा नमक व चीनी का सेवन, सब्र का अभाव, कामयाब होने की अत्यधिक जल्दी, मोबाइल व एसी का अत्यधिक इस्तेमाल करना, हमेशा भागम भाग में रहना सभी बीमारियों का कारण है।

**आप अपने उपचार व्यवस्था के बारे में थोड़ा बताएं?**

हम लोग विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को संयुक्त रूप से इस्तेमाल कर चमत्कारिक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारीयों में हम नेचुरोपैथी, एक्युपंचर, फिजियोथैरेपी, कपिगंथेरेपी, माक्सीबऐशन, पी.एन.एस.टी, एक्यूप्रेशर, पंचकर्म आदि पद्धतियों का इस्तेमाल करके जटिल से जटिल कमर दर्द, गर्दन के दर्द, घुटनों के दर्द, डिप्रेशन, पेट से संबंधित रोग आदि विभिन्न प्रकार की जटिल बीमारियों में चमत्कारिक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ-साथ हम जीवन शैली में परिवर्तन, खान-पान में परिवर्तन, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग भी करते हैं।

**सात्विक देव आरोग्यधाम क्या है और इसका मकसद क्या है?**

प्रकृति की गोद में प्रकृति के साथ विभिन्न आधुनिक व प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज ही सात्विक देव आरोग्य धाम का आधार है। डॉ. राजेश राणा के अनुसार उनका सपना था, प्राकृति की गोद में एक ऐसा सेंटर बनाना, जहां इंसान पहुंचते ही तनाव मुक्त हो जाए, वहां वह पूरी तरह प्रकृति से जुड़ जाए और सभी चिकित्सा पद्धतियां वहां उपलब्ध हो। सात्विक देव आरोग्यधाम ऐसी ही एक पहल है। डॉ. राजेश राणा के अनुसार यहां के परिणाम चमत्कारिक हैं।

**आप युवाओं से जीवन शैली के विषय में क्या कहना चाहेंगे?**

सबसे पहले तनाव मुक्त रहिए, अपने ऊपर विश्वास रखिए, हमेशा खुश रहने की आदत डालिए, जीवन में परिश्रम करें, शॉर्टकट को ना अपनाऐं, प्रकृति से नजदीकियां बना कर रखें। नमक, चीनी, मैदा, जंक फूड, पैकेट वाले खाने से हमेशा दूरी बनाए रखें। खाना उतना ही खाए जितनी जरूरत है व समय पर खाए। सुबह जल्दी उठिए व उचित व्यायाम करिए, मोबाइल व सोशल मीडिया से उचित दूरी बनाकर रखें।

# धीवर समाज ने निकाली भव्य चुनरी यात्रा



**धमतरी,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। धीवर समाज में नवरात्र महोत्सव की धूम है। शीतला माता मंदिर परिसर में मनोकामना ज्योत प्रज्वलन किया गया है। यहां रोजाना छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं और बड़े-बुजुर्गो के विविध कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। गुरूवार को समाज की ओर से चुनरी यात्रा निकाल कर देवी मां को श्रृंगार चढ़ाया।

उल्लेखनीय है कि हर साल धमतरी धीवर समाज की ओर से नवरात्र महोत्सव पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मन को शीतलता देने वाली मां शीतला देवी की विशेष पूजा-आराधना कर समाजजन, शहरवासियों और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली-निरोगी काया की कामना की जाती है। नवरात्र महोत्सव के महापंचमी पर गुरूवार को धीवर समाज ने भव्य चुनरी यात्रा निकाली। देर शाम 4 बजे प्राचीन श्रीरामजानकी मठ मंदिर से बाजे-गाजे के साथ यह शोभायात्रा निकली। समाज की महिलाएं सिर में देवी को चढ़ाने के लिए चुनरी, श्रृंगार चढ़ावा लेकर चलर ही थी। आगे-आगे डीजे और धुमाल की धुन पर समाज के बच्चे और युवा नाचते-गाते चल रहे थे। पीछे-पीछे समाज प्रमुखों की टोली चल रही थी। एक वाहन में मां शीतला देवी की तस्वीर को सजाया गया था। रास्ते में मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर श्रृंगार चढ़ावा चढ़ाया गया। पश्चात नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। पश्चात शीतला माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा में धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फुटान, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, होरीलाल मत्स्यपाल, सोहन धीवर, दिलीप नाग, सोनूराम सपहा, फिरोज हिरवानी, भुवन लाल धीवर, जागेश्वर नाग, अर्जुन नाग, दिलीप धरमगुड़ी, मोतीलाल धीवर, पवन हिरवानी, यशवंत कोसरिया, कृष्णा हिरवानी, राजकुमार फूटान, कोमल सार्वा, राजू ओझा, सूरज फूटान, दुर्गेश रिगरी, रूपेश गुहा, देव फूटान, रमेश हिरवानी, संध्या हिरवानी, आशा धीवर, धृति हिरवानी, मीना बैगा नाग, सावित्री सपहा, सीमा सपहा, रेवती ओझा, कीर्तन मीनपाल, शैलेन्द्र नाग, लेखराम नाग, रमेश कोसरिया, उत्तम सपहा, हरिश मत्स्यपाल, वीरू हिरवानी, केशव सपहा, सुंदरू नाग, राजेश्वर हिरवानी, शेषनारायण नाग, उमेश नाग, बलराम हिरवानी, प्रकाश धीवर समेत बड़ी संख्या में समाजजन शामिल थे।

**देवी मंदिरों में चढ़ाया श्रृंगार चढ़ावा**

# करेलीबड़ी एसएसटी चैकिंग पॉइन्ट पर जप्त की गई 2,18,500 की नगदी रकम



उक्त नगदी रकम के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर नगदी रकम को किया गया जप्त

**धमतरी,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। 18 अक्टूबर 023 को छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार आचार संहिता लागू होते ही स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिये सम्पूर्ण जिले में गठित एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

चौकी करेली बड़ी के अंतर्गत एसएसटी चेक प्वाइंट बुड़ेनी नवागांव में वाहनों की जांच के दौरान एसएसटी. टीम द्वारा केशव पंडा पिता भास्कर पंडा निवासी ग्राम कामरा, थाना घोरी गुमा, जिला कोरापुर उड़िसा से 218500 रूपये की नगद राशि जप्त की गई। उक्त नगदी रकम के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर 218500/- रुपये नगदी को जप्त कर धारा 102 सीआरपीसी. के तहत जप्ती नामा कि कार्यवाही व अन्य कार्यवाही मौके पर की गई है।

उल्लेखनीय है कि धमतरी जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक धमतरी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 11टीमें तथा एफएसटी की 11 टीमें गठित की गई है। जिनके द्वारा लगातार राज्य एवं जिले के सभी बार्डर चेकिंग पोस्ट पर सघन चेकिंग कार्यवाही की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी. के.के.वाजपेयी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी करेली बड़ी उनि. एल.एस. मंडलेश्वर, प्रआर.दिनू मारकंडे, आर. चेतन साहू, गुलशन ध्रुव एवं एसएसटी. के प्रशासन के का विशेष योगदान रहा।

# प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सहयोग हेतु कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सहयोग हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें सामान्य प्रेक्षक 1 के सहयोग के लिए डिगेश्वर वर्मा, स्टेनो टाईपिस्ट स्वास्थ्य विभाग महासमुंद, प्रेमप्रकाश पांडेय सहायक ग्रेड.03 सिविल सर्जन सह अस्पताल महासमुंद, तोषेन्द्र चन्द्राकर डाटा एंट्री ऑपरेटर अविअ कोडार नहर महासमुंद, विवेक परदेशी भृत्य जिला मलेरिया महासमुंद की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सामान्य प्रेक्षक 2 का सहयोग राजेन्द्र कुमार चन्द्राकर सहायक ग्रेड.02 सिविल सर्जन अस्पताल महासमुंद, राजेन्द्र गिलहरे सहायक ग्रेड.03 खनिज शाखा महासमुंद, शिवराज शर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर जिला क्षय केन्द्र महासमुंद एवं महेश कुमार चन्द्राकर भृत्य स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय महासमुंद करेंगे। इसी तरह योगेश कुमार शर्मा व्यय प्रेक्षक विधानसभा 39.सरायपाली एवं 40.बसना के सहयोग के लिए योगेश कुमार साहू, डाटा एनालिस्ट महिला एवं बाल विकासए राजू वर्मा, डाटा सहायक जिला योजना एवं सांख्यिकी, गिरीश साहू, सहायक ग्रेड.03 वन विभाग एवं रामचन्द्र यादव, भृत्य शिक्षा विभाग तथा नीलेश राउतकर, व्यय प्रेक्षक विधानसभा 41.खल्लारी एवं 42. महासमुंद के सहयोग के लिए लोकेश कुमार पटेल सहायक ग्रेड.02 सिविल सर्जन अस्पताल महासमुंद, रोहन सिंह देवांगन, डाटा एंट्री ऑपरेटर जिला लघु वनोपज महासमुंद, रूपेश कुमार ध्रुव, पीएडीए खण्ड चिकित्सा महासमुंद एवं हरीश चन्द्र साहू भृत्य शिक्षा विभाग महासमुंद की ड्यूटी लगाई गई है। सभी कर्मचारी सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

# बलि अपने विकृतियों और विकारों का दें : झम्मन शास्त्री



**महासमुंद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। देवी भावगत के किसी भी श्लोक में बलि प्रथा का कोई उल्लेख नही है। समझने की बात है कि ममतामयी मां जगदंबा क्या किसी जीव हत्या से प्रसंन्न होगी। जब वह सभी जीवों पर करूणा बरसाती है तो वह कैसे जीव हत्या को स्वीकार कर सकती है। बलि देना है तो अपने विकृतियों का, विकारो का, अहंकारों का देंवे और सात्विक भाव से देवी का पूजन करें उक्त बातें स्थानीय त्रिमूर्ति कालोनी में श्रीमद् देवी भागवत पुराण का कथावाचन करने पधारे पं. झम्मन प्रसाद शास्त्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बलि प्रथा एक कुप्रथा, रूढ़िवादी प्रथा है, जिसका अंधानुकरण किया जा रहा है। यह बंद होना चाहिए और शास्त्र परंपरा के अनुसार पूजन-विधान करना चाहिए। पशुबलि निषेध के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरण की आवश्यकता हें। पूजन परंपरा में भारतीय परिधान ही अपनाना चाहिए। इससे सहजता बनी रहती है साथ ही वेश भूषा से देश की पहचान भी बनती है। भारतीय वेश भूषा पहनकर जमीन में काफी समय तक बैठा जा सकता है। उन्होंने नवरात्र पर्व का वैज्ञानिक कारण बताते हुए कहा कि ऋतु परिवर्तन के कारण संक्रमण काल में व्यक्ति स्वस्थ रहे इसलिए ऋषियों ने इसे अपना विज्ञान माना है। नवरात्र के चार पर्व है, जिसमें आश्विन और चैत्र प्रचलन में आषाढ़ शुक्ल और माघ शुक्ल पक्ष में भी ऋतु परिवर्तन शुरू होता है इस समय लोग बीमार न पड़े इसलिए व्रत संयम के तहत अराधना के पर्व के रूप में नवरात्र सभी लोगों को मनाना चाहिए। मां महामाया की उपासना करने से आत्मबल व शक्ति प्राप्त होता है। देवी शक्ति से तमोगुण का नाश होता है। भगवान राम, कृष्ण ने भी शक्ति का उपासना कर विजय प्राप्त की है। बुराईयों को जीतने का पर्व ही विजय दशमी है। अपने भीतर के दस बुराईयों का नाश करेंगे तभी रावण मरेगा। दशहरा पर्व पर रावण का दहन हर साल होता है लेकिन आज भी हमारे भीतर अहंकार, क्रोध, लोभ रूपी रावण जिंदा है। जिसके भीतर दस प्रकार की बुराई आ जाए वह रावण बन जाता है। भगवान राम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए शक्ति की उपासना की थी। वैसे ही हमें भी अपने दुर्गुणों पर विजय प्राप्त करने मां जगदंबा की अराधना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व में अराधना-उपासना, कथा, सत्संग, यज्ञ होना चाहिए। लेकिन मां दुर्गा की स्थापना पंडालों में जरूर की जा रही किंतु यह डीजे के नाचगानों में विकृत होता जा रहा है।

# ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट और कंट्रोल यूनिट का प्रथम रेण्डमाईजेशन पूर्ण

**बलौदाबाजार,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार तथा राजनीतिक दल की प्रतिनिधियों की उपस्थित में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से सम्बद्ध कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपैट का शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम स्तरीय रेण्डमाईजेशन किया गया। जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44-कसडोल, 45-बलौदाबाजार, 46-भाटापारा के सभी दलों को रेंडमाईजेशन की पूरी प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्रदाय की गई एवं उनसे रेंडमाईजेशन की सूची को फाईनलाईज करने से पूर्व सहमति प्राप्त की गई। कार्यवाही पश्चात् सभी को विधानसभावार सूची प्रदाय की गई। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44-कसडोल के रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र अग्रवाल, 45-बलौदाबाजार के रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री रोमा श्रीवास्तव, 46-भाटापारा के रिटर्निंग ऑफिसर नरेन्द्र बंजारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे सहित विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) दुर्ग जिला दुर्ग**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 202310100400064/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री गोविन्द बाजपेयी आ./पति आ. स्व. के.पी. बाजपेयी निवासी- बी, एस.पी. मार्केट भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाली प.ह.नं. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 15003 (सम्मिलित खसरा नं. 928/2, 928/3) कुल रकबा 0.560 हे. आवासीय (भूखण्डीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

---

**COURT NOTICE**

**SUMMONS FOR APPEARNCE OF RESPONDENT**

**In the Court of the District Judge-1, At Chaibasa**

**Probate Case No. 01 of 2021**

**Sandeep Singh ... Petitioner**

**Vergus**

**Swran Singh and other ... Respondent**

To,
Jasbir Kaur, Widow of Late Jagir Singh, Resident of- Sector-4, P.O.-Bhilai, Dist- Durg (Chhattisgarh), Pin- 490004

Take notice that the petitipner above named has filed a petition u/s 276 of th Indian Succession Act. 1925 for grant probate of a will executed by Late Amar Kaur on 18.10.2003.

You are hereby called up to file your show-Cause, if any, on or before 30th day of November, 2023 against grant of Probate as prayed for by the applicant with respect to said will on your failure to appear the petition woll be decided in your absence.

**Given under my hands and seal of the court on this the 12th day of October, 2023.**

**District Judge-1**

**(Seal) West singhbhum at chaibasa**

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं धीरज बुडेक उम्र-19 वर्ष पिता जुगेश्वर बुडेक निवासी एस.पी. कोल्ड स्टोरेट कंपाउण्ड रेल्वे क्रासिंग के पास खमतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं:- यह कि मेरा पूरा व वास्तविक नाम धीरज बुडेक **(DHEERAJ BUDEK)** है इसी प्रकार मेरी वास्तविक जन्म तिथि 27.08.2004 है जो कि सत्य एवं सही है। जो कि मेरे नाम से जारी शैक्षणिक रिकार्ड एवं अंक सूचियों में दर्ज है। यह कि मेरे नाम से एक आधार कार्ड क्र. 859690316666 जारी किया गया है जिसमें मेरा घरेलू नाम जयप्रकाश बुडेक **(JAYAPRAKASH BUDEK)** एवं जन्म तिथि 27.08.2005 दर्ज कर दिया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि अब मैं अपना पूरा व वास्तविक नाम धीरज बुडेक **(DHEERAJ BUDEK)** पिता जुगेश्वर बुडेक तथा वास्तविक जन्म तिथि 27.08.2004 मेरे आधार कार्ड एवं अन्य समस्त शासकीय अभिलेखों में लिखे, पढ़े, समझे एवं मान्य किये जाने बाबत् यह शपथ पत्र अपने नाम परिवर्तन की सूचना/प्रकाशन हेतु संपादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

---

**न्यायालय तहसीलदार, भाटापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांक- 202309210500030)**

**ईश्तहार**

मामले की श्रेणी: राजस्व

विषय: अ-6 सन: 2022-2023

भाटापारा ( प ह न. 00011 ),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार-प्रशांत कुमार अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल,

अनावेदक पक्षकार -प्रदीप, प्रद्योत, रूखमणी, उर्मिला, शोभा,

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण प्रशांत कुमार अग्रवाल पिता अश्विनी कुमार अग्रवाल अन्य 03 वगैरह निवासी ग्राम भरतपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भाटापारा प0ह0नं0 11 रा0नि0मं0 भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 02 भूखण्ड क्रमांक- 1/1, 2/1,4, 5, 6, 7, 8 क्षेत्रफल क्रमश: 388, 4491, 140, 256, 119, 2689, 117 वर्ग फुट भूमि के सहखातेदार अश्वनी कुमार अग्रवाल पिता आदित्य प्रसाद अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 07/04/2022 को हो जाने के कारण पंजीकृत वसीयतनामा/इच्छापत्र दिनांक 05/09/2018 के अनुसार वसीयतकर्ता अश्वनी कुमार अग्रवाल पिता आदित्य प्रसाद अग्रवाल के स्थान पर वसीयत ग्रहितागण प्रशांत कुमार अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल पिता अश्विनी कुमार अग्रवाल का नाम दर्ज कर शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है । तथा दिनांक 06.11.2023 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 06.11.2023 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है, नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार भाटापारा

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी), जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202309210200107

अ/6 ( अ ) वर्ष 2022-23

पक्षकार पुष्पाबाई पिता भागीरती वर्मा साकिन जारा प.ह.नं. 07

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पाबाई पिता भागीरती जाति कुर्मी निवासी ग्राम जारा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. स्थित भूमि कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.530 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश आवेदिका का नाम पुष्पा वर्मा पिता भागीरती दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर पुष्पाबाई पिता भागीरती दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115-116 के तहत आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1 खसरा आधार कार्ड व ऋणपुस्तिका की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में जांच प्रतिवेदन हेतु विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वत: इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 25.10.2023 को प्रतिवाद प्रस्तुत कर सकते है। मियाद समयावधि पश्चात प्राप्त प्रतिदावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार सण्डी ( पलारी )

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी) जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202309210200106

अ/6 ( अ ) वर्ष 20232-23

पक्षकार रूखमणी पिता भागीरती वर्मा साकिन जारा प.ह.नं. 07

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूखमणी पिता भागीरती जाति कुर्मी निवासी ग्राम जारा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सण्डी तहसील तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. स्थित भूमि कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.361 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में खं.नं. 1435 रकबा 0.182 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश रूखमीन पिता भागीरती दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर रूखमणी पिता भागीरती दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115-116 के तहत आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1 खसरा आधार कार्ड व ऋणपुस्तिका की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में जांच प्रतिवेदन हेतु विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वत: इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 25.10.2023 को प्रतिवाद प्रस्तुत कर सकते है। मियाद समयावधित पश्चात प्राप्त प्रतिवाद पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार सण्डी ( पलारी )

---

**न्यायालय-श्रीमान् न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बालोद, जिला-बालोद ( छ.ग. )**

( आवेदन अंतर्गत धारा-09 हिन्दू विवाह अधिनियम 1956 )

प्र.क्र.-02ए/2023

नियत पेशी दिनांक 01.11.2023

प्रो.क्र.-

मोहित कुमार साहू — आवेदक

विरूद्ध

श्रीमती माधुरी साहू — अनावेदिका

अंतिम निवास स्थान-हाल मुकाम एम.आई.जी. 01 सैनी हाऊस नंबर 360 शंकराचार्य कालेज के पास आमदी नगर हुड़को भिलाई, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

उक्त आवेदक मोहित कुमार साहू ने श्रीमती माधुरी साहू पति श्री मोहित कुमार साहू जाति तेली उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम धनेली थाना गुरूर जिला बालोद ( छ.ग. ) के विरूद्ध आवेदन अंतर्गत धारा-09 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 वास्ते दाम्पत्य जीवन की पुर्नस्थापना बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि यदि आपको इस संबंध में कोई हक या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 01.11.2023 को दिन 11 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी। यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो आवेदन की सुनवाई आगाकी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 18.10.2023 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

स्थान-बालोद

दिनांक 18.10.2023

मुहर — श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी, न्यायालय कुटुम्ब न्यायालय बालोद जिला-बालोद ( छ.ग. )

---

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर ( छ.ग. )**

**फार्म अ**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री शाश्वत तिवारी पिता स्व. श्री विकास तिवारी निवासी म.नं. एमआईजी 18 इन्द्रावती कालोनी राजातालाब जिला रायपुर एवं कु. रिया फ्रांसिस पिता श्री जेवियर्स फ्रांसिस निवासी 32/894 रेड्डी कालोनी प्रकाश प्रोविजन दुकान के पास श्याम नगर तेलीबांधा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 17 नवम्बर, 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी रायपुर

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

विषय-ब-121 सन-202-2023

देवरी प.ह.नं. 00004 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती मालती बाई, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मालती बाई पति स्व. लेखराम वर्मा निवासी ग्राम देवरी तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम देवरी प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 514/40 रकबा 0.0980 हे. भूमि भूमिस्वामी मालती बाई पति लेखराम वर्मा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय की नियत तिथि 26.10.2023 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, EMERSON BOHAR SINGH S/O BOHAR SINGH resident of TIKRA PARA BASTAR ROAD, DHAMTARI (C.G.) have changed my old name EMERSON BOHAR SINGH S/O BOHAR SINGH so in future I should be recognized by my new name that is EMERSON SINGH S/O BOHAR SINGH in all Government and other documents.

**EMERSON SINGH**

TIKRA PARA BASTAR ROAD,

DHAMTARI (C.G.)

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NILESH JAIN S/O NARENDRA JAIN resident of WARD NO. 20 JAIN MOHALLA ARJUNI, ARJUNI DISTT BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name NILESH JAIN S/O NARENDRA JAIN so in future I should be recognized by my new name that is NILESH KUMAR JAIN S/O NARENDRA JAIN in all Government and other documents.

**NILESH KUMAR JAIN**

FLAT NO 23 A BLOCK BANYAN

TREE KHAMARDIH ROAD

SHANKAR NAGAR

RAIPUR (C.G.)

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NAVEEN CHANDRA S/O PREMJI BHAI SUTHAR resident of GALI NO. 03 WARD NO.22 FAFADIH RAIPUR (C.G.) PIN 492009 have changed my old name NAVEEN CHANDRA S/O PREMJI BHAI SUTHAR so in future I should be recognized by my new name that is NAVIN KUMAR SUTHAR S/O PREMJI BHAI SUTHAR in all Government and other documents.

**NAVIN KUMAR SUTHAR**

GALI NO. 03 WARD NO.22

FAFADIH RAIPUR (C.G.)

PIN 492009

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DAMYANTI BEN W/O NAVIN KUMAR SUTHAR resident of STREET NO.3 WARD NO.22 FAFADIH RAIPUR (C.G.) PIN 492009 have changed my old name DAMYANTI BEN W/O NAVIN KUMAR SUTHAR so in future I should be recognized by my new name that is DAMYANTI SUTHAR W/O NAVIN KUMAR SUTHAR in all Government and other documents.

**DAMYANTI SUTHAR**

STREET NO. 03 WARD NO.22

FAFADIH RAIPUR (C.G.)

PIN 492009

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक जुनवानी दुर्ग ( छ.ग. )**

**//आम सूचना//**

विषय:-सीमांकन बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि तहसीलदार जुनवानी, के आदेश क्रमांक-1005, आदेश दिनाक. 26.09. 2023 के पालन में ग्राम जुनवानी, प.ह.न. 43, भूमि स्वामी स्व. श्री पी. आनंदन/धर्मपत्नी स्व. श्रीमती भागीरथी आनंदन/आवेदिका कु. उषा आनंदन आत्मजा स्व.श्री पी. आनंदन, एस.एन.आई. चेयरमैन, इंटरनेशनल ह्यूमन राईट्स जस्टिस कमीशन (एंटी करप्शन एंड ह्यूमन ड़ेवलपमेंट) निवासी- क्वाटर नं. 4/सी, स्ट्रीट न. 16, सेक्टर-5, भिलाई नगर द्वारा आवेदित ग्राम. जुनवानी, नेहरू नगर, मॉडल टाऊन में स्थित भूमि प्लॉट नं. 341, 342, 380, 381, रकबा कुल 61,400 वर्गफुट जिसकी सीमा- उत्तर में प्लॉट नंबर. 340, 382, 409, 440, दक्षिण में प्लाट नंबर. 343, 379, 410, 439, पूर्व में-गली तथा पश्चिम में-गाली है। का सीमांकन दिनांक-06/11/2023 को सीमांकन समय-पूर्वान्ह/अपरान्ह दोपहर 12. 00 बजे से शाम 5.00 बजे तक किया जावेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नम्बर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैद्य दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले.आऊट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा ध्आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी। जारी दिनाक-19.10.2023 सीमावर्ती भूमिस्वामी- 1) पीयूष अग्रवाल पिता स्वण् प्रकाश कुमार अग्रवाल, 2) उर्मिला देवी पति स्व.प्रकाश कुमार अग्रवाल, 3) शरद कुमार, 4) एस. सी. जैन पिता एस.एल जैन मौके पर दस्तावेज सहित उपस्थित रहेंगे।

राजस्व निरीक्षण जुनवानी

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00084 दतरेंगा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440727000001

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00084 के अंतर्गत ग्राम दतरेंगा के वर्तमान भूमिस्वामी जीवेश चौबे पिता/पति प्रभाकर चौबे पता रोहणीपुरम रायपुर, शरद अग्रवाल पिता/पति भरत लाल पता अवंति विहार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 329/1 0.0139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता सुनील कुमार श्रीवास्तव पिता/पति अशर्फी लाल श्रीवास्तव पता गैलेक्सी रेसीडेंसी अमलीडीह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440726700009

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति लागू नहीं पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 118/1 0.0060 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री सुखसेन सिंह चंदेल पिता/पति शत्रुहन सिंह चंदेल पता कृष्णा नगर रायपुर सांई एडवांस हॉस्पिटल के पास रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244407267000010

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति लागू नहीं पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 118/1 0.0060 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती दीपिका सिंह चंदेल पिता/पति श्री सुखसेन सिंह चंदेल पता कृष्णा नगर रायपुर सांई एडवांस हॉस्पिटल के पास रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00079 बनरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440726100005

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00079 के अंतर्गत ग्राम बनरसी के वर्तमान भूमिस्वामी सावित्री पति पिता/पति विजय शंकर त्रिपाठी पता टिकरापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 56/10 0.0100 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता श्री प्रमोद कुमार जांगडे पिता/पति बोधीराम जांगडे पता कैथा जांजगीर चांपा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202310110200050/

अ-6/वर्ष 2022-2023

ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62

रायपुर, दिनांक 13.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हकप्राप्तकर्ता श्रीमती वंदना सोनी पिता श्री दिलीप सोनी निवासी हटरी पारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नं. 42, भूखण्ड क्रमांक 29/40 परिवर्तित संधारण खसरा नं. 127 का रकबा 695 वर्गफुट को हकत्यागकर्ता श्रीमती लक्ष्मी देवांगन वगैरह पति श्री भैया लाल देवांगन निवासी बजरंग नगर आमापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 30.06.2023 के माध्यम से प्राप्त किया है। अत: उक्त हक में प्राप्त भूमि को पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 30.06.2023 के आधार पर हकत्यागकर्ता का नाम विलोपित कर हकप्राप्तकर्ता अपना नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 31.10.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

**आम सूचना**

वाके मौजा नरदहा प.ह.नं. 80/00001/ रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील आरंग जिला रायपुर ( छ.ग. ) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 266 व 271 रकबा क्रमश: 0.5900 व 0.2600 हे. कुल रकबा 0.8500 के क्रय विक्रय संव्यवहार बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सौरभ खंडेलवाल पिता श्री कैलाश चंद खंडेलवाल निवासी 13 चौबे कालोनी सहकारी मार्ग रायपुर छ.ग. के द्वारा वाके मौजा नरदहा प.ह.नं. 80/00001 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 266 व 271 रकबा क्रमश: 0.5900 व 0.2600 हे. कुल रकबा 0.8500 जिसके संयुक्त स्वामी श्री द्वारिका यादव, श्रीमती अलेनबाई, सोहद्रा बाई व सोहागा बाई सभी पिता स्व. जुगरू यादव सभी निवासी ग्राम नरदहा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. है से क्रय करने का सौदा तय कर टोकन राशि प्रदान कर दिया गया है, मात्र पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अत: उपरोक्त वर्णित भूमि के स्वामित्व एवं आधिपत्य तथा अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, शासन, प्रशासन, बोर्ड, प्राधिकरण को उक्त भूमि या उसके भाग पर कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन अपने या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के पक्ष में करा लिया जावेगा। बाद म्याद के किया गया दावा या आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

दिनांक 21.10.2023

स्थान-रायपुर ( छ.ग. )

अखिलेश कुमार शर्मा
अधिवक्ता
लीली चौक पुरानीबस्ती रायपुर ( छ.ग. )
मो. नं. 8120975320

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

क्रमांक: 202310111800008

विषय-ब-121 सन-2022-2023

देवरी प.ह.नं. 00004 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्री कलीराम साहू, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कलीराम साहू पिता ईतवारी साहू निवासी ग्राम देवरी तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम देवरी प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 733/2, 733/3, 733/5, 733/7, 735/13 रकबा क्रमश: 0.1740, 0.0690, 0.1620, 0.1050, 0.1340 हे. भूमि भूमिस्वामी कलीराम साहू पिता ईतवारी राम साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय की नियत तिथि 26.10.2023 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार धरसींवा

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षक श्रीमती लता देवांगन के द्वारा आवासीय भूमि खसरा नंबर 322/5 कुल रकबा 3955 वर्गफुट में से 1575 वर्गफुट भूमि जो कि वाके मौजा रायपुरा नगर पालिक निगम रायपुर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 41 तहत विनायका विहार के पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुरा रायपुर में स्थित है। जिसका प.ह.नं. 00057 रा.नि.मं. रायपुर-1 तह. व जिला रायपुर छ.ग. है। उपरोक्त आवासीय भूमि के वर्तमान में स्वामी विक्रेता श्रीमती उर्मिला सिंग पिता हनुमंत सिंग पता मोहबा बाजार रायपुर छ.ग. को क्रय करने का इकरारनामा कर बयाना राशि अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये हैं। बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के नाम पर बैनामा पंजीयन करायेंगे।

उपरोक्त संव्यवहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करें बाद मियाद अवधि ली गई उजर आपत्ति मेरे पक्षकारों पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.

दिनांक 21.10.2023

भवदीय
गजेन्द्र यादव
अधिवक्ता
मो. नं. 9907001274

# जवानों ने विपरित परिस्थितियों में किया हर चुनौतियों का सामना : राज्यपाल

■ पुलिस स्मृति दिवस परेड में हुए शामिल राज्यपाल

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों ने विपरित परिस्थितियों में भी निडर होकर हर चुनौती का सामना किया है, भले ही इसके लिए उन्हें अपने प्राणों की आहुति क्यों न देनी पड़ी। समाज में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने के लिए पुलिस कर्मी सदैव अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। यहां तक की जब हम लोग अपने घरों में त्यौहार और उत्सव की खुशी मनाते है तब भी ये जवान अपने परिवार से दूर रहते हुएं समर्पण के साथ अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हैं। यह उद्गार राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज चौथी वाहिनी, छसबल माना रायपुर के प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड़ कार्यक्रम में व्यक्त किया।

राज्यपाल ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ सदैव खड़े रहने का विश्वास दिलाया। उन्हें शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।



इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने श्रद्धांजलि उद्बोधन में कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर जवानों की अनुकरणीय वीरता की याद दिलाता है जिन्होंने मातृ-भूमि की सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आज का दिन उन शहीदों को समर्पित है। उनके साहस और वीरता की कहानियां हमारे युवाओं को सदैव प्रेरित करती रहेंगी। श्री हरिचंदन ने कहा कि राष्ट्र सदैव उन माता-पिता और उनके परिवारों का आभारी रहेगा जिन्होंने ऐसे वीर बेटे-बेटियों को जन्म दिया। हमें बहादुर पुलिस बलों के असाधारण त्याग और बलिदान को अपने दिलों में महत्व देना चाहिए और संजोना चाहिए।

श्री हरिचंदन ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात हमारे जवान पूरी हिम्मत और देशभक्ति के साथ नक्सलियों का सामना कर रहे हैं। उन्हीं के कारण हम शांतिपूर्ण वातावरण में रहते हैं। छत्तीसगढ़ से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा हरसंभव उपाय किये जा रहे है। नक्सल प्रभावित इलाकों के लोग भी राज्य के अन्य लोगों की तरह शांति और विकास चाहते है। उन्होंने शहीदों के परिवारजनों से कहा कि सरकारें हमेशा शहीदों के परिवार के सुख-दुख में शामिल होकर उनके अभिभावक के रूप में कार्य करेंगी।

पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने भी श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। वीर जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जायेगा।

इस अवसर पर गृह विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुवा, छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री गिरधारी नायक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी व शहीद जवानों के परिजन उपस्थित थे।

# दूरदर्शन-आकाशवाणी पर मान्यता प्राप्त दलों को नि:शुल्क प्रसारण के लिए मिलेगा समय

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय दलों और संबद्ध राज्य के मान्यता प्राप्त राज्यीय राजनीतिक दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण के लिए समय उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण के माध्यम से मतदाताओं को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों, घोषणा पत्रों और प्रमुख मुद्दों के संबंध में अपने विचारों के बारे में जानकारी देने का अवसर प्राप्त होता है। निर्वाचकों के लिए भी विभिन्न दलों के नीति संबंधी मुद्दों को समझने के लिए यह सूचना का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु सभी राष्ट्रीय दलों और छत्तीसगढ़ में मान्यता प्राप्त राज्यीय दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर प्रचार के लिए प्रारंभिक रूप से 45 मिनट की एक समान अवधि उपलब्ध कराए जाने के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं। साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा पिछले विधानसभा निर्वाचनों या लोकसभा के पिछले साधारण निर्वाचनों ,जैसी भी स्थिति हो,में दलों के मतदान निष्पादन के आधार पर अतिरिक्त समय आबंटन का निर्णय आयोग द्वारा लिया जाता है । प्रसारण के लिए एक बार में 15 मिनट से अधिक का समय नहीं दिया जाएगा। राजनीतिक दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारण के लिए निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों की सूची के प्रकाशन के दिन से लेकर प्रत्येक चरण के मतदान दिवस के दो दिन पहले तक दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 में छत्तीसगढ़ में राजनीतिक दलों को प्रसारण के लिए दूरदर्शन पर कुल 629 मिनट तथा उसी प्रकार रेडियो पर प्रसारण हेतु कुल 629 मिनट निर्धारित किया गया है। इसमें सभी दलों के लिए अनुपातिक रूप से समय दिया गया है। उक्त दिशा निर्देशों के परिपालन में प्रसारण हेतु दिन एवं समय का निर्धारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में दूरदर्शन एवं प्रसार भारती के अधिकारियों द्वारा लॉट निकालकर दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को किया गया। प्रदेश में राजनीतिक दलों को प्रसारण की यह सुविधा दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय प्रसारण केन्द्रों तथा राजधानी रायपुर स्थित प्रसारण केन्द्र से दी जाएगी। इसे छत्तीसगढ़ में स्थित दूरदर्शन और आकाशवाणी के अन्य रिले केन्द्र भी प्रसारित करेंगे।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के संशोधित प्रावधानों के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण माध्यमों (दूरदर्शन एवं आकाशवाणी) पर प्रचार के लिए समुचित समय उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ में भी आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त प्रादेशिक दलों को सार्वजनिक (शासकीय) क्षेत्र के प्रसारणकर्ता प्रसार भारती निगम द्वारा प्रचार के लिए नि:शुल्क समय उपलब्ध कराया जाएगा। ।

राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा। प्रसारण के लिए रिकॉर्डिंग एवं उसकी ट्रांसक्रिप्ट (अनुलिपि) पहले ही जमा कराना होगा। आयोग ने प्रसारण की विषयवस्तु के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रसारण में दूसरे देशों की आलोचना, धर्मों एवं समुदायों पर आक्षेपण, कोई अश्लील व अपमानजनक चीज, हिंसा भड़काना, न्यायालय की अवमानना, राष्ट्रपति एवं न्यायालय की सत्यनिष्ठा के प्रति निंदा, राष्ट्र की एकता, संप्रभुता एवं अखण्डता को प्रभावित करने वाली कोई चीज, किसी व्यक्ति का नाम लेकर कोई आलोचना करने की अनुमति नहीं होगी।

# भाजपा नेता बिरझू तारम की अंतिम यात्रा में मोहला मानपुर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री मांडविया और रमन सिंह

■ अब छत्तीसगढ़ की जनता को यह निर्णय करना है कि उन्हें कानून व्यवस्था चाहिए या ऐसे आतंक का वातावरणः रमन सिंह

**मोहला-मानपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री , मनसुख मांडविया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कल मोहला-मानपुर में हुई भाजपा नेता बिरझू तारम की हत्या पर दुख जताया उसके साथ ही लगातार हो रही हिंसा और भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग के लिए कांग्रेस सरकार को दोषी बताया उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान ज़िंदाबाद बोलने पर भिलाई में जान से मार दिया।

माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने पर मोहला मानपुर में जान ले ली। एक वर्ग विशेष का अत्याचार नहीं सहा तो बीरनपुर में बलिदान हो गये। भाजपा के ध्वज तले जनता की आवाज़ उठाई तो बस्तर में हत्या कर दी। लेकिन यह सरकार कहती है कि भरोसा करो, आखि़र किस बात का भरोसा?

अब छत्तीसगढ़ की जनता को यह निर्णय करना है कि उन्हें कानून व्यवस्था चाहिए या ऐसे आतंक का वातावरण?



इसके साथ ही आज वे मोहला-मानपुर पहुंचकर बिरझू तारम की अंतिम यात्रा में शामिल हुए साथ ही परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी कल ही बात थी बिरझू तारम से मुलाकात हुई और आज माँ दुर्गा का एक बेटा पंचतत्व में विलीन हो गया। उन्हें अश्रुपूरित विदाई देकर परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त की।

आज मैं सभी अलोकतांत्रिक ताकतों को चुनौती दे रहा हूँ कि अब ऐडी-चोटी का जोर लगा लेना क्योंकि मोहला-मानपुर की जनता के आँखों से बहा एक-एक आँसू तुम्हें ख़ाक में मिला देगा। पूरे मामले के पीछे राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिस्थितियों में हत्या की गई उससे स्पष्ट है कि यह टारगेट किलिंग का मामला है और राजनीतिक षड्यंत्र इसके पीछे है।

एक प्रकार से सार्वजनिक रूप से जब धमकी दी जाती है, हत्या करने की, मार डालने, की हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी जाती है, दुर्गा की प्रतिमा को खंडित किया जाता है, दुर्गा की प्रतिमा को पुनर स्थापित के बाद गोली मारने की बात कही जाती है और इस प्रकार की घटना विधायक की उपस्थिति में होता है, यह इस सरकार के लिए, प्रशासन के लिए शर्म की बात है।

पूरी घटना के मालूम होने के बाद भी जब लोगों को धमकी दिया गया, शिकायत हुआ, एफआईआर दर्ज करवाई गई इसके बाद भी प्रशासन मौन रही और सुरक्षा देने में असफल रही। यह राजनीतिक हत्या है और इसके पीछे कहीं न कहीं षड्यंत्र है।

आज की घटना कोई पहली घटना नहीं है इसके पहले भी लगातार इस प्रकार की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी है। बस्तर में भी भारतीय जनता पार्टी के 6-7 कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई, यह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित करने के लिए राजनीति षड्यंत्र के तहत किया जा रहा है। सनातन के लिए जो खड़ा होता है उसको किस प्रकार कुचला जा सकता है इसके पीछे बहुत बड़ी साजिश है इसलिए हम इसके उच्च स्तरीय जाँच की मांग करेंगे।

अंतिम संस्कार में पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता का यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे कार्यकर्ताओं की इस प्रकार से हत्या बेहद दुखद है जनता हिंसा को कभी पसंद नहीं करती। जनता हिंसा और इस कांग्रेस सरकार के खिलाफ है।सांसद संतोष पांडे ने भी अंतिम संस्कार में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# टाटा हेरियर में युवक के पास मिले 10 लाख

## बोराई नाका में पुलिस का चेकिंग अभियान

**धमतरी,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा अन्तर्राज्यीय क्षेत्रों से आने वाले वाहनों कि सघन चेकिंग किये जाने के सख्त निर्देश दिये गए हैं।

जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. नगरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बोराई द्वारा प्रति दिन की तरह वाहनों की चेकिंग में सुरक्षा बल लगाया गया था।

इसी तारतम्य आज 21 अक्टूबर को थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत द्वारा हमराह स्टाप के पुलिस बेरियर नाका बोराई में पहुंचकर सरप्राईस चेकिंग की जा रही थी कि वाहन क्रमांक टाटा हेरियर कार क्र. सीजी 04 एमएस 1627 जो उड़ीसा प्रान्त की ओर से परिवहन करते आ रहा था जिसे रोक कर उक्त वाहन का तलासी लेने पर चालक के अलावा एक



व्यक्ति सामने सीट पर बैठा हुआ मिले जिसके नाम पता पूछे जाने पर अपना नाम सुब्रत मंण्डल पिता स्व0 चंन्द्रकांत मंण्डल निवासी रायघर, थाना रायघर, जिला नवरंगपुर प्रान्त (उड़ीसा) का निवासी होना बताए जिनके पास से एक सफेद कलर के बैग में भरा हुआ राशि 500-500 रूपये का 100 नोटों का बीस गड्डी का नोट जुमला 10,00,000/- रूपये मात्र है का अवैध रूप से परिवहन करने की दशा में गवाहों के समक्ष विधिवत संपूर्ण कार्यवाही करते हुए धारा 102 जा0फौ0 के तहत जुमला राशि 10,00,000/- को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही कि जा रही है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी.राजेश जगत, सउनि. देवनाथ सिन्हा, आरक्षक प्रदीप देव, प्रवीण मरकाम, सौरभ साहू आबकारी से गार्ड विक्रांत पुजारी, अशोक नेताम का विशेष योगदान रहा।

**NECC**

| 22.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.10 | 80 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 185 |
| डिलीवरी | 525 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA






प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# थाना चिंतागुफा क्षेत्रांतर्गत दो नक्सली सहयोगियों को विस्फोटक सामग्रियों सहित किया गया गिरफ्तार





**जिला बल एवं 131, 226 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई**

**सुकमा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प बुरकापाल में जिला बल एवं सीआरपीएफ को दो नक्सल सामग्री सहयोगियों को विस्फोटक सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प बुरकापाल से जिला बल एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी दोरनापाल-जगरगुण्डा मुख्यमार्ग पर मोबाईल चेक पोस्ट ड्यूटी के दौरान कैम्प बुरकापाल के सामने मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही की जा रही थी। इसी दौरान दोरनापाल से चिंतलनार की ओर जा रही पिकअप वाहन में बैठे सवारियों के सामानों की चेकिंग करने हेतु वाहन से उतार रहे थे कि दो व्यक्ति थैला पकड़े हुये वाहन से कूदकर भगने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़ गये व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम मड़कम नरेश और सुखराम यादव बताया गया तथा पुलिस को देखकर भागने का कारण पूछने पर संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों के थैले की चेकिंग करने पर स्टील बॉल, मशीन स्क्रू, यूएसबी स्मार्ट एडाप्टर चार्जर ,प्लास्टिक लेवलिंग पाईप, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, नान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन रॉड मिला। उक्त सामाग्रियों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में नक्सली सहयोगी का कार्य करना तथा बड़े नक्सली कमाण्डरों के कहने पर विस्फोटक सामाग्रियों का परिवहन करना बताया गया। जिन पर अपराध पंजीबद्ध कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। एएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस द्वारा नक्सलियों के सप्लाई चैन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अंदरूनी इलाकों में सर्चिंग और मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग किया जा रहा है इसी के तहत मंगलवार को जगरगुंडा दोरनापाल मार्ग पर बुरकापाल कैम्प के सामने एक पिकअप वाहन में दुलेड एरिया के दो नक्सल सहयोगियों को विस्फोटक सामग्री सहित गिरफ्तार किया गया। जिन पर अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

# वीर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगतु माहरा शा बहु उच्च मा विद्यालय जगदलपुर में शनिवार को एक गरिमामयी कार्यक्रम में संस्था के वे छात्र जो कि विभिन सशस्त्र बलों में अपनी सेवा देते हुए विभिन मोर्चो पर अपना सर्वस्व त्याग कर अपनी प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए ।उन छात्रों को संस्था परिवार , तथा छात्र छात्राओं के द्वारा भाव भीनी श्रधांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य वी एस रामकुमार , राजेन्द्र मरकाम प्लाटून कमांडर 22 वीं बटालियन भीरागाव ( कांकेर) , प्रधान आरक्षक उदयभान सिंह परिहार तथा विशेष रूप से शहीद उपेंद्र साहू के पिता संतलाल साहू, माता मीना साहू तथा 22 वी बटालियन के स्टाफ और संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही समस्त छात्र छात्राओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

# मनीष कुंजाम निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे चुनाव



**सुकमा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुकमा जिले के कोन्टा विधानसभा से सीपीआई प्रत्याशी मनीष कुंजाम अब निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि सीपीआई को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता खत्म होने से चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूरी नहीं करने की वजह से मनीष कुंजाम को इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ेगा। मनीष कुंजाम ने कहा कि चुनाव चिन्ह से कोई फर्क नहीं पड़ता है, जीत हमारी होगी। मनीष कुंजाम ने कहा हम लोगों से तकनीकी गलती हुई है, छत्तीसगढ़ में होने वाले प्रथम चरण में 11 उम्मीदवार की से नामांकन दाखिल किए थे, किसी को भी पार्टी का चुनाव चिन्ह द्म आबंटन नहीं होगा। सभी जगह से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए पार्टी का चुनाव चिन्ह आबंटित होगा। वहीं बता दे कि चुनाव के जानकरों की माने तो मनीष कुंजाम पार्टी बड़े लीडर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पर्यटन गतिविधि संचालन के नाम 46 महीने का भवन किराया बकाया

**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहीद पार्क, नेताजी सुभाष चंद्र बोस टर्न लाल के सामने स्थित भवन में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने अपना एक तीन मंजिला सूचना केंद्र बनाया हुआ है। यहां से पर्यटकों को राज्य भर के पर्यटन स्थल की जानकारी के साथ ही उनके रुकने- ठहरने रिसार्ट की बूकिंग किए जाने की गतिविधि का संचालन किया जा रहा है। इस भवन के एक बड़े हिस्से में बस्तर की आदिवासी कला-संस्कृति व पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर एक एनजीओ ने अपना कार्यालय खोला हुआ है। इस किराए के भवन का 2020 से अब तक 46 माह का किराया उस एनजीओ ने नहीं पटाया है। अब छग पर्यटन बोर्ड ने उक्त एनजीओ को 23 लाख रुपए पटाने का नोटिस थमा दिया है। बताया जा रहा है कि बीते कई माह से बोर्ड नोटिस जारी कर उन्हें भवन खाली करने कहता आ रहा था अब कड़ा रुख अपनाते उसे तत्काल किराया अदा करने कह दिया है। जारी नोटिस में बताया गया है कि जनवरी 20 से अक्टूबर 23 तक का किराया नहीं चुकाया गया है। नोटिस में एनजीओ से जुड़े जीत आर्य को 22.93 लाख रुपए तत्काल जमा करके भवन खाली करने को कहा गया है ।

व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक ने पत्र क्रमांक 3877 दिनांक 3- 1- 19 को पहली नोटिस की थी, इसके बाद से लगातार इस एनजीओ को रिमाइंडर दिया जा रहा है। इन नोटिस में कहा गया है कि शहीद पार्क स्थित इस पर्यटन सूचना केंद्र में 2016 से भवन के दो हॉल में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन लगातार किया जा रहा है। जीत आर्य इस समूह के समन्वयक की हैसियत से दोनों हाल का उपयोग कर रहे हैं। वर्ष 2019 में भी छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने किराए की राशि अदा करने का नोटिस जारी किया था परंतु उस वक्त भी यह राशि अदा नहीं की गई।

**तीन लाख 38 हजार प्रति वर्ष का है किरायाः** टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक ने नोटिस में कहा है कि जनवरी 20 से अक्टूबर 23 तक 46 महीनों की अवधि का किराया अब तक जमा नहीं किया गया है। यह राशि 22 लाख 93 हजार होती है। इस रा ?शि के हिसाब से उक्त कब्जे वाले भवन का प्रति वर्ष का किराया तीन लाख 38 हजार रुपए तय किया गया है। इधर बोर्ड ने किराया अदा करने के साथ ही उक्त एनजीओ को भवन खाली करने भी कहा है।

# मेडिकल इमरजेंसी रेस्पॉन्स का दिया गया प्रशिक्षण





**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर और समस्त नोडल अधिकारी को निर्वाचन के लिए मतदान के दौरान मेडिकल इमरजेंसी रेस्पॉन्स विषय पर प्रशिक्षण शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम हॉल कुम्हरावण्ड जगदलपुर में दिया गया।

इस प्रशिक्षण में मेडिकल इमरजेंसी एंड एक्सेसिबिलिटी ट्रैनिंग कार्यक्रम राज्य के नोडल अधिकारी पवन कुमार राठौर और मास्टर ट्रेनर डॉ. दीप्ति श्रीवास द्वारा जानकारी प्रदान किया गया। निर्वाचन कार्यों के दौरान निर्वाचन कार्यों में सलंग्न अधिकारी-कर्मचारी का स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी श्री राठौर ने बताया कि मेडिकल इमरजेंसी हेतु राज्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा रायपुर में 4 अस्पताल एमएमआई, रामकृष्ण, बालाजी और श्रीनारायण अस्पताल, विशाखापटनम में अपोलो अस्पताल और हैदराबाद के केयर अस्पताल को चिन्हाकित किया गया है। निर्वाचन के दौरान मुख्य रूप से हार्ट अटैक, लकवा, मिर्गी और जीवजंतु का काटना को प्राथमिकता वाले बीमारियों के रूप में चिन्हाकित किया गया है। इन बीमारियों के लक्षण और बचाव के लिए डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रशिक्षण प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा उपस्थित थे।

# बस्तर हाई स्कूल एनएसएस द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान



**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवको को स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी शरद चंद्र गौड़ के द्वारा मतदान हेतु शपथ ग्रहण करवाया गया। शाला के प्राचार्य बीएस रामकुमार के द्वारा मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। एवम अपने माता-पिता एवं घर के सदस्य को मतदान करने हेतु जाने प्रेरित करने को कहा गया। उसके पश्चात मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस शाला परिसर में समाप्त हुआ। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को 7 नवंबर 2023 को अपने मत का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी निरंजन दास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित तारापुर सहित अन्य चेक पोस्ट का लिया जायजा



**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के लिए नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने छत्तीसगढ़ और ओड़िसा राज्य की सीमा पर स्थित तारापुर चेक पोस्ट सहित जिले के कोड़ेनार,लोहण्डीगुड़ा, बडांजी एवं पल्ली चेक पोस्ट का जायजा लिया और स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की जानकारी ली। साथ ही वाहनों की जांच इत्यादि के लिए संधारित पंजी का निरीक्षण किया। वहीं चेक पोस्ट में 24 घण्टे निगरानी के लिए स्थापित सीसीटीवी का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान स्थैतिक निगरानी दलों को सतर्कतापूर्वक कार्य सम्पादित किये जाने निर्देशित करते हुए सभी वाहनों की जांच करने सहित संदिग्ध नकदी तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से सम्बन्धित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# बैंक अदा करेगा सीडीएम मशीन में फंसी राशि 10 हजार, भरेगा 5000 का जुर्माना

**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा शुक्रवार को एक प्रकरण में आवेदक को बैंक की सीडीएम मशीन में फंसी राशि 10 हज़ार रू वापस अदा करने तथा 5 हज़ार रू का जुर्माना अदा करने का आदेश पारित किया गया है।




प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार की जगदलपुर निवासी अधिवक्ता धर्मेंद्र पटेल ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बालोद में 60 हज़ार रू सीडीएम मशीन के माध्यम से जमा किए थे, जिसमें 47500 रू मशीन में जमा हो गए थे तथा आवेदक को 500 के पांच नोट वापस प्राप्त हुए थे एवं 10 हज़ार की राशि सीडीएम मशीन में फंसी रह गई थी।इस संबंध में आवेदक द्वारा तत्काल बैंक को सूचित किया गया था जिस पर बैंक द्वारा 15 दिवस के भीतर मशीन में फंसी राशि आवेदक के खाते में ट्रांसफर करने का आश्वासन दिया गया था। लंबे समय तक आवेदक को बैंक द्वारा मशीन में फंसी राशि 10 हज़ार रू वापस अदा न किए जाने पर उसके द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत परिवाद के सम्यक निराकरण हेतु विपक्ष बैंक द्वारा अपने पक्ष समर्थन में उस दिनांक का सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक था जो प्रकरण में पेश नहीं किया गया है। बैंक की मशीन में राशि जमा होने और 500 रू के पांच नोट वापस होना दर्शित होता है लेकिन मशीन में फंसी हुई 10 हज़ार रू की राशि के संबंध में कोई टिप्पण नहीं है।विपक्ष बैंक द्वारा आवेदक की शिकायत का तत्काल निराकरण न करते हुए सेवा में कमी में व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु बैंक को 5000 के अर्थ दंड से दंडित भी किया गया है।

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जायसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

# पोस्ट मैट्रिक बालक व प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास गोलावंड़ विद्यार्थियों को मिली विधिक जानकारी



**कोण्डागांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय पोस्ट मैट्रीक बालक छात्रवास गोलावंड एवं प्री मैट्रीक कन्या छात्रावास गोलावंड में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी दी गई।

21 अक्टूबर उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा श्रीमती अम्बा शाह व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में सुरेन्द्र भटट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव के द्वारा एक टीम गठित कर शासकीय पोस्ट मैट्रीक बालका छात्रवास गोलावंड एवं प्री मैर्ट्रीक कन्या छात्रावास गोलावंड के छात्र-छात्राओं में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने या इसे बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में व बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में, आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है, जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21। के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में, टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, विरिष्ठ नागरिक के कानुनी अधिकार और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, गुडटच बैडटच, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में, सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई क्योंकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंछित नहीं रहे।

इस अवसर पर पी.एल.व्ही. सुनील मरकाम, हसीना खान, जरीना बानो, रविन्द्र बघेल, विवेक कश्यप, पारेश्वर देवांगन एवं संस्था के प्राचार्य संहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की हुई जांच

- **कुल 28 अभ्यर्थियों के सहीं पाए गए नाम निर्देशन पत्र**
- **नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 23 अक्टूबर**

**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 31 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल ने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा शनिवार 21 अक्टूबर को की गई, जिसमें 28 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 23 अक्टूबर 2023 तक है। 23 अक्टूबर 2023 को प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा। मतदान मंगलवार 7 नवम्बर 2023 को तथा मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को मंगलवार 5 दिसम्बर 2023 को पूर्ण कर लिया जाएगा। शनिवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा हुई । तीनों विधानसभा में विधि मान्य पाए गए नाम निर्देशन पत्रों की स्थिति इस प्रकार है।

**विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 86 जगदलपुर:** किरण सिंह देव (भारतीय जनता पार्टी), जतीन किशोर जायसवाल (इंडियन नेशनल कांग्रेस), नरेन्द्र भवानी (आम आदमी पार्टी), नवनीत चांद (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), संपत कश्यप (बहुजन समाज पार्टी), ठाकुर दिलीप सिंह( अखिल भारत समग्र क्रांति पार्टी), विरेन्द्र बैध (राष्ट्रीय जनसभा पार्टी), सरिता सिंह( आजाद जनता पार्टी) डॉ सुरेन्द्र चालकी (सर्व आदि दल), अब्दुल कय्यूम (निर्दलीय), टी. व्ही. रवि (निर्दलीय), विपिन कुमार तिवारी( निर्दलीय), सुभाष कुमार बघेल (निर्दलीय)।

**विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 85 बस्तर:** जगमोहन बघेल( आम आदमी पार्टी)। बघेल लखेश्वर( इंडियन नेशनल कांग्रेस)। मनीराम कश्यप (भारतीय जनता पार्टी)। रामधर बघेल (बहुजन समाज पार्टी)। सोनसाय कश्यप (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)। फूलकुंवर बघेल (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी)। लखेश्वर कश्यप (हमर राज पार्टी)। शिव राम नाग (सर्व आदि दल)।

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 87 चित्रकोट:** दीपक कुमार बैज (इंडियन नेशनल कांग्रेस)। बोमडा मंडावी (आम आदमी पार्टी)। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आज महाष्टमी पर बस्तर दशहरे में जाएंगी मांई दंतेश्वरी





- डोली व छत्र लेकर रवाना होंगे पुजारी तथा सेवादार
- महाष्टमी पर आज होगी विशेष हवन-पूजा
- कल पूर्णाहूति के बाद नव कन्या पूजन के साथ पर्व का समापन

**दंतेवाड़ा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र का पर्व अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर है। 15 अक्टूबर को पर्व प्रारंभ हुआ था। 19 को पंचमी की महत्वपूर्ण तिथि थी और कल रविवार 22 अक्टूबर को महाष्टमी की हवन-पूजा के बाद सोमवार 23 अक्टूबर को श्री महानवमी पूजन, पूर्णाहुति और नव कन्या पूजन के बाद भण्डारा और ज्योति कलश का विसर्जन होगा। इसके साथ ही 9 दिवसीय शारदीय नवरात्र पर्व का समापन हो जाएगा।

कल ही मांई दंतेश्वरी की डोली और छत्र बस्तर दशहरे के लिए संपूर्ण विधि विधान के साथ सलामी के बाद रवाना होगी। दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी, मांझी, चालकी और सेवादार मांई जी की डोली लेकर बस्तर दशहरे के लिए निकलेंगे। जिया डेरा में जगदलपुर पहुंचकर विश्राम होगा और सोमवार को मावली परघाव की रस्म के साथ मांई दंतेश्वरी बस्तर दशहरे का हिस्सा बन जायेंगी। इतिहास, संस्कृति और आध्यात्म का अद्भुत समन्वय शारदीय नवरात्र और बस्तर दशहरे में मांई दंतेश्वरी की आध्यात्मिक उपस्थिति से दिखता है। यह पर्व को और महत्वपूर्ण बना देती है।

इधर शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर भी आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु मांई दंतेश्वरी के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे थे। घंटो प्रतीक्षा के बाद मांई दंतेश्वरी के दर्शन हुए। मांई दंतेश्वरी की पूजा के बाद श्रद्धालु मेंढका डोबरा के पास नव निर्मित ज्योति कलश भवन भी पहुंचे और ज्योति कलश के दर्शन और पूजन के साथ अपने जीवन को कृतार्थ किया। मेंढका डोबरा स्थित कला मंच में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित होती है। सांस्कृतिक संध्या में इस बार कलाकारों ने मतदाता जागरूकता के लिए मंच का प्रयोग किया और स्वीप अभियान के तहत मतदान का महत्व समझाते शत प्रतिशत मतदान की अपील भी की। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण शारदीय नवरात्र पर्व से राज नेताओं की दूरी रही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई राजनेता मांई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए जरूर पहुंचे थे। स्थानीय जन प्रतिनिधि भी इस बार पर्व से दूर रहे। मांई दंतेश्वरी की डोली लेकर हर बार स्थानीय जन प्रतिनिधि भी जगदलपुर जाते थे, लेकिन इस बार चुनाव आचार संहिता के चलते उनकी उपस्थिति नहीं रहेगी।

# स्कूल में पालकों को समझाया मतदान का महत्व



- कोरीरास में शाला प्रबंध समिति की पहल
- शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन ने झोंकी ताकत

**दंतेवाड़ा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित भी किये जा रहे हैं। साथ ही मतदाताओं को मतदान की तिथि और समय के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। इसी तरह जिले में शिक्षा विभाग द्वारा भी जिले की शालाओं के छात्र छात्राओं के पालकों को स्वीप के तहत मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। इस क्रम में ग्राम कोरीरास के माध्यमिक शाला में पालक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बाबूपारा में मतदाता जागरूकता, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत पालक, एस एम सी के सदस्य और ग्रामीणजनों की बैठक का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा पालकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही व्हीव्ही पेट मशीन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में मौजूद पालक समूह ने भी मतदान करने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक जाना। इसके साथ हर एक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गयी। ज्ञात हो कि जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आगामी दिनों में साइकिल रैली, मतदाता जागरूकता दौड़, खेलकूद प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है।

# चेक पोस्ट पर हर वाहन की होगी कड़ाई से जांच



- व्यय प्रेक्षक खोगारे ने किया निरीक्षण
- जांच के दौरान यात्रियों को परेशान नहीं करने का निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक रविराज खोगारे द्वारा जिले के विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण कर एफएसटी और एसएसटी टीम के कार्यों की समीक्षा की गयी।

व्यय प्रेक्षक श्री खोगारे ने जिले में स्थापित विभिन्न चेक पोस्ट के एसएसटी दल के कार्यों की जांच करते हुए चेक पोस्ट से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जांच के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने संबंधी हिदायत भी एफएसटी और एसएसटी टीम को दिये। व्यय प्रेक्षक श्री खोगारे ने आबकारी विभाग के अधिकारियों से वर्तमान चुनाव के परिप्रेक्ष्य में जांच तेज करने एवं नियम निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा ताकि चुनाव में शराब के अवैध परिवहन, बिक्री पर रोक लगाया जा सके, और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो।

# बस्तर दशहरा अंतर्गत बेल पूजा विधान संपन्न

**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर दशहरा महोत्सव के अंतर्गत नगर सीमा से लगे ग्राम सरगीपाल में 21 अक्तूबर की दोपहर को बेल पूजा विधान संपन्न किया गया। परम्परानुसार बस्तर राजपरिवार, राजगुरु व मांझी-चालकी मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ ग्राम सरगीपाल पहुंचकर परंपरानुसार बेल वृक्ष की पूजा संपन्न कर देवी स्वरूपा जुड़वा बेल तोडक़र दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित किया ।



बस्तर दशहरा पर्व में चली आ रही परम्परा के अनुसार सप्तमी के दिन बेल पूजा किया जाता है। इसके एक दिन पूर्व रात्री में सरगीपाल स्थित बेलदेवी को राजपरिवार, दंतेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी एवं राजगुरू के द्वारा विधिवत बेल न्यौता रस्म में जुड़वा बेल की पहचान कर नारियल-सुपारी बांधकर बेल न्यौता दिया गया था ।शनिवार की दोपहर को दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी प्रेम पाढी द्वारा विधिवत पूजा संपन्न कराया गया। राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव ने बेल पूजा के दौरान वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार बेल देवी को सोलह श्रृंगार भेंट किया गया। इस दौरान यहां भी दो बकरो की बलि दी गई। पूजा के बाद बेल न्यौता रस्म के दौरान चिन्हित जुड़वा बेल को तोड़ा गया। इस अवसर पर ग्रामीण बेल देवी को कन्या स्वरूप मानकर इसकी विदाई के रूप में हल्दी खेला गया। विदाई से पहले जुड़वा बेल राजपरिवार के सदस्य को दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित करने के लिए भेंट किया गया। बस्तर राजपरिवार के कमलचंद भंजदेव ने बताया कि यह रस्म विवाह उत्सव से संबंधित है, उन्होंने बताया कि बस्तर के चालुक्य वंश के राजा सर्गीपाल गांव के पास के जंगलो में शिकार करने गए थे, और वहां इस बेल वृक्ष के नीचे खड़ी दो सुंदर कन्याओं को देख राजा ने उनसे विवाह की इच्छा प्रकट की, जिस पर कन्याओं ने उनसे बारात लेकर आने को कहा, अगले दिन जब राजा बारात लेकर वहां पहुंचे तो दोनों कन्याओं ने उन्हें बताया कि वे उनके इष्ट देवी माणीकेश्वरी और दंतेश्वरी हैं, उन्होंने हंसी ठिठोली में राजा को बारात लाने को कह दिया था, इस वाकये से शर्मिंदा राजा ने दंडवत होकर अज्ञानता वश किए गए अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगते हुए उन्हें दशहरा पर्व में शामिल होने का न्योता दिया, और तब से यह विधान संपन्न की जा रही है। ग्राम सरगीपाल के जूनापारा निवासी महादेव गदबा के आंगन वर्षों से खड़े बेल वृक्ष की पूजा अर्चना की गई। माना जाता है कि यहीं पर देवियों ने तत्कालीन बस्तर महाराजा को दर्शन दी थीं। इस पूजा विधान को बेलजात्रा कहा जाता है। मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी बताते हैं कि नवरात्र सप्तमी के दिन बेल पूजा का विशेष महत्व है। बेल फलों को देवी लक्ष्मी और सरस्वती का प्रतीक मानकर दंतेश्वरी मंदिर लाया जाता है। यह परंपरा वर्षों से जारी है इसलिए पूजा विधान के अनुरूप राज परिवार के सदस्य ही सरगीपाल स्थित नियत बेल वृक्ष से जोड़ा बेल फलों को तोड़ कर दंतेश्वरी मंदिर लाते हैं। उन्होने बताया कि बेल पूजा विधान के तहत यह निहित है कि बेल वृक्ष का पंचाग औषधीय है। पूजा विधान के माध्यम से जन सामान्य को अपनी कीमती वन औषधियों को बचाने का संदेश दिया जाता है।

## सार-संक्षेप

### छविन्द्र चैतराम समेत 7 उम्मीदवारों के नामांकन वैध

**दंतेवाड़ा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दन्तेवाड़ा के नामांकन पत्रों की संवीक्षा आज सामान्य प्रेक्षक एल. के फ्रेंकलिन और अभ्यर्थियों की उपस्थिति के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल द्वारा की गई। इसके तहत नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में 7 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये।
विधिमान्य पाये गये अभ्यर्थियों में मान्यता प्रात राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों मे केशव नेताम बहुजन समाज पार्टी, चैतराम अटामी भारतीय जनता पार्टी, छविन्द्र कर्मा इंडियन नेशनल कांग्रेस, बल्लूराम भवानी आम आदमी पार्टी, बेला तेलाम जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.) तथा रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलो के अभ्यर्थियों में भीमसेन मंडावी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया एवं अमुलकर नाग (निर्दलीय) के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये।

# सेवा कर शिक्षकों ने निभाया सामाजिक सरोकार



- सप्तमी पर श्रद्धालुओं को बांटा फल, शरबत
- संघर्ष के बाद बेहतर जीवन ने सिखाया सेवा भाव

**दंतेवाड़ा**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले जिले के शिक्षकों ने नवरात्रि की सप्तमी के अवसर पर आज कारली में फल व पेय पदार्थ का वितरण किया।

प्रांतीय पदाधिकारी सूर्यकान्त सिन्हा, कमल रावत, प्रमोद भदौरिया ने बताया कि माँ दंतेश्वरी की पावन धरा में नवरात्रि के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ से श्रद्धालुओं का आना होता है। प्रसाद के रूप में हम संगठन के माध्यम से जिला के शिक्षकों से सहयोग प्राप्त कर फल वितरण का आयोजन विगत पांच वर्षों से सामाजिक सरोकार के साथ करते आ रहे हैं। जिला अध्यक्ष उदय शुक्ला, नोहर साहू, शैनी रविंद्रन ने बताया कि हमारे शहर में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना किसी गर्व से कम नही। शिक्षा कर्मियों का संघर्ष 20 वर्षों का रहा आज अपने संघर्ष से एक उचित जीवनशैली में जींवन व्यतीत है। मन मे सहयोग की भावना जागृत हुई है। शिक्षक सिर्फ मांगो को लेकर नही सामाजिक सरोकार के साथ भी आज आगे आये हैं। हम इस परंपरा को प्रति वर्ष निर्वहन करते रहेंगे। इस अवसर पर चीरस लकरा, पोरस बिंझेकर, राजेन्द्र यादव, विरेश त्रिपाठी, अजय साहू, विजय कुमार साहू, परमानंद ध्रुव, नारायण आर्य, खोमेंद्र देवांगन, रमा कर्मा, आनंद साहू, डोमन लाल साहू, टी. विजयलक्ष्मी, कविता भोगामी, कोकिला ठाकुर, श्रीमती फुलेश शोरी, भरत दुबे, संजीव साहू व अन्य शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बस्तर हाईस्कूल एनएसएस के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान



**जगदलपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवको को स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी शरद चंद्र गौड़ के द्वारा मतदान हेतु शपथ ग्रहण करवाया गया। शाला के प्राचार्य बीएस रामकुमार के द्वारा मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। एवम अपने माता-पिता एवं घर के सदस्य को मतदान करने हेतु जाने प्रेरित करने को कहा गया। उसके पश्चात मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस शाला परिसर में समाप्त हुआ। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को 7 नवंबर 2023 को अपने मत का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी निरंजन दास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## निधन

### राजमंगल पांडे



**रायपुर,** 21 अक्टूबर। डूंडा फ्रेंड्स कालोनी निवासी राजमंगल पांडे (88 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा डूंडा फ्रेंड्स कॉलोनी से रविवार सुबह 10 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम जाएगी। वे यूबी पांडे, अशोक पांडे, श्रवण पांडे, संतोष पांडे, श्रीराम पांडे और गायत्री पांडे के पिता थे।

## तेरह लोग कांग्रेस में हुए शामिल



**सुकमा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस सरकार व लखमा के कार्य से प्रभावित होकर बुड़दी व धुरवारास (कोर्रा) से सीपीआई पार्टी एवं बीजेपी छोड़ लखमा के समक्ष कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। विधायक निवास सुकमा में धुरवारास से 8 सीपीआई के लोग एवं बुड़दी से 3 बीजेपी व 10 सीपीआई के लोग उपस्थित रहे जिन्हें लखमा के द्वारा कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मनीष कुंजाम निर्दलीय उम्मीदवार...

उन्हें चुनाव चिन्ह से कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। वही निर्वाचन का संचालन नियम, 1961 कानूनी नियम और आदेश प्रारूप 4 नियम 8 के अनुसार विधि मान्यता नाम निर्देशित अभ्यर्थी की सूची में कोन्टा -90 निर्वाचन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य के लिए विधिमान्यता- निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूची में मनीष कुंजाम कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी बताया जा रहा है, लेकिन 23 अक्टूबर को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि उन्हें कौन सा चुनाव चिन्ह आबंटित होगा।

### जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों...

भरत कश्यप (जनता कांग्रेस जे)। विनायक गोयल (भारतीय जनता पार्टी)। सन्नू पोयाम (बहुजन समाज पार्टी)। राम लाल पोड़ियामी (सर्व आदि दल)। रामू राम मौर्य (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी)।

# विस केशकाल व कोंडागांव से 10-10 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र पाए गए सही

**कोण्डागांव**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा केशकाल एवं कोंडागांव से 10-10 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए और वहीं केशकाल के 1 व कोंडागांव के 3 तीन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत हुए। भारत निर्वाच आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के तहत घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में हो रहे निर्वाचन क्षेत्रों में शनिवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद केशकाल विधान सभा क्षेत्र से 10 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही पाया गया एवं वहीं एक अभ्यर्थी के नाम निर्देशन पत्र में कमी होने से अस्वीकृत कर दिया गया। इसी तरह कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र में भी 10 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए तथा तीन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र में कमी होने से अस्वीकृत कर दिए गए। केशकाल विधान सभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी जुगल किशोर बोध, बहुजन समाज पार्टी के दिनेश कुमार मरकाम, भारतीय जनता पार्टी के नीलकंठ टीकाम, इंडियन नेशनल कांग्रेस के संतराम नेताम, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अक्षय कुमार नाग, सर्व आदि दल के जीवनलाल मातलाल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के दिनेश कुमार मरकाम, हमर राज पार्टी के शिव कुमार गंगवाल और अंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के सोनसिंह मरावी तथा निर्दलीय संतोष कुमार मंडावी का नाम निर्देशन पत्र सही पाया गया। आम आदमी पार्टी के बलदेव नेताम के नाम निर्देशन पत्र में कमी होने से अस्वीकृत कर दिया गया। कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के गिरधर नेताम, इंडियन नेशनल कांग्रेस के मोहन मरकाम, भारतीय जनता पार्टी की लता उसेण्डी, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के शंकर नेताम, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के कंवलसिंह बघेल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के जयप्रकाश नेताम और सर्व आदि दल के ज्ञानप्रकाश कोर्राम तथा निर्दलीय घासीराम मरकाम, दुर्जन सिंह नेताम और बुधसिंह नेताम के नाम निर्देशन पत्र सही पाये गये। वहीं आजाद जनता पार्टी के शिवलाल नेताम, हमर राज पार्टी के पनकू नेताम और शिवसेना के घनश्याम मरकाम के नाम निर्देशन पत्र में कमी होने से अस्वीकृत कर दिया गया।

**केशकाल से 1 व कोंडागांव के 3 तीन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत**

# तबाही मचाने की नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

**जगदलपुर/दंतेवाड़ा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव हैं और नक्सलियों ने पहले ही मतदान व चुनाव का बहिष्कार कर रखा है। इन परिस्थितियों में बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधि बढ़ गई है। इसके साथ ही वे सुरक्षा बलों पर हमला करने की योजना बना रहें है।



**जंगल में बिछाई गई इलेक्ट्रिक और ब्लास्टिंग वायर बरामद**

इधर सुरक्षा बल के जवान भी नक्सलियों के हरकतों पर नजर रखते हुए , शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने को लेकर लगातार मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। इसी बीच दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र में सुरक्षा बल की संयुक्त पार्टी ने नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। बताया जाता है कि नक्सलियों ने आईईडी लगाने के लिए गड् ?ढा खोदा था, जिसे जवानों ने पहुंचकर पाट दिया, वहीं मौके से इलेक्ट्रिक व ब्लास्टिंग वायर भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ, बीएसएफ व जिला पुलिस बल की संयुक्त पार्टी शुक्रवार को एरिया डॉमिनेशन के लिए अरनपुर थाने से निकली थी। इसी बीच गश्त करते हुए पुलिस पार्टी पोटाली-नहाड़ी के बीच पहुंची, जहां उन्होंने मोड़ के पास सड़क के किनारे वायर देखा। वायर देखते ही पुलिस पार्टी चौकन्नी हो गई और वायर का पीछा करते हुए उन्हें सड़क पर एक बड़ा गड् ?ढा दिखाई दिया, जहां तक ये वायर बिछाया गया था। जवानों ने मौके से वायर जब्त कर नक्सलियों द्वारा खोदा गया करीब डेढ़ फीट गहरा गड्ढा पत्थर व मिट् ?टी भरकर पाट दिया। जवानों के मुताबिक नक्सलियों ने ये गड् ?ढा आईईडी प्लांट करने के लिए खोदा था। मौके का निरीक्षण कर बम निरोधक दस्ता की टीम ने बताया कि करीब एक महीने पहले इस जगह पर गड् ?ढा खोदकर तार बिछाया गया था। मौके से पुलिस पार्टी ने 13 मीटर इलेक्ट्रिक वायर व 1 मीटर ब्लास्टिंग वायर बरामद किया है। विदित हो कि अरनपुर वही क्षेत्र है, जहां पिछले महीनों नक्सलियों ने एक बोलेरो वाहन को आईईडी विस्फोट कर उड़ा दिया था। इस घटना में 9 जवानों व एक नागरिक को अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा था। अरनपुर का इलाका नक्सलियों कन आमदरफ्त वाला इलाका माना जाता है।

# कोंडागांव पुलिस ने शहीदों को याद कर मनाया स्मृति दिवस

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहादत देने वाले पुलिस कर्मियों को दिया गया श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। 21 अक्टूबर को कोंडागांव पुलिस द्वारा पुलिस के शहीदों को याद करके पुलिस स्मृति दिवस मनाते हुए, पुलिस स्मृति दिवस पर शहादत देने वाले पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दिया गया।

प्रतिवर्ष की भांति कर्तव्य का निर्वहन करते समय प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस के अमर शहीदों की शहादत में 21 अक्टूबर को मनाए जाने वाले 'पुलिस स्मृति दिवस' के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन कर श्रद्धांजलि देने 'शहीद पुलिस दिवस' में कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार, सीआरपीएफ, आईटीबीपी एवं जिला बल के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मीडिया के साथियों तथा जिले में निवासरत पुलिसकर्मी एवं उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

पुलिस स्मृति दिवस परेड में पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा शहीद हुए अमर शहीदों के नामों का वाचन (स्मरण) किया गया। कार्यक्रम में शहीद परिवारों के सदस्यगण, जिले के सभी राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना, चैकी प्रभारी एवं शहर तथा रक्षित केंद्र के जवानों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम वाचन (स्मरण) के पश्चात बारी-बारी कर शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

जिले के सभी थानों में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत थाना विश्रामपुरी के ग्राम पिटेचुआ एवं ग्राम सलना के शहीद आरक्षक सुंदर नेताम एवं राधेश्याम केशरी के शहीद स्मारक में जाकर माल्यार्पण किया गया। थाना इरागांव में शासकीय हाई स्कूल ईरागांव में शहीद जवान लखेश्वर वैद्य को श्रद्धांजलि दी गई एवं शहीद जवान के जीवन गाथा के बारे में स्कूली छात्र छात्राओं को बताया गया।

थाना फरसगांव अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव में शहीद शिव नेताम एवं रामप्रसाद नेताम को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। रक्षित केंद्र कोंडागांव में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के आयोजन पर शहीदों के परिजनों को पुलिस अधीक्षक कोंडागांव एवं अतिथिगणों द्वारा शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया पश्चात शहीदों से पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यक्तिगत-सार्वजनिक समस्याओं को सुना जाकर समय सीमा के भीतर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। दोपहर भोजन उपरांत शहीदों के परिजनों को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान भेजा गया है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## श्रद्धांजलि पश्चात शहीद परिवार का श्रीफल व साल भेंट कर किया गया सम्मान



**बीजापुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर (1 सितम्बर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक) सम्पूर्ण भारत मे सशस्त्र एवं अर्द्धसैनिक बल के जवान जिन्होंने आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में अपने प्राण न्यौछावर किये उन शहीद जवानों को रक्षित केंद्र बीजापुर के शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजली दी गई। उक्त अवधि में कुल 188 जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए, छत्तीसगढ़ से कुल 19 जवान शहीद हुये, जिला बीजापुर से 02 सहायक आरक्षक शहीद हुये। पुलिस अधीक्षक बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा शहीद जवानों की नामावाली का वाचन किया गया, उपरान्त नामावली शहीद स्मारक मे अर्पित की गई। शहीदों की याद में शहीदों को सलामी देकर 02 मिनट का मौन धारण किया गया।

इसके उपरान्त समस्त अधिकारी/ कर्मचारी, गणमान्य नागरिकों एवं शहीद परिवार द्वारा शहीद स्मारक पर रिथ एवं पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजली दी गई। श्रद्धांजली उपरान्त कलेक्टर बीजापुर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, वन मण्डालाधिकारी रंगनाथा रामकृष्णा वाय, उप निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व श्री संदीप बलगा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स वैभव बेंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना शहीद परिवार से रूबरू हो उन्हें सम्मान स्वरूप श्रीफल एवं साल भेंट किये। शहीद परिवार को उनके स्वत्वों के भुगतान के सबंध में जानकारी लिये एवं विश्वास दिलाये की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मुझे अपनी समस्याओं से अवगत करावे, आपकी समस्याओं के निराकरण हेतु यथासंभव हर प्रयास किया जायेगा। शहीद परिजनों के बच्चों को छात्रवृति हेतु शासन के योजनाओं के लाभ हेतु सबंधित लिपिक को छात्रवृति हेतु आवेदन पत्र शिक्षा विभाग को भरकर दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला बीजापुर अन्तर्गत निवासरत शहीद जवान जिन स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण किये है उन स्कूलों में शहीद को श्रद्धांजली गई।

# गिरहोला में मां दुर्गा की स्थापना व विविध कार्यक्रम



**चारामा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री श्री नवदुर्गा उत्सव समिति ग्राम गिरहोला में नवरात्र के पावन पर्व पर मां दुर्गा की स्थापना और सुंदर झांकी और प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जनता है। प्रतिदिन माता की आरती के बाद महा प्रसादी का वितरण किया जा रहा। वही रात्रि में प्रतिदिन जस और माता सेवा गीतों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा। 22 अक्टूबर को दिन में अष्टमी हवन पूजन और रात्रि में गंगा सागर मानस परिवार नांगा बूढ़ा गरियाबंद की प्रस्तुति, 23 अक्टूबर को नव कन्या भोज और भंडार और रात्रि में श्री हरी मिलन रामधुनि पार्टी केकिपारा की प्रस्तुति, 24 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन समापन कार्यक्रम और दशहरा का कार्यक्रम समिति की और से आयोजित होगा। उक्त सभी आयोजन समिति के पदाधिकारी संरक्षक छगन यादव,पदमशेखर नायक,अध्यक्ष अवधेश यादव,उपाध्यक्ष नम्मू नेताम, सचिव उमेश यादव,कोषाध्यक्ष चिंतामणि यादव एवम अन्य सभी पदाधिकारी के मार्गदर्शन में ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित हो रहा।

# अनियंत्रित यात्री बस पलटी, 14 घायल

**कोण्डागांव,** 21 अक्टूबर (देषबन्धु)। एन.एच. 30 पर नारंगी नदी पुल के समीप पायल ट्रेवल्स की यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई और इस हादसे में कुल 14 लोग घायल हुए जिसमें से गंभीर रुप से घायल हुए दो का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।



ज्ञात हो कि कोंडागांव नगर से रायपुर की ओर नेशनल हाईवे 30 पर नारंगी नदी पुल के समीप 21 अक्टूबर को लगभग डेढ़ बजे रात्रि में बैलाडीला से दुर्ग जा रही पायल ट्रेवल्स की यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलटकर हादसे का शिकार हो गई और इस हादसे में लगभग 14 यात्रियों के घायल होने की जानकारी मिली है। जिसमें से गंभीर रूप से घायल महिला रूपाली भट्टाचार्य पति अरिंदम भट्टाचार्य 40 वर्ष निवासी बचेली तथा दुर्ग निवासी शेख वकील अहमद 52 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका उपचार जारी है।

**गंभीर घायलों का चल रहा ईलाज**

यातायात अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार यह हादसा 21 अक्टूबर की रात लगभग डेढ़ बजे की है, जब बैलाडिला से दुर्ग जाते वक्त नेशनल हाईवे 30 नारंगी नदी पुल के ठीक सामने बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। घायलों को यातायात पुलिस एवं कोंडागांव कोतवाली पुलिस के द्वारा रेस्क्यू किया गया। जानकारी मिली कि मामूली रूप से घायल यात्रियों को दूसरी बस से रवाना कर दिया गया। साथ ही घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे की जांच व कार्यवाही कोंडागांव पुलिस द्वारा की जा रही है।

# प्रेक्षकों ने किया नाम निर्देशन पत्र दाखिला व स्ट्रांग रुम का निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के तहत नाम कोंडागांव जिले के केशकाल विधान सभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एस.डी.मांडरे एवं व्यय प्रेक्षक दिनेश कुमार जांगिड़ ने नाम निर्देशन पत्र दाखिला और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोंडागांव विधान सभा के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर चित्रकांत चार्ली ठाकुर तथा केशकाल विधानसभा के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी शंकरलाल सिन्हा से नाम निर्देशन पत्रों के संबंध में जानकारी ली।

**सार-संक्षेप**

## शहीद परिजनों का सम्मान



**चारामा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर सभी उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता के द्वारा सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारी और जवानों के सहयोग से विकासखंड चारामा के सभी पुलिस विभाग के शहीदों के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके परिजनों का सम्मान किया गया और सभी शहीदों के अध्यनरत और ग्राम के स्कूलों में जाकर उनके गुरुजनों और छात्र-छात्राओं के समक्ष उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके बहादुरता की कहानी और शौर्य से सभी ग्रामीणों और बच्चों को अवगत कराया गया। इस दौरान ग्राम। जो सभी जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी उपस्थित रहे और उन्हें याद किया।

## कलेक्टोरेट में मौजूद रहेंगे व्यय प्रेक्षक

**दंतेवाड़ा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षक के रूप में रविराज खोगारे को नियुक्त किया गया है। श्री खोगारे संयुक्त जिला कार्यालय के प्रथम तल कक्ष क्रमांक 116 में उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में निर्वाचन संबंधी विषयों पर चर्चा मार्गदर्शन हेतु सभी राजनैतिक दल एवं आम जन व्यय प्रेक्षक से पूर्वान्ह 10.30 बजे से 01.30 बजे तक दिन सोमवार से शुक्रवार तक भेंट मुलाकात कर सकेगें। उनका मोबाईल नंबर 7587016538 है।

# भारत स्काउट गाइड व कब बुलबुल टीम ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**कोण्डागांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट-गाइड एवं कब-बुलबुल टीम ने मतदाता जागरूकता रैली निकाले जाने के साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया गया और बिना किसी लालच के भय मुक्त माहौल में योग्य प्रत्याशी को मतदान कर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनने की समझाईश दी।



भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं जिला कलेक्टर दीपक सोनी एवं राज्य आयुक्त स्काउट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषमदेव साहू के मार्गदर्शन में जिला संघ कोंडागांव के विभिन्न संस्थाओं में मतदाता जन जागरूकता रैली निकाल सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से सम्बद्ध शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बड़ेबेंदरी एवं कब-बुलबुल टीम मुरीपारा बड़ेबेंदरी में संकुल प्राचार्य शिवकुमार तिवारी एवं संकुल समन्वय उमेश भारती के मार्गदर्शन तथा रोवर खोगेंद्र नाग एवं कब-मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में मुरारीपारा, चांदनी चैक, हाई स्कूल, कोटवारपारा, पंचायत भवन, हनुमान चैक एवं पुसावंडपारा में मतदाता जन जागरूकता रैली निकालकर सभी मतदाताओं को 7 नवंबर 2023 को प्रातः 7 बजे से 3 के मध्य अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर शत प्रतिशत मतदान करने के साथ ही बिना किसी लालच के भय मुक्त माहौल में योग्य प्रत्याशी को मतदान कर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनने हेतु अपील किया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अरंडी श्रीमती शशिकला ठाकुर रेंजर लीडर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गिरोला रेंजर टीम के द्वारा जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, दशरथलाल ध्रुव रोवर लीडर सेजेस दहिकोंगा के नेतृत्व में मंदिरों के आसपास साफ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उपरोक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव ने दी।

**चलाया स्वच्छता अभियान**

# सुरेश चंद्राकर बने अजा विभाग प्रदेश कांग्रेस के सचिव

## लगातार सुरेश की समाज के प्रति सक्रियता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सौंपा यह पद



**बीजापुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का संगठन एवं प्रदेश कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें सुरेश चंद्राकर को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश सचिव बनाए जाने पर जय माता मराई महार समाज बीजापुर ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व एवं क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी जी एवं कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर जी का आभार व्यक्त किया है सुरेश चंद्राकर विगत 15 वर्षों से जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष महामंत्री के पद पर रहकर पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर चुके हैं। वर्तमान जय माता मराई महार समाज के जिला प्रमुख पद पर अरुण हुए हैं समाज के साथ अन्य समुदाय में भी सुरेश चंद्राकर की अच्छी पकड़ मानी जाती है जय माता मराई महार समाज के संयोजक जी नंदकिशोर ने कहा सुरेश चंद्राकर समाज के सभी वर्ग को लेकर चलने वाले व्यक्ति व्यवहारशील एवं मृदुभाषी स्वभाव के हैं भरोसा है उन्हें जो दायित्व दिया गया है।

वह बखूबी निभाएंगे छत्तीसगढ़ प्रदेश का दायित्व सौंपे जाने पर समाज की महिला संगठन अध्यक्ष राजेश्वरी दुर्गम उपाध्यक्ष अरुणा गांधरला सचिव सुशीला चापड़ी कोषाध्यक्ष पुष्पा एनल प्रभारी सीमा दुर्गम ने छत्तीसगढ़ प्रदेश पार्टी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

# चिपावंड में गरबा महोत्सव



**कोण्डागांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा चिपावंड में 21 अक्टूबर, 2023 को छात्रों और अभिभावकों के लिए गरबा महोत्सव का आयोजन करके दुर्गा पूजा मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सेवानिवृत प्रधान अध्यापक रामसाय मरकाम के द्वारा दीप जलाकर और बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों के साथ भक्तिमय गीत पर नृत्य कर किया गया। विद्यार्थियों ने देवी दुर्गा की स्तुति में भजन गाए। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे विद्यार्थी अपने माता-पिता के साथ डांडिया की धुन पर खुशी से नाचते रहे। उत्सव में न केवल अपनी सांस्कृतिक जड़ों को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला, बल्कि शिक्षकों और शिक्षार्थियों को अपार गर्मजोशी और असीम स्नेह अनुभव करने का अवसर भी प्रदान किया कार्यक्रम में स्कूल के शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं अभिभावकगण और संस्था के पूर्व प्रधान अध्यापक रामसाय मरकाम (सेवानिवृत), संस्था में पदस्थ सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं एवं छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्रों को प्रेरित किया गरबा और पारंपरिक नृत्य में सभी ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

# केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप ने नामांकन दाखिल किया

**नारायणपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार केदार कश्यप ने बखरूपारा के कोटगुडिन माता मंदिर से आशीर्वाद लेकर हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन रैली निकाली। युवाओं की विशाल बाइक रैली की अगुवाई में नामांकन रैली नगर के प्रमुख मार्गों में होकर गुजरी जहां विभिन्न संगठनों, समाज प्रमुखों एवं वरिष्ठ जनों ने भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए जीत का आशीर्वाद दिया। विशाल नामांकन रैली क्रीड़ा परिसर ग्राउंड पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप ने कहा कि पांच सालो में कांग्रेस की सरकार ने कोई विकास के कार्य नहीं किए।



विधायक चंदन कश्यप अपने आप को पंच तक का पावर नही होने की बात कहकर नारायणपुर विधानसभा की जनता के साथ खिलवाड़ करते आया है। उन्होंने सड़को की बदहाली के लिए कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराते हुए बंधवा तालाब का अस्तित्व खतरे में होने की बात कही। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि कांग्रेस ने महिला स्व सहायता समूहों का कर्जा भी माफ नहीं किया। रेडी टू ईट योजना का कार्य भी महिलाओं से छीन लिया गया। केंद्र सरकार के आयुष्मान कार्ड योजना से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज हो रहा है इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। भाजपा हमारे सुख-दुख में साथ देती है। कांग्रेस को आदिवासियों के सुख-दुख से कोई लेना देना नहीं है। जनता जाग गई है और इस बार भाजपा को भारी बहुमत के साथ विजयी बनायेगी। भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप ने नामांकन सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से सहयोग एवं आर्शीवाद मांगते हुए वादा किया कि मैं सदैव आपके सुख दुःख में शामिल होऊंगा, कभी पीठ नहीं दिखाऊंगा। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसाय सलाम, बस्तर भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला प्रभारी भरत मटियारा, विकास मरकाम, विधानसभा प्रभारी मनोज जैन, नारायण मरकाम, वेदवती कश्यप, अलक पाण्डेय, बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, रतन दुबे, जैकी कश्यप,रूप नारायण सिन्हा, प्रताप मंडावी,सोमेश सोरी, मोरध्वज साहू,तरूण चोपड़ा, छत्रप्रताप दुग्गा ,महेंद्र पंडित, पंकज जैन, संदीप झा ,गोपाल बघेल ,संतोष सुराना ,मरण शील, अविनाश देवांगन, अभिषेक बेनर्जी ,संजय तिवारी, अख्तर अली, सुदीप झा, संतनाथ उसेंडी, दीपेंद्र भोयर, रीता मंडल ,भगवती हलधर ,प्रमिला प्रधान, माहेश्वरी कवाची, रीता केसर ,अनीता , संध्या, मालती सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**भाजपा सभी के सुख-दुख में सहभागी होकर विकास करती है : कश्यप**

# मारंगपुरी में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ सह टीएलएम प्रदर्शनी



**कोण्डागांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देने की भी बहुत ज्यादा जरूरत है, जिसके लिए ही पूरे जिले में कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम जोर-शोर से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में संकुल मारंगपुरी विकास खंड बड़ेराजपुर जिला कोंडागांव में कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के चार प्राथमिक शालाएं, तीन माध्यमिक शालाओं ने प्रतिभाग किया। गणित, भाषा, विज्ञान, से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं को प्रतिभागी बच्चों ने शालाओं ने माडल के माध्यम से समझाने एवं बताने का बेहतरीन प्रयास किया। संकुल प्राचार्य दयाराम यादव एवं संकुल समन्वयक विशेष कुमार पटेल के द्वारा मॉडल के माध्यम से बच्चों को विषय आधारित बुनियादी चीजें सिखाने के लिए एवं बच्चों की सीखने की क्षमता में गुणवत्ता लाने पर बल दिया गया। कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्राथमिक शाला पलना, द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला मारंगपुरी, माध्यमिक स्तर प्रथम माध्यमिक शाला पलना, द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला चिचाड़ी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में फरसूराम नेताम प्रधान अध्यापक, जयराम सेवता प्रधान अध्यापक, पवनलाल सोम प्रधान अध्यापक, सहदेव नाग प्रधान अध्यापक, महावती कुंजाम संकुल मारंगपुरी के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**उल्टा पुल्टा**

पिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे 2 साल हो गये हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल, लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

# करोड़पति मोहन मरकाम के पास नहीं है सोना

## दोनों पत्नियों के पास है खूब 'सोना'

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोंडागांव विधानसभा सीट से कांग्रेस ने मंत्री मोहन मरकाम को टिकट दी है।लेकिन करोड़पति होते हुए भी मोहन मरकाम के पास 1 ग्राम सोना-चांदी नहीं है। लेकिन उनकी दोनो पत्नियां ललिता और मैना मरकाम के पास खूब सोना है।



चुनाव आयोग को दिए अपनी संपत्ति की जानकारी के मुताबिक उनके पास 5 लाख 78 हजार 453 रूपए नगद है।जबकि उनकी पत्नी ललीता के पास 3 लाख 72 हजार 356 रूपए और पत्नी मैना मरकाम के पास 9 लाख 92 हजार 788 रूपए नगद मौजूद है। उनकी पत्नी ललिता के पास 250 ग्राम सोना और 3.5 किलो चांदी है। जबकि पत्नी मैना मरकाम के पास 200 ग्राम सोना और 2.5 किलो चांदी है। इसके अलावा उनके बेटे अरमान मरकाम के पास 100 ग्राम सोना, बेटी अंजली मरकाम के पास 50 ग्राम सोना है। जबकि दो बेटे अमन और वैभव मरकाम के पास कोई सोना नहीं है।

हलफनामे के मुताबिक मोहन मरकाम की कुल चल संपत्ति 1 करोड़ 66 लाख 91 हजार 123 रूपए है। पत्नी ललिता मरकाम की कुल चल संपत्ति 66 लाख 96 हजार 578 रूपए और पत्नी मैना मरकाम की कुल चल संपत्ति 43 लाख 83 हजार 90 रूपए है। इसके अलावा भी मोहन मरकाम ने अपने परिवार की अचल संपत्ति का ब्योरा विस्तार से दिया है।

**घर में है गाड़ियों का काफिला**

हलफनामे के मुताबिक मोहन मरकाम के पास एक सेंट्रो कार, 1 स्कार्पियो, 1 हीरो होंडा स्प्लेंडर, 1 टीवीएस स्कूटी, एक रॉयल इंफिल्ड, इनोवा कार, और एक ऑयल टेंकर भी है।इसके अलावा उनकी पत्नी ललिता मरकाम के पास टीवी एस स्कूटी, हीरो मेस्ट्रो, टाटा टिगोर, होंडा एक्टीवा मौजूद है. वहीं उनकी पत्नी मैना मरकाम के पास एक होंडा एक्टीवा मौजूद है।

## पंडरिया से भाजपा प्रत्याशी के पास 21 करोड़ की संपत्ति



पंडरिया से भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा के पास करीब 21.12 करोड़ रुपये की अचल संपति है। 30.58 एकड़ जमीन है। राजनांदगांव जिले के ग्राम ठाकुरटोला, बेमेतरा को लोलेसराय, कोबिया में भी उनके पास जमीन है। सात लाख नकद है। 15 लाख रुपये के सोना चांदी के जेवरात है। रायपुर के गोल्डन पार्क, लाभांडी में फ्लैट है। उनके पति के नाम पर भी छह करोड़ 29 लाख 11 हजार 994 रुपये की अचल संपत्ति है। भावना बोहरा के खिलाफ कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है। वे पीजी तक पढ़ाई की है।

**नीलकंठ के पास कई वाहनों का काफिला**

पंडरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी भी करोड़पति है। उनके पास 40 हजार नकद, सात बड़ी गाड़ियां, एक तोला सोना है। अचल संपत्ति में कबीरधाम के धोरेवाल में 4.26 एकड़ जमीन है। उनकी पत्नी के पास 10 हजार नकद, पांच तोला सोना और एक किलो चांदी है। पत्नी के नाम पर भी कवर्धा में प्लाट है। चंद्रवंशी ने वर्ष 1997 में दुर्ग के दीपक नगर स्कूल से 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके खिलाफ कोई अपराधिक मामला नहीं

**रमन सिंह : चार करोड़ से अधिक संपत्ति के मालिक**



राजनांदगांव विधानसभा से चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने अपनी चार करोड़ से अधिक की संपत्ति का ब्योरा दिया है। मगर, उनके पास कोई कार नहीं है। वहीं, कवर्धा से कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने भी अपनी सात करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रमन और अकबर के विरुद्ध कोई अपराधिक मामला नहीं है।

**मोहम्मद अकबर सात करोड़ के मालिक, पेट्रोल पंप भी**



कवर्धा से कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के पास 32.50 लाख नकद रकम है। उनके पास 11 लाख 80 हजार मूल्य के जेवर और पेट्रोल पंप भी है। करीब सात करोड़ 35 लाख की अचल संपत्ति है। इसमें अलग-अलग स्थानों पर प्लाट, जमीन व मकान भी शामिल है। उनकी पत्नी के पास डेढ़ लाख नकद रकम सहित 1.16 करोड़ से अधिक का 197 तोला सोना और 3910 ग्राम चांदी है। उनकी पत्नी के नाम पर भी एक करोड़ 95 लाख रुपये की संपत्ति है। उन्होंने वर्ष 1977 में दुर्गा महाविद्यालय रायपुर से बीकाम में स्नातक किया है।

**कवर्धा से प्रत्याशी विजय शर्मा के पास डेढ़ करोड़ की संपत्ति**

कवर्धा से मंत्री मो अकबर है खिलाफ चुनाव भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के पास करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति है। चार लाख से अधिक नकद, 25 तोला सोना और एक किलो चांदी है। कई बैंक खातों में जमा राशि भी शामिल है। ग्राम इंदोरी में कृषि भूमि, कवर्धा में वाणिज्यिक भवन भी शामिल है। उनकी पत्नी रश्मि के पास 3.55 लाख नगद रकम, 40 तोला सोना, एक किलो चांदी और एक्टिवा है। पत्नी के नाम पर प्लाट भी है। उन्होंने भोज विश्वविद्यालय भोपाल से एमसीए की डिग्री ली है। उनके खिलाफ कवर्धा थाना में चार अलग-अलग अपराधिक मामले है।

**इंद्रशाह मंडावी के पास 75 हजार नकद, चार पहिया भी**

मोहला मानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी इंद्रशाह मंडावी के पास 75 हजार नकद रकम है। एक चार पहिया वाहन भी है। कुल एक करोड़ 32 लाख रुपये की अचल संपत्ति है। इसमें आठ एकड़ कृषि जमीन के अलावा प्लाट भी शामिल है। उनकी पत्नी के पास 35 हजार रुपये नगद रकम, एक चार पहिया वाहन, 400 ग्राम सोना, 120 ग्राम चांदी है। पत्नी के नाम पर भी अलग-अलग स्थानों में करीब 7.55 एकड़ जमीन है। इंद्रशाह मंडावी ने इतिहास में एमए किया है।

**दीपक बैज के पास 87.5 लाख की संपत्ति**



चित्रकोट से कांग्रेस प्रत्याशी व प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के पास 87.5 लाख रुपये की संपत्ति है। इसमें 1.5 लाख नकद है। पत्नी पूनम बैज के नाम 24 लाख रुपये की संपत्तियां हैं। उनकी पत्नी के पास 5.5 लाख रुपये के सोने व 35 हजार के चांदी के जेवर हैं। दो बार के विधायक व सांसद के पास एक स्कार्पियो व एक टोयोटा इनोवा कार है। इस पर 20 लाख रुपये का ऋण भी है। उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से 2003 एमए और 2008 में एलएलबी की डिग्री ली है।

**कवासी लखमा के पास 34.71 लाख की संपत्ति**

कोंटा से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के पास 34.71 लाख रुपये की संपत्ति है। इसमें 10.21 लाख रुपये नकद है। पत्नी बुधरी कवासी के नाम 21.77 लाख रुपये की संपत्तियां हैं।

स्वयं के पास 4.85 लाख के जेवरात है, जबकि पत्नी के पास 8.65 लाख रुपये के जेवर हैं। स्वयं के नाम पर भूमि व मकान 1.13 करोड़ रुपये व पत्नी के नाम पर 35.70 लाख रुपये की संपत्ति है। 15.85 लाख रुपये का ऋण भी है। पूर्व मंत्री के पास कोई वाहन नहीं है। उनकी शैक्षणिक योग्यता केवल साक्षर है।

**संजीव शाह 10 करोड़ की संपत्ति के मालिक**

मोहला मानपुर से भाजपा प्रत्याशी संजीव शाह के पास करीब 10 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। इसमें अंबागढ़ चौकी में 49.14 एकड़ कृषि भूमि शामिल है। अंबागढ़ चौकी में एक वाणिज्यिक जमीन है, जिसमें करीब तीन लाख 32 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में भवन बना हुआ है। उनके पास एक करोड़ रुपये का एक बंगला भी है। उनके खिलाफ किसी भी तरह का अपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उन्होंने वर्ष 1997 में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

## प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए 253 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य

**23 अक्टूबर तक कर सकेंगे नाम वापसी**

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद कुल 253 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में नामांकन के अंतिम दिन 20 अक्टूबर तक कुल 294 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था।

विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत प्रथम चरण में विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ में 14, भानुप्रतापपुर में 15, कांकेर में 10, केशकाल में 10, कोंडागांव में 10, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 13 और चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 10 तथा कोंटा में 9 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं।

इसी प्रकार खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 13, राजनांदगांव में 35, डोंगरगांव में 15, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 10, कवर्धा में 21 तथा पंडरिया में 16 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत प्रथम चरण के विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। प्रथम चरण के लिए मतदान तिथि 7 नवंबर और मतगणना की तिथि 3 दिसंबर है।

## भाजपा-कांग्रेस से बगावती तेवर दिखाते हुए पूर्व विधायकों ने नामांकन फार्म खरीदा

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में दूसरे चरण के मतदान के लिए आज से नामांकन पत्र लेने और जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।पहले दिन दुर्ग जिले में 30 से अधिक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। दुर्ग जिले के कई विधानसभा क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस से बगावती तेवर दिखाते हुए पार्टी के कई कार्यकर्ताओं और पूर्व विधायकों ने नामांकन फार्म लिया है।

दूसरे चरण के नामांकन की प्रक्रिया 30 अक्टूबर तक चलेगी।31 अक्टूबर को स्क्रूटनी और 2 नवम्बर को नाम वापसी के बाद पूरी तस्वीर साफ होगी।दुर्ग जिले में आज 6 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म लिया है। जिले के भिलाई नगर, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, अहिवारा, वैशाली नगर, और पाटन विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी एवं पार्टी से नाराज कार्यकर्ताओं ने नामांकन फॉर्म लेकर पार्टी द्वारा घोषित किए गए प्रत्याशियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अब सभी को पार्टी के बी फॉर्म का इंतजार है। बी फार्म नहीं बदले जाने पर यह निर्दलीय मैदान में उतरकर पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ सकते हैं। यदि भाजपा और कांग्रेस के बागी प्रत्याशी नामांकन फार्म जमा करते हैं और निर्दलीय चुनावी मैदान पर उतरते हैं तो भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। जिसमें सबसे ज्यादा वैशाली नगर विधानसभा, दुर्ग विधानसभा क्षेत्र एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने फार्म लिया है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व पार्षद और जिला मंत्री जयप्रकाश यादव एवं मछुआ भाजपा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष छोटे लाल चौधरी ने भाजपा के घोषित प्रत्याशी रिकेश सेन का विरोध करते हुए नामांकन फार्म लिया है। निर्दलीय पार्षद वसिष्ठ नारायण मिश्रा भी चुनावी मैदान मे अब निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं। उनका मानना है कि पार्टी किसी को भी मैदान में उतारती तो हमें स्वीकार होता, लेकिन पार्षद रीकेश सेन को टिकट देने से पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर हो गया है। जिससे भारतीय जनता पार्टी वैशालीनगर नगर सीट हारने जा रही। वहीं कार्यकर्ताओं और आम जनता के निर्देश पर अब छोटेलाल चौधरी और जयप्रकाश यादव ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

**पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे भी विरोध में**-वही दूसरी ओर अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी चरोदा महापौर निर्मल कोसरे के विरोध में अनुसूचित जाति विभाग के महामंत्री राजन खुटेल एवं भारतीय जनता पार्टी के घोषित प्रत्याशी डोमन लाल कोरसेवाड़ा के विरोध में पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे ने भी फॉर्म लेकर मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। इससे फिर एक बार पार्टी में हलचल तेज हो चुकी है। निर्दलीय मैदान में उतरने की घोषणा से प्रत्याशी अपने ही पार्टी का समीकरण बिगाड़ने नजर आ रहे हैं।वहीं अब देखना होगा कि 31 अक्टूबर तक कितने प्रत्याशी मैदान में टिके रहते हैं और कितने नामांकन वापस लेते हैं।

## नामांकन के पहले दिन 34 नाम निर्देशन पत्र लिए गए

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वचन-2023 के लिए रायपुर जिले में सात विधानसभा के लिए नामांकन के पहले दिन तीन लाख 15 हजार राशि की कुल 34 नामांकन निर्देशन पत्र लिए गए। नामांकन पत्र दाखिल करने की संख्या निरंक है।

रायपुर जिले के विधानसभा में निर्वाचन की प्रक्रिया आज प्रारम्भ हो गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भूरे ने बताया कि निर्वाचन कार्यालय से इच्छुक अभ्यर्थियों ने 34 नाम निर्देशन पत्र लिए। इनमे धरसींवा विधानसभा क्रमांक-47 के लिए 05 , रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्रमांक-48 के लिए 05, रायपुर पश्चिम विधानसभा-49 के लिए 08, रायपुर उत्तर विधानसभा क्रमांक-50 के लिए 03, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्रमांक-51 के लिए 06, आरंग विधानसभा क्रमांक-52 के लिए 02 और अभनपुर विधानसभा क्रमांक-53 के लिए 5 नाम निर्देशन पत्र शामिल हैं।

गौरतलब है कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 02 नवंबर तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापिस ले सकते है।

## निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 4 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध ना होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर तथा एनएचएमएमआई अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम के अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे।

## गुढ़ियारी से एक्सप्रेस-वे को जोड़ने का काम तेज, लाखों को मिलेगी राहत

**एक माह भीतर निर्माण का काम पूरा होने की संभावना**



**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक्सप्रेस-वे को रेलवे स्टेशन के गुढ़ियारी छोर पर बने रेलवे अंडर ब्रिज से जोड़ने का काम रेलवे प्रशासन तेज रफ्तार से करा रहा है। इसमें वर्तमान एक्सप्रेस-वे को तोड़कर अंडरब्रिज के लेवल से सड़क तक ढलान के साथ नीचे किया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे को फाफाडीह की तरफ बने ओवरब्रिज के ढलान के बाद बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि एक महीने के भीतर निर्माण का काम पूरा करने की पूरी कोशिश है। इसके बनने से लाखों लोगों को राहत मिलेगी। फिलहाल काम चलते तक लोगों के साथ वाहन चालकों को फाफाडीह से ही एक्सप्रेस-वे से नीचे उतरकर आना-जाना पड़ रहा है।रेलवे स्टेशन पहुंच वाली लेन को 18 नवंबर तक बंद रखा जाएगा। एक्सप्रेस-वे को गुढियारी से जोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन से फाफाडीह ओर आने वाली रोड को बंद कर तेज गति से निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इससे एक ही लेन से आवाजाही कर रहा है।

**अंडरब्रिज बनाने का काम जल्द**

रेलवे ने जेसीबी से अंडरब्रिज के आसपास से मिट्टी को हटाने के साथ ही जमीन समतल करने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए हैवी मशीनें भी लगा दी गई हैं।

रेलवे के अधिकारियों का दावा है कि काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे लाइन के नीचे से शहर के लोग अंडरब्रिज के नीचे से सीधे प्लेटफार्म क्रमांक सात पर पहुंच सकेंगे।जल्द ही एक्सप्रेस-वे से गुढियारी के जुड़ने से लाखों रहवासियों को राहत मिलेगी।

### कांग्रेस नेता ने दी चेतावनी

## 24 घंटे में डामरीकरण प्रारंभ नहीं हुआ तो करेंगे आमरण अनशन





**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर 24 घंटे के अंदर सदर बाजार, पुरानी बस्ती की सड़कों का डामरीकरण प्रारंभ नहीं कराए जाने पर आमरण करने की चेतावनी दी है। कन्हैया अग्रवाल ने उक्ताशाय का बयान जारी करते हुए कहा कि नवरात्र, दशहरा और दीपावली जैसे सबसे बड़े त्यौहार के दौरान शहर की बदहाल सड़कों के कारण श्रद्धालुओं और बाजार जाने वाले ग्राहकों का निकलना अब मुश्किल हो गया है। सदर बाजार, सत्ती, कंकालीपारा, बुढ़ेश्वर मंदिर, पुरानी बस्ती थाना से लाखेनगर चौक तक सड़क अत्यंत जर्जर हालत में है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामान करना पढ़ रहा है। धूल से पूरा एरिया सराबोर है ,ठंड के मौसम में धूल के कारण सर्दी ,खांसी दमे की शिकायत लगातार बढ़ रही है।

अग्रवाल ने आगे बोले बदहाल सड़क का निर्माण प्रशासन तुरंत प्रारंभ कराए, सारी सड़कों का निर्माण का टेंडर जारी होने के बाद काम प्रारंभ नहीं होना यह हमरे लिए दुर्भाग्य की बात है। निगम प्रशासन ठेकेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करे। सड़क निर्माण अगर 24 घंटे में प्रारंभ नहीं हुआ तो 23 अक्टूबर सोमवार की सुबह से मैं घर/ कार्यालय में अन्न जल त्याग कर आमरण अनशन करूंगा।

### भाजपा नेता की हत्या मामले में कांग्रेस पर निशाना

## टारगेट किलिंग के साथ सुपारी किलिंग भी शुरू : भाजपा

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनावी काउंटडाउन के दौरान एक ब्भ्रुक्कनेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जिसके बाद से राजनीती सियासत तेज हो गई है। मोहला मानपुर में हुए भाजपा नेता बिरजू तराम की हत्या मामले में भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में टारगेट किलिंग के साथ सुपारी किलिंग भी प्रारंभ हो गया है। भाजपा नेता की हत्या कर दी गई। बस्तर के क्षेत्र में आदिवासी समाज के बीच जनाधार खो चुकी कांग्रेस टारगेट किलिंग के रूप में हत्या करा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, 6 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई थी, इसे नक्सल घटना बताया गया था।



जिस नेता की हत्या हुई वह डॉ. रमन सिंह की सभा से लौट रहा था। घेरकर उसकी हत्या की गई। कांग्रेस इस हत्या से दो संदेश देना चाहती है। एक धर्मांतरण हो रहा उसके साथ कांग्रेस खड़ी है और जो इसे रोकने प्रयास कर रहा उसकी हत्या की जाएगी। दूसरा राजनीतिक वर्चस्व कांग्रेस का आदिवासियों के बीच खत्म हो गया है। इसलिए बिरजू तराम की हत्या की गई। यह कांग्रेस के डीएनए में है। छत्तीसगढ़ के शांत फिजा में कांग्रेस जहर घोल रही है।

**अरुण साव ने बोला हमला**

ब्भ्रुक्कनेता के इस हत्याकंड पर ब्भ्रुक्क प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने हमला बोला है. उन्होंने वीडियो जारी कर कहा- एक और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता की शहादत हुई है. मोहला-मानपुर के कार्यकर्ता बिरजू तारम की हत्या भी टारगेट किलिंग है. हम कार्यकर्ताओं की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे, गुंडाराज को संरक्षण दे रही सरकार को उखाड़ फेकेंगे, शांति और कानून का राज कायम करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान की तारीख में हो सकता है बदलाव

- **राज्य चुनाव आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र**

**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव होने वाले हैं। पहले चरण के तहत सात नवंबर को राज्य में 20 सीटों पर मतदान है। जबकि दूसरे चरण में राज्य के अंदर 70 सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होने हैं। यहां दूसरे चरण की मतदान तारीख के बदलाव को लेकर अब भी सस्पेंस बरकरार है। 17 नवंबर को छठ पर्व की शुरुआत हो रही है, ऐसे में मतदान की तारीख बदलने की मांग उठ रही है। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को एक चिट्ठी भेजी है। वोटिंग की तारीख बदलने को लेकर फैसला जल्द हो सकता है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा ने कहा, मतदान की तारीख में बदलाव को लेकर जो ज्ञापन दिया गया था उसे भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। दूसरे चरण के मतदान दिवस में बदलाव ➢➢ शेष पृष्ठ 4 पर ➢

## कांग्रेस के घोषित 83 प्रत्याशियों ने अपना अपराधिक रिकॉर्ड चुनाव आयोग में जमा नहीं किया

- **भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने शिकायत की**
- **अपराधिक रिकॉर्ड घोषित नहीं करने वालें कांग्रेस के प्रत्याशियों के नामों की सूची चुनाव आयोग को सौंपी**




**रायपुर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर, छत्तीसगढ़ में शिकायत दर्ज कराई कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषित 83 प्रत्याशियों का अपराधिक रिकॉर्ड चुनाव आयोग में 48 घंटे के भीतर जमा नहीं किया है जबकि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशानुसार किसी भी राजनीतिक पार्टी द्वारा अपने घोषित प्रत्याशियों का अपराधिक रिकॉर्ड 48 घंटे के भीतर चुनाव आयोग में जमा करना होता हैं।

भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जयप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने 83 घोषित प्रत्याशियों का अपराधिक रिकॉर्ड चुनाव एवं कांग्रेस पार्टी की वेबसाइट, सोशल मीडिया, दो समाचार पत्र जिनमें एक नेशनल और एक लोकल में प्रकाशित नहीं किया गया हैं। अपराधिक रिकॉर्ड घोषित नहीं करने वालें कांग्रेस के प्रत्याशियों के नामों की सूची चुनाव आयोग को सौंपी गई हैं।

श्री चंद्रवंशी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से निवेदन किया है कि उक्त कांग्रेस के प्रत्याशियों ने उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना की हैं ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ़ उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। इस दौरान विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी चंद्रवंशी, विजयशंकर मिश्रा, भुवनलाल साहू, कैलाश, सौरभ मिश्रा, ऋषि राज पीठवा, केके चंद्राकर उपस्थित रहे।

# बिरजू तारम की हत्या में भाजपा की संलिप्तता तो नहीं जांच होनी चाहिए

## अमित शाह के आने पर ही प्रदेश में नक्सल घटनाएं क्यों होती है?

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता बिरजू तारम की हत्या मामले में अब सियासी पारा गरमाने लगा है। भाजपा और कांग्रेस के नेता एक-दूसरे पर आरोप मढ़ रहे हैं।कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया के आरोपों पर निशाना साधते हुए सवाल खड़े किए हैं।उन्होंने कहा गौरव भाटिया ने भाजपा के झूठ बोलने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। टारगेट किलिंग की बात भाजपा कर रही है। भाजपा की आदत बन गई है लाशों पर राजनीति करना। भाजपा जिस प्रकार से टारगेट किलिंग की बात कर रही उससे आशंका पैदा हो रही, बिरजू तारम की हत्या की जांच होनी चाहिये। इससे भाजपा की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिये। राजनैतिक फायदे के लिये यह घटना तो नहीं हुई? ईश्वर साहू को प्रत्याशी बनाने के बाद साफ हो गया कि भाजपा किसी भी स्तर तक गिर सकती है। बिरजू तारम मामले में भाजपा के बयानों से साफ हो रहा इसमें भाजपा की सीधी संलिप्तता है।



जब केंद्र सरकार ने भाजपा के 24 नेताओं को खोज-खोज कर सुरक्षा प्रदान की तो बिरजू तारम को ही सुरक्षा क्यों नहीं दी गयी? भाजपा बताए 24 नेताओं को सुरक्षा देने का क्या पैमाना था? बिरजू तारम को सुरक्षा नहीं देने का क्या पैमाना था? आज भाजपा के लोग दावा कर रहे बिरजू तारम को खतरा था तो यह बात उन्होंने पहले क्यों नहीं बताया था?

भाजपा छत्तीसगढ़ में अडानी के एजेंट के रूप में चुनाव लड़ रही है उसके पास छत्तीसगढ़ में जन सरोकारों के मुद्दे नहीं है।

सुशील आनंद ने कहा, भाजपा के सभी नेता हत्या पर अपने बयान देते हैं, कांग्रेस इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करती है।अमित शाह के आने पर ही ईडी जांच क्यों करती है।अमित शाह के आने पर ही प्रदेश में नक्सल घटनाएं क्यों होती है? गौरव भाटिया ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।अडानी आज भाजपा की फंडिंग का काम कर रहे हैं।महादेव एप को मोदी और योगी सरकार का श्रेय मिला हुआ है।भाजपा के एक नेता की तस्वीर भी महादेव एप के साथ वायरल हुए हैं, ये रिश्ता क्या कहलाता है कांग्रेस पूछती है। वहीं वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने भी कहा, टारगेट किलिंग की बात भाजपा कर रही है।टारगेट किलिंग तो झीरम में हुई।भाजपा अपने नेता के हत्या का राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है।

# कानून व्यवस्था ध्वस्त, भूपेश सरकार मस्त : गौरव भाटिया

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का कांग्रेस पर निशाना

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में भाजपा नेता बिरजूराम तारम की हत्या पर बीजेपी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ हमलावर हो गई है। भाजपा के राष्टीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रदेश में खुलेआम भाजपा नेताओं की हत्या हो रही है।



उन्होंने भाजपा नेता की हत्या मामले में टारगेट किलिंग का आरोप लगाया। भूपेश बघेल की कपटी सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज़ है ही नहीं, अपराधी बख़ौफ़ अपराध कर रहे है। छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था ध्वस्त है और भूपेश बघेल मस्त है।

गौरव भाटिया ने कहा कि राजनांदगांव जिले से अलग होकर बने नवगठित जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। भाजपा नेता की हत्या के बाद मुख्यमंत्री बघेल का बयान नहीं आ रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, भूपेश को खून की होली पसंद है और हमें समुदाय की संस्कृति पसंद है। भूपेश बघेल के राजनीतिक दिन कम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनजाति समाज को टारगेट बनाया जा रहा है। बस्तर में मतांतरण हो रहा है। इस पर भूपेश बघेल का कुछ भी नहीं कहना धिक्कार है ऐसे मुख्यमंत्री पर। इधर, भूपेश बघेल दिल्ली की तिजोरी भरने में लगे हैं।

रमन बोले- लहू के हर कतरे का होगा हिसाब

पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने भाजपा नेता की हत्या पर प्रतिक्रिया ०?यक ?त की है। उ-?होंने कहा, मोहला-मानपुर के आदिवासी भाजपा नेता बिरजूराम तारम की हत्या कर एक बार फिर भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश की जा रही है।

मैं शोक-संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए यह वादा करता हूं कि इस कुशासन के विरुद्ध हम डरने या रुकने वाले नहीं है। इस अत्याचारी सरकार से लहू के एक-एक कतरे का पूरा हिसाब किया जाएगा।

# छग राइस ब्रोकर एसोसिएशन रायपुर के गोपाल बजाज बने अध्यक्ष




**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राइस ब्रोकर एसोशियेशन रायपुर का आज आम सभा बैठक होटल सेलिब्रेशन, फफाडीह, रायपुर में संपन्न हुई। क़रीब 150 सदस्य पूरे छत्तीसगढ़ से शामिल हुए। आम चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें नवगठित टीम में गोपाल बजाज को अध्यक्ष, रसिक खंडेलवाल को सचिव एवं विजय शर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष महोदय ने अपने उदबोधन में कहा कि पूरी टीम का गठन जल्द से जल्द किया जाएगा। पूरे प्रदेश को 9 जोन में बांटा जाएगा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और व्यापार में जो भी समस्याएं आएगी उसका मिलजुल कर हल निकाला जाएगा।

# आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल का नामकरण पूर्व अध्यक्ष पं. मुन्नालाल शुक्ल की स्मृति में किया गया

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व अध्यक्ष पं. मुन्नालाल शुक्ल जी की जयंती आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल एवं सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा उनके छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. अरूण शुक्ल ने पं. मुन्नालाल जी शुक्ल के विषय में बताया कि वे रायपुर नगर पालिका के उपाध्यक्ष, कृषि उपज मंडी रायपुर के अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष रहते हुए विधायक बने, वे लगातार 10 वर्षों (2 कार्यकाल) तक धरसीवा से विधायक रहें 7 कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने समाज को उन्नति के शिखर पर पहुँचाया 7 उन्होंने अपने कार्यकाल में भव्य आशीर्वाद भवन एवं विशाल आशीर्वाद इंग्लिश स्कूल का निर्माण करवाया 7 अपने जीवनकाल में उनके द्वारा विभिन्न शैक्षिक, धार्मिक, स्वास्थ्य एवं सामाजिक संस्थाओं को मुक्त हस्त से कीमती जमीन दान स्वरुप प्रदान की गई 7 आज उनकी जयंती के अवसर पर कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के संयुक्त आग्रह पर बैरन बाज़ार रायपुर स्थित आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल का नामकरण पंडित मुन्नालाल शुक्ल स्मृति आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल किया गया।



इस भव्य समारोह में पं. शिव दयाल पाठक, पं. राम कुमार शुक्ल, पं. अजय अवस्थी चकिरणज़ पं. हेमंत तिवारी, पं. विमल शुक्ल, उपाध्यक्ष पं. राघवेंद्र मिश्र, डॉ. अनिल दीक्षित, श्रीमती शकुंतला तिवारी एवं कार्यालयीन कर्मचारी राजेंद्र यादव ने अपने संस्मरण व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम में कान्यकुब्ज ब्राह्मण के पदाधिकारी - कार्यकारिणी सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहें।

# मास्टरकार्ड और बिजोम ने हाथ मिलाया

**रायपुर,** 21 अक्टूबर। मास्टरकार्ड और बिजोम ने आज कंज्यूमर पैकेज्ड गुड्स (सीपीजी) उद्योग के 75 लाख से अधिक माइक्रो रिटेलर्स, यानी खुदरा विक्रेताओं और 2 लाख डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए एक समग्र डिजिटल सप्लाई चेन फाइनेंसिंग समाधान का विस्तार करने के लिए आपस में सहयोग करने की घोषणा की। भारत में माइक्रो रिटेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को सप्लाई चेन व्यवधान, इन्वेंट्री मैनेजमेंट, भुगतान संबंधी मुद्दे, सीमित तकनीकी कौशल और पूंजी तक पहुंच की कमी सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो उनके व्यवसाय संचालन और विकास संभावनाओं को प्रभावित करता है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत में 6.40 करोड़ से अधिक एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) में से केवल 14 प्रतिशत के पास औपचारिक ऋण तक पहुंच है। मास्टरकार्ड और बिजोम के बीच साझेदारी का उद्देश्य इस अंतर को दूर करना और रिटेलर्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद करना होगा। मास्टरकार्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, साउथ एशिया विकास वर्मा ने कहा, रिटेल सेक्टर के तेजी से विकास ने परिचालन दक्षता और व्यवसाय वृद्धि जैसे लाभ प्राप्त करने के लिए छोटे व्यवसायों द्वारा डिजिटल तकनीक को अपनाने की आवश्यकता पैदा कर दी है।

# मतदान ख़त्म होने के 48 घंटे पहले बंद रहेगी शराब व भांग दुकान

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त निर्देशों के परिपालन में वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 दौरान शराब की बिक्री पर प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही करने, मतदान तिथि दिनांक 07-11-2023 व 17-11-2023 को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक की अवधि तथा मतगणना तिथि दिनांक 03-12-2023 को संपूर्ण दिन के लिये शुष्क दिवस घोषित करने के संबंध में दिनांक 19-10-2023 को समस्त जिलों के कलेक्टर को निर्देश जारी कर दिया हैं।




आदेश जारी

उक्त निर्देश के अनुसार संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित समस्त देशी / विदेशी / कम्पोजिट मदिरा दुकानों के साथ-साथ मदिरा का व्यापार करने वाले समस्त प्रकार के बार / क्लब / सैनिक कैंटिन / देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार एवं विदेशी मदिरा गोदामों के साथ-साथ मदिरा निर्माण करने वाली सभी आसवनी एवं बॉटलिंग यूनिट तथा ब्रुअरी को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मतदान तिथि दिनांक 07-11-2023 व 17-11-2023 को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे के पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक समस्त आबकारी केन्द्रों को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने बाबत् कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। उपरोक्त आदेश अनुसार मतगणना की तिथि दिनांक 03-12-2023 को भी संपूर्ण दिवस के लिये मतगणना स्थल क्षेत्रों में स्थित समस्त प्रकार के आबकारी केन्द्रों के लिये शुष्क दिवस के रूप में घोषित करते हुये प्रतिबन्धित क्षेत्रों में मंदिरा बेचने व परोसनें को प्रतिबन्धित किये जाने बाबत् कलेक्टरों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

साथ ही उक्त अवधि दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण एवं गैर लायसेंसी परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर आबकारी नियमों के तहत सक्ती से रोक लगाये जाने के संबंध में भी समस्त जिला कलेक्टर छत्तीसगढ़ को निर्देशित किया गया है। उपरोक्त आदेश में मदिरा के साथ-साथ भांग / भांग घोटा दुकानों को भी मतदान समाप्ति के 48 घण्टे के पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया है। मतदान के दिवसों में विधानसभा क्षेत्र के संलग्न अन्य जिले एवं अन्य राज्य की मदिरा दुकानों एवं अन्य स्थलों को बंद रखे जाने के निर्देश भी दिए गए है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य के सीमा से लगे अन्य राज्यों को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु लिखा गया है।

# रायपुर सेक्टर अंतर महाविद्यालयीन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शास दु.ब महिला महाविद्यालय ने मारी बाजी

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। 20 अक्टूबर को शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा आयोजित रायपुर सेक्टर अंतर महाविद्यालयीन बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर के 9 महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल को खेलभावना से खेलना चाहिए. कार्यक्रम में डॉ. रामानंद यदु, वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी चिन्हित महाविद्यालय, पर्यवेक्षक के रूप में रीना ध्रुव, गोपाल क्रीड़ाधिकारी, शास. देवेन्द्र नगर महाविद्यालय उपस्थित थे।



**खेल निर्णय**

प्रथम सेमीफाइनल ङ्क गुरुकुल महाविद्यालय एवं शास. देवेन्द्र नगर महाविद्यालय के मध्य हुवा जिसमें 13/6 से शास. देवेन्द्र नगर महाविद्यालय विजयी रही। द्वितीय सेमीफाइनल ङ्क पैलौटी महाविद्यालय एवं शास. दु. ब. महिला महाविद्यालय के मध्य हुवा जिसमें 8/5 से शास. दु. ब. महिला महाविद्यालय विजयी रही।

फ़ाइनल मैच ङ्क शास. देवेन्द्र नगर महाविद्यालय एवं शास. दु. ब. महिला महाविद्यालय के मध्य हुवा जिसमें 8/5 से शास. दु. ब. महिला महाविद्यालय विजयी रही।

पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में विजेता, उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया. इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया गया जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे. समस्त जानकारी संयोजक सचिव डॉ. कर्मिष्ठ शंभरकर, क्रीड़ा अधिकारी, शास. दु. ब. महिला महाविद्यालय ने दी।

# छात्र-छात्राओं संग शिक्षिकाओं ने किया गरबा

## क्यूरो स्कूल ने किया खिचड़ी वितरण



**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्यूरो स्कूल की श्रीनगर शाखा में कल शुक्रवार को गरबा डांडिया का कार्यक्रम रखा गया जिसमें छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने गरबा किया और डांडिया खेली। इस अवसर पर स्कूल द्वारा खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया जिसका लाभ सभी आगंतुकों ने उठाया। क्यूरो स्कूल श्रीनगर की प्राचार्या जीके भाटिया द्वारा आयोजित गरबा डांडिया कार्यक्रम में क्यूरो स्कूल की सुंदर नगर टाटीबंध एवं गुढ़ियारी शाखा के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्राचार्यायों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्यूरो स्कूल की अकाडमिक स्टेट हेड एन क्यूरी एचआर हेड सुशांत पटनायक जोनल इंचार्ज चाणक्य आकुला शांति भूषण पांडे एवं अमर बघेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कैपिटल जोन का शेष...

### छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान...

की मांग सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दल के नेताओं ने की थी। मतदान तिथि में बदलाव होगा या नहीं, यह यहां से तय नहीं होगा। हमें भी आदेश का इंतजार है। ये भी नहीं कहा जा सकता कि तारीख बदला जा रहा है या नहीं। इस पर भारत निर्वाचन आयोग फैसला लेगा। भारत निर्वाचन आयोग से आदेश आएगा तो बता दिया जाएगा।

# कांग्रेस अपने नेताओं की संदिग्ध हत्या की जांच कराए : भाजपा

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस संचार विभाग की पत्रकार वार्ता में भाजपा कार्यकर्ता बिरजू तारम की मोहला मानपुर में हुई नृशंस हत्या के मामले में भाजपा की संलिप्तता की जांच की जरूरत बताए जाने पर पलटवार करते हुए कहा कि यह कांग्रेस का ही चरित्र है, जो उसके मीडिया विभाग के मुखिया के मुख से निकल रहा है। कांग्रेस अपना इतिहास उठाकर देखे या न देखे, छत्तीसगढ़ की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि झीरम का सच सामने इसलिए नहीं आ रहा क्योंकि इसमें जिनकी संलिप्तता की जांच होनी चाहिए, वे सरकार में बैठे हैं। भूपेश बघेल कहते थे कि झीरम के सबूत उनकी जेब में हैं। सरकार चलाते भूपेश बघेल को 5 साल बीत गए। अब तक उनकी जेब से झीरम के सबूत क्यों नहीं निकले।



कांग्रेस की राजकुमारी कहती हैं कि झीरम के शहीदों के परिवार को न्याय मिलेगा। भूपेश बघेल झीरम पर राजनीति करते हैं और झीरम के एक शहीद की विधवा और एक शहीद के बेटे की टिकट काट दी तो एक और शहीद की विधवा की टिकट भी काट दी गई। कांग्रेस के मीडिया विभाग को अपने मुख्यमंत्री से सवाल करना चाहिए कि झीरम के सबूत छिपाने पर उनकी जांच क्यों नहीं होना चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास उसके नेताओं की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामलों से भरा पड़ा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, दिवंगत प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, कांग्रेस के दिग्गज नेता संजय गांधी, राजेश पायलट, माधवराव सिंधिया और छत्तीसगढ़ में शहीद हुए वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल सहित जिन नेताओं की शहादत हुई, उसका सच कांग्रेस कभी सामने आना पसंद नहीं कर सकती। कांग्रेस का मीडिया विभाग हमारे संघर्षशील कार्यकर्ता की टारगेट किलिंग पर जिस तरह की बेहूदा टिप्पणियां करके हमारी ओर उंगली दिखा रहा है तो वह यह जान ले की चार उंगलियां उसकी तरफ उठ रही हैं। झीरम के शहीदों के परिवार न तो भूपेश बघेल को माफ करेंगे और न ही षड्यंत्रकारी कांग्रेस को माफ कर सकते।

# सतबहिनियां माता मंदिर में 106 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित

## आज संध्या सभी मंदिरों में स्वाहा स्वाहा गूंजायमान होगा

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुरानी बस्ती बंधवापारा स्थित सतबहिनियां माता मंदिर में 106 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं। आज सभी मंदिरों में अष्टमी उपरांत नवमी में हवन प्रारंभ होकर पूर्णाहुति होगी। मंदिरों में स्वाहा स्वाहा गूंजायमान होकर वायुमंडल में हवन सामग्री जाकर शुद्धता प्रदान करेगी। मंदिर के पं विजय कुमार झा एवं पं उमेश पांडे ने बताया है कि सतबहिनियां माता मंदिर में प्रतिदिन दो बार माताजी का विशेष श्रृंगार, विद्युत सज्जा, विद्युतीकरण किया गया है। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे आरती के प्रसाद, भोग प्रसाद वितरण किया जाता है। आज संध्या 4 बजे अष्टमी में हवन प्रारंभ होकर 8 बजे नवमी में मैं जा रहा हूं पूर्णाहुति होगी तथा रात्रि में ही गुप्त रूप से ज्योति विसर्जन भी किए जाएंगे। मंदिर की संपूर्ण व्यवस्था लक्ष्मीकांत यादव, मन्नू लाल यादव,अजीत यादव, शेखर पंसारी, मदन यादव, अजय यादव, पंडा दुलार सिंह ठाकुर, आदि के द्वारा किया जा रहा है। पं श्री झा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि हवन कुंड में पूर्ण नारियल, छिलका सहित व सुहाग के सामग्री को अग्नि में न डाला जाए यह अशुभकारी होता है।



# एसोचैम के '18वें वार्षिक शिखर सम्मेलन आईडीबीआई बैंक को तीन पुरस्कार मिले

**रायपुर,** 21 अक्टूबर। आईडीबीआई बैंक ने एसोचैम की '18वें वार्षिक शिखर सम्मेलन और पुरस्कार-बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की ऋण देने वाली कंपनियों' में तीन पुरस्कार जीते हैं। यह बैंक मिड-साइज़ बैंक सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल अभियानों में विजेता और सर्वश्रेष्ठ जोखिम व साइबर सुरक्षा अभियानों और सर्वश्रेष्ठ उत्पाद/सेवा इनोवेशन में रनर-अप रहा। ये पुरस्कार अजय कुमार चौधरी, एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर, आरबीआई ने एन.एस. विश्वनाथन, पूर्व डिप्टी गवर्नर, आरबीआई; राजकिरण राय, चेयरमैन, एसोचैम एवं एमडी, एनएबीएफआईडी तथा बैंकिंग और वित्त क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ गणमान्य लोगों की मौजूदगी में आईडीबीआई बैंक के डीएमडी, सुरेश खटनहार को दिए।

# राजनांदगाव से जेसीसी जे प्रत्याशी का नामांकन निरस्त, कार्यकर्ताओं ने किया जमकर हंगामा

**रायपुर,** 21 अक्टूबर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे से राजनांदगाव के प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। प्रत्याशी शमशुल आलम का नामांकन निरस्त होने के बाद कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जनता कांग्रेस छहत्तीसगढ़ ने शमशुल आलम को राजनांदगाव से प्रत्याशी बनाया था, जिसके बाद अब उनका नामांकन निरस्त होने बाद जेसीसी जे के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यलय में जमकर हंगामा मचाया। मिली जानकारी के अनुसार प्रत्याशी के आवेदन पत्र पर प्रस्तावक का दस्तखत नहीं होने के कारण जेसीसी प्रत्याशी शमशुल आलम का नामांकन निरस्त किया गया है।

## निधन

### राजमंगल पांडे

**रायपुर,** 21 अक्टूबर। डूंडा फ्रेंड्स कालोनी निवासी राजमंगल पांडे (88 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा डूंडा फ्रेंड्स कॉलोनी से रविवार सुबह 10 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम जाएगी। वे यूबी पांडे, अशोक पांडे, श्रवण पांडे, संतोष पांडे, श्रीराम पांडे और गायत्री पांडे के पिता थे।




### खुलेश्वर वर्मा

**पलारी,** 21 अक्टूबर। पलारी नगर पंचायत वार्ड नं 2 के निवासी खुलेश्वर वर्मा (खुल्ला) 45 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्वर्ग द्वार मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वह ययाति, दुष्यंत, गोपाल वर्मा के भाई एवं वार्ड नं 2 के पार्षद श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा की ज्येष्ठ था।



### मदन सिंह ध्रुव

**पलारी,** 21 अक्टूबर। मदन सिंह ध्रुव प्रधानपाठक, शासकीय प्राथमिक शाला टेमरी ब्लॉक पलारी का आज स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार 21 अक्टूबर दिन शनिवार को निज निवास खैलवारडीह (रोहांसी) में किया गया। वे चंदन सिंह ध्रुव पलारी (शिक्षक)के भाई थे। उनके निधन पर शिक्षक संघ ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### द्रोणाचार्य गजभीम

**धमतरी,** 21 अक्टूबर। 21 अक्टूबर शुक्र, शनिवार की दरमियानी रात लगभग 4 बजे पंचवटी कॉलोनी धमतरी निवासी सीएसईबी के पूर्व रिटायर कर्मचारी द्रोणाचार्य गजभीम का आकस्मिक निधन हो गया है। वे जनता यूनियन के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. दुखित गजभीम के छोटे भाई और हेमंत (राजा) गजभीम के पिता थे। उनका रत्नाबांधा स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 2 बजे अंतिम संस्कार किया गया।



# राजधानी में दुर्गोत्सव की धूम



कृष्ण मानस दुर्गोत्सव समिति, बाजार चौक, सेजबहार



नंदेश्वर दुर्गोत्सव समिति, इंदिरा चौक, संजय नगर



वनदेवी दुर्गोत्सव समिति, फारेस्ट कॉललोनी, पंडरी



युवा शक्ति दुर्गोत्सव समिति, हनुमान नगर, मठपारा

### एम्स के एकाउंटेंट का कारानामा

## फर्जी रसीद देकर 27.89 लाख गबन करने वाला पकड़ाया

**रायपुर** – राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के वित्त विभाग में राशि के गबन मामले में फर्जी कूटरचित दस्तावेजए धोखाधड़ी और गबन समेत कई अन्य धारा के तहत आमानाका थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी कनिष्ठ लेखाधिकारी योगेंद्र पटेल को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। वर्तमान में 27 लाख से ज्यादा राशि का गबन पकड़ा गया है, लेकिन यह राशि पांच करोड़ से ज्यादा होने की आशंका है। इसमें कई अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत की भी आशंका है। एम्स प्रबंधन ने थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई थी।

प्रबंधन के सामने जुलाई.2022 में राशि मामला खुला था। कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नितिन



रामभाऊ वंजारी ने तत्कालीन कुलसचिव प्रो नितिन आर गायकवाड़ से शिकायत की थी कि कुलसचिव कार्यालय में पीजी जेआर डा अनिरूद्ध स्वप्र मेश्राम ने नो.ड्यूज के साथ जो रसीद दी है वह पूर्व प्राप्त रसीद संख्या से अलग थी। शक होने पर डा मेश्राम से इसे लेखा विभाग से सत्यापित कराने कहा गया।

**फर्जी रसीद देकर 27.89 लाख रुपये गबन:** वंजारी ने बताया कि कर्मचारी योगेंद्र पटेल ने काल करके नो.ड्यूज करने को कहा और 20 हजार रुपये देने की भी पेशकश की। इधर वंजारी की शिकायत पर तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच की गई। रिपोर्ट में कमेटी ने बताया कि योगेंद्र पटेल ने 20 कर्मचारियों और छात्रों को एक ऐसी रसीद बुक से काटकर दी हैए जो प्रचलित नहीं है। इनसे मिले 27,89,400 रुपये भी एम्स के खाते में जमा नही की गई है। आमानाका थाना प्रभारी संतराम सोनी ने कहाए एम्स की शिकायत के बाद अपराध दर्ज कर लिया गया है। हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। जिनके नाम सामने आएंगेए उनपर कार्रवाई की जाएगी।

## महादेव एप से की 6 हजार करोड़ की कमाई, कोर्ट में चालान पेश

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। महादेव एप आनलाइन सट्टे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा आरोपी बनाए गए एप संचालक सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल की अनुमानित आय 6,000 करोड़ रुपये होने का आंकलन किया गया है। ईडी ने इस मामले में आरोपी बनाए गए एप के संचालक सौरभ चंद्राकरए रवि उप्पल समेत कुल 14 लोगों के खिलाफन्यायालय में अभियोग पत्र चालान पेश किया।8,887 पन्नों के इस अभियोग पत्र में ये भी बताया गया कि इस केस में आरोपितों की 41 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि आरोपियों में न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल जेल में पिछले करीब दो महीने से बंद निलंबित एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा,सतीश चंद्राकर, सुनील दम्मानी, अनिल



दम्मानी के साथ ही फरार सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, विकास छाबड़िया, विशाल आहूजा, नीरज आहूजा, सृजन एसोसिएट के संचालक पूनाराम वर्मा और शिवकुमार वर्मा, यशोदा वर्मा,पवन नत्थानी के साथ पृथक से पूनाराम और शिवकुमार वर्मा के नाम शामिल है। बता दें कि ईडी ने महादेव एप सट्टेबाजी में मनी लांड्रिंग का राजफाश किया था। उसके बाद से लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**12 आरोपियों की 68 संपत्तियों की ईडी ने मांगी जानकारी:** महादेव एप सट्टेबाजी के करोड़ों रुपये प्रापर्टी में निवेश करने की आशंका पर ईडी के अधिकारियों ने रजिस्ट्री कार्यालय के जिला पंजीयक से जेल में बंद हवाला कारोबारी सुनील और अनिल दम्मानी के साथ निलंबित एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा रूप कुमार वर्मा समेत 12 लोगों की 68 संपत्तियों की जानकारी मांगी है। जानकारी के मुताबिक ईडी की जांच में साफ हुआ है कि महादेव एप सट्टेबाजी के खेल में करोड़ों बटोरने वाले आरोपितों ने रायपुर समेत अभनपुरए मंदिर हसौद नवा रायपुर आरंग बिरगांव बिलासपुर रोड समेत आसपास के क्षेत्रों में कई जमीन मकान खरीदे हैं। ईडी के अधिकारियों ने जिला पंजीयक को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पूरी संपत्तियों के दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है।

## महानदी में बच्चे की मिली लाश, मचा हड़कंप

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा से सनसनीखेज मामला सामने आया हैसोमवारी बाजार पुल के नीचे महानदी में बच्चे की नग्न लाश मिली है बच्चे की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गई है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है अंदेशा लगाया जा रहा है कि हत्या कर बच्चे की लाश नदी में फेंकी गई है जानकारी के अनुसारए गोबरा नवापारा के सोमवारी बाजार पुल के नीचे महानदी में आज शाम लोगों ने 4 से 7 साल के एक बच्चे की नग्न अवस्था में लाश



दिखी लाश नदी में पेट के बल पड़ी हुई थी जिसके ग्राम दुलना की ओर से बहकर आने की संभावना जताई जा रही है लाश को देखने पर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का बताया जा रहा है इधर नदी में लाश पड़े होने की जानकारी होते ही देखते ही देखते पुल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई इसी बीच सूचना मिलने पर गोबरा नवापारा पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और लाश को बाहर निकाली फिलहाल मृतक बच्चे की शिनाख्त नहीं हो सकी है पोस्टमार्टम के बाद बच्चे की मृत्यु के वास्तविक कारण का खुलासा हो पाएगा

## राइस मिल में चोरी, आरोपी 2 महिलाएं हिरासत में

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभ रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि प्रार्थी सौरभ अग्रवाल थाना उपस्थनात होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनका ग्राम नेवरा पुराना स्टेट बैंक के पास कोड़हा का राईस मिल है जिसमें राईस मिल परिसर में अपना हार्वेस्टर मशीन, ट्रक, कार एवं इनके एसेसिरीज पाट्र्स को सुरक्षार्थ रखता है। हार्वेस्टर मशीन के एसेसिरीज सामानों को खरीदकर वही रखा था जो आज सुबह 10.00 बजे तक वहां था कि करीब 11 30 बजे देखा तो हार्वेस्टर मशीन के एसेसिरीज पाट्र्स चैन 03 नग



चैन ज्वाईंटर 03 नगए टाईन 01 नग बेरिंग मशीन 03 नग कटर ब्लेड 02 पैकेट एवं नट बोल्ट जुमला कीमती 5580 पये का नही था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध धारा पंजीबद्ध कर माल.मुल्जिम पता तलाश में लिया गया। विवेचना दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपी का पतातलाश करते समय घटनास्थल के बाजू में दो संदिग्ध महिला बैठी मिली जिससे पूछने पर सही सही जवाब नहीं देने से पूछताछ हेतु लेकर थाना आया। पूछताछ करने पर महिला आरोपियानों द्वारा जुर्म स्वीकार करने किया गया। मेमो कथनानुसार चोरी गये मशरूका को आरोपियानो के संयुक्त रूप से पेश करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाहान् विधिवत जप्त कर प्रकरण में वजाफ्ता शुमार किया गया। आरोपियां के खिलाफअपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

## बिना रायल्टी पर्ची रेत, गिट्टी व फर्शी ले जाते 15 वाहन जब्त

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेत घाटों व गिट्टी खदानों से अवैध परिवहन बंद होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हालात ऐसे हैं कि लगातार खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है इसके बावजूद इस पर लगाम नहीं लग पा रही है। देर रात फिर से 15 हाईवा गाड़ियों को बिना रायल्टी पर्ची रेतए गिट्टी और फर्सी का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया है। अफसरों के अनुसार इनमें से किसी के भी पास रायल्टी पर्ची नहीं पाई गई। इनमें 12 हाईवा में रेत एक हाईवा में गिट्टी और दो हाईवा में फर्सी जब्त करने के साथ ही गाड़ियों को भी खड़ा करवा लिया गया है। यह पूरी खनिज पदार्थ खरोरा और मोहमेला से आ रहे थे जिन्हें खरोरा में दो और तिल्दा में 13 गाड़ियों को



जब्त किया गया है। जिनके वाहन मालिक कवर्धा और बेमेतरा जिले के बताए जा रहे हैं और सभी हाईवा ढंकी हुई यानी कि एलपी गाड़ियां हैं।

### खनिज विभाग की कार्रवाई

**बीते दिनों संघ ने की थी हड़ताल:** बीते दिनों कुछ दिनों तक हाईवा संघ ने कार्रवाई के दौरान गाड़ियों पर की जाने वाली कार्रवाई को गलत ठहराते हुए हड़ताल भी की गई थी। जिसकी वजह से कई दिनों तक रेत सहित अन्य सामग्रियों का परिवहन पूरी तरह से बाधित रहा और रेत के दामों में भी बढ़ोतरी हुई थी।

**घाट खुलने से पहले भी जारी रहा परिवहन:** बारिश के दौरान रेत घाटों को पूरी तरह से बंद रखने के निर्देश दिए गए थेए लेकिन इसके बावजूद रेत का अवैध परिवहन बंद नहीं रहा। कई क्षेत्रों में लगातार रेत का अवैध परिवहन करते ट्रकों को पकड़ा गया था। वहींए अब इस आदेश को बाद भी नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। रायपुर खनिज उप संचालक केके गोलघाटे ने कहा अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कल उसे खरोरा और तिल्दा क्षेत्र में कार्रवाई की गई है। उनके पास रायल्टी पर्ची नहीं पाई गई थी।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक और ट्रक को मारी ठोकर

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी से लगे अभनपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है यहाँ रायपुर, दुर्ग, धमतरी समेत तीन जिलों के सीमा पर बसा गांव परसुलीडीह में भीषण सड़क हादसा हुआ है, तेज रफ़्तार ट्रक ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, और एक कार को ठोकर मारते हुए घर में जा घुसा, हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल है। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव और घायलों को अस्पताल पंहुचा दिया है। वहीँ मामले की जाँच कर रही है। पूरा मामला अभनपुर क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार घटना रात 8 बजे की है। ग्राम परसूलीडीह थाना अभनपुर में ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएन 6233 के चालक वीरेंद्र साहू पिता हीरालाल साहू उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम बिहार निवासी ने बाइक ण्क्रमांक सीजी 07एस7852 मे सवार कमल राजपूत उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी नयापारा थाना नयापारा को ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गईए जिसके बाद ट्रक ने रोड मे खड़े कार को ठोकर मार दिया और कमल कुमार चेलक के घर की दीवार में घुस गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर को भी चोटे आई है वही हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक चालक से मारपीट भी की। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। जहाँ उसका इलाज

### एक व्यक्ति की मौके पर मौत, दो घायल

## चेकिंग पॉइंट में घुसा अनियंत्रित ट्रक

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर जिले के अंतिम छोर ग्राम पारागांव में बनाए गए चेकिंग पॉइंट पर अनियंत्रित ट्रक घुस गई जिससे चुनावी ड्यूटी में तैनात कैमरामैन की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक प्रधान आरक्षक घायल हो गया है जिसका इलाज जारी हैण् घटना की सूचना पर जिले के आईजी रतन लाल डांगी रायपुर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भूरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, एएसपी नीरज चंद्राकर, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा,सीएसपी कल्पना वर्मा, आरंग थाना प्रभारी एसएन सिंह सहित प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया,जानकारी के अनुसार घटना बीती रात की है,पारागांव रायपुर जिले का अंतिम छोर का गांव है,जो नेशनल हाईवे 53 पर है,यहां विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्थैतिक निगरानी



दल एसएसटी तैनात है और जिले के अंदर प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग और वीडियोग्राफी करते हैण् ट्रक क्र सीजी06 जीपी, 5155 सरायपाली से लोहे का सामान लेकर भिलाई जा रहा था तेज रफ्तार ट्रक पारागांव के पास अनियंत्रित होकर एसएसटी पॉइंट यात्री प्रतीक्षालय और अस्थायी चेक पोस्ट को अपनी चपेट में ले लिया घटना में वीडियोग्राफर ग्राम छतौना फरफौद निवासी धनंजय धीवर ;उम्र 22 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गईए जबकि आरंग थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक उत्तम सोनी घायल हो गए हैंण् घटना के वक्त आरोपी ट्रक चालक गोपाल सोनवानी और हेल्पर वीरेंद्र सिदार नशे में धुत्त थेण् पुलिस ने ट्रक चालक और हेल्पर को हिरासत में ले लिया हैण् प्रशासन द्वारा मृतक धनंजय धीवर का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है

### चुनाव ड्यूटी में तैनात कैमरामैन की दर्दनाक मौत, प्रधान आरक्षक घायल

## बदमाशों के हौंसले बुलंद

### दो दुकानों का तोड़ा शटर और सामान सड़क पर फेंका

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आए दिन हो रही गुंडागर्दी से इलाके में दहशत का माहौल है। बेखौफ गुंडे.बदमाश आए दिन मारपीट जैसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला छोटापारा इलाके का हैए जहां बदमाशों ने बंद दो दुकानों का शटर तोड़कर सामान सड़क पर फेंककर जमकर आतंक मंचाया। दुकान में अपना ताला लगाकर दुकान से कपड़े लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने प्रापर्टी विवाद की वजह से दुकान में जमकर हंगामा किया। इस घटना के बाद स्थानीय दुकान संचालकों और रहवासियों में भारी आक्रोश है। बड़ी संख्या में आक्रोशित लोग कोतवाली थाना पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने लोगों की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## चेकिंग के दौरान 34,67,000 नगदी जप्त

**रायपुर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रेंज जिला रायपुर आर.एल.डांगी एवं वरिष्ठ पुलिस थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा जिला के समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाईंट लगाने के साथ ही पैदल पेट्रोलिंग कर आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार के वाहनों में अवैध रूप से शराब परिवहन चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखकर लगातार चेकिंग की जा रहीं है। इस दौरान थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका स्थित नेमीचंद गली पास एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग करने के साथ दोपहियाध्चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रहीं थी। इसी दौरान ज्यूपीटर वाहन क्रमांक सी जीध04ध्एल एफ



### घटना की जानकारी आयकर विभाग को दी गई

599 में सवार एक व्यक्ति बैग में कुछ सामान लेकर जा रहा था जिसे टीम के सदस्यो द्वारा रोकवाकर बैग को चेक किया गया। बैग को चेक करने पर उसमें नगदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हेमंत मेघानी निवासी लाखेनगर पुरानी बस्ती रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा हेमंत मेघानी के पास रखें नगदी रकम 34,67,000ध्. रूपये को धारा 102 जा फौ के तहत थाना आजाद चौक में जप्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे 2 साल हो गये हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल, लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।



# जिले में पहले दिन 28 अभ्यर्थियों ने 32 नामांकन पत्र खरीदे, भरा किसी ने नहीं

**दुर्ग,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिये आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र मीणा द्वारा निर्वाचन अधिसूचना जारी करने के साथ ही जिले की 6 विधानसभा सीटों के लिये नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। आज प्रथम दिन 28 अभ्यर्थियों ने 32 नामांकन पत्र खरीदे मगर नामांकन पत्र किसी ने भी जमा नहीं किया। पूरे कलेक्टर परिसर में भारी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये है। कलेक्टर पोर्च के सभी तरफ बेरीकेट्स लगा दिये गये है। नामांकन पत्र खनिज शाखा कार्यालय से जारी किये जा रहे थे।

आज प्रथम दिन दुर्ग ग्रामीण से गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कांग्रेस, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय भिलाई नगर भाजपा, देवेन्द्र यादव विधायक भिलाई नगर कांग्रेस, पूर्व विधायक डी.एल.कोर्सेवाड़ा भाजपा अहिवारा, ने अपने लिये नामांकन पत्र प्रतिनिधियों के द्वारा मंगवायें।

कलेक्ट्रेट परिसर में आज नामांकन के प्रथम दिन काफी गहमागहमी देखी गई। कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं ही बेरीकेट्स ठीक करवाने से लेकर संबंधित नामांकन कक्ष तक प्रत्याशियों की सुविधा को ध्यान में रखकर आवागमन की व्यवस्था बनाने में लगे रहे। इस बार नामांकन पत्र इच्छुक प्रत्याशियों को सुलभ कराने कलेक्ट्रेट के पीछे खनिज कार्यालय में व्यवस्था की गई है। कार्यालय में 6 अलग अलग टेबिल लगाकर एक टेबल पर दो दो अधिकारी नियुक्त किये गये है। वे लोग नामांकन शुल्क की राशि लेकर नामांकन पत्र दे रहे है

**जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के लिये नामांकन की प्रक्रिया शुरू**

आज का सबसे पहला नामांकन पाटन विधानसभा क्षेत्र से गजानंद जांगड़े ने बतौर निर्दलीय प्राप्त किया। पाटन में अधिवक्ता रामरतन साहू ने नामांकन प्राप्त किया। सर्वाधिक 9 नामांकन पत्र दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

**केश ही चलेगा, चेक पेटीएम नहीं :** आज अशोक ताम्रकार सहित कतिपय प्रत्याशियों ने नामांकन शुल्क चेक से जमा करने की पेशकश की जिसे संबंधित अधिकारियों ने लेने से इंकार कर दिया। अधिकारियों का कथन था कि उन्हें केश लेने का ही आदेश है। अत: ऐसे लोग तत्काल ही एटीएम से राशि निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे व राशि जमा कर रसीद प्राप्त की। नामांकन पत्र देने के लिये नामांकन पत्र लेने जाने वालों में उनका आधार कार्ड और जिसके लिये नामांकन पत्र लेकर जा रहे है उनका डुप्लीकेट आधार कार्ड व अथार्टी लेटर भी लिया जा रहा था। पूर्व विधायक व अहिवारा से प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के प्रतिनिधि जिला भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक ने दोनों ही शर्ते पूरी की।

## विकास ही मुद्दा, भूपेश है भरोसा : निर्मल कोसरे

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के अधीकृत प्रत्याशी निर्मल कोसरे से पत्रकारों ने नामांकन स्थल पर ही चर्चा की। श्री कोसरे ने कहा कि कांग्रेस ने अहिवारा क्षेत्र में भी प्रत्येक क्षेत्र की तरह काफी विकास कार्य कराये है। जहां के विधायक रूद्रगुरू को नवागढ़ भेजना पार्टी का निर्णय है। वहां विगत वर्षो से कराये गये कार्यो में सर्वाधिक उल्लेखनीय कार्य मोरिद जलाशय का कार्य है जिसमें सैकड़ों किसानो को सिंचाई का लाभ मिल रहा है। स्वामी आत्मानंद स्कूल, किसानों की कर्ज मुक्ति, देश में सर्वाधिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसे अनेक कार्य है जिसे कांग्रेस शासनकाल एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में किया गया है।

# दुर्गा दर्शन के लिये उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

## आज अष्टमी के हवन पूजन व कन्या भोज





**दुर्ग,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि के अब 4 दिन शेष है और अवकाश घोषित हो जाने से देवी मां की झांकियां देखने दर्शकों की भीड़ लगातार तेज होने लगी है। नगर में सौ से भी ज्यादा स्थानों पर माता की मूर्तियां विराजित की गई है। कहीं कहीं पर नयनाभिराम झांकियां भी सजाई गई है। कसारीडीह में माता की भव्य प्रतिमा के साथ आकर्षक झांकी भी सजाई गई है। महाशक्ति दुर्गोत्सव समिति कन्हैयापुरी में भी मां की मूर्ति काफी मनमोहक बन गई है। शहर के सिद्ध दुर्गा मंदिरों में से एक श्री सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर गंजपारा में देवी के विधानों के अनुरूप प्रतिदिन पूजा अर्चना, भोग इत्यदि कराने के साथ ही 40 से ज्यादा कन्याओं को भोजन कराकर उपहार दिये जाते है। कल 22 अक्टूबर को अष्टमी पर यहां वृहत आयोजन पुजारी पं. सुनील पाण्डेय के सानिध्य में अष्टमी पूजन, पूर्णाहूति कन्याभोज इत्यादि किया जायेगा।

# डेढ़ लाख से अधिक कीमत का गांजा लेकर यात्रा कर रहा युवक जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेल्वे सुरक्षा बल द्वारा पुरी-अहमदाबाद की जनरल बोगी में यात्रा कर रहे एक यात्री संजय प्रधान पिता संतोष प्रधान (25) को 8 किलो गांजा कुल कीमत 1 लाख 60 हजार रूपये के साथ पकड़ा गया। आरोपी अवैध रूप से यह मादक द्रव्य गांजा 4 पैकेट में भरकर नागपुर की ओर जा रहा था। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएम एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रेल्वे पुलिस चौकी (जीआरपी) के सुपुर्द किया गया जहां से उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रेल्वे सुरक्षा बल के दुर्ग प्रभारी एस.के.सिन्हा को मुखबिर से सूचना मिली कि पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस की जनरल बोगी में एक व्यक्ति मादक पदार्थ के साथ यात्रा कर रहा है। इस सूचना के आधार पर ट्रेन के दुर्ग रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर पहुंचने पर जीआरपी पुलिस ने उसे कोच से जबरिया उतारा और उसके विमल पान मसाला वाले बैग को चेक किया उसमें 4 पैकेट गांजा मिला। जिसका कुल वजन 8 किलो पाया गया और कीमत 1 लाख 60 हजार रूपये आंकी गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# इंटैक की बस्तर आर्ट एवं भित्ति चित्र कार्यशाला का समापन





**दुर्ग,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटैक) द्वारा चित्रकारी के दो दिवसीय कार्यशाला का समापन डॉ.आरती दीवान, विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान, इंदिरा गाँधी शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर भिलाई, के मुख्य आतिथ्य में समपन्न हुआ। कार्यशाला में बस्तर आर्ट एवं भित्ति चित्र के प्रशिक्षण के लिए बस्तर के प्रसिद्ध चित्रकार अरुण कुमार हलदार उपस्थित थे। दुर्ग.भिलाई अध्याय की संयोजिका डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा की दो दिवसीय चित्रकारी कार्यशाला में आठ विद्यालयों के कक्षा सातवीं से दसवी के छियालीस विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

श्री हलधर ने कार्यशाला के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को बस्तर आर्ट का प्रशिक्षण दिया दुसरे दिन उन्होंने प्रतिभागियों को भित्ति चित्र बनाने का प्रशिक्षण दिया। चित्रकारी के बारीकियो को बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया की जब कभी आप चित्र बनाते है तो नीचे बैकग्राउंड उसका आधार अवश्य होना चाहिए तथा नृत्य मुद्रा में हाथ एवं घुटने के नीचे से पैर किस तरह थिरकते हुए दिखाया जाता है इसे स्केच के द्वारा बताया।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. आरती दीवान ने कहा की विद्यार्थियों में नैसर्गिक कला कौशल होती है इस तरह के कार्यशाला से उसे निखारा जा सकता है। भविष्य में ये विद्यार्थी कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यति प्राप्त कर सकते है कार्यशाला में बस्तर कला का प्रशिक्षण दिया गया यह अत्यंत सराहनीय कदम है क्योकि इससे विद्यार्थी अपने राज्य के कला से परिचित होगे।

कार्यशाला में आमदी नगर विद्यानिकेतन, डीएवी स्कूल सेक्टर.2, डीएवी स्कूल हुडको, डीपीएस भिलाई, इंदु आईटी स्कूल, तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय दुर्ग, शासकीय हाईस्कूल रूआबांधा तथा एसडीबी स्कूल भिलाई के विद्यार्थी शामिल थे।

इस अवसर पर इंटैक दुर्ग.भिलाई अध्याय से विद्या गुप्ता, रविन्द्र खण्डेलवाल तथा कांति भाई सोलंकी, दीपक रंजन दास एवं विश्वास तिवारी उपस्थित थे।

# व्यय प्रेक्षक ब्रजेश सिंह ने ली नोडल एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की बैठक



**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बेमेतरा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 68 साजा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 69 बेमेतरा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 70 नवागढ़ के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने आज शनिवार को कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधित नोडल एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की बैठक ली। उन्होंने अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य किये जाने कहा। उन्होंने इस दिशा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से बारी-बारी से परिचय लिया।

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने निर्वाचन की अब तक की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। उडनदस्ता दलों, स्थैतिक दलों, वीडियो सर्वलांस दलों, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठन सहित सेक्टर अधिकारी, पीठासीन, मतदान दलों को दिए गए प्रशिक्षण और ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों का पहला रेंडमैजेशन की जानकारी से अवगत कराया। वही पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने पुलिस प्रशासन और चेक पोस्ट पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी।

व्यय प्रेक्षक श्री सिंह ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करे। विभिन्न व्यय कार्यों के लिए गठित टीम द्वारा डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में प्राप्त होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने जिले के चेक पोस्ट में आयकर विभाग, आबकारी विभाग एवं आरटीओ विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा में शराब के अवैध परिवहन एवं नगद राशि के जप्ती की कार्रवाई होते रहना चाहिए। बैंक भी सजग रहते हुए, संदिग्ध नगद राशि, ट्रांजेक्शन पर नजर रखेंगें। उन्होंने कहा कि उडन्दस्ता दल कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग की टीम के साथ समन्वय करते हुए कार्य करे। सभी वाहनों की चेकिंग लगातार होनी चाहिए। सजग एवं सतर्क रहते हुए सभी वाहनों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीडियो निगरानी दल अच्छी तरह से वीडियो बनाएंगे और वीडियो अवलोकन दल बारीके से वीडियो का अवलोकन करेंगी। वीडियो प्रमाण के रूप में महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए अच्छी तरह से वीडियो बनाने के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## नांदघाट तिराहा में एसएसटी निगरानी टीम की कार्यवाही, 221पौवा अंग्रेजी शराब जप्त

आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है ।

बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए बनाई गई। स्स्ञ निगरानी टीम में नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर से, बिलासपुर मार्ग नांदघाट तिराहा स्स्ञ चेक पोस्ट/बैरियर पर कार्यवाही की गई है। स्स्ञ निगरानी टीम ने नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर से, बिलासपुर मार्ग नांदघाट तिराहा चेक पोस्ट/नाका पर शनिवार को जरिए मुखबिर सूचना व चेकिंग कार्यवाही के दौरान एक मोटर सायकल को रोककर चेक किया गया, जिसमे 2 लोग सवार थे वाहन को चेक करने से प्लास्टिक बोरी और थैला में अंग्रेजी शराब 221 पौवा अंग्रेजी शराब मिला हैं। जिस पर थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने हेतु परिवहन करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपियो 1. भोला प्रसाद मिश्रा पिता गंगाधर उम्र 31 साल साकिन नयापारा करमसेन थाना नांदघाट जिला बेमेतरा 2. मोतीलाल साहू पिता हेमराम साहू उम्र 24 साल साकिन नयापारा करमसेन थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के कब्जे से 221 पौवा अंग्रेजी शराब (39780), किमती 26,520/- रूपये व परिवहन में प्रयुक्त वाहन सीजी 22 - 5939 कीमती 50,000/- रूपये, कुल जुमला 76,520/- रूपये को जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही किया जा रहा हैं। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरी. अलील चंद, स्स्ञ चेक टीम अधिकारी लक्ष्मी रात्रे, सउनि ऊदल टांडेकर, प्र.आर.जसवंत जांगड़े, आर.धाक चंद बंजारे व प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# नरेंद्रचार्य के जन्म दिवस पर भक्तों ने किया रक्तदान





**दुर्ग,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनंत श्री विभूषित जगदगुरू रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्रचार्य जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर आज 21 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन स्व स्वरूप सम्प्रदाय जिला दुर्ग में किया गया।

सीएमएचओ जे.पी.मेश्राम व सीएस ए.के.साहू के निर्देशानुसार स्व स्वरूप संप्रदाय के 75 लोगों की उपस्थिति में रक्तदान में 52 यूनिट रक्त दान किया गया। रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम भक्तों ने जगदगुरू श्री का आव्हान करके रक्तदान प्रारंभ किया।

दुर्ग जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं प्रभारी अधिकारी डॉक्टर नेहा नलवाया के मार्गदर्शन में और डॉ परिशा सिंह, काउंसलर एंथोनी, स्टॉफनर्स सती गुप्ता, वरिष्ठ लैब तकनीशियन रोशन सिंह लैब सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, लैब टेक्नीशियन कुसुम चंद्राकर, दिनेश कुमार मीनाक्षी, महेंद्र चंद्राकर, तीरथ यादव, चतुर्थ श्रेणी कौशल साहू, माला देशमुख, ब्लड बैंक डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रियांशा देवांगन ने सहयोग किया। जिला चिकित्सालय जीवन दीप समिति के कार्यकारी सदस्य दिलीप ठाकुर, सतीश चन्द्र सुराना, प्रशांत डोंनगावरकर, दुष्यंत देवांगन संस्था से राजिल रणदेव, गंगासागर तिवारी, राम तिवारी, ज्योति रणदेव, प्रफुल्ल तिवारी आदि के विशेष सहयोग से कैंप का सफल सम्पादन किया गया।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ राज्य की आंतरिक सुरक्षा में कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवान के गृह ग्राम एवं पुलिस चौकी कंडरका में आज दिनांक 21.10.2023 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा शहीद स्व. श्री भास्कर दीवान तत्कालीन अति. पुलिस अधीक्षक नारायणपुर स्थाई पता ग्राम ताला थाना व जिला बेमेतरा के ग्राम ताला स्कुल प्रांगण में ग्रामीणजन की उपस्थिति में एवं शहीद स्व. श्री मुकेश वर्मा आरक्षक जिला दंतेवाडा, स्थाई पता ग्राम कोहडीया थाना बेरला जिला बेमेतरा को पुलिस चौकी कंडरका में नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# दलबदल कर भाजपा में गए हिमंता बिस्वा वफादारी दिखाने कांग्रेस के खिलाफ बोलते हैं : अकबर



**कवर्धा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि कांग्रेस से दलबदल कर भाजपा में गए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर भाजपा के लोग संदेह करते हैं इसलिए हिमंता बिस्वा को वफादारी दिखाने कांग्रेस के खिलाफ बोलना पड़ता है। वे लगातार कुछ ना कुछ बोलते रहते है जिसका कोई औचित्य नहीं है। मोहम्मद अकबर कवर्धा मे हिमंता बिस्वा के भड़काऊ भाषण के बारे मे अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि हिमंता बिस्वा कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के प्रचार के लिए आए थे। अपने भाषण में उन्होने कहा कि अकबर को ठांस कर साफ करिए। बाद में मीडिया ने उनके भाषण के बारे में पूछा तो उन्होने यह कहा दिया कि उन्होंने मोहम्मद अकबर के बारे में कुछ नहीं बोला है, उनका कथन उस अकबर को लेकर था जो कि इतिहास में है। हिमंता बिस्वा का भाषण और बाद में उनके द्वारा इससें पलट जाने का मामला चर्चित हुआ है।

# नवरात्रि पंडालो में निर्वाचन संबंधी प्रचार नहीं करने कलेक्टर की अपील

**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी एस एल्मा ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 के कारण जिले मे लगी आचार संहिता को देखते हुए एक बार फिर नवरात्रि पंडाल संचालको से अपील की है की प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सक्षम अनुमति लेकर धीमी गति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें। रात्रि 10 बजे के बाद इसका पूर्णत: प्रतिबंध है। आदेशों के अवहेलना करने पर कडी कार्यवाही की जाएगीं।

कलेक्टर श्री एल्मा ने संचालक मंडालो के साथ आम जनता से भी संयोग की अपील कि है। उन्हें जारी अपील ने कहा कि धार्मिक मंचों पर किसी भी राजनीतिक दल अभ्यर्थियों कों मंच साझा न कराए और न कोई राजनीतिक भाषण का उपयोग करने दे । इसी तरह दशहरा उत्सव में आचार संहिता का पालन करें। नवरात्रि पंडालों में किसी भी प्रकार के राजनीतिक बैनर पोस्टर का उपयोग नहीं करने का अपील की उन्होंने नवरात्रि त्योहार और अन्य त्योहार शांतिपूर्वक और सभी समाज को मिलकर मनाए जाने का आग्रह किया।

# समाज सेविका रजनी वैष्णव रानी माई धाम में 8 वर्षों से कर रही भंडारे का आयोजन

**बालोद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। इन दिनों नवरात्रि का पर्व चल रहा है। आज महाष्टमी के साथ नवमी का आयोजन होना है। वही देवी मंदिरों में भंडारा आदि का आयोजन भी किया जाता है। आज हम बात कर रहे हैं बालोद जिले के प्रसिद्ध रानी माई मंदिर की। जो की 12 गांव के लोगों की ईष्ट देवी है। इस जगह का नाम भी इसी आधार पर पड़ा है। जिसे 12 गांव पठार रानी माई मंदिर कहा जाता है। रानी माई मंदिर में दोनों नवरात्रि विविध आयोजन होते हैं। तो वहीं सबसे खास मौका होता है यहां का भंडारा आयोजन। जिसे बालोद की रहने वाली समाजसेविका और एक एनजीओ की महिला सेल प्रभारी रजनी वैष्णव के द्वारा किया जाता है। 8 साल से वह यहां भंडारा करवा रही है। वह भी दोनों नवरात्रि में। अपने इस भक्ति और सेवा भाव के बारे में रजनी कहती हैं कि जब मैं छोटी थी तब से इस मंदिर में दर्शन करने के लिए जाया करती थी। लोगों की आस्था को देखकर मेरे मन में ख्याल आया कि क्यों ना भक्तों और मां की सेवा में मैं यहां भंडारा शुरू करूं। शुरुआत में मैंने एक ही नवरात्रि में भंडारा की शुरुआत की थी फिर मैंने दोनों नवरात्रि के भंडारे का खर्च उठाना शुरू किया। मैंने यह महसूस किया कि माता के लिए कुछ खर्च करते हैं तो कोई कम नहीं होता बल्कि माता हमारे भंडार को और भर देती है। धीरे-धीरे मेरे जीवन में तरक्की आई यह सब माता की कृप मैं रानी मां से जो भी मांगा वह मुझे मिला है। इस सेवा के बदले गांव वाले भी मुझे काफी सम्मान देते हैं। मेरा मानना है कि कभी भी माता सेवा से खुद को दूर नहीं करना चाहिए। जहां भी मौका मिले माता और उनके भक्तों की सेवा में लग जाना चाहिए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर मैं विगत 8 वर्ष से यहां महा भंडारा का आयोजन करवा रहीं हूं। मंदिर समिति के अध्यक्ष रामसाय सेवता, उपाध्यक्ष खोरबाहरा राम, सचिव शिशुपाल हिडको का कहना है कि महा भंडारा के अलावा समय-समय पर रजनी वैष्णव द्वारा मंदिर के विकास के लिए भी अन्य दान और मदद की जाती है। महाष्टमी में भी वह प्रमुखता शामिल होती हैं।

मंदिर समिति के लोगों का कहना है कि हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी पर समाज सेविका रजनी वैष्णव के हाथों ही मंदिर परिसर में ध्वजारोहण कराया जाता है। ताकि मंदिर विकास में उनके द्वारा जो योगदान दिया जा रहा है उसके बदले समिति द्वारा भी एक सम्मान हो जाए। लोगों की आस्था इस जगह पर जुड़ी हुई है। आस्था के संरक्षण और मंदिर के विकास में समाज सेविका रजनी वैष्णव लगातार योगदान दे रही है। इस बार 22 अक्टूबर रविवार यहां महाभंडारा है। जिसमें स्वयं रजनी वैष्णव भक्तों को प्रसाद स्वरूप भोजन परोसती है रानी माई का ये ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शराब निर्माण के उपकरण सहित शराब जप्त

## लगभग 2 लाख 42 हजार की कीमत



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर अवैध मदिरा धारण, परिवहन एवं विक्रय को नियंत्रित किये जाने हेतु आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी दी कि 20 अक्टूबर को प्रातः गश्त के दौरान भिलाई-3 में अवैध शराब के परिवहन, विक्रय, धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर कुल 256 नग देशी मदिरा मसाला एवं प्लेन पाव, कुल मात्रा 46.08 लीटर जप्त किया गया। उक्त प्रकरण में रूपेश कुमार ढीमर साकिन भिलाई 3 थाना पुरानी भिलाई के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक हरीश कुमार पटेल के द्वारा विवेचना में लिया गया है। ग्राम घोरारी में अवैध शराब धारण, विक्रय एवं चौर्यनयन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर अज्ञात आरोपियों से कुल 110 लीटर महुआ शराब एवं 4500 किलोग्राम महुआ लाहन तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)कएच 34 (2)के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जप्त मदिरा, लाहन, शराब बनाने के उपकरण का कुल बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 42 हजार रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर तथा आबकारी उप निरीक्षक भुनेश्वर सिंह सेंगर, भूपेन्द्र नेताम एवं मुख्य आरक्षक फागुराम टंडन, आबकारी आरक्षक देव प्रसाद पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अवैध शराब विक्रय एवं तस्करी की शिकायत के लिए आबकारी विभाग ने जारी किया टोल फ्री नंबर जिले में शराब एवं मादक पदार्थो के अवैध विक्रय, परिवहन एवं धारण पर रोकथाम हेतु शिकायत दर्ज कराये जाने बाबत् टेलीफोन नंबर 0788-2325836 जारी किया गया है। उक्त नम्बर कोई भी आम नागरिक 24 घंटे शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायताकर्ता के नाम को पूर्ण रूप से गुप्त रखा जाकर, प्राप्त शिकायतों पर आबकारी विभाग द्वारा त्वरित रूप से कार्यवाही कर शिकायतकर्ता को कृत कार्यवाही से अवगत कराया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त आबकारी विभाग के टोल फ्री शिकायत नंबर 14405 पर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। अवैध शराब को लेकर जिला के पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग ने भी कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया हुआ है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही सुपेला पुलिस ने एक व्यक्ति लक्ष्मी मार्केट सुपेला के पास शराब बिक्री कर पकड़ा गया। आरोपी अपनी मोटर सायकल में शराब लेकर भागने लगा जिसे गदा चौक के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही से मनीष 27 साल निवासी केम्प.1 शास्त्री चौक वैशाली नगर सुपेला का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से एक थैले में अवैध रूप से 30 पौवा देशी मसाला कीमती 6390 रूपये एवं मोटर सायकल जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। पुलिस की कार्यवाही तेज होने से आरोपियों में दहशत देखी जा रही है।

# चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्तिथ पीस ऑडिटोरियम ग्राउंड में चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। झांकी में दर्शाया गया है कि मन की कलुषित वृत्तियां बुराइयां ही वर्तमान में महिषासुर राक्षस का स्वरूप है। जिसका प्रभाव कलयुग के अंत में सभी में व्याप्त है। जिसका संहार शिव की शक्तियों के नव रूपों द्वारा होता है। झांकी देखने आए सभी उम्र के लोग राजयोग भवन परिसर में वैल्यू बेस्ड फन गेम्स का भी आनंद ले रहे हैं। चैतन्य देवियों की झांकी का दर्शन लाभ लेने के लिए डॉ गोयल, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद गुप्ता, नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित रजनी रजक, पार्षद लक्ष्मीपति राजू, भिलाई इस्पात संयत्र के जी एम पर्सनल पंकज त्यागी, स्वयं सिद्धा ग्रुप की निर्देशिका सोनाली चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में भक्तजन इस झांकी का दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। ज्ञात हो कि ब्रह्माकुमारी बहने राजयोग मेडिटेशन के निरंतर अभ्यास से तन और मन की एकाग्रता की शक्ति द्वारा सजीव चैतन्य होते हुए भी मूर्ति रूप में स्थिर रहती हैं। जिससे भक्तों को अलौकिक अनुभूति होती है। झांकी के अंत में राजयोग मेडिटेशन कमेंट्री द्वारा शांति की अनुभूति भी कराया जा रहा है। यह झांकी सर्व के लिए 23 अक्टूबर तक शाम को 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी।

# शारीरिक-मानसिक कल्याण पर सर्टिफिकेट कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग, सेंट थॉमस कॉलेज द्वारा शारीरिक और मानसिक कल्याण पर दो सप्ताह का सर्टिफिकेट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम युवा छात्रों में शारीरिक व्यायाम, योगए आत्म नियंत्रण, मूल्य संरक्षण, बीमारी और दक्षता प्राप्त करने के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि शासकीय योग विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती नीरा सिंह, वी.वाई.टी.पी.जी.महाविद्यालय दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रूही मिश्रा उपाध्याय, शासकीय अधिकृत स्वास्थ्य एवं फिटनेस प्रशिक्षक थी। कार्यक्रम का संचालन बीएड सेमेस्टर की अदिति साहू ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.एम.जी. रॉयमन ने सभी प्रतिष्ठित अतिथियों, संसाधन व्यक्तियों का स्वागत किया और कहा कि सेंटथॉमस कॉलेज छात्रों की बेहतरी के लिए नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। कॉलेज के प्रशासक रेव्हण् फादर डॉ.जोशी वर्गीस ने छात्रों के शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए इस तरह के छात्र केंद्रित कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और विभाग को बधाई दी। बी.कॉम की सुश्री डिम्पल नेताम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. अनुपमा गंगराडे थीं। समापन दिवस पर डॉ.अनुपमा ने जुम्बा, एरोबिक और योग के बीच बुनियादी अंतर शारीरिक और मानसिक व्यायाम के फायदे के बारे में एवं योग आसन के बारे बताया। कार्यक्रम में सभी संकाय के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रबंधन विभाग की सुश्री गेशू, सुश्री सुजाता निरमरकर, सुश्री प्रियंका ने अपने अनुभव साझा किए और सर्टिफिकेट कार्यक्रम के बारे में प्रतिक्रिया दी। मानसिक कल्याण पर सर्टिफिकेट कार्यक्रम का समापन की घोषणा की।

# भिलाई की नवोदित चित्रकार सारिका के टाक शो आज



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे 22 अक्टूबर रविवार को भिलाई की नवोदित चित्रकार सारिका गोस्वामी के ग्राफिक्स कला पर टाक शो किया जाएगा। संध्या 6 से 7 बजे इस शो में खैरागढ, रायपुर, कोडागांव, दुर्ग, भिलाई तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों के कलाकार शामिल होंगे। ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना की पूर्व बेला पर भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए स्थानीय कलाकारो ने यह कार्यक्रम शुरू किया है। भिलाई सेक्टर 4 की निवासी सारिका देश की उभरती चित्रकारा हैं जिन्हें हाल ही मे ललित कला अकादमी का नेशनल स्कॉलरशिप मिला है। इस दौरान भुवनेश्वर रीजनल सेन्टर में उन्होंने एक साल रहकर कार्य किया है। उन्हे केशव आर्ट फाउंडेशन से गोल्ड मेडल, आर्ट सोसायटी इंडिया मुम्बई तथा एकेडमी ऑफ फाईन आर्ट कलकत्ता से पुरस्कार मिल चुका है। वे इंटरनेशनल आर्ट फेस्टिवल, इंटरनेशनल ग्राफिक्क और इंटरनेशनल नानटाक्सिक प्रिंटमेकिग मे हिस्सा ले चुकी हैं। उनके चित्रों का संग्रह कीव यूक्रेन जैसे विदेशी धरती के अलावा हैदराबाद, लखनऊ, खैरागढ, भिलाई मे भी है। उन्होंने चेन्नई, बीकानेर हाउस दिल्ली, केरला, गुजरात विश्विद्यालय अंतरराष्ट्रीय प्रिंट बिनाले मुंबई और कर्नाटक शो मे अपनी सहभागिता निभाई है। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे रविवार को टाक शो के दौरान सारिका के चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जो आम नागरिको के लिए निशुल्क खुली रहेगी।

# वैशाली नगर सीट पर मुख्यमंत्री की निगाहें

**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा प्रत्याशी घोषणा के बाद से जिन कांग्रेसियों ने टिकट की दावेदारी की गई थी परंतु उन्हे टिकट नही मिली ऐसे 67 कांग्रेसियों को कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर के पक्ष में प्रचार करने की समझाईश मुख्यमंत्री द्वारा दी गई। सीएम हाउस रायपुर से बुलावा भेजा गया है। वैशालनगर विधायन सभा से पहली विधायक भाजपा की सुश्री सरोज पांडेय थीं। सरोज एक ही समय में विधायक और सांसद भी रहीं हालांकि सांसद बनने के बाद सरोज को विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद यहां उप चुनाव हुए। उपचुनाव में कांग्रेस के भजन सिंह निरंकारी ने भाजपा के जागेश्वर साहू को परास्त कर इस सीट पर अपना कब्जा किया था। ये सीट सामान्य सीट है और यहां हर वर्ग के लोग रहते हैं। शुरू से ही ये सीट भाजपा का गढ़ रही है। वैशाली नगर विधानसभा-66 में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 50 हजार 471 है। जिसमें 1 लाख 25 हजार 410 पुरुष एवं 1 लाख 25 हजार 50 महिलाएं और तृतीय लिंग के 11 मतदाता हैं। वैशाली नगर विधानसभा सीट के लिए यह पांचवा चुनाव है। गठन के केवल 15 वर्ष में ही यह कांग्रेस के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण सीट बन चुकी है। इस बार दावेदारी के लिए कांग्रेस पार्टी में पूरे प्रदेश में यह सीट नंबर वन पर रही। इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनने के लिए पार्टी की ओर से 67 उम्मीदवारों ने दावेदारी की। इतनी भारी संख्या में दावेदार सामने आने के कारण इस सीट को नंबर वन स्थान प्राप्त जरूर हुआ लेकिन गठन के बाद से ही यह सीट कांग्रेस केवल एक बार उप चुनाव में जीत के बाद इस सीट से कांग्रेस पार्टी ने अभी तक जीत का स्वाद नहीं चखा। इसी को ध्यान में रखते हुए अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वयं हस्तक्षेप करना उचित समझा और सभी दावेदारों को सीएम हाउस बुलाया ताकि सभी को एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर के पक्ष में कार्य कर सकें। मुख्यमंत्री के द्वारा बुलावे के साथ सभी 67 दावेदारों को सीएम हाउस तक लाने की जिम्मेदारी भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल को सौंपी गई और शाम को सभी वहां पहुंचे भी हैं। सीएम के इस आदेश का परिपालन करने में नीरज पाल सफल भी हुए परंतु दो दावेदार अरुण सिसोदिया एवं पूर्व भिलाई अध्यक्ष श्रीमती तुलसी साहू इस बैठक में उपस्थित नही हुई। ये दोनों कांग्रेसी बैठक में क्यो उपस्थित नही हुई इसकी जानकारी नही मिल सकी है। सभी 65 दावेदारों को दोपहर में ही मुख्यमंत्री का यह संदेश प्राप्त हुआ था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दो से तीन वाहनों में सभी एक साथ 65 दावेदार सीएम हाउस के लिए भिलाई से रवाना हुए और सभी दावेदार सीएम हाउस पहुंच चुके हैं जहां पर चर्चा का दौर शुरू हो चुका है। वैशाली नगर विधानसभा से 67 दावेदारों में कांग्रेस के उन नेताओं का नाम भी शामिल रहा है जो आज की मीटिंग में नहीं गए हैं। दावेदारों के साथ मंत्रणा की और वैशाली नगर विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर कार्य करने प्रयास किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया लोगों को जागरूक



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में आज लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के आदेश पर निर्भीक होकर मतदान करने शपथ डा भुनेश्वर कठौतिया व बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने प्राथमिक दिलाई । स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में आए मरीजों ओर उनके परिजनों व स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ, पैरामेडिकल, चिकित्सक, स्टाफ नर्स लैब टैक्नीशियन, फार्मासिस्ट आया, वार्ड ब्वाय, चौकीदार, डाटा आपरेटर, स्वीपर, सफाई कर्मी अंटेडेन्ट ने एक स्वर में कहा सशक्त व जिम्मेदार नागरिक बनना है ओर 17नवंबर को बिना डर भय ओर धर्म जाति भाषा के भेदभाव से दूर रहकर अपने मत का मतदान करना है ओर शत-प्रतिशत मतदान करने लोगों को प्रेरित किया गया कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास जे डी मानिकपुरी डा भुनेश्वर कठौतिया डा अर्चना पांडेय, श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, समीर रात्रे, आलिया खातून, मीरा, श्रीमती आर गजभिए, हिमांशु सूर्य वंशी, जय सिंह कोठारी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसी तरह का कार्यक्रम अथवा जागरुकता का कार्यक्रम नगर में विभिन्न संगठनों द्वारा किया जा रहा है। ताकि नगर में शत-प्रतिशत मतदान किया जा सके।

# सेक्टर-9 में अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय सेक्टर-9 के केन्द्र की संक्रमण नियंत्रण समिति ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर 15 से 21 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह मनाया। चिकित्सा विभाग द्वारा अस्पताल की संक्रमण नियंत्रण समिति के तत्वाधान में 2012 से प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह 2023 की थीम है। सेलिब्रेट द फंडामेंटल ऑफ इन्फेक्शन प्रिवेंशन। इस वर्ष की थीम प्रत्येक मनुष्य को संक्रमण की रोकथाम की बुनियादी सिद्धांतों पर वापस लौटने के लिए प्रेरित करता है। किसी भी स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रिया में संक्रमण की रोकथाम रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के लिए अति आवष्यक है। संक्रमण की रोकथाम के महत्व को उजागर करने और रोगी की सुरक्षा में प्रत्येक पहलू की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष दुनिया भर में अक्टूबर माह में अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह मनाया जाता है। चिकित्सा कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के बीच संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे सप्ताहए चिकित्सा विभाग की सभी इकाइयों में संक्रमण रोकथाम गतिविधियों की एक श्रृंखला और पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और संक्रमण रोकथाम सप्ताह के विषय पर आधारित अपने ज्ञान का परीक्षण करे, प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह का को सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में डॉक्टरों की टीम एसीएमओ डॉ एन एस ठाकुर, एसीएमओ डॉ त्रिनाथ दास तथा डॉ आकांक्षा शर्मा, नर्सेस सुश्री प्रथिमा गोस्वामी, सुश्री राजेश्वरी, सुश्री सलावती ने भाग लिया। पी जी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्राओं द्वारा स्कूली बच्चों में संक्रमण की रोकथाम के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 500 स्कूली छात्र.छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रवींद्रनाथ एम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ विनीता द्विवेदी, और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर और विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकगण भी उपस्थित थे। डिप्टी सीएमओ डॉ अनिरुद्ध मेने ने सभी चिकित्सा कर्मचारियों के लिए षगुणवत्ता सुधार के लिए गुणवत्ता उपकरण का उपयोग विषय पर व्याख्यान दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रवींद्रनाथ एम ने सर्विलेंस डेटा कैप्चर करने के लिए संक्रमण नियंत्रण टीम की सराहना की और सभी कर्मचारियों को संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को अपनाने की सलाह दी। अध्यक्ष डॉ अन्नपूर्णी ने स्वास्थ्य देखभाल संगठन में संक्रमण नियंत्रण समिति के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एडीशनल सीएमओ डॉ अन्नपूणी, डॉ उदय कुमार, डॉ सी एस कुरुप, डॉ संबिता पंडा, डॉ आकांशा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शायला, एस अब्राहम, सुश्री अनुजा सक्सेना सहित एचआईसी और क्यूएमडी टीम द्वारा किया गया।

# सड़कों से मवेशियों को अब रात में धरपकड़ शुरू



**भिलाईनगर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई टाउनशिप में मवेशियों की धरपकड़ अब रात में शुरू हो गई है। खटाल संचालक शाम ढलते ही मवेशियों को सड़कों पर छोड़ देते हैं। मवेशी चौक चौराहे सड़क पर देखे जा सकते है। जिसकी वजह से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। संयंत्र के प्रर्वतन विभाग की टीम ने ऐसे मवेशियों को पकड़ने का अभियान शुरू किया है। दिन में अभियान चलाने के बजाय रात में कार्रवाई शुरू की गई है ताकि अधिकतर मवेशियों को पकड़ा जा सके। खटाल संचालकों पर कार्रवाई हो सके। बीएसपी के प्रर्वतन विभाग के महाप्रबंधक के.के यादव के नेतृत्व में रुआबांधा, हॉस्पिटल सेक्टर, सेक्टर-9, सेंट्रल एवेंयू से 32 मवेशियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए मवेशियों को भिलाईनगर कोसानाला गोठान में रखा गया है। भिलाई निगम के सहयोग से बीएसपी की कार्रवाई का अब असर भी दिखना शुरू हो गया है। भिलाई टाउनशिप में आवारा पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने व बेहतर नागरिक सुविधा के लिए नगर सेवाएं विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पंथी चौक रुआबांधा, सेक्टर.9 व सेंट्रल एवेन्यू पर रास्ते में बैठे कुल 32 आवारा पशुओं को पकड़ कर नगर पालिक निगम द्वारा संचालित कोसानाला गोठान को सौंपा गया है। ये अभियान टाउनशिप व संयंत्र के भीतर निरंतर जारी रहेगा।

# शंकराचार्य के छात्राओं ने लगाया कलिंगा में स्टाल



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के बायोटेक्नोलॉजी के छात्र छात्राओं ने कलिंगा यूनिवर्सिटी में आयोजित विज्ञान मेला में भाग लिया, इस कार्यक्रम में विभिन्न तरह के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें पांच स्टॉल हर्बल प्रोडक्ट्स, फूड स्टॉल और आर्ट गैलरी महाविद्यालय की छात्रों के द्वारा लगाया गया। जिसमें कलिंगा यूनिवर्सिटी के कुलपति, प्राध्यापकगण के साथ-साथ वहॉ के विद्यार्थियों ने स्टॉल को देखा एवं जरूरत की चीजों को खरीदा। इन स्टॉलों में विभिन्न तरह के कला का प्रदर्शन किया गया जैसे- रेजीन आर्ट, प्राकृतिक रंगो द्वारा की गयी चित्रकारी, मोबाइल बैककवर, कस्टमाइज्ड की-रिंग, बुकमार्क मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। घर पर बनाई हुई नेचुरल मेहंदी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों के हाथों में मेहंदी डिजाइन छात्रों द्वारा बनाई गई। कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित मेले में शंकराचार्य महाविद्यालय द्वारा लगाये गये हर्बल और आर्ट स्टॉल मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहें। इन स्टालों का उपस्थित लोगो ने सराहना की। मेले में महाविद्यालय की बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा जैन, वनस्पतिशास्त्र की सुश्री वर्षा यादव के मार्गदर्शन में स्टॉल विज्ञान मेले में लगाया गया। प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहर्वधन व उनका मनोबल भी बढ़ता है। डीन, अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने छात्रों को भविष्य में अच्छा रिसर्च और स्टार्टअप से अच्छे मुकाम हासिल करने के लिए आशीर्वाद दिये।

# बोनस की राशि कर्मियों के खाते में हुई ट्रांसफर

**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेल ने त्यौहार को देखते हुए अपने कर्मचारियों के खाते में बोनस की राशि देनी शुरू कर दी है। कर्मचारियों को 23 हजार रुपए बोनस मिल गया। शीघ्र ही कर्मचारियों के खाते में राशि पहुंच जाएगी। नियमित कर्मचारियों को 23 हजार और ट्रेनीज को साढ़े 18 हजार रुपए खाते में डाल दिया गया है। ज्ञात हो कि 17 अक्टूबर को सेल प्रबंधन और एनजेसीएस यूनियनों की बैठक में बोनस को लेकर कोई नतीजा नही हो सका था। बताया जा रहा है कि सेल प्रबंधन ने सर्कुलर जारी कर बोनस की राशि कर्मियों के खाते में भेजने का काम शुरु कर दिया है। एनजेसीएस यूनियन के नेताओं द्वारा इस वर्ष साढ़े 40 हजार से अधिक बोनस की मांग की गई थी, लेकिन कंपनी के हालात ठीक न होने की बात कहते हुए प्रबंधन ने मांग को खारिज कर साढ़े 23 हजार रुपये बोनस की बात कही। जिस पर 17 अक्टूबर की बैठक में कोई फैसला नहीं हो सका था। प्रबंधन ने 23 हजार रुपए एकमुश्त देने का प्रस्ताव रखा था। इसी पर अमल करते हुए प्रबंधन ने भुगतान कर दिया है। वही सेल में प्रशिक्षु जो कर्मी जो 1 अप्रैल 2023 से सेल के रोल पर थे, उन्हें 18,500 रुपए दिया गया है। इस राशि को बोनस भुगतान किया गया। किसी गैर-कार्यकारी कर्मचारी द्वारा अनधिकृत रूप से काम रोकना, अवैध हड़ताल जैसे कार्य जो कंपनी के उत्पादन और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, संबंधित गैर कार्यकारी कर्मचारी को वार्षिक राशि के लिए अयोग्य बना देगा। इस संबंध में यूनियन के नेता एच. एस. मिश्रा ने कहा कि यह नीति प्रबंधन की एक तरफा नीति है। अब समय आ गया है, कि सभी यूनियन को भम्र व भय को त्यागकर एक जुट होकर कर्मियों की मांग को लेकर सयुक्त रुप से संघर्ष करना चाहिए। उन्होनें कहा कि प्रबंधन की इस नीति से सेल कर्मियों को ठेका श्रमिक बना दिया ।

# पैदल डोंगरगढ़ जा रहा भक्तों की अनूठी भावना



**भिलाईनगर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। माता बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा इस्पात नगरी में एक बार फिर देखते बन रही है। फोरलेन सड़क किनारे जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं। इन पंडालों पर देवी आराधना के साथ-साथ डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों को चाय नाश्ता के साथ उपवास रखने वालों को लिये फलाहार की व्यवस्था की गई है। उनके आराम की भी व्यवस्था रखी गई है। नवरात्रि शुरू होने के साथ ही डोंगरगढ़ में माता बम्लेश्वरी का दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्तों का जत्था पैदल जा रहा है। इस बार भी नवरात्रि के पहले दिन से पदयात्रियों का डोंगरगढ़ कूच प्रारंभ हो गया है। रायपुर की दिशा से आने वाले पदयात्रियों को फोरलेन सड़क पर कुम्हारी, चरोदा, भिलाई-3, खुर्सीपार सहित बीएसपी टाउनशिप की सड़क किनारे पंडाल लगाकर चाय नाश्ता और फल आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। इन सेवा पंडालों पर पदयात्रियों को थकावट मिटाने के लिए दर्द निवारक दवाईयों से पदयात्रियों के सुजे हुए पैरों की मालिश भी की जा रही है। गौरतलब रहे कि छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ की देवी माता बम्लेश्वरी के प्रति लोगों में गहरी आस्था है। इसके चलते अपने भक्त पैदल चलकर डोंगरगढ़ पहुंचते हैं और देवी दर्शन के पश्चात ट्रेन या बस से वापस जाते हैं। रायपुर जिले के साथ-साथ दुर्ग जिले के कुम्हारी, चरोदा और भिलाई-3 के नजदीकी क्षेत्रों से साल के दोनों नवरात्रि में बड़ी संख्या में देवी भक्त डोंगरगढ़ की पदयात्रा करते हैं। इस बार भी पदयात्रियों का जत्था जय माता दी का जयकारा लगाते हुए फोरलेन सड़क से गुजर रहा है। पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने भी चाक चौबंद इंतजाम किया है। फोरलेन में बने फ्लाईओवर के नीचे वाली सड़क में अलग लेन बनाकर पदयात्रियों को रवाना किया जा रहा है। इस दौरान पदयात्रियों के पीछे बैग में रेडियम की पट्टी पुलिस द्वारा लगाई जा रही हैए ताकि पीछे से आ रहे वाहन के चालक को पदयात्री आसानी से नजर आ सके। वहीं पेट्रोलिंग वाहन से भी पदयात्रियों की सुरक्षा पर नजर रखी जा रही है।

**कलेक्टर ने 71 शासकीय सेवकों को जारी किया कारण बताओ नोटिस**

**बिलाईगढ़** 21 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले में कार्यरत 71 शासकीय सेवकों को निर्वाचन प्रशिक्षण में शामिल नहीं होने के कारण नोटिस जारी की है। जिले में निर्वाचन प्रशिक्षण का आयोजन बरमकेला, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ में आयोजित किया गया था, जिसमें 71 शासकीय सेवक अनुपस्थित रहे।



पुलिस स्मृति दिवस

# राजनांदगांव में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि





**राजनांदगांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। 21 अक्टूबर को रक्षित आरक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की याद में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगावं मोहित गर्ग द्वारा इस वर्ष 2022-2023 में अपने कर्तव्य के दौरान शहीद हुए 188 अधिकारियों/पुलिसकर्मियों के नाम का वाचन किया गया जिसमें से छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस जवानों ने राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए देश के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर शहीद हुए हैं, शहीद परेड में शहीदों को सलामी दी गई साथ ही इन वीर शहीदों को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

इस अवसर पर राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव, मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव, प्रवीण कुमार कमांडेंट एस.एस.बी., गजेन्द्र सिंह ठाकुर पुलिस अधीक्षक पी0टी0एस0 राजनांदगांव, राहुल देव शर्मा अति0पुलिस अधी0राजनांदगांव, मनोज कुमार टू आई सी आई.टी.बी.पी., श्रीमति सोनिया उके, अति0पु0अधी0 आईयुसीएडब्ल्यू राजनांदगांव, अमित पटेल नगर पु0अधी0 राजनांदगांव, सुश्री तनुप्रिया ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक अजाक/क्राईम राजनांदगांव, रक्षित निरीक्षक राजनांदगांव अरविंद साहू एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, तुमड़ीबोड़, रक्षित केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिकगण और शहीद परिवारों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# जिले के तीनों विस हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्रवाई शुरू

**बालोद,** 21 अक्टूबर। जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत शनिवार को जिले के तीनों विधानसभा हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही शुरू हो गई है। वही इस दौरान कांग्रेस से टिकट के लिए दावे कर रहे कुछ नेताओ में नाराजगी भी अब खुलकर सामने आने लगी है। नामांकन फार्म खरीदने की कार्यवाही शुरू होते ही सबसे ज्यादा संजारी बालोद विधानसभा उम्मीदवारी के लिए सर्वाधिक फार्म खरीदी हुई जिसमे कांग्रेस से बागी नेताओं की एक अलग भीड़ देखने को मिली है। संजारी बालोद विधानसभा से इन लोगो ने लिए फार्म नाम निर्देशन पत्र के प्रथम दिन संयुक्त जिला कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र हेतु बनाए गए कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-59 संजारी बालोद हेतु कुल 08 नाम निर्देशन पत्र ले गए जिसमे इंडियन नेशनल काग्रेस संगीता सिन्हा, वही जिला पंचायत सदस्य मीना साहू ने इंडियन नेशनल काग्रेस और निर्दलीय के नाम निर्देशन पत्र लिए है, जिला पंचायत सदस्य ललिता देवी साहू ने निर्दलीय, लेखक चतुर्वेदी निर्दलीय, भगवती साहू निर्दलीय, शबनम रानी गौर, धनंजय दिल्लीवार निर्दलीय व मनोज कुमार लोक जनशक्ति पार्टी से नाम निर्देशन पत्र लिए है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-60 डौण्डीलोहारा हेतु कुल 01 नाम निर्देशन फार्म अनिला भेड़िया तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-61 गुण्डरदेही हेतु कुल 07 अभ्यर्थियों में जिसमे छत्तीसगढ़ किसान विकास सेवा समिति पार्टी के प्रत्याशी दादू राम साहू मनकी साल्हे, आप पार्टी से जसवंत सिन्हा चीचा का नामांकन फार्म चंद्रहास साहू, लोकजनशक्ति पार्टी से तोमन साहू, निर्दलीय दौलत राम, इंदरकुमार डहरे माहुद अ ने नामांकन फार्म लिया है। वही पहले दिन बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 16 फार्म खरीदे गए है जिसमे कांग्रेस निर्दलीय व अन्य दलों के साथ कांग्रेस से बागी उम्मीदवार के रूप में फार्म लिया गया नाम निर्देशन पत्र कार्यवाही के पहले दिन भाजपा उम्मीदवारों ने किसी तरह का कोई फार्म नही खरीदे है। वही कल भाजपा से अधिकृत उम्मीदवार के साथ साथ डौंडीलोहारा से भाजपा से बागी उम्मीदवारों के द्वारा नामांकन पत्र खरीदने के कयास लगाए जा रहे है।

**शनिवार को लिए गए कुल 16 नाम निर्देशन पत्र**

## स्मृति दिवस पर पुलिस ने शहीदों को किया याद, स्कूल कॉलेज पहुंच दी श्रद्धांजलि



**गरियाबंद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शनिवार को सीटी कोतवाली पुलिस ने शहीदो को याद किया। इस अवसर पर पुलिस शहीद जवानों के स्कुल पहुँचे और बच्चो के साथ मिलकर जवानो को श्रध्दांजली अर्पित की। इस अवसर पर थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े सहित पुलिसकर्मियों ने नगर के आत्मानंद विद्यालय गरियाबंद, साढ़ौली स्कूल एवम् गरियाबंद, वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय पहुँच वीर शहीद जवान डीगेशवर शाण्डिल्य, भृगुनंदन चौधारी, किशोर पाण्डेय को याद कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े ने बच्चों को शहीद जवानों की जीवनी, पराक्रम और साहस की कहानी सुनाई। श्रद्धांजलि संदेश पढ़कर सुनाया। इस दौरान प्राचार्य आर के तलवारे, व्याख्याता श्रीमती पूनम शर्मा, एसके श्रीवास्तव, शुभांगी दुबे, रमालक्ष्मी साहू, आरएन साहू, रविशंकर पटेल, विद्या ठाकुर, सुमित धीवर, प्रकाश राजपूत, किरण सारथी सहित स्कूली बच्चे मौजुद रहे।

## मां बंजारी की पूजा-अर्चना कर जिला उपाध्यक्ष निकले जनसंपर्क पर



**डोंगरगढ़,** 21 अक्टूबर। जिला भाजपा उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी ने डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भरत वर्मा के चुनाव प्रचार प्रसार के लिए माँ बंजारी की पूजा अर्चना कर अपने पुरे काफिले के साथ बागनदी सेक्टर की ओर से भाजपा वरिष्ठ देवेन्द्र साहू, बिसेसर वर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष भोजराज वर्मा, पीछडा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष रोशन साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष वर्षा गेड़ाम, भाजयुमो महामंत्री मुकेश साहू, उपाध्यक्ष जसवीर चौहान, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, सोनू वर्मा, डिसेन वर्मा, घनश्याम यादव, रौनक भाटिया, अवध साहू, चोवा वर्मा, शत्रुहन वर्मा, भागवत वर्मा, सहित युवा मोर्चा की पूरी टीम का उपस्थिति रहा। श्री लोधी ने अपना चुनाव प्रचार घर घर जाकर राज्य की सरकार की 5 वर्ष की वादा खिलाफी सहित नाकामी कार्य काल को गिनाया व केंद्र की सरकार के द्वारा आम जन मानस के लिए किए गए जन कल्याण कारी योजनाओं को बताते हुए। मांगीखुटा सें कार्यक्रम का आगाज करते हुए कोठीटोला, कारूटोला, टाटेकसा, दीवानटोला, नावागांव, खैरबना, मकरणपुर, बागनदी सहित आस पास के ग्रामो मे प्रचार किए कार्यक्रम मे मातृशक्ति बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## रेलवे कर्मचारी ने पिता की स्मृति में गंगा मैया मंदिर झलमला में कराया शेड निर्माण

**बालोद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। बालोद ब्लाक के ग्राम नर्रा के रहने वाले रेलवे कर्मचारी बेनूराम साहू और उनके परिवार द्वारा अपने पिता स्व मंगतू राम साहू की स्मृति में गंगा मैया मंदिर झलमला में शेड निर्माण कराया गया तथा साथ ही वाटर कूलर भी स्थापित किया गया। पंचमी के मौके पर भक्तों के सुविधाओं के लिए यह सौगात दी गई। करीब ?200000 का दान मंदिर की सुविधाओं के विस्तार के लिए बेनू राम साहू द्वारा किया गया। लगातार उनके द्वारा बालोद जिला सहित भिलाई क्षेत्र में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं जो कि अनुकरणीय है। इस अवसर पर गंगा मैया मंदिर प्रबंधन समिति ने उनका और उनके परिवार का आभार जताया तथा शाल श्रीफल एवम् प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। गंगा मईया मन्दिर के धर्म मंच से लगकर शेड निर्माण होने से पुड़ी सब्जी वितरण केंद्र के बाहर खड़े होने वाले भक्तों को अब सुविधा मिलेगी। वहीं वाटर कूलर लगने से लोगों को साफ और ठंडा पानी भी मिलेगा। शारदीय नवरात्रि के पंचमी के पावन अवसर पर पंडित द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर दोनों सुविधाओं की सौगात लोगों को दी गई। इसके अलावा बेनू राम साहू द्वारा मंदिर परिसर में संचालित निशुल्क जूता चप्पल सेवा का खर्च भी उठाया गया है। इस दौरान देखा गया है कि बेनू राम साहू द्वारा जूता स्टैंड पर कुछ समय के लिए सेवा भी प्रदान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से गंगा मईया मंदिर समिति के सोहन लाल टावरी प्रबंधक, थान सिंह ठाकुर अध्यक्ष, हेमंत साहू, नरेश पटेल, आर के अठनागर, आदित्य दुबे एवम् बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

### मुड़पार में रामलीला का मंचन शुरु

**खरोरा,** 21 अक्टूबर। खरोरा के समीपस्थ ग्राम मुड़पार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवयुवक रामलीला मंडली के तत्वावधान में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो कि ग्राम मुड़पार में नवयुवक रामलीला मंडली के द्वारा विगत 70 वर्षों से रामलीला का सफल आयोजन किया जा रहा है। मुनी आगमन के मंचन के साथ ही रामलीला का शुभांरभ किया गया, इस लीला के मंचन में आज मारीच-सुबाहु युद्ध व ताड़ीका चाची वध का लीला मंचन किया गया।

## निधन

### राजमंगल पांडे

**रायपुर,** 21 अक्टूबर। डूंडा फ्रेंड्स कालोनी निवासी राजमंगल पांडे (88 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा डूंडा फ्रेंड्स कॉलोनी से रविवार सुबह 10 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम जाएगी। वे यूबी पांडे, अशोक पांडे, श्रवण पांडे, संतोष पांडे, श्रीराम पांडे और गायत्री पांडे के पिता थे।



### खुलेश्वर वर्मा

**पलारी,** 21 अक्टूबर। पलारी नगर पंचायत वार्ड नं 2 के निवासी खुलेश्वर वर्मा (खुल्ला) 45 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्वर्ग द्वार मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वह ययाति, दुष्यंत, गोपाल वर्मा के भाई एवं वार्ड नं 2 के पार्षद श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा की ज्येष्ठ था।



### मदन सिंह ध्रुव

**पलारी,** 21 अक्टूबर। मदन सिंह ध्रुव प्रधानपाठक, शासकीय प्राथमिक शाला टेमरी ब्लॉक पलारी का आज स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार 21 अक्टूबर दिन शनिवार को निज निवास खैलवारडीह (रोहांसी) में किया गया। वे चंदन सिंह ध्रुव पलारी (शिक्षक)के भाई थे। उनके निधन पर शिक्षक संघ ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### द्रोणाचार्य गजभीम

**धमतरी,** 21 अक्टूबर। 21 अक्टूबर शुक्र, शनिवार की दरमियानी रात लगभग 4 बजे पंचवटी कॉलोनी धमतरी निवासी सीएसईबी के पूर्व रिटायर कर्मचारी द्रोणाचार्य गजभीम का आकस्मिक निधन हो गया है। वे जनता यूनियन के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. दुखित गजभीम के छोटे भाई और हेमंत (राजा) गजभीम के पिता थे। उनका रत्नाबांधा स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 2 बजे अंतिम संस्कार किया गया।



# स्कूलों में व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण



**सरायपाली,** 21 अक्टूबर (देशबंधु)। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला लांती में राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद के निर्देशानुसार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को समयानुसार कच्चे माल की उपलब्धता पर आधारित ऊन से बनी सामग्री निर्माण का कार्य सिखाया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्रा बढ़चढ़कर उत्साहित होकर भाग ले रहे हैं। सामग्री को मेला लगाकर और उसे बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त करने की योजना है।ऊन से गेट झालर,पूजा थाल ढकना,टेबल क्लाथ,सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण पद्मलया साहू एवं दीपिका बांक प्रशिक्षण दे रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सत्यम स्वरुप पटेल शिक्षक दुष्यंत कुमार पटेल, अजय अग्रवाल द्वारा संचालन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी विकासखंड नोडल प्रभारी योगेश साहू ने दी।

## शोभायात्रा निकाल मनाया जाएगा दशहरा पर्व



**बागबाहरा,** 21 अक्टूबर। दशहरा के दिन नगर में ज्योत ज्वारां व सांग बाना के साथ भव्य शोभायात्रा निकाल कर शाम को मनाया जाएगा। विजयादशमी पर्व (मांदर के धून पर जसगीत गाते हुए भक्तों द्वारा सांग बाना लेकर नाचते-कूदते धूमधाम से निकाली जाती है शोभायात्रा) (विसर्जन शोभायात्रा को देखने समूचे नगरवासी सड़क में उमड़ पड़ते हैं) (शाम को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाकर एक-दूसरे को बधाई देते हैं) (रात में रावणभांठा मैदान में र ?

# आरंग में हैप्पी वोटिंग के अंतर्गत कोसल मंच ने ली निष्पक्ष मतदान की शपथ




**आरंग**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में स्वीप जागरूकता अभियान आरंग अनुभाग में चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत हैप्पी वोटिंग गतिविधि में कोसल साहित्य कला मंच ने भाग लेते हुए प्रलोभन रहित निष्पक्ष मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर मंच के संरक्षक अनूपनाथ योगी एवं उपाध्यक्ष हरीश दीवान ने सबको प्रेरित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है और इससे देश एवं राज्य के हित में कार्य करने का अवसर भी मिलता है, वहीं एलआईसी अधिकारी डीपी नाहक ने कहा कि ऐसे जागरूक कार्यक्रमों से लोकतंत्र मजबूत होता है और मन में प्रसन्नता छाती है, इस अवसर पर स्वीप टीम के प्रभारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवंअरविंद वैष्णव ने कहा कि *सोचिए समझिए और करिए विचार पर मतदान करके निभाइए अपना अधिकार* वहीं कुछ प्रश्नों के उत्तर में अनुभाग निर्देशानुसार बताया गया की नामांकन की प्रक्रिया आज से निर्वाचन कार्यालय रायपुर में प्रारंभ हो चुकी है जो 30 तारीख तक चलेगी। इस अवसर पर छत्रधारी सोनकर, आशुतोष अग्रवाल, शिक्षिका सोनल मिश्रा, नितिन मिश्रा, प्रमोद धीवर, प्रधान पाठक देवकुमारी यादव, सुनीता लोधी, सुमन लता योगी, शोभा साहू, कोकिला योगी, उमेशनाथ योगी, पूजा साहू, अनीशा साहू, भावना साहू, हेमा पुरंडे, दीपमाला पटेल, योगेश लोधी, दीपिका जलक्षत्रि हीराबाई जलक्षत्रि, बीनू जलक्षत्रि आदि की सहभागिता रही।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिले में पहले दिन ...

लिये खरीदे गये है। दुर्ग शहर से इंद्राणी साहू निर्दलीय, डॉ. एस.के.अग्रवाल एवं सुमित शर्मी ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र प्राप्त किया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि अभी पार्टी ने अधिकृत प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। पार्टी का निर्देश है कि टिकिट की प्रत्याशा में जो टिकिट के इच्छुक है वे नामांकन जमा करा दें। एक दो दिनों में पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा कर देने के बाद जिसे प्रत्याशी घोषित किया जायेगा उसे छोड़कर सभी लोग नाम वापस लेगें। यदि अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन किसी तकनीकी कारण से वापस ले लेता है या निरस्त हो जाता है तो दूसरा प्रत्याशी की टिकिट बरकरार रह जायेगी। उल्लेखनीय है कि श्री अग्रवाल पिछले चुनाव में भी आम आदमी पार्टी से दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये गये थे।

इनके अलावा दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से अशोक ताम्रकार रिटायर टीचर दुर्ग ने निर्दलीय, विनोद सेन निर्दलीय, आत्माराम साहू कम्युनिस्ट, अभय कुमार जोशी, अनूप कुमार पाण्डे, वर्षा रितु यादव ने भी बतौर निर्दलीय नामांकन पत्र लिये है। दुर्ग ग्रामीण से विमला ठाकुर निर्दलीय, ताम्रध्वज साहू कांग्रेस ने नामांकन पत्र लिया। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से जयप्रकाश प्रसाद निर्दलीय, हेमंत केशरिया राष्ट्रीय इंडिया प्रजा पार्टी, छोटेलाल चौधरी निर्दलीय अहिवारा से डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भाजपा ने जिला भाजपा मंत्री सुरेन्द्र कौशिक के माध्यम से नामांकन पत्र प्राप्त मंगाया। कांग्रेस के निर्मल कोसरे ने स्वयं कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र लिया। यहां से कांग्रेस से ही वरिष्ठ नेता राजन खुटेल ने नामांकन पत्र लिया है। उन्होंने कहा कि वे विगत तीन दशक से भी अधिक समय से कांग्रेस की सेवा कर रहे है। प्रत्येक चुनाव में पार्टी आश्वासन देने के बाद छल करती है। इस बार उम्मीद है कि टिकिट उन्हें मिल जायेगी। कांग्रेस ने तो अंतिम समय तक फैसले होते रहते है। पाटन से गजानंद जांगड़े व रामरतन साहू ने निर्दलीय फार्म लिये। भिलाई नगर से पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय भाजपा, हरिशचंद्र ठाकुर, शत्रुघ्न प्रसाद एवं देवेन्द्र यादव कांग्रेस की ओर से नामांकन पत्र लिये गये। इनके अलावा भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र से ही पुष्पा मोरिसा एवं रितुराज वर्मा छत्तीसगढ़ जनता पार्टी ने भी नामांकन लिये।

### व्यय प्रेक्षक ब्रजेश सिंह ने ली ...

निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि स्थैतिक निगरानी दल, उडऩदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल सहित अन्य दल चौकस होकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अभ्यर्थियों के खाता में नजर रखे तथा दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों को दी गई प्रशिक्षण सहित उडनदस्ता दलों, स्थैतिक दलों, वीडियो सर्वलांस दलों, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने जिला पंचायत में स्थापित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, वीडियो वीविंग टीम इत्यादि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, निर्वाचन के सभी आरओ, कोषालय अधिकारी राजेश तिवारी, एवं व्यय अनुवीक्षण मॉनिटरिंग के नोडल सीएल मार्कण्डेय, एमसीएमसी के नोडल जनसंपर्क विभाग शशि रत्न पारासर, सहायक व्यय प्रेक्षक पिंकी मनहर, लायजनिंग ऑफिसर, फ्लाइंग स्कॉट, स्थैतिक निगरानी टीम एवं वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, कंट्रोल रूम तथा लेखा टीम के सभी सदस्य अधिकारी एवं सभी नोडल अधिकारी उडनदस्ता दल स्थीतिक निगरानी दलवीडियो निगरानी दल एवं वीडियो अवलोकन दल सहायक व्यय प्रेक्षक एकाउंटिंग टीम तथा जिला अंतर्गत शिकायत एवं नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### समाज सेविका रजनी वैष्णव ...

मंदिर बालोद जिला का प्रसिद्ध मंदिर है। यह मंदिर बहुत ही पुराना है और यहां की मान्यताएं भी बहुत ही अद्भुत है। माता रानी माई को 12 गाँव की देवी है। कहते हैं यहाँ सच्चे मन से जो भी मांग पूरी होती है। माता के दरबार में आने वाली सभी की मनोकामना पूरी हो जाती है । माता के दर्शन के लिए हजारो की संख्या में भक्त आते है और माता की पूजा - अर्चना करके अपनी मनोकामना को मानते है। यहाँ चैत्र नवरात्रि और क्वार नवरात्री के समय माता के दरबार में लाखो की संख्या में भक्त माता के दर्शन के लिए आते है। भक्तो की नोकामना पूरा हो जाने पर यहाँ ज्योतिकलश भी जलाया जाता है। यहाँ हजारो की संख्या में ज्योतिकलश जलाया जाता है। रानी माई माता के दरबार में बाबा राधा कृष्ण, हनुमान, शिव लिंग, शंकर, पार्वती, और गणेश के दर्शन भी कर सकते हैं। माता के मंदिर के आस पास का जगह बहुत ही सुन्दर और शानदार है। माता के आस पास का वातावरण बहुत ही सुन्दर प्रकृति की गोद से सभी भक्तो को अपनी ओर आकर्षित करता है।

## कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता ने किया जनसंपर्क



**डोंगरगढ़,** 21 अक्टूबर। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी हर्षित स्वामी बघेल ने डोर टू डोर पहुँच समर्थको के साथ क्षेत्र के मतदाताओं से रूबरू होकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती बघेल ने क्षेत्र के लोगों के बीच भूपेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी । उन्होंने शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम मारूटोला, कोहकाबोड, चिचका, कोड़ेनवागांव, मुड़ीपार, सिंगार घाट, गहिरा टोला, मुंहडबरी, बैहाटोला में पहुँच कांग्रेस सरकार की योजनाओं एवं क्षेत्र के विकास के नाम पर वोट मांगा । इसी प्रकार शनिवार को उन्होंने शहर के बुधवारी पारा स्थित गुरुद्वारा में मत्था टेक जनसंपर्क किया और मतदाताओं से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष गुरविंदर सिंह भाटिया , शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता हरीश भंडारी जितेंद्र सिंह भाटिया प्यारेलाल शर्मा नरेश करसे गणेश साहू कृष्णा लीलारे रिमी भाटिया हरप्रीत भाटिया हरजिंदर सिंह पोले संटी सिंह सनी भाटिया अकिल कुरैशी प्रमोद सिंह ठाकुर प्रकाश महानदी लाखन पाटकर किरण मेश्राम रूपचंद खोब्रागड़े बंसीलाल सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे ।

# यशोदा वर्मा के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब, बेटे को याद करते मंच पर हुई भाऊक

■ नामांकन रैली में गरजे कांग्रेसी
■ 40 लाख का फतेह मैदान में घास घोटाला विक्रांत के राज में




**खैरागढ़,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 में कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा के नामांकन रैली में आम मतदाता व कांग्रेसी नेता भारी संख्या में उपस्थित रहे। नगर के इतवारी बाजार में आम सभा को आयोजित किया गया जिसमे कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यशोदा वर्मा के नामांकन रैली में महिला व पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच पर आसीन नेताओं ने सभा को संबोधित किया सबसे पहले मंडी अध्यक्ष दशमत जघेल ने कहा की कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा को भारी मतों से पंजा छाप में वोट देकर जीताना है। और छतीसगढ़ में किसान के बेटा भूपेश बघेल को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है। निलेंद्र शर्मा ने कहा की कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा को वोट देकर छतीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार दोबारा बनाना है। धनेश पाटिला ने कहा भाजपा की सरकार लगातार लोगो को हमेशा ठगने का काम है विगत 15 सालो तक रमन राज में कमीशन खोरी का काम हुआ है। पूर्व विधायक गिरवर जघेल ने कहा की कांग्रेस सरकार के द्वारा किसानों का कर्जा माफ धान का समर्थन मूल्य 2660 रुपए देकर किसानों को खुशहाल बनाया जा रहा है।

चंद्रशेखर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा को जीता कर विधानसभा में भेजना है आप सभी को मिलकर मेहनत करने करने की जरूरत है। खैरागढ़ में यशोदा को जिताना है राज्य में भूपेश बघेल की सरकार को दोबारा लाना है। प्रतिमा चंद्रकार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की यशोदा वर्मा 15 माह की विधायक रही उन्होंने अपने 15 माह के कार्यकाल में खैरागढ़ विधानसभा में बहुत विकास कार्य कराया है। नारी शक्ति होकर उन्होंने बहुत कुछ कराया है।खैरागढ़ विधानसभा में रमन के भाचा को हराना है। सभा को सम्बोधित करते हुए नवाज खान ने कहा कि रमन के भाचा विक्रांत सिंह को हराना है। मामा डॉ.रमन सिंह जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब खैरागढ़ शहर में 40 लाख का फतेह मैदान में घास घोटाला खैरागढ़ शहर का बायपास रोड आड़ा तिरछा बनाया गया 14 करोड़ रूपए का मुवावजा लिया गया हैं। पेट्रोल पंप को बचाने के लिए उमराव पुल का डिजाइन बदला गया नगर पालिका के चुनाव में मतगणना स्थल में जाकर तोड़ फोड़ करना खैरागढ़ थाने में अपराध पंजीबद्ध है। विक्रांत का गुंडा गर्दी नही चलेगा इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी यशोदा वर्मा को भारी मतों से वोट देकर भूपेश बघेल की सरकार को दोबारा लाना है। कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा आप सभी मतदाताओं का मैं आभार व्यक्त करती हूं आगे उन्होंने कहा कि आप सभी लोगो ने मिलकर मुझे उपचुनाव में जीता कर विधानसभा भेजे थे। आप सब का मुझे आशीर्वाद चाहिए पंजा छाप में बटन दबाकर यशोदा वर्मा को विजय बनाए कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा ने मंच पर भाऊक होकर बोली मैने अपना जवान बेटा खोया है। आप सभी लोग पंजा छाप में बटन दबाकर कांग्रेस पार्टी को विजय बनाए भूपेश बघेल सरकार को दोबारा लाना है। खैरागढ़ में गुंडा राज को खत्म करना है। सभा में मैदानी क्षेत्रों से लेकर वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा, बकरकट्टा के मतदाता भारी संख्या में उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम का संचालन मिहिर झा ने किया।

# मंत्री रविंद्र चौबे और आशीष छाबड़ा ने नामांकन फार्म लिया 23 को करेंगे जमा

**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आज 21 नवंबर से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गया, जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमश: बेमेतरा साजा और नवागढ़ में चुनाव होना है ,पहले दिन नामांकन फार्म लेने के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे साजा क्षेत्र से एवं आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से नामांकन फार्म लेने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और निर्धारित शुल्क जमा कर नामांकन फार्म प्राप्त किया, जिसे भरकर 23 नवंबर को इनके द्वारा जमा किया जाएगा । इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कैबिनेट मंत्री एवं साजा क्षेत्र से कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी रविंद्र चौबे ने कहा की उनका सौभाग्य है कि कांग्रेस ने उन्हें नवमी बार साजा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है और मुझ पर भरोसा किया है इस बार पिछले जीत के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त होने वाले हैं और जीत के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हम लोगों ने जो विकास के काम किए हैं इससे किसान समृद्ध हुए है, गली मोहल्ले में विकास दिखता है, बेमेतरा साजा नवागढ़ सहित समूचे प्रदेश में इस बार हम लोग 75 पार की सरकार बनाने जा रहे हैं, उन्होंने बताया कि वह हर समय अपने समर्थक मदनलाल सिन्हा जी से राशि लेकर अपना नामांकन फार्म जमा करते हैं और इसे वे शुभ मानते हैं, इस अवसर पर बेमेतरा क्षेत्र के विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उनके ऊपर दूसरी बार विश्वास व्यक्त किया है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में हम दूसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं 5 साल में क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता चुनावी मूड में रहे हैं, और सुख-दुख में साथ खड़े रहे हैं आने वाले समय में इसके परिणाम भी हमें देखने को मिलेंगे, इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल कांग्रेस नेता टीआर जनार्दन, अवनीश राघव सनतधर दीवान संतोष वर्मा, नवीन ताम्रकार, गौतम चंद जैन लोकेश वर्मा, सुमन गोस्वामी प्रणीश चौबे अखिलेश तिवारी मनोज शर्मा अजय राज सेन राजू साहू मदनलाल सिन्हा, सिद्धांत धर दीवान, भोजेंद्र निर्मलकर सहित अनेक लोग उपस्थित थे। फार्म लेने के बाद कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात करते हुए बताया कि 23 नवंबर को वह आशीष छाबड़ा के साथ नामांकन फार्म दाखिल करेंगे ।



# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक ब्रजेश कुमार सिंह बेमेतरा पहुंचे

**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग की ओर से विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने के उद्देश्य से प्रेक्षकों की तैनाती की गई है।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बेमेतरा जिले के विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री ब्रजेश कुमार सिंह (आई ए एस ) ने अपना संपर्क नंबर 7587016561 आम नागरिक, राजनीति दलों के लिए जारी किया है। प्रेक्षक श्री ब्रजेश ने आते ही सर्वप्रथम विधानसभा सामान्य निर्वाचन के अलग अलग शाखा जैसे व्यय प्रेक्षक, एमसीएमसी शाखा, का निरिक्षण किया 7

प्रेक्षक श्री ब्रजेश ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों व पेड न्यूज पर विशेष नजर रखा जाए। विज्ञापन व पेड न्यूज मिलने पर व्यय का आकलन कर प्रतिदिन प्रभारी निर्वाचन व्यय लेखा को उपलब्ध कराए 7 प्रेक्षक ने विधानसभा सामान्य चुनाव के कॉल सेंटर/कंट्रोल रूम व समन्वय /हेल्प लाइन का निरीक्षण भी किया। यहां उन्होंने ऑनलाइन/ऑफलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों व उनके निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को पोर्टल पर तुरंत अपलोड किया जाए। जिससे वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत व उसके निस्तारण के संबंध में जानकारी रहे।



# टू और फोर व्हीलर से कार्यालय आने वाले कर्मचारी पीछे गेट से आएंगे और जायेंगे

**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में कल 21 अक्टूबर शनिवार को नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी । विधानसभा सामान्य नामांकन के लिए प्रत्याशियों का संयुक्त जिला कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट से प्रवेश करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन दोपहिया (टू व्हीलर) और चार पहिया वाहन (फोर व्हीलर) आने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिकारी कर्मचारी को कार्यालय के पिछले (पीछे) जिला पंचायत कार्यालय के पास से आने-जाने की व्यवस्था की गयी है।

■ मुख्य गेट से पैदल कर्मचारियों को धारण करना होगा परिचय पत्र
■ कर्मचारी की सुविधा को देखते जारी किया आदेश

अपर कलेक्टर के हस्ताक्षरित जारी आदेश में कहा गया है। कि कार्यालय के मुख्य द्वार से आने जाने वाले पैदल अधिकारी कर्मचारी अपना कार्यालयी परिचय पत्र लेकर प्रवेश करें। ताकि सुरक्षा कर्मियों को प्रवेश देने में असुविधा न हो। कार्यालय के पीछे जिला पंचायत कार्यालय की ओर गेट से आने वाले अधिकारी कर्मचारी भी अपना कार्यालीन परिचय पत्र धारण कर कर ही प्रवेश करें।

# पुलिस आर्ब्जवर ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया

**कवर्धा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस आर्ब्जवर राजेश खुराना ने आज जिला कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के स्ट्रांग रूम का आज शनिवार सबेरे आकास्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे सुरक्षा व्यवस्था सीसी कैमरा की व्यवस्था देखी और वहां आने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के रिकार्ड के लिए बनाई गई निरीक्षण पंजी का भी अवलोकन किया। पुलिस आर्ब्जवर श्री खुराना ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवानों को सुरक्षा की दृष्टि से विड़ियों/ कैमरा सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को कहा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के स्ट्रांग रूम के कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है। स्ट्रॉग रूम में होने वाले समस्त निर्वाचन तैयारियों की सीसी कैमरा से भी निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से 24 घंटे जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। श्री महोबे ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के लिए राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थित में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से सम्बद्ध कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपैट का प्रथम स्तरीय रेण्डमाईजेशन किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋुराज बिसेन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक, सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



# नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा पंडाल व मंदिरों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। अध्यक्ष / जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में च्स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन-2023ज्ज अनुसार प्राधिकरण के पैरालीगल वालिटियर्स द्वारा भद्रकाली मंदिर प्रांगण सिद्धी माता मंदिर, संडी, शीतला मंदिर बेमेतरा, भैरव बाबा मंदिर बेमेतरा, सिद्धी विनायक गणेश मंदिर बेमेतरा एवं अन्य दुर्गा पंडाल मेला व सब्जी मार्केट बेमेतरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित आमजन को कानून की जानकारी प्रदान करते हुये महिलाओं के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, वाहन चालान संबंधी महत्वपूर्ण कानून, नालसा की दस योजनाये, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलओं के लिये संचालित हमर अगना योजना, लोक अदालतों की प्रक्रिया एवं उसके लाभ नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता पीड़ित क्षतिपूर्ति, मोटर यान दुर्घटना दावा अभिकरण, जन चेतना यू-ट्यूब चैनल, सायबर क्राईम, पर्यावरण प्रबंध एवं अन्य उपयोगी कानून के संबंध में जानकारी प्रदान की गई साथ ही पैरालीगल वालंटियर्स द्वारा अलग अलग स्थानों पर लगे मेलों में जाकर आमजन को बताया कि न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य सिविल एवं दांडिक प्रकरणों में आपसी सुलह समझौते से राजीनामा कर प्रकरण को शांतिपूर्वक समाप्त किया जा सकता है। राजस्व न्यायालयों में लंबित खातेदारों के मध्य आपसी बटवारे के मामले वारिसों के मध्य बटवारे के मामले, याददाश्त के आधार पर बटवारों के मामले कब्जे के आधार पर बटवारों के मामले, सुसाधिकार से संबंधित मानले, विक्रय पत्र, दान पत्र वसियतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले का निपटारा सरल तरीके से किया जा सकता है।



# शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन



**बेमेतरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला के वार्ड नं 02 मानपुर के प्रतिष्ठित शिव मंदीर प्रांगण मे दुर्गोत्सव समिती द्वारा नवरात्र के छठमी पर्व पर माता के भंडारा 2बजे से शाम 7 बजे तक आयोजन किया गया जिसमे लगभग 1200 श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्य व सहयोगी नेमसिंह वर्मा , विजय वर्मा ,शांती वर्मा ,सोनु वर्मा ,जितेंद्र वर्मा ,तरुण वर्मा ,रामखेलावन सिन्हा ,तुषार सिन्हा ,मुरली साहु ,टेमचंद वर्मा ,रामप्रसाद वर्मा ,मिथलेश वर्मा ,सागर सिन्हा ,भोला साहु ,मनीष वर्मा ,सुरज वर्मा ,कौशल वर्मा ,ओमप्रकाश वर्मा ,बिजु वर्मा ,लेखु वर्मा ,राजेश वर्मा व अन्य समिती के सदस्य गण।

# चुनाव कार्यालय का उद्घाटन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन

**बालोद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। देवरी बंगला। मार्री बंगला मे आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन एवं चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर गुंडरदेही विधानसभा के प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद जी के मुख्य अतिथ्य मे सम्पप्न हुआ, कार्यकर्ता सम्मेलन मे ब्लॉक कांग्रेस देवरी के अध्यक्ष कोदू राम दिल्लीवार, महामंत्री संजीव चौधरी,जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रशांत बोकड़े, जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, केजू राम सोनबोइर,जीवन कश्यप,ब्लॉक अध्यक्ष नोवल दीप जी,ढाल सिंह ठाकुर, दुर्गा ठाकुर, एवं सैकड़ो की संख्या मे सेक्टर जोन बूथ के अध्यक्ष शामिल हुए और सभी कार्यकर्ताओ ने गुंडरदेही मे फिर से कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद को जिताने का संकल्प लिया, *युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकड़े ने अपने जोशीले भाषण मे कहाँ की इस बार हमें 55000 नहीं 65000 से भी अधिक मतो से श्री कुंवर सिंह निषाद जी को जीता के विधानसभा मे भेजना है।



# किसानों की सरकार कांग्रेस, उद्योगपतियो की भाजपा सरकार तय आपको करना है क्या चाहिए : लालजी चंद्रवंशी



**कवर्धा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडरिया विधानसभा में कांग्रेस का लगातार बैठकों का दौर जारी है। वही शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस पंडरिया द्वारा बैठक आहुति की गई, जिसमें क्षेत्र के सभी वरिष्ट नेताओ सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नीलकंठ बैठक में पहुँच वरिष्ठजनों से भेंट कर आशीर्वाद लिया व सभा को सम्बोधित करते हुए कहा पंडरिया का हर एक किसान हर कांग्रेस का कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है मैं सिर्फ आप लोगो का सेवक हूँ।

वहीं बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लालजी चंद्रवंशी ने कहा कांग्रेस हमेशा से किसानों की चिंता करती है। आज कांग्रेस ने फिर से किसानों की सेवा करने पंडरिया विधानसभा से किसान पुत्र नीलकंठ चन्द्रवंशी को प्रत्याशी बनाया है। हम सब आज इस बैठक के माध्यम से संकल्प लेते है नीलकंठ को अधिक से अधिक मत दिलाकर इन्हें विधानसभा तक पहुँचाना है व फिर से भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार लाना है।

इस बैठक में प्रमुखरूप से लालजी चन्द्रवंशी, विष्णु साहू, तुकाराम चन्द्रवंशी, नवीन जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष, घनश्याम साहू जिला महामंत्री, राधे लाल भास्कर, मनीष शर्मा,रामकुमार ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के तहत 40 गांव में किया वॉल पेंटिंग

■ लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे
■ डाइट के छात्रो द्वारा किया जा रहा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित



**खैरागढ़,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिला के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में मतदाताओं को प्रेरित व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार स्वीप के तहत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। खैरागढ़ डाइट के तहत एनएसएस टीम के द्वारा 40 गावों में जाकर मतदाता जागरूकता का संदेश देकर स्लोगन से वॉल पेंटिंग किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएस राजपूत, संयुक्त कलेक्टर व जिला नोडल अधिकारी स्वीप आभा तिवारी के निर्देशन में नियमित रूप से मतदाताओं को जागरूक कर वोट के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सहायक नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना डाइट के कार्यक्रम अधिकारी के के वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा खैरागढ़ विधानसभा के 40 गांव में वॉल पेंटिंग कर मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। स्वयंसेवकों के द्वारा शासकीय कार्यालय, मतदाताओं के घरों के दीवाल एवं सार्वजनिक जगहों में मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे, स्लोगन लिखकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। वॉल पेंटिंग कैंपेन में विशेष रूप से एनएसएस के स्वयंसेवक अभिनव सोनी, तुषार जांगड़े, सागर वर्मा, गीतांजलि कंवर, क्रांति धुर्वे,प्रीति वर्मा, होमेश्वरी साहू,दामिनी लिलहरिया, मधु वर्मा, शालिनी गेंद्रे, थानेश्वरी सहित अन्य का छात्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

# शहीद पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**बालोद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश की आंतरिक सुरक्षा में कर्तव्य के दौरान शहीद हुए समस्त पुलिस जवानों को बालोद पुलिस द्वारा नमन कर दी गई श्रद्धांजलि। शनिवार को च्पुलिस स्मृति दिवसज्ज के अवसर पर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा शहीद जवानों के शिक्षा प्राप्त संस्थान स्कूल कॉलेज तथा सभी शहीदों के स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक एवं छात्रों समेत वीर रणबांकुरों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई व शहीदों के परिवारजनों से मिलकर उनका हालचाल पूछा गया।



# विधायक दलेश्वर साहू का गांव-गांव में हो रहा जोशीला स्वागत

**डोंगरगांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगांव विधानसभा के सबसे चित परिचित चेहरे के रूप में किसान पुत्र के रूप में जन जन के प्रिय विधायक दलेश्वर साहू लगातार चुनावी दौरे पर है उनकी खासियत है कि वह जहां जाते हैं उन्हें ग्रामीणों के बीच हो जाते हैं यही कारण है कि कद्दावर लोगों को भी उन्होंने चुनाव में शिकस्त दी और विधानसभा में दो बार अपनी बेहतरीन जीत दर्ज कराई आज विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव के ग्रामजामसरार, मलईडबरी, टप्पा, गाताटोला, माहुलझोपड़ी, पथराटोला, तिलईरवार, खमहेरा, सांगीनकछार, विचारपुर नवागांव, मोतीपुर, हीरापुर, गोविंदपुर, मक्कटोला, लालबहादुरनगर, भरकाटोला, धनडोंगरी में पहुंचकर जनसंपर्क किया जहां ग्रामवासियों द्वारा विधायक साहू का दमदार जोश से स्वागत किया। रवि शुक्ला मिडिया प्रभारी ने बताया है कि विधायक अपने जनसंपर्क में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का देश में पहचान दिलाने का श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



को देते हुए कांग्रेस सरकार की उपलब्धि गिनाई और ग्रामवासियों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर पुन:छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने का अनुरोध किया। विधायक साहू के साथ ब्लॉक अध्यक्ष चेतन दास साहू व हीरा सोनी, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह व जोन प्रभारी शिव कुमार सेन, राजकुमार साहू, सेक्टर प्रभारी बिसंभर साहू, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठजन, व सभी विंग के पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता गण शामिल रहे।

# अज़ीज़ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नेशनल साइंस टैलेंट सर्च - 2023 में हासिल किया टॉप 2 का स्थान

**राजनांदगांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अज़ीज़ पब्लिक स्कुल के कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राएं उड़ीसा - बहरमपुर के नेशनल इंस्टीटयूड ऑफ़ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित किये गए साइंस टैलेंट सर्च - 2023 में टॉप-2 में जगह बनाने में कामयाब हुए नेशनल इंस्टीटयूड ऑफ़ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी की ओर से संचालित किये गये इस टैलेंट सर्च

कॉम्पिटिशन का उद्देश्य एजुकेशन, एग्रीकल्चर, साइंस और टेक्नोलॉजी से जुड़े नए आईडियास को मंच

देने था7राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में देश के कई क्षेत्रों से 18 स्कूल्स के 500 से अधिक बच्चों हिस्सा लिया था 7 इन्हीं प्रतिभागियों में से अज़ीज़ पब्लिक स्कुल की च्टीम विधाज्ञ ने सभी राउंड्स को पार करते हुए 6 फाइनलिस्ट में जगह बनायीं और फाइनल राउंड में एग्रीकल्चर विषय में टॉप 2 की पोजीशन सुरक्षित की। टीम को इस उपलब्धि के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह और 50,000 रु. का



नगद पुरुस्कार मिला।

गौरतलब है कि देश की अग्रणी पोल्ट्री कंपनी आईबी ग्रुप कर्मचारियों के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए च्सुनहरे कलज्ञ नाम के लर्निंग प्रोग्राम की शुरुआत की थी जिसमें इसी टीम ने नए आईडिया से जुड़े एक कॉम्पिटिशन में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था।।

आईबी ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अंजुम अल्वी और पूर्व प्रोफेसर व ट्रस्टी अज़ीज़ मेमेरिअल ट्रस्ट डॉ रुबीना अल्वी ने उड़ीसा से लौटी पूरी टीम का स्वागत किया। इस उपलब्धि पर उन्होंने ने कहा कि बच्चों के साथ मैं उनके टीचर्स और पैरेंट्स की भी सराहना करूँगी जिनके सहयोग से बच्चे इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाये।

आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, अज़ीज़ स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ एवं सभी डायरेक्टर्स ने छात्रों के इस प्रदर्शन पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

# डॉ रमन ने राजनांदगांव के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष तथा चुनाव संचालक मधुसूदन यादव ने आज यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने 15 साल के शासन के दौरान पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। डॉ रमन के नेतृत्व में इस प्रदेश में काफी विकास कार्य हुए। एक ओर जहां सड़कों का जाल बिछा, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सुविधाएं काफी उन्नत हुई। उन्होंने कहा कि डॉ रमन को भाजपा ने एक बार फिर राजनांदगांव से अपना प्रत्याशी चुना है। डॉ रमन का कार्यकाल हमने देखा है।

- मेडिकल कॉलेज जैसी उपलब्धि डॉ रमन के प्रयास से ही संभव

श्री यादव ने कहा कि डॉ रमन ने राजनांदगांव के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। मेडिकल कॉलेज जैसी उपलब्धि डॉ रमन के प्रयास से ही संभव हो पाई।आवागमन की सुविधा मिली और सड़कें चमाचम हुई। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नई सड़क बनी। बारिश के समय जो गांव जिला मुख्यालय से कट जाते थे उन गांव के पास उच्चस्तरीय पुलियों का निर्माण हुआ। अब हुए गांव जिला मुख्यालय से बारिश के दिनों में नहीं कटते और ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध है। डॉ रमन सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम का पुनः निर्माण करवाया। खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए उन्होंने अनेक प्रयास किये।

पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव के विधायक के रूप में यहां के लोगों की समस्या के निवारण के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया। इसके अलावा यहां स्थाई कार्यालय डालकर लोगों की समस्या दूर करने का प्रयास किया। उनके कार्यकाल में छत्तीसगढ़ पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पीडीएस प्रणाली के लिए पहचान गया जिसका अनुकरण अन्य प्रदेश भी किए। श्री यादव ने कहा कि डॉ रमन सिंह एक बार फिर हमारे बीच भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में है और हमें क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें सशक्त बनाना होगा तथा इस चुनाव में उन्हें भारी मतों से विजय श्री दिलाना होगा।

# नंबर प्लेट, प्रेशर हार्न, शराब सेवन, तीन सवारी, बिना कागजात वाहनों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही

**राजनांदगांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। 21 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, निरीक्षक कौशलेश देवांगन एवं यातायात टीम द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को मद्देनजर रखते हुए शहर के मुख्य चौक-चौराहो में लगातार वाहन चेंकिंग की कार्यवाही की जा रही है। चेकिंग कार्यवाही के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 91 वाहन चालकों विरूद्व मो.व्ही.एक्ट की कार्यवाही कर 27500/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। जिसमें 19 वाहन चालको पर नंबर प्लेट में नंबर न लिखा होना या स्पष्ट नंबर न लिखा होना, 04 वाहनों में प्रेशर हार्न एवं 02 शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही किया गया है। इसके अलावा तीन सवारी, वाहनों का कागजात नही होना, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर मो.व्ही.एक्ट तहत कार्यवाही किया गया।यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# कांग्रेस प्रत्याशी इंद्रशाह मंडावी का मोहला-मानपुर विकासखंड के धुर वनांचल क्षेत्र मे जनसंपर्क जारी

मोहला मानपुर, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। वनांचल क्षेत्र बसेली, सहपाल, कारेकट्टा, मदनवाड़ा, हुरेली, सीतागांव, फुलकोड़ो, ढोढ़री, कंदाड़ी, काड़े में किया धुंआधार जनसंपर्क, सरकार की योजनाएं बताकर मांगा जीत का मत विधायक मोहला-मानपुर इन्द्रशाह मंडावी संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन तथा कांग्रेस पार्टी के मोहला मानपुर विधानसभा हेतु लोकप्रिय अधीकृत प्रत्याशी ने मंगलवार को मोहला विकासखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया इस दौरान वे लगातार लोगों से मिलते जुलते रहे। उन्होंने पिछले 5 साल में छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताया एवम कहा की भुपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है। मोहला मानपुर विधानसभा में मुख्यमंत्री जी के आशीर्वाद से क्षेत्र के जनता के मांग के अनुरूप जिला, तहसील, नवीन स्कूल, स्कूल भवन, हॉस्पिटल, सड़क, पुल पुलिया, भवन निर्माण जैसे अनेकों कार्यों का सौगात दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना सभी दिशाओं में कांग्रेस की सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों का कर्जा माफ किया, बिजली बिल हॉफ किया। लघु वनोपज का समर्थन मूल्य का खरीदी, तेंदूपत्ता, कोदो, कुटकी, रागी का समर्थन मूल्य पर खरीदी, बैगा, गुनिया, सिरहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शासकीय कर्मचारी तथा दाई दीदी क्लिनिक, धनवंत्री दवाई योजना जैसे कार्य के दम पर कांग्रेस पुन: सरकार बनाने जा रही है। आप सभी लोकतंत्र के प्रमुख त्योहार 7 नवंबर मतदान के दिन अपने घर से निकले एवम अपने मत अवश्य प्रयोग करे।



इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लच्छू साबले, मंडी अध्यक्ष अवध चुरेंद्र, जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, श्रवण बढ़ाई, रामप्रसाद भूआर्य, संपत शेंडे, प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी देवानंद कौशिक, जयंती तारम, अजीत खान, बशीर खान, राजा मंडावी, अमृत सोरी, धरमू दुग्गा, देव जी धुर्वा, प्रेम नेताम, नवल भैंसारे, जीतेश चौड़िया, चिंतेष अमिला, अशोक मंडावी, रशीद खान, अनिल नेताम, झम्मन पुसारे, गंभीर घुरवे, रूपचंद अमिला, मिथलेश धलेंद्र, दीनू चौड़िया, सेवा राम तुलावी ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में धुंआधार जनसंपर्क किया

# अंडर- 19 छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम क्वार्टर फायनल में

## विकल्प तिवारी का शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित विनू मांकड़ ट्राफी (अंडर-19) में विकल्प तिवारी के शानदार प्रदर्शन के दम पर ही छत्तीसगढ की टीम (अंडर-19) पहली बार चार्टर फायनल में प्रवेश किया है। छत्तीसगढ़ का चाटर फाइनल मैच 24 अक्टूबर को इंदौर में हरियाणा से है। इससे पहले पांडिचेरी में खेले गए लीग मैच जिसमें छत्तीसगढ़ का मुकाबला सौराष्ट्र, गोवा, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा से हुआ, जिसमें पांच मैच, राजस्थान को छोड़कर बाकि चार जीत दर्ज कर अंक तालिका में पहले स्थान पर बने रहने पर सीधे चार्टर कायनल में प्रवेश किया। लीग मैचों में विकल्प तिवारी ने बैटिंग करते हुए अरुणाचल प्रदेश के विरुद्ध 107 रन, अगले मैच में शानदार दूसरा शतक, गोवा के विरुद्ध (105) किया। गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए अरुणाचल के चार विकेट प्राप्त किए। दो लीग मैच मे मेन ऑफ द मैच रहे। वर्ल्ड कप की अंदर 19 की टीम बन रही है, उसमें विकल्प तिवारी के चयन होने की संभावना है। विकल्प तिवारी के शानदार प्रदर्शन करने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुशील कोठारी, सचिव श्री योगेश बागड़ी, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश जैन व सभी सम्मानित पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई दी व विकल्प के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।




# विजय शर्मा ने किया वनांचल क्षेत्र में जनसम्पर्क

**कवर्धा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ने बोड़ला ब्लाक के सुदूर वनांचल ग्राम दलदली, सिंघारी, बैजलपुर, भोंदा सहित दर्जनों ग्रामो में जनसंपर्क किया। इस दौरान बैगा, आदिवासी भाइयों, बहनों ने विजय शर्मा का जमकर स्वागत किया। जनसम्पर्क के दौरान नुक्कड़ सभा का आयोजन भी किया गया। प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार वनांचल पहुँचे विजय शर्मा का कार्यकर्ताओं ने भी जमकर स्वागत किया।



इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा वनांचल में भी अंतिम छोर में बसे गाँव से लेकर मैदानी क्षेत्र तक वर्तमान विधायक से मुक्ति के लिए लोग बैचेन है, मैदानी क्षेत्र के आस पास कोई घटना घटती है तो थोड़ा बहुत पता चल भी जाता है पर वनांचल क्षेत्रो में भी दबाव की राजनीति का असर है। उन्होंने कहा चुने हुए जन प्रतिनिधि पंच, सरपंचों को धारा 44 में बर्खास्त करने की धमकी और गीदड़ भपकियो के भरोसे मो अकबर ने 5 वर्ष काटे है। मो अकबर के दबाव की राजनीति का असर बैगा, आदिवासी भाइयों के बीच है मुझे प्रेम करते है कई भाई सरपँच आके बताते थे किसी को जेल की धमकी देकर कांग्रेस प्रवेश करा रहे है तो किसी को पद से हटा देने की धमकी देकर।

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल मे सुदूर वनांचल में जो विकास की गति पकड़ी थी वो इन 5 सालों में अवरुद्ध हुआ। गरीबो का आवास उन तक पहुँच नही पाया। दलदली बन्द होने से भी रोजगार के अवसर कम हुए। सीएसआर मन्द से भी विकास होता वह भी नही हो पाया।

उन्होंने कहा जिसप्रकार रात के 10 बजे 11 बजे तक ग्रामीणों का उत्साह दिख रहा है यह ऊर्जा देता है और बताता है मुक्ति संग्राम में जनता विजय बनकर चुनाव लड़ रही है।

इस दौरान भाजपा के विदेशी राम धुर्वे, मंडल अध्यक्ष काशीराम उइके, बरसाती राम, विजय पाटिल, मनीराम साहू, रामविलास चंद्रवंशी, नमन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 16 अभ्यर्थी विधिमान्य एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 21 अभ्यर्थी विधिमान्य

**कवर्धा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्वाचन अधिसूचना अनुसार आज शनिवार को कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अजय कुमार गुप्ता, पंडरिया रिटर्निंग ऑफिसर श्री संदीप ठाकुर, कवर्धा रिटर्निंग ऑफिसर श्री पी.सी.कोरी एवं अभ्यर्थी तथा उनके प्रस्थापक की उपस्थिति में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा हुई। विधिमान्य अभ्यर्थी एवं निरस्त नाम निर्देशन पत्रों की सूची संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष के सामने सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र 71 के लिए कुल 24 अभ्यर्थियों द्वारा 42 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे। नाम निर्देशन संवीक्षा के दौरान 16 अभ्यर्थी विधिमान्य पाए गए। विधिमान्य अभ्यर्थियों में चमेली कुर्रे (आम आदमी पार्टी), चैतराम राज (बहुजन समाज पार्टी), नीलकंठ चंद्रवंशी(इंडियन नेशनल कांग्रेस), भावना बोहरा (भारतीय जनता पार्टी), रवि कुमार चंद्रवंशी(जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे.), कमल बांधे (राष्ट्रीय जनसभा पार्टी), संदीप तिवारी राज (भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी), अलिन्द कुमार साहू (निर्दलीय), ओंकार साहू (निर्दलीय), थानेश्वर चन्द्राकर (निर्दलीय), परदेशी राम बांधड़े (निर्दलीय), मीना बाई चन्द्रवंशी (निर्दलीय), रेखा साहू (निर्दलीय), सच्चिदानंद कौशिक (निर्दलीय), सत्यप्रकाश बौद्ध (निर्दलीय), हरेन्द्र कुमार डाहिरे (निर्दलीय) है।

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र 72 के लिए कुल 27 अभ्यर्थियों द्वारा 44 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे। नाम निर्देशन संवीक्षा के दौरान 21 अभ्यर्थी विधिमान्य पाए गए। विधिमान्य अभ्यर्थियों में अकबर खान (बहुजन समाज पार्टी), खड़गराज सिंह (आम आदमी पार्टी), मोहम्मद अकबर (इंडियन नेशनल कांग्रेस), विजय शर्मा (भारतीय जनता पार्टी), सुनील केशरवानी (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे.), परसादी लाल कुम्हरे (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), अजय पाली (निर्दलीय), पुष्पलता जोशी (निर्दलीय), प्रकाश लहरे (निर्दलीय), बिन्देश्वरी चन्द्रवंशी (निर्दलीय), बृजलाल देवांगन (निर्दलीय), रामजी मेरावी (निर्दलीय), रामलोचन (निर्दलीय), रामेश्वरी धुर्वे (निर्दलीय), लक्ष्मी सत्यवंशी (निर्दलीय), लाखन सिंह उर्फ लखन सिंह (निर्दलीय), लालचंद साहू (निर्दलीय), विपिन साहू (निर्दलीय), शिवनाथ निषाद (निर्दलीय), शिवप्रसाद चंद्रवंशी (निर्दलीय), सच्चिदानंद कौशिक (निर्दलीय) है।

# कांग्रेस की योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत, किसान हुए खुशहाल: गिरीश देवांगन

- भाजपा राज में कमीशन के लिए बनती थी योजनाएं
- शहरी ग्रामीण वार्ड हल्दी, मोहड़, सिंगदई व मोहारा में हुआ जनसंपर्क

**राजनांदगांव,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्राम भानपुरी इंदामरा धनगांव सुकुल दैहान बम्हनी एवं दिनांक 21 अक्टूबर को शहर के ग्रामीण वार्ड हल्दी मोहड़, सिंगदई व मोहारा में जनसंपर्क कर अपने एवं कांग्रेस सरकार के पक्ष में जन समर्थन मांगा बुजुर्ग, महिलाएं युवा साथियों से जीवंत संपर्क करते हुए अपने पक्ष में जन समर्थन मांगा जन समर्थन के दौरान किसानों से चर्चा करते हुए गिरीश देवांगन ने कहा कि 15 वर्षीय भाजपा के कुशासन में राज्य सहित राजनांदगांव के किसानों के साथ जो अन्याय भाजपा की सरकार ने किया जैसे छग के किसानों का धान प्रति एकड़ 10 चिंटल खरीदने का फरमान जारी कर अन्नदाताओं के मेहनत पर चोट किया था तब कांग्रेस ने सड़क की लड़ाई लड़ते हुए जन आंदोलन किया परिणामतह रमन सरकार को कांग्रेस के किसान हितैषी आंदोलन के आगे झुकना पड़ा और 15 चिंटल धान खरीदने पर विवस हुई धान का समर्थन मूल्य 2100 रु और 300 रु बोनस देने की बात करने वाली भाजपा 2014 में डबल इंजन सरकार बनने के बाद भी इस पर कोई अमल न कर किसानों को उनके वाजिब हक से वंचित किया था छ ग में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार आने के बाद 18.82 लाख किसानों का 9270 करोड रुपए का कृषि ऋण माफ किया 344 करोड रुपए के लंबित सिंचाई कर माफ किया गया 12000 करोड रुपए सिंचाई पंप पर बिजली की बचत की गई वहीं भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता के रूप में 758 करोड रुपए का भुगतान किया गया यह सभी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के किसान हितैषी नीतियों का



परिणाम है रमन राज में किसान कर्ज के तले आत्महत्या करने पर मजबूर होते थे और भाजपा सरकार उनकी मृत्यु को शराब सेवन से मौत की बात कर उनका अपमान करती थी आज पूरे देश में सबसे अधिक मूल्य में धान खरीदी की जा रही है। और प्रति एकड़ 20 चिंटल धान खरीदने के बाद कांग्रेस सरकार ने कर छत्तीसगढ़ के किसानों की मेहनत का सम्मान किया है छत्तीसगढ़ किसानों के सम्मान और अस्मिता के लिए मैं आप सब के समक्ष प्रत्याशी के रूप में उपस्थित हूं एवं आप लोगों का जन समर्थन कांग्रेस को मिले ताकि छत्तीसगढ़ जो है धान का कटोरा वह सही रूप में चरितार्थ हो सके।

कांग्रेस मीडिया सेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसंपर्क अभियान के दौरान वार्ड में मंदिरों एवं पंडलों में विराजित माता की प्रतिमाओं में पूजा अर्चना की। इस प्रमुख रूप से कमलजीत सिंह पिन्टू, सुदेश देशमुख, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, हरिनारायण धकेता, अमित चंद्रवंशी, हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, कुतबुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, पदम कोठारी, दिनेश शर्मा, रूबी गरचा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, युकां अध्यक्ष गुरभेज माखीजा, शरद खंडेलवाल, विरेन्द्र चंद्राकर, सचिन टूरहाटे, भोजराज भेलावे, पार्षद दुलारी साहू, केवल साहू, विनय झा, चंद्रकला देवांगन, लक्ष्मण साहू, मुकेश साहू, हितेश साहू, सीताराम श्रीवास, खेमचंद साहू, अंगेश्वर साहू, मुक्कु वैष्णव, सुनील पिल्ले, गोंविद साहू, ताराचंद साहू, राकेश चंद्राकर, मीनाक्षी चंद्राकर, शरद पटेल, महेश साहू, सरिता प्रजापति, प्रतिमा बंजारे, एजाज अंसारी, राकेश जोशी, डा.अरूण देवांगन, खैरूनिशा, फराह खान, अवधेश प्रजापति, सुरेन्द्र देवांगन, संगीता साहू, रीना पटेल, गेमू कूंजाम, बबलू कसार, मुस्तफा जोया, आरबी मिश्रा, खिलेश्वर पाल, संजय साहू, राजा यादव, संदीप जायसवाल, शिवम चौधरी, आशीष सोनकर, डा.कुमार, राहुल देवांगन, शैलेष रामटेके, कुशल रजक, अमित कुशवाहा, विष्णु सिन्हा, राजिक सोलंकी, चेतन भानुशाली, बूथ अध्यक्ष अनिल सिन्हा, श्रीमती सरोज प्रधान, स्वतंत्रदास साहू, मदन साहू, रूपेश साहू, तेनसिंह साहू सहित बूथ अध्यक्ष सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहें।

### आज बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर में जनसंपर्क रैली....

कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन 22 अक्टूर रविवार को उत्तर ब्लॉक के क्षेत्र बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 01 में सुबह 9 बजे पानी टंकी के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क की शुरूआत करेंगे जो वार्ड का भ्रमण करते हुए दिवानटोला वार्ड नं. 02 होते हुए मोतीपुर वार्ड नं. 03 चंदन नगर, अम्बेडकर चौक, होते हुए वार्ड नं. 08 मोतीपुर गणेश पारा होते हुए रामनगर में जनसंपर्क रैली के माध्यम से वार्डवासियों से अपने पक्ष जनसमर्थन मांगेगे।

उल्टा पुल्टा

टीचर- विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं.
चिंटू- मास्टर जी, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है.



# 410 लीटर हाथभट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब जप्त



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबकारी आयुक्त सह सचिव महादेव कावरे के निर्देश के तारतम्य में उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर अनिमेष नेताम एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी विभाग के द्वारा घटमडवा डेरा के बाहर 410 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब जप्त की गई वहीं 500 किलो ग्राम महुआ लाहन भी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखंड के ग्राम घटमडवा साबरिया डेरा में महानदी के किनारे भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है व आसपास के क्षेत्रों में विक्रय किये जाने की सूचना की पुष्टि होने पर आबकारी टीम ग्राम घटमडवा पहुंचे। वहां जांच कार्यवाही के दौरान डेरा के बाहर जंगल क्षेत्र में बड़े बड़े गड्ढे खोदकर जूट के बोरे व पॉलीथीन की बड़ी झील्लीयों में महुआ लाहन को पानी में सड़ने के लिए डाला गया था। महुआ लाहन की कुल मात्रा लगभग 3500 किलो ग्राम एंव नीले तथा सफेद रंग के प्लास्टिक के जरीकेन मे भरकर छिपाया गया लगभग 270 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया। कच्ची महुआ शराब को कब्जा कर एवं आबकारी विभाग ने लेकर महुआ लाहन का विधिवत नष्टीकरण किया गया।

**5000 किलो महुआ लाहन भी बरामद**

इसी प्रकार आबकारी विभाग ने एक अन्य ग्राम भैंसा मुड़ा में गांव के बाहर स्थित तालाब में भारी मात्रा में महुआ लाहन को सड़ने के लिए डाला गया है एवं बड़े पैमाने पर कच्ची महुआ शराब बनाई जाती हैं सूचना के आधार पर बताए हुए स्थान में पहुंचकर विधिवत तलाशी ली गई तलाशी में तालाब के किनारे 05 चढ़ी हुई भट्टी जिनसे महुआ शराब बनाया जा रहा था एवम वहा पर 07 प्लास्टिक जरीकीन प्रत्येक में भारी 20-20 लीटर कुल मात्रा 140 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा बोरियों के अंदर महुआ लाहन को भरकर तालाब के पानी के अंदर सड़ने के लिए डाला गया था। महुआ लाहन की मात्रा लगभग 1500 किलो ग्राम को बरामद किया गया। कच्ची महुआ शराब एवं महुआ लाहन को विधिवत नष्टिकरण किया गया है। उक्त दोनों प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1) (क) (च) 34(2) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की पतासाजी की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक, मनराखन नेताम, जैलेश सिंह एवम आबकारी प्रधान आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, मदनलाल ध्रुव, मिर्जा जफर बेग, नगर सैनिक दुर्गा ध्रुव, शीतलयादव, तामेश्वर ध्रुव तथा ड्राइवर रामदुलार पटेल का विशेष योगदान रहा।

# महानदी में मिली बच्चे की लाश, क्षेत्र में फैली सनसनी



**नवापारा राजिम,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के बेलाहीघाट पुल के नीचे महानदी में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची। मामला नवापारा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार नवापारा-मगरलोड को जोड़ने वाली महानदी बेलाही पुल के नीचे शनिवार शाम को एक बच्चे की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। लाश मिलने की सूचना इलाके में आग की तरह फैल गई। पुल पर देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है। लाश तीन-चार दिन पुरानी बताई जा रही है। बच्चे की उम्र 5 से 7 साल के बीच होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस द्वारा शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पुलिस आसपास थानों के गुमशुदगी की रिपार्ट पता कर रही है। वहीं आसपास गांव में भी लाश की फोटो सर्कुलेट कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह पता चल पाएगा। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नव उमंग ग्रुप द्वारा हो रहा भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन



**नवापारा राजिम,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नव उमंग ग्रुप के द्वारा भव्य तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन नगर के हृदय स्थल हरिहर हाई स्कूल / स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में दिनांक 20 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

आयोजन के प्रथम दिन मुख्य अतिथि की रूप में नगर के वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर राजेंद्र गदिया, प्रेरक वक्ता श्रीमति भावना यश अग्रवाल, पालिका सभापति संध्या राव उपस्थित हुए एवम नव उमंग ग्रुप को इस विशेष आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

# पुलिस स्मृति दिवस पर बिरकोनी स्कूल के भूतपूर्व छात्र शहीद घनश्याम को दी श्रद्धांजलि



**महासमुंद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर को शासकीय उमावि बिरकोनी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विद्यालय के भूतपूर्व छात्र वीर शहीद घनश्याम कन्नौजे को शाला परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सर्वप्रथम शहीद घनश्याम कन्नौजे के प्रतिमा में प्राचार्य करण सिंह सोरी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि के तौर पर हेमलाल निषाद एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके पश्चात शहीद घनश्याम कन्नौजे के वीरगाथा का वाचन कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के बच्चों के द्वारा भी वीर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक राजेश सोनी, वरिष्ठ व्याख्याता के एल साहू, सी आर अग्रवाल, निर्मला कुजूर, करुणा चंद्राकर, लता राजन, रंजीता दुबे, तारामती साहू, गीता दसरवार, रिचा पांडेय, लक्ष्मण मानिकपुरी, सुरेश कुमार गुप्ता, गजानन चंद्राकर, सुनीता देवांगन, हेमलता चंद्राकर, सौरभ साहू, मुकेश ध्रुव, उषा साहू एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

# केसरवानी समाज द्वारा गरबा उत्सव आयोजित



**बलौदाबाजार,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसरवानी समाज महिला सभा बलौदाबाजार द्वारा एक्स्ट्रॉऑर्डिनरी स्कूल के प्रांगण में डांडिया उत्सव मनाया गया। बहुत ही हर्षो उल्लास एवं पारंपरिक तरीके से तीनों सभाओं द्वारा मिलकर माता रानी के दरबार में डांडिया उत्सव मनाया। समाज की सभी महिलाओं ने बंगाली वेशभूषा मैं डांडिया नृत्य किया जहां बच्चों ने खूबसूरत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश सभा अध्यक्ष श्रीमती विभा केसरवानी, बलौदाबाजार नगर सभा अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरवानी, महामंत्री प्रेम नारायण, महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती रजनी राज नारायण केसरवानी, महामंत्री श्रीमती मनीषा नरेश, तरुण सभा अध्यक्ष नितेश, महामंत्री आशीष एवं नगर सभा महिला सभा तरुण सभा के सभी वरिष्ठगण संरक्षक गण पदाधिकारी मौजूद थे। समाज के सभी सामाजिक बंधु, बहनें भी शामिल थे। माता रानी के दरबार में माता रानी का प्रसाद स्वरूप भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। एक्स्ट्राऑर्डिनरी स्कूल के संस्थापक अशोक तिवारी को समाज द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# परियोजना निर्माण में स्कूली बच्चों ने दी बेहतरीन प्रस्तुति



**महासमुंद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अन्तर्गत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुन्द में जिला स्तरीय परियोजना निर्माण के प्रस्तुतिकरण हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में जिला से कुल 55 प्रतिभागी शामिल हुए। परियोजना के मुख्य कथानक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना अंतर्गत 5 उप कथानक पर प्रतिभागियों द्वारा परियोजना निर्माण कर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी के मार्गदर्शन, नंदकिशोर सिन्हा, सतीश नायर सहायक संचालक के सहयोग एवं हेमेन्द्र आचार्य जिला समन्वयक, जगदीश सिन्हा जिला संयोजक विज्ञान परिषद, डॉ संध्या चन्द्राकर अकादमिक समन्वयक की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में कन्या स्कूल बिरकोनी, बेलसोंडा, सेजस पिथौर, सेजस पटेवा, खुटेरी, लहंगरए झाराए सेजस नया पारा इत्यादि स्कूल के छात्र छात्राये उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में चमन चन्द्राकर उप प्राचार्य सेजस हिंदी महासमुन्द, सुबोध तिवारी सहित जिले भर से उपस्थित मार्गदर्शक शिक्षक परस राम सिन्हा, हेमलता कंवर, रूखमणी साहू, मेघ राम साहू, रणजीतसिंह, निहारिका यादव, दुर्गेश साहू, नरसिंह पटेल, केशव दीवान, हितेश्वर ध्रुव, प्रियंका राठौर, सुनीता बंजारे उपस्थित रहे।

# नगर में जगह-जगह विराजी मां जगदंबा, पंडालों में चल रही भव्य पूजा-अर्चना



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदेय नवरात्र में नगर में जगह-जगह जगत जननी मां जगदंबा की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। कसडोल नगर के महामाया मंदिर, चंडी मंदिर एंव बगदेवी मंदिर के दरबार में रोज हजारों श्रद्धालु पहुंचकर माथा टेक रहे हैं। इसके साथ ही नवरात्र पर कसडोल नगर में 20 से अधिक जगहों पर पंडाल लगाकर मां दुर्गा की स्थापना की गई है जहां 24 घंटे भजन कीर्तन का अनवरत आयोजन हो रहा है। मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्रि में चारों ओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है, देवी मंदिरों समेत जगह-जगह पंडालों में विराजी मां जगदंबा की प्रतिमाओं का अनावरण पूजा पाठ किया जा रहा है। सुबह से ही मां के दरबार में श्रद्धालुओं का मेला लगा है जहां श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के बाद मन्नते मांग रहे हैं।

**मां बगदेवी के दरबार में गूंज रहे जयकारा**-कसडोल नगर के बाजार समीप विराजी मां बगदेवी के दरबार में सुबह से ही भक्तों के दरबार में भक्तों का तांता लगा हुआ है। मां के दर्शन व पूजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग जाती है जो लगातार देर रात होते तक चलती रहती है। भक्तजन माता का दर्शन करने के बाद भंडारे का आयोजन कर रहे हैं, जहां श्रद्धालु व भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

**महामाया में श्रद्धालुओं का हुजूम**-नगर के हृदय स्थल पर विराजी मां महामाया की पूजा अर्चना के लिए हर साल की भांति इस साल भी नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यहां भी सुबह से ही श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए होड़ मची रहती है। मंदिर प्रबंधक द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस साल विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना ना पड़े मंदिर में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम लगा रहता है। श्रद्धालु मां का दर्शन करने के बाद पूरे मंदिर परिसर में जल रही जोतो की दर्शन कर प्रणाम कर रहे हैं।

**चंडी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना**-कसडोल नगर की वार्ड 9 में विराजी माता चंडी की मंदिर में भी भक्तों का तांता लग रहा है यहाँ नवरात्र के पहले दिन से ही दूर दूर से लोग आकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। यहाँ मां चंडी माता की विशेष मान्यता भी है जिससे लोग प्रदेश के कोने-कोने से लोग आकर मां के दरबार में मन्नतें मांगते हैं मां के दरबार में इस साल भी श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना के लिए विशेष इंतजाम किए हैं इसी प्रकार या देवी माता मंदिर में भी मां के दर्शन के लिए रोज लोग हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं।

**दुर्गा पंडालों में पूजा अर्चना**-कसडोल नगर में 20 से अधिक जगहों पर हर साल की भांति इस साल भी दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना की गई है जिसमें माता रानी नवयुवा दुर्गा समिति पुराना थाना, माँ दुर्गाउत्सव समिति मेंन रोड़, नव युवा मित्र मंडल दुर्गा उत्सव समिति सिरपुर रोड, युवा शक्ति दुर्गोत्सव समिति गौरव पथ, नवयुवा दुर्गोत्सव समिति इंदिरा कालोनी, जय माता दी दुर्गाउत्सव समिति कॉलेज रोड, विद्या नवदुर्गा उत्साह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# व्यय प्रेक्षक ने लिया नोडल अधिकारियों की बैठक



**धमतरी,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 सिहावा, 57 कुरुद और 58 धमतरी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक पी चंद्रशेखर बाबू ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने चुनाव की तैयारियों से जुड़े सभी गतिविधियों की जानकारी दी।

**निगरानी हेतु बनाये गए विभिन्न कक्षों का किया निरीक्षण**

व्यय प्रेक्षक ने जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही जिला पंचायत में स्थापित लेखा टीम, वीवीटी, एमसीएमसी आदि का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मधुलिका सिंह, आबकारी, परिवहन सहित निर्वाचन हेतु गठित विभिन्न निगरानी समितियों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# नाम निर्देशन के पहले दिन 12 व्यक्तियों ने लिया फार्म

**महासमुंद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नाम निर्देशन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन के पहले दिन जिले से कुल 12 व्यक्तियों ने नाम निर्देशन फार्म लिए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 42.महासमुंद के लिए 05, 41.खल्लारी के लिए 06 एवं 40.बसना के लिए एक व्यक्ति ने जिला निर्वाचन कार्यालय के नाम निर्देशन कक्ष से नाम निर्देशन पत्र लिया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पहले दिन महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से जय कोसरिया निर्दलीय, श्रीमती डेजी रानी नेताम गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, श्रीमती किरण धृतलहरे निर्दलीय, पंकज साहू निर्दलीय एवं अशोक कुमार छत्तीसगढ़ समाज पार्टी से नाम निर्देशन पत्र लिया।

**नाम निर्देशन पत्र लेने और जमा करने की प्रक्रिया शुरू**

इसी तरह खल्लारी विधानसभा अंतर्गत चम्पा लाल पटेल निर्दलीय, सुखनंदन देशकर निर्दलीय, ईश्वर मारकंडे निर्दलीय, संतोष कुमार बंजारे निर्दलीय, सुफल साहू बसपा गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, श्रीमती अल्का चंद्राकर भारतीय जनता पार्टी व विधानसभा बसना अंतर्गत मनोज कुमार अग्रवाल निर्दलीय ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

# विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति धूम धाम से शक्ति साधना के रूप में मनाया नवरात्रि पर्व



**बलौदाबाजार,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति जिला एवं नगर इकाई ने शारदीय नवरात्र के पवित्र दिनों में दुर्गा माँ की आराधना पूजा अर्चना कर शक्ति साधना का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की माताओं बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों देवी स्तुति भक्ति गीत कत्थक शिव तांडव चौतन्य झांकी की प्रस्तुति दी। साथ ही मातृशक्ति की देवी स्वरुप माताओं बहनों ने दुर्गा चालीसा का पाठ करते हुए अपने रक्त से शस्त्र पूजन कर यह संदेश दिया की आवश्यकता पड़ने पर भारत की नारियां दुर्गा भवानी बनकर झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती, महारानी पद्मावती की तरह परिवार समाज और राष्ट्र की रक्षा एकता अखंडता के लिए अपने वीर सपूतों के साथ अपने भी रक्त बहा सकती हैं।

**माताओं बहनों ने अपने रक्त से तिलक कर किया शस्त्र पूजन**

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ भवानी के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप के मुख्य अतिथि महंत वेदप्रकाश महाराज प्रमुख रामकुंड मठ विश्व हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ प्रान्त धर्माचार्य सहप्रमुख एवं मुख्य वक्ता मातृशक्ति प्रान्त संयोजिका दीदी सरिता यादव, विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, जिला मंत्री राजेश केशरवानी द्वारा पुष्पवर्षा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। ततपश्चात् अतिथियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। सभा में उपस्थित मातृशक्तियों को सम्बोधित करते हुए महंत वेदप्रकाश जी महाराज ने देवी के नौ स्वरूपों एवं नौ दिनों के पूजन की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए आज के परिवेश में धर्मांतरण लव जिहाद जैसी विधर्मी षड्यंत्रों से अपने परिवार समाज गांव नगर की बच्चियों को बचाने एवं परिवार समाज में संस्कार तथा शक्ति का संचार कर पौरुष से परिपूर्ण समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करने का आह्वान किया। दीदी सरिता यादव ने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति के एकजुट होने एवं संगठन से जुड़कर हिन्दू समाज को एवं राष्ट्र को मजबूत करने तथा पारिवारिक दायित्व के साथ ही सामाजिक हित को ध्यान में रखकर मर्यादित व्यवहार करने एवं सामूहिक एकजुटता चेतना जागरण के द्वारा समाज में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्ष मातृशक्ति जिला संयोजिका आरती सर्राफ के नेतृत्व में जिला सहसंयोजिका द्वय लता सोनी एवं मीना साहू पलारी मंच संचालिका, जिला सत्संग रत्ना सोनी, सहसतसंग कल्पना पवार, नगर संयोजिका नीलम विश्नोई, नगर सह संयोजिका दीसी केशरवानी, नगर सेवा पूनम साहू, नगर सह सेवा नंदा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कलेक्टर ने 71 शासकीय सेवकों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**बिलाईगढ़** 21 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले में कार्यरत 71 शासकीय सेवकों को निर्वाचन प्रशिक्षण में शामिल नहीं होने के कारण नोटिस जारी की है। जिले में निर्वाचन प्रशिक्षण का आयोजन बरमकेला, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ में आयोजित किया गया था, जिसमें 71 शासकीय सेवक अनुपस्थित रहे।



# ऐक्टिव पीएलसी ने क्विज के द्वारा नए मतदाताओं को किया जागरूक




**नवापारा राजिम**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के सबके बड़े त्यौहार मतदान को सफल बनाने नये मतदाताओं को अपने मताधिकार का सदुपयोग करने एवं अपने आसपास के अन्य लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पीएलसी अभनपुर ने अरुण शर्मा एपीसी समग्र शिक्षा रायपुर एवं कामिनी बावनकर स्वीप के मार्गदर्शन में दिनाँक 06 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक के लिए मतदाता जागरूकता अभियान महाक्विज का आयोजन किया जिसे लिंक बनाकर अनेक शैक्षणिक व्हाट्सऐप ग्रुप में शेयर किया गया ऐक्टिव पीएलसी अभनपुर के हेड हेमन्त कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने लोकतंत्र को मज़बूत करने नये और पुराने मतदाताओं को आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का बिना किसी भेदभाव,दबाव के अपना मतदान करने के लिए पंद्रह प्रश्नों का एक क्विज फ़ार्म बनाया गया जिसमे मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक पोस्टर भी समाहित किये थे। ऐक्टिव पीएलसी अभनपुर ज़िला रायपुर द्वारा आयोजित इस महाक्विज में 1703 मतदाताओं ने भाग लिया क्विज में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस आयोजन में कार्यक्रम संयोजक के रूप में बसंत दीवान सदस्य पीएलसी एवं सोमा बनिक ऐक्टिव पीएलसी रहे, पीएलसी के सक्रिय सदस्य, धिलेश्वरी साहू,अंजुम शेख़,बसंत साहू,गौरव पंचभाई,नीतू बंजारे,ओमप्रकाश साहू,गौरव पंचभाई,उकेश तारक ,रामनारायण धीवर और दीपक ध्रुववंशी ने सहयोग प्रदान किया।

## नवापारा में होगा भव्य आतिशबाजी के साथ 51 फीट रावण का दहन



**नवापारा राजिम**, 21 अक्टूबर। नवापारा नगर के हाई स्कूल मैदान में रावण दहन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। विजयादशमी के पावन अवसर पर भव्य आतिशबाजी युक्त रावण दहन होगा। दशहरा उत्सव आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 24 अक्टूबर मंगलवार को संध्या 6 बजे से भव्य आतिशबाजी शुरू किया जाएगा।

समिति के लोगों ने बताया कि यह आयोजन हाईस्कूल मैदान में होगा। इसके साथ ही आकर्षक रामलीला का भी मंचन होगा। वहीं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर संगवानी (कूलभूषण चंद्राकर, डौंडीलोहारा) का भव्य प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के रतिराम साहू, अनिल जगवानी, नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व अध्यक्ष होरीलाल साहू, भाजपा नेता प्रसन्न शर्मा, जीत सिंग, सौरभ शर्मा, उमेश यादव, लोकनाथ सोनकर, रमेश तिवारी, मुकुंद मेश्राम, रामा यादव, मंगराज सोनकर, नागेन्द्र वर्मा, संजय साहू, राजा चावला, राकेश सोनकर, सौरभ सोनी लगे हुए हैं।

# माता कालरात्रि की पूजा के साथ अष्टमी हवन की तैयारी में जुटे भक्तजन



**आरंग हुए** **आरंग**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजा मोरध्वज की प्राचीन नगरी आरंग जिसे मंदिरों का शहर और और शिव नगरी के नाम से भी जाना जाता है आदिशक्ति महामाया के विविध रूपों के लिए भी प्रख्यात है। कहा जाता है कि रतनपुर की महामाया महाकाली के रूप में है तथा रायपुर में महालक्ष्मी के रूप में और आरंग की महामाया महा सरस्वती के रूप में भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है। यहां जगदंबा के विविध रूप शीतला माता, कंकाली माता, दंतेश्वरी दाई, चंडी माता, समिया माता, शक्ति मौली माता, खल्लारी माता, छोटी महामाया, संतोषी माता, पाताल भैरवी, त्रिपुर सुंदरी, सात बहिनिया, षोडसी माता, अंबा दुर्गा माता, काली माता,सती अनुसुइया, भूरी माई आदि भक्तों के आस्था एवं श्रद्धा के केंद्र हैं। जनश्रुति के अनुसार पहले कोई भक्त आदिशक्ति महामाया से प्रत्यक्ष बातें भी करती थी, वही कहते हैं कि सामिया माता में सभी देवियों की बैठक भी होती है और माता समिया को छीट की साड़ी अत्यंत प्रिय है, यदि भक्तों की माने तो नवरात्र एवं विशेष पर्वों में यहां चित्र विचित्र देवी घटनाएं भी परिलक्षित होती रही है, कई लोग यह भी दावा करते हैं की नवरात में हरदेव लाल बाबा ग्राम देवता सफेद घोड़े पर सवार होकर निकलते हैं। नवरात्र में विसर्जन के अवसर पर भक्तगण जोत जवारा और अपना बाना ( सांग) के साथ नृत्य करते हैं तो लोग दांतों तले उंगलियां दबाते हैं इसलिए आरंग को झांकियां की नगरी, भंडारे की नगरी, तालाबों की नगरी, दानशीलता की नगरी,माता की नगरी, भक्तों की नगरी भी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा यहां वर्ष भर घंटे घड़ियाल एवं वाद्य यंत्रों के साथ भक्तों के समूह को देखा जा सकता है यह वह नगर है जहां भगवान राम एवं कृष्ण दोनों का आगमन हो चुका है, प्राचीन इतिहास के अनुसार आरा + अंग से आरंग नामकरण हुआ वहीं अब यह भी कहा जाने लगा है की जो यहां आता है इसके रंग में रंग जाता है अत: इसका नाम आरंग है पर कटु सच्चाई यह है कि अपने प्राचीन इतिहास एवं भव्यता को समेटे आरंग के मंदिरों के संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है।वही श्रद्धालु भक्तों ने नवरात्र के सप्तम दिवस पर माता कालरात्रि की पूजा अर्चना एवं जस गीत के साथ अष्टमी को माता भद्रकाली की पूजा अर्चना एवं हवन आदि की तैयारी में जुट गए है।

**आरंग में आदिशक्ति के विविध रूपों के होते हैं दर्शन**

# स्मृति दिवस पर पुलिस ने शहीदों को किया याद, स्कूल कॉलेज पहुंच दी श्रद्धांजलि



**गरियाबंद**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शनिवार को सीटी कोतवाली पुलिस ने शहीदो को याद किया। इस अवसर पर पुलिस शहीद जवानों के स्कुल पहुँचे और बच्चो के साथ मिलकर जवानो को श्रध्दांजली अर्पित की। इस अवसर पर थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े सहित पुलिसकर्मियों ने नगर के आत्मानंद विद्यालय गरियाबंद, साढ़ौली स्कूल एवम् गरियाबंद, वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय पहुँच वीर शहीद जवान डीगेशवर शाण्डिल्य, भृगुनंदन चौधारी, किशोर पाण्डेय को याद कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े ने बच्चों को शहीद जवानों की जीवनी, पराक्रम और साहस की कहानी सुनाई। श्रद्धांजलि संदेश पढ़कर सुनाया। इस दौरान प्राचार्य आर के तलवारे, व्याख्याता श्रीमती पूनम शर्मा, एसके श्रीवास्तव, शुभांगी दुबे, रमालक्ष्मी साहू, आरएन साहू, रविशंकर पटेल, विद्या ठाकुर, सुमित धीवर, प्रकाश राजपूत, किरण सारथी सहित स्कूली बच्चे मौजुद रहे।

# द्वितीय चरण के लिए नामांकन की प्रकिया शुरू, भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने पहले दिन ही भरा नामांकन



**गरियाबंद**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में शनिवार 21 अक्टूबर से विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन ( नाम निर्देशन) की प्रकिया शुरु हो गई है। शनिवार को पहले ही दिन राजिम विधानसभा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रोहित साहू ने नामांकन दाखिल किया। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, भाजपा जिला मंत्री महेश यादव, अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी के साथ वे नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। इस अवसर पर नामांकन भरने के बाद भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने मीडिया से बातचीत में कहा की राजिम क्षेत्र की जनता की इस बार स्थानीय विधायक चाहती है, जो उनके पास रहकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर सके। सुख दुख में शामिल हो। उन्होंने कहा कि जिले सहित प्रदेश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है, लोग विकास चाहते है, निश्चित ही राजिम सहित समूचे प्रदेश में बदलाव होगा और जनता के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनेगी। इसके बाद रोहित सीधे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। चुनावी कार्यक्रम को लेकर चिंतन मनन किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पूर्व महामंत्री मुरलीधर सिन्हा, जिला मंत्री महेश यादव, मिलेश्वरी साहू, जिप सदस्य चंद्रशेखर साहू, अजय रोहरा, सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंह साहू, सुरेंद्र सोनटेके, तनु साहू, सलीम खान, शेष नारायण गजबिए, किशोर साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सारंगढ़ विधानसभा के लिए 6 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों ने खरीदा

**बिलाईगढ़** 21 अक्टूबर(देशबंधु)। जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा सीट सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के लिए नाम निर्देशन पत्र का दौर शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत कलेक्टोरेट कार्यालय स्थित कलेक्टर न्यायालय कक्ष में सारंगढ़ के लिए 6 अभ्यर्थियों ने पांच हजार रूपए जमानत राशि जमा कर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए। वहीं बिलाईगढ़ विधानसभा सीट के लिए अपर कलेक्टर न्यायालय कक्ष में 02 अभ्यर्थियों ने पांच हजार रूपए जमानत राशि जमा कर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए, जिसमें से एक अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन कार्य अधिसूचना का प्रारंभिक प्रकाशन हो गया है।

## शहीद ललित को श्रद्धांजलि दी गई



**सरायपाली**, 21 अक्टूबर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला पते रापाली में शहीद ललित बुडेक की जीवनी कोजानकारी देते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर प्रधान पाठक तबारक हुसैन शिक्षक प्रमोद सामंत राय ,विजय पटेल ,हितेश प्रधान ,विनय कुमार धैर्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मुड़पार में रामलीला का मंचन शुरु

**खरोरा**, 21 अक्टूबर। खरोरा के समीपस्थ ग्राम मुड़पार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवयुवक रामलीला मंडली के तत्वावधान में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो कि ग्राम मुड़पार में नवयुवक रामलीला मंडली के द्वारा विगत 70 वर्षों से रामलीला का सफल आयोजन किया जा रहा है। मुनी आगमन के मंचन के साथ ही रामलीला का शुभांरभ किया गया, इस लीला के मंचन में आज मारीच-सुबाहु युद्ध व ताड़ीका चाची वध का लीला मंचन किया गया।

## निधन

### राजमंगल पांडे



**रायपुर**, 21 अक्टूबर। डूंडा फ्रेंड्स कालोनी निवासी राजमंगल पांडे (88 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा डूंडा फ्रेंड्स कॉलोनी से रविवार सुबह 10 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम जाएगी। वे यूबी पांडे, अशोक पांडे, श्रवण पांडे, संतोष पांडे, श्रीराम पांडे और गायत्री पांडे के पिता थे।

### खुलेश्वर वर्मा



**पलारी**, 21 अक्टूबर। पलारी नगर पंचायत वार्ड नं 2 के निवासी खुलेश्वर वर्मा (खुल्ला) 45 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्वर्ग द्वार मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वह ययाति, दुष्यंत, गोपाल वर्मा के भाई एवं वार्ड नं 2 के पार्षद श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा की ज्येष्ठ था।

### मदन सिंह ध्रुव



**पलारी**, 21 अक्टूबर। मदन सिंह ध्रुव प्रधानपाठक, शासकीय प्राथमिक शाला टेमरी ब्लॉक पलारी का आज स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार 21 अक्टूबर दिन शनिवार को निज निवास खैलवारडीह (रोहांसी) में किया गया। वे चंदन सिंह ध्रुव पलारी (शिक्षक)के भाई थे। उनके निधन पर शिक्षक संघ ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### द्रोणाचार्य गजभीम



**धमतरी**, 21 अक्टूबर। 21 अक्टूबर शुक्र, शनिवार की दरमियानी रात लगभग 4 बजे पंचवटी कॉलोनी धमतरी निवासी सीएसईबी के पूर्व रिटायर कर्मचारी द्रोणाचार्य गजभीम का आकस्मिक निधन हो गया है। वे जनता यूनियन के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. दुखित गजभीम के छोटे भाई और हेमंत (राजा) गजभीम के पिता थे। उनका रत्नाबांधा स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 2 बजे अंतिम संस्कार किया गया।

# स्कूलों में व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण



**सरायपाली**, 21 अक्टूबर (देशबंधु)। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला लांती में राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद के निर्देशानुसार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को समयानुसार कच्चे माल की उपलब्धता पर आधारित ऊन से बनी सामग्री निर्माण का कार्य सिखाया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्रा बढ़चढ़कर उत्साहित होकर भाग ले रहे हैं। सामग्री को मेला लगाकर और उसे बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त करने की योजना है।ऊन से गेट झालर,पूजा थाल ढकना,टेबल क्लाथ,सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण पद्मलया साहू एवं दीपिका बांक प्रशिक्षण दे रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सत्यम स्वरुप पटेल शिक्षक दुष्यंत कुमार पटेल, अजय अग्रवाल द्वारा संचालन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी विकासखंड नोडल प्रभारी योगेश साहू ने दी।

## शोभायात्रा निकाल मनाया जाएगा दशहरा पर्व



**बागबाहरा**, 21 अक्टूबर। दशहरा के दिन नगर में ज्योत ज्वारां व सांग बाना के साथ भव्य शोभायात्रा निकाल कर शाम को मनाया जाएगा। विजयादशमी पर्व (मांदर के धून पर जसगीत गाते हुए भक्तों द्वारा सांग बाना लेकर नाचते-कूदते धूमधाम से निकाली जाती है शोभायात्रा) (विसर्जन शोभायात्रा को देखने समूचे नगरवासी सड़क में उमड़ पड़ते हैं) (शाम को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाकर एक-दूसरे को बधाई देते हैं) (रात में रावणभांठा मैदान में र?

# आरंग में हैप्पी वोटिंग के अंतर्गत कोसल मंच ने ली निष्पक्ष मतदान की शपथ



**आरंग**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में स्वीप जागरूकता अभियान आरंग अनुभाग में चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत हैप्पी वोटिंग गतिविधि में कोसल साहित्य कला मंच ने भाग लेते हुए प्रलोभन रहित निष्पक्ष मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर मंच के संरक्षक अनूपनाथ योगी एवं उपाध्यक्ष हरीश दीवान ने सबको प्रेरित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है और इससे देश एवं राज्य के हित में कार्य करने का अवसर भी मिलता है, वहीं एलआईसी अधिकारी डीपी नाहक ने कहा कि ऐसे जागरूक कार्यक्रमों से लोकतंत्र मजबूत होता है और मन में प्रसन्नता छाती है, इस अवसर पर स्वीप टीम के प्रभारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवंअरविंद वैष्णव ने कहा कि *सोचिए समझिए और करिए विचार पर मतदान करके निभाइए अपना अधिकार* वहीं कुछ प्रश्नों के उत्तर में अनुभाग निर्देशानुसार बताया गया की नामांकन की प्रक्रिया आज से निर्वाचन कार्यालय रायपुर में प्रारंभ हो चुकी है जो 30 तारीख तक चलेगी। इस अवसर पर छत्रधारी सोनकर, आशुतोष अग्रवाल, शिक्षिका सोनल मिश्रा, नितिन मिश्रा, प्रमोद धीवर, प्रधान पाठक देवकुमारी यादव, सुनीता लोधी, सुमन लता योगी, शोभा साहू, कोकिला योगी, उमेशनाथ योगी, पूजा साहू, अनीशा साहू, भावना साहू, हेमा पुरंडे, दीपमाला पटेल, योगेश लोधी, दीपिका जलक्षत्रि हीराबाई जलक्षत्रि, बीनू जलक्षत्रि आदि की सहभागिता रही।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नगर में जगह-जगह विराजी...

समिति विद्या नगर, एकता नवदुर्गा उत्साह समिति पारस नगर सेक्टर 2, जन मानस दुर्गोत्सव समिति, पारस नगर सेक्टर 01, मजदूर हमाल संघ दुर्गाउत्सव समिति बाजार चौक, दुर्गा उत्सव समिति बागदेवी मंदिर कसडोल, माँ अम्बे दुर्गाउत्सव समिति राउत पारा बलार चौक, जय माता दी दुर्गाउत्सव समिति बलार रोड, माँ अम्बे दुर्गाउत्सव समिति बलार रोड, नव युवा दुर्गोत्सव समिति महामाया चौक हड़हा पारा, जय अम्बे दुर्गा समिति स्कूल चौक हड़हा पारा तथा अन्य जगहों में मां जगदंबा की स्थापना कर दिन-रात पूजा अर्चना की जा रही है।

### विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति...

खमारे, नगर बाल संस्कार टिकेश्वरी पटेल, नगर कोषाध्यक्ष साधना सोनी,सह कोषाध्यक्ष मन्दाकिनी नामदेव, शिवानी यादव, रुख्मणि वर्मा,संध्या वर्मा शांति यादव, माया पांडेय, दुर्गा वाहिनी नगर दामिनी यादव, नीतू वैष्णव, अपराजिता पांडेय, सौम्या साहू, सुशील सराफ, विनय गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्तियों ने भागीदारी की सभी कार्यकर्ताओं एवं प्रतिभागी दुर्गावाहिनी की बहनों को संगठन द्वारा दुर्गा सप्तसती एवं दुर्गा चालीसा की पुस्तिका भेंट की गई।

# नगर में लगाए जाने वाले राजनैतिक प्रचार-प्रसार होर्डिंग बोर्ड के संबंध में की गई बैठक



**बलौदाबाजार**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखतक हुए नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर राजनैतिक पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार हेतु लगाये जाने वाले होर्डिंग बोर्ड की अनुमति के संबंध में नगर पालिका में राजनितिक दलों के प्रमुख एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आहूत की गयी। बैठक में तहसीलदार राजू पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर एवं नायब तहसीलदार हरीश यादव के द्वारा बैठक ली गयी।

इस दौरान नगर में लगाये गये होर्डिंग बोर्ड में राजनितिक दलों के प्रचार प्रसार के लिये उपयोग में लाये जाने के पूर्व नगर पालिका में आवेदन कर विधिवत अनुमति प्राप्त करनी होगी, जिसके लिये शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। नगर पालिका के द्वारा 86 होर्डिंग बोर्ड विभिन्न एजेंसियों को लगाये जाने की अनुमति दी गयी है। इसके अतिरिक्ति अन्य स्थानों पर संवाद के द्वारा प्रदाय किये गये दर पर अनुमति दी जा सकती है। बैठक में मुख्य रूप से रूपेश ठाकुर मणिकांत मिश्रा, नरेश केशरवानी, अमितेष नेताम, मनोज प्रजापति, जगन्नाथ महिलांग, भूवनेश्वर सिंह डहरिया, उपअभियंता विनोद यादव, स्वाति दुबे, मुगल किशोर साहू, स्वचच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, राजस्व प्रभारी प्रसुन शर्मा गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री ने रघुवर दास को दी बधाई

**नवापारा राजिम**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को केंद्र सरकार की अनुशंसा पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा उड़ीसा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इस पर खुशी जताते हुए पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि श्रीदास की नियुक्ति ओबीसी समाज, विशेष तौर पर साहू समाज के लिए बड़े ही सम्मान की बात है। श्रीदास एक कुशल वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी उचित निर्णय लेने में वे सक्षम हैं। भारतीय राजनीति और भारतीय संविधान के प्रति उनकी गहरी समझ है। राज्यपाल श्रीदास, राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में निश्चित तौर पर, उल्लेखनीय कार्य करते हुए केंद्र सरकार और उड़ीसा राज्य के मध्य सेतु के रूप में कार्य करेंगे। अपनी ओर से मैं उन्हें, नये दायित्व के लिए, बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

# जिले में विस चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**गरियाबंद**, 21 अक्टूबर। जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण में होने वाले निर्वाचन के लिए शनिवार 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसी के साथ जिले में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम एवं 55-बिन्द्रानवागढ़ के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को पहले दिन कूल 7 लोगो ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी रोहित साहू ने अपना नामांकन दाखिल किया। जानकारी के मुताबिक नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर 2023 निर्धारित है। अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा नामांकन पत्र जमा कर सकते है। राजिम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की कार्यवाही अपर कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक-15 में की सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र दाखिले की प्रक्रिया रिटर्निंग आफिसर धनंजय नेताम या सहायक रिटर्निंग आफिसर रमेश कुमार मेहता के समक्ष की जा सकती है। इसी प्रकार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-55 के लिए नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक-61 में सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच की जायेगी। नामांकन पत्र दाखिल रिटर्निंग आफिसर सुश्री अर्पिता पाठक या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रवीण कुमार पोर्ते के समक्ष की जा सकेगी। पहले दिन राजिम विधानसभा के लिए तीन लोगो ने फार्म लिया। वही बिंद्रानवागढ़ के लिए चार लोगो ने नामांकन फार्म लिया। ज्ञात हो की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर 2023 को की जाएगी तथा अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तारीख 02 नवम्बर 2023 है। मतदान 17 नवम्बर शुक्रवार को होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए प्रात: 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

**पहले दिन 7 लोगों ने लिया फार्म, भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने पहले दिन ही भरा नामांकन**

# भक्तों का सैलाब दे रहा माता की महिमा का पैगाम

## जन सैलाब उमड़ रहा माता मावली सिंगारपुर धाम



मंदिर में दर्शनार्थियों का रेला दूर-दूर से पंहुच रहे भक्त

**भाटापारा**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। धार्मिक आयोजनों के रुप मे ख्यातिप्राप्त भाटापारा शहर की पृष्ठभूमि अगर व्यवसायिक है तो धार्मिकता के आयाम भी चंहुओर रचे बसे नजर आते हैं,जिसकी बानगी भाटापारा शहर सहित आस पास के क्षेत्रों में भी स्पष्ट रुप से नजर आती है, जिसके चलते भाटापारा सहित आसपास के क्षेत्र भी अहम धार्मिक स्थलो के रुप मे अपनी प्रमुख पहचान रखतें है,

**सिंगारपुर का माँ मावली धाम**

भाटापारा से लगभग 11किलोमीटर दूर ग्राम सिंगारपुर मे स्थित माता मौंली अपने आप मे बहुत सारे ऐतिहासिक तथ्य समेटे हुए अटूट आस्था एवं श्रद्धा की स्थली है,जहां लोग दूर दूर से माता के दर्शन को पंहुचने है और अपनी मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त करतें है,नवरात्र के दोनों पक्षों मे यहां भव्य मेला का स्वरुप नजर आता है,तथा भाटापारा सहित आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूर दूर से भक्तजन माता का दर्शन कर अपने आप को कृतार्थ महसूस करतें है।

**महामाया और माता मौंली का रिश्ता**

विभिन्न किवदंतियां तथा कथा अपने आप मे समेटे माता मौंली का इतिहास भी अनोखा है तथा माता के उदभव एवं विकास को लेकर तरह तरह की कथाएं प्रचलित है,जो यही ऐहसास कराती है कि माता मौंली का इतिहास बहुत ही प्राचीन है,साथ ही साथ यह भी कहा जाता है कि माता मौंली और तरेंगा की माँ महामाया आपस मे सगी बहनें है,उपरोक्त तथ्य आपस में जोड़ने एवं देवी की महिमा को भव्यता प्रदान करनें का ही कारक साबित होतीं है।

**शारदीय नवरात्र मे भव्य मेला**

वर्ष भर श्रद्धालुओं की आवाजाही से गुलजार रहने वाले माता मौंली के धाम सिंगारपुर में शारदीय नवरात्र की छटा भव्य एवं मनोरम नजर आ रही है,प्रतिदिन श्रद्धालुओं का विशाल जन समूह माता के दर्शन हेतु मावली धाम पंहुच रहे हैं, नवरात्र के अहम दिवस पंचमी के दिन मावली धाम की भव्यता देखते ही बन रही थी,जहां बड़ी संख्या मे श्रद्धालु माता के दरबार पंहुच कर माता के दर्शन किये,चंहुओर माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो रहा था,महा अष्टमी के दिन भी बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं के आने की संभावना है,जिसका सिलसिला अभी से प्रारंभ हो गया है।

# अनियंत्रित ट्रक पारागांव चेकिंग पॉइंट में घुसा चुनाव ड्यूटी में तैनात कैमरामैन की मौत





**आरंग**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर जिले के अंतिम छोर ग्राम पारागांव में बनाये गए चेकिंग पॉइंट पर अनियंत्रित ट्रक घुस गई जिससे चुनावी ड्यूटी में तैनात कैमरामैन की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक प्रधान आरक्षक घायल हो गया है जिसका इलाज जारी है घटना की सूचना पर जिले के डुल रतन लाल डांगी,रायपुर कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भूरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल,एएसपी नीरज चंद्राकर, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, सीएसपी कल्पना वर्मा सहित प्रशासन की टीम मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार घटना बीतीरात की है।पारागांव रायपुर जिले का अंतिम छोर का गांव है जो नेशनल हाईवे 53 पर है यहाँ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्थैतिक निगरानी दल(एसएसटी) तैनात है और जिले के अंदर प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग और वीडियोग्राफी करते है ट्रक क्र. सीजी06 एचएल5155 सरायपाली से लोहे का सामान लेकर भिलाई जा रहा था।तेज रफ्तार ट्रक पारागांव के पास अनियंत्रित होकर एसएसटी पॉइंट,यात्री प्रतीक्षालय और अस्थायी चेक पोस्ट को अपनी चपेट में ले लिया।घटना में वीडियोग्राफर ग्राम छतौना(फरफौद) निवासी धनंजय धीवर(उम्र 22 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई जबकि आरंग थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक उत्तम सोनी घायल हो गए है।घटना के वक्त आरोपी ट्रक चालक गोपाल सोनवानी और हेल्पर वीरेंद्र सिदार नशे में धुत थे।पुलिस ने ट्रक चालक और हेल्पर को हिरासत में ले लिया है।प्रशासन द्वारा मृतक धनंजय धीवर का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की आवश्यक बैठक



**भाटापारा**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की बैठक यज्ञ पर संपन्न हुई जिसमे प्रत्याशी चयन को लेकर अपने उद्बोधन में अनेक सवाल खड़े किए परंतु सभा में खास बात यह रही की सभी लोगों ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद भूपेश बघेल जिंदाबाद दीपक बैज जिंदाबाद के नारे के साथ अपनी बातें रखी। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से इंद्र साव का नाम सामने आने पर आश्चर्य व्यक्त किया और अपनी बात है हाई कमान तक पहुंचाने की बात कही। नाम पर पुनर्विचार किए जाने की बात प्रमुखता से सामने आई शनिवार को आयोजित सभा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बड़े नेताओं में कांग्रेस के पूर्व विधायक चैतराम साहू कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सुनील महेश्वरी छत्तीसगढ़ सरकार में निगम मंडल के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश अग्रवाल जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा अभिषेक मोदी प्रमुख रूप से शामिल हुए इसके अतिरिक्त काफी बड़ी संख्या में लोग कार्यकर्ता कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी बैठक व सभा में शामिल हुए। सभा में यह बात सामने आई कि हम प्रत्याशी इंद्र साव का विरोध नहीं कर रहे हैं हमारी मांग है कि इस नाम पर पुनर्विचार किया जाए। बैठक के बाद सतीश अग्रवाल सुनील महेश्वरी ने कहा कि यह किसी भी रूप में कांग्रेस का विरोध नहीं था ना ही कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी का विरोध था बल्कि हम कार्यकर्ताओं की एक भावना थी पिछले दो-तीन दिनों से कार्यकर्ता लगातार हमारे घरों पर आ रहे थे और बात कर रहे थे उन लोगों ने बैठक आहूत की थी जिसमें हम लोग शामिल हुए हैं कार्यकर्ताओं की यह भावना जरूर है कि प्रत्याशी पर पुनर्विचार किया जाए परंतु कांग्रेस पार्टी जो से भी अपना प्रत्याशी बनाती है और जिसे अपना प्रत्याशी बनाई है हम सब पहले भी कांग्रेस का काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। मौके पर कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बातचीत में कहा कि प्रत्याशी चयन में कौन सा मापदंड अपनाया गया है यह समझ से परे है। दूसरी तरफ खबर मिली है कि भाटापारा के कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं से और कार्यकर्ताओं से बात करने का प्रयास जारी है कहा जा रहा है कि सारे मामले को सुलझा लिया जाएगा। इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर से संपर्क करने की कोशिश की गई परंतु उनका मोबाइल आउट ऑफ कवरेज था।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने ली प्रथम बैठक



**भाटापारा**। स्थानीय कांग्रेस भवन में आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी भाटापारा के तत्वावधान में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के इन्द्र साव अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा व विधानसभा प्रभारी प्रमोद तिवारी एवं जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती गौरी भृगु, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में अनेक बूथ प्रभारियों व नेताओं ने अपना विचार रखा। राधेश्याम शर्मा (फग्गा महराज) ने कहा कि कांग्रेस मजबूत है सिर्फ हमें हर बूथ में दमदारी कांग्रेस को जिताने का संकल्प लेना है। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ है। भाटापारा से कांग्रेस का विधायक बनाकर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल व राहुल गांधी का हाथ हम सब को मिलकर मजबूत बनाना है। संगठन में शक्ति है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विशाल संगठन हमारे साथ हैं। पूरे प्रदेश में शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की लहर है। भूपेश सरकार ने हर वर्ग - हर क्षेत्र में उन्नति व विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर के की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदेश में लागू किया है।

# कुराश सीनियर नेशनल भाटापारा में आए देशभर के खिलाड़ी





## कुराश सीनियर नेशनल में पहले दिन हरियाणा व दिल्ली का दबदबा

**भाटापारा**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुरस एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विवेक राज सिंह ठाकुर ने बताया कि 20 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलने वाले 12वीं सीनियर नेशनल क्रॉस प्रतियोगिता एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप का सलेक्शन भाटापारा में आयोजित हो रही है जिसमें 21 अक्टूबर को देशभर से आए लगभग 200 खिलाड़ी एवं 50 ऑफिशल के दल ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भारतीय कुरस के जनक पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर मुख्य रूप से उपस्थित रहे साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर समाजसेवी एवं डॉ विकास आडील आशीर्वाद ब्लड बैंक के निखिल पटेल रविंद्र शर्मा संतोष पाण्डेय रामशरण सिंह साथ मे भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र मल्होत्रा महासचिव लाल सिंह कोषाध्यक्ष अंकुश विट्ठल नागर तकनीकी संचालक चंद्रपाल सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे पहले दिन के खेल में हरियाणा और दिल्ली राज्य के खिलाड़ियों का विशेष रूप से दबदबा रहा जहां उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के साथ एशियन गेम में सम्मिलित पांच खिलाड़ियों का स्वागत हुआ जिसमें पिंकी बल्हारा जो कि एशियाई गेम्स में रजत पदक प्राप्त खिलाड़ी है वह भी भाटापारा में आयोजित इस सिलेक्शन ट्रायल और सीनियर नेशनल में भाग लेने पहुंची इस सत्र एशियन गेम्स में गई सूचिका तरियाल हर्ष चौहान आदित्य धापओरकार खेलने के लिए मुख्य रूप से आए।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने किया शंखनाद



**कोहका-नेवरा**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र में विधानसभा प्रत्याशी की घोषणा हो जाने के बाद प्रथम बार कांग्रेस के उम्मीदवार शैलेश नितीन त्रिवेदी का तिल्दा आगमन के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष देवदास टंडन एवं ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के आगमन अवसर पर स्वागत हेतु बुलाया गया था जिसमें कांग्रेसी गणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। तिलदा नगर के कांग्रेस भवन में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवदास टंडन एवं ग्रामीण अध्यक्ष बलदेव साहू के अलावा छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिढ़लानी, गौरी शंकर सैनी, सुनील सोनी, यशवंत साहू, हर्षवर्धन शर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, देवेंद्र वर्मा, बालाराम लहरें,हितेन्द्र वर्मा, गोवर्धन यदु, पार्वती बघेल, आशा यादव, श्वेजा परवीन खान, शकुन थापा,सरिता वर्मा सहित भारी संख्या में कांग्रेसी गण उपस्थित रहे।कांग्रेस भवन का हाल पूरा भर गया था उसके बावजूद भी बाहर कई कांग्रेसी गण कुर्सियों में बैठे एवं खड़े हुए दिखे इससे कार्यकर्ताओं में चुनाव के प्रति उत्साह का माहौल देखते ही बन रहा है।

# गरबा की धूम खरोरा में, माता की आरती से हुई शुरुआत



**खरोरा**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि माता के नौ रूपों की आराधना के साथ-साथ गरबा और डाँडिया का आयोजन नगर मे पहली बार किया जा रहा है। नगर मे स्टेट बैंक के सामने ग्राउंड में आयोजित रास गरबा में लोग मस्ती व उल्लास के साथ माता के धुनों पर थिरकते नजर आए।

खरोरा मे पाँच दिवसीय गरबा डांडिया का आयोजन बाबा न्यूज़ ग्रुप एवं रास गरबा समिति द्वारा किया जा रहा जिसमें पहले दिन गुरुवार को बड़े से लेकर बच्चें सभी में जबर्दस्त उत्साह का माहौल रहा। देर रात तक चलने वाले इस डांडिया रास गरबा नित्य में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

पहले दिन फीता काट नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, समाजसेवी सचिन अग्रवाल, पार्षद कपिल नशीने, बबलू भाटिया, व गजेंद्रध वर्मा ने किया. मंच संचालन सुबोध सेन ने किया.

समिति के सदस्य दिलराज छाबड़ा ने बताया की आकर्षक प्रतिभागी को मिलेगा पुरस्कार। गरबा नृत्य करने वाले एक से एक थीम में आकर रास गरबा एवं डांडिया नृत्य कर रहे थे। साथ ही राजस्थानी थीम, गुजराती, छत्तीसगढ़ी व दुर्गा थीम, पाँच दिनों तक रहेगा. जिसमे पहला ईनाम अरुण इलेक्ट्रॉनिक की तरफ से वाशिंग मशीन, दूसरा ईनाम सूरज सोनी की तरफ से एलईडी टीवी व तीसरा ईनाम अंशिका इलेक्ट्रॉनिक की तरफ से ओवन है. वहीं सभी प्रतिभागियों को समिति द्वारा अलग से सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा. वहीं समिति मे मुख्य रूप से अभिलाष अग्रवाल, रुपेश मनहरे, विजय देवांगन,मिंटू देवांगन, योगेश देवांगन,अंकित वर्मा, राम साहू,अजय वर्मा, है.

# मां रामचंडी मंदिर3196 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित



- आज अर्धनारीश्वर प्रतिमा का होगा अनावरण
- फुलझर की ऐतिहासिक किले पर विराजित है माँ रामचंडी देवी

**सरायपाली**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। फुलझर अंचल के ग्राम गढ़फुलझर से लगे प्राचीन ऐतिहासिक किले पर स्थित माँ रामचंडी मंदिर में शारदीय नवरात्र का पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस से ही माँ रामचंडी का दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त पंहुच रहे हैं। रामचंडी मंदिर में वैसे तो बारहों महीने श्रद्धालुओं की चहल-पहल रहती है मगर नवरात्र पर्व में भक्तो की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहता है। पूरे 9 दिनों तक हवन, पूजन, आरती के साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नवरात्र में प्रतिदिन भक्तों के लिए भण्डारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। ठाकुरपाली शाखा सभा के सहयोग के लिए अन्य शाखा सभा द्वारा सहयोग किया जा रहा है। आज शाखा सभा पठियापाली रोहिना के सामाजिक जनों ने सहयोग प्रदान किया गया।

**1994 से प्रारंभ हुआ मंदिर का निर्माण कार्य:** माँ रामचंडी देवी फुलझर अंचल में बड़ी संख्या में निवासरत कोलता समाज की आराध्य देवी है। आस्था एवं श्रद्धा का प्रतीक रामचंडी मंदिर का निर्माण 1994 से प्रारंभ किया गया जिनका प्राण प्रतिष्ठा 2001 में हुआ। यह मंदिर फुलझर अंचल का एकमात्र रामचंडी देवी का मंदिर है। प्रभु श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने के पूर्व जिस शक्ति स्वरूपा देवी की आराधना की गई उसी शक्ति स्वरूपा देवी माँ रामचंडी के रूप में गढ़ फुलझर में विराजित है और पूजा पा रही है।

**आकर्षक कलाकृतियों से सुसज्जित है माता का दरबार:** माँ रामचंडी देवी का मंदिर एक पहाड़ी नुमा किले पर स्थित है। जहां करीब सवा 5 फुट ऊँची देवी की भव्य प्रतिमा स्थापित है। माँ का दर्शन करने के लिए मुख्य द्वार से करीब सवा सौ सीढ़ियाँ चढ़ना पड़ता है। मंदिर के मुख्य द्वार एवं गर्भ गृह के चारों ओर आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई है। मंदिर के प्रवेश द्वार के ठीक सामने बजरंगबली का भव्य मूर्ति स्थापित है

**प्रतिमा का होगा अनावरण:** मंदिर प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ शिव पार्वती की अर्धनारीश्वर की मूर्ति स्थापित की गई है जिसका अनावरण समाज के प्रमुख पदाधिकारी द्वारा समाज जनों की उपस्थिति में आज अष्टमी तिथि को किया जाएगा।

**अन्य समाज के लोग भी जला रहे हैं मनोकामना ज्योत:** पुजारी प्रमोद प्रधान ने बताया कि यहां शारदीय नवरात्र के दौरान भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए जाते हैं। यहां कोलता समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करवाते हैं। नवरात्र में अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में देवी के पूजन कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस वर्ष मंदिर में 3196 मनोकामना ज्योत जलाए जा रहे हैं। जो कि पिछले वर्ष से करीब 1000 ज्यादा है। मान्यता है कि मां का दर्शन करने एवं मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कराने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। इसलिए देवी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योत भी जलाए गए हैं। जिसके दर्शन के लिए भी भक्त पहुँच रहे हैं। माँ रामचंडी के प्रति लोगों की आस्था दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है।

**प्रतिदिन हो रहे हैं विभिन्न आयोजन:** मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत भोई ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन हवन, पूजन के साथ-साथ भण्डारा का आयोजन रखा जा रहा है। जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा शाम 4 से 7 बजे तक प्रतिदिन कीर्तन बैठकी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। आगामी 27 अक्टूबर को रामचंडी दिवस के दिन महाभंडारा रखा गया है।

**पर्यटन स्थल के रूप में हो रहा विकसित:** बाबा विशासहे कुल कोलता समाज के संरक्षक हरिचरण प्रधान, अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि पिछले वर्ष रामचंडी दिवस के अवसर पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गढ़फुलझर स्थित माँ रामचंडी मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा कर चुके हैं। मंदिर परिसर के चारों ओर प्राकृतिक रूप से हरे भरे पेड़ लगे हुए हैं। फुलझर की प्राचीन ऐतिहासिक किले में विराजित मंदिर का मनोरम दृश्य देखते ही बनता है। यहां का विहंगम दृश्य लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। यहाँ मानसरोवर एवं रानीसागर तालाब, भोग शाला, यज्ञ शाला, मंदिर परिसर में ही ज्योत कक्ष, समीप में नर्सरी, बजरंगबली एवं महादेव पार्वती की अर्धनारीश्वर की विशाल प्रतिमा आदि दर्शनीय स्थल है।

# ग्रामीण अंचल में नवरात्र पर्व बड़े ही भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा



**धमतरी/पुरूर**, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में नवरात्र का पर्व बड़े ही भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। गांव गांव में समितियों के द्वारा पंडालों में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना कर आकर्षक रूप से सजाया गया है। वहीं देवी मंदिरों में भी मनोकामना ज्योति कलश के साथ जंवारा लगाये गये है।

मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों मे प्रति दिन श्रद्धालु बड़े ही भक्ति भाव के साथ दर्शन करने पहुच रहे है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि पर्व पर पंचमी से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जा रही है। लोग अपनी मनोकामना की पूर्ती हेतु देवी मंदिरों में ज्योति कलश स्थापित करवायें है तथा मांता की भक्ति में लीन है। जगह जगह मां की महिमा आरती व भजन सहित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है क्षेत्र के ग्राम कनेरी में कंकालिन मंदिर, चिटौद के शितला मंदिर, कंवर एवं फागुनदाह के चंडी मंदिर जगतरा के दुर्गा मंदिर भरीगांव चंदनबिरही के शितला मंदिर बालोदगहन, कुम्हारखान, चिटौद के दुर्गा मंदिर में बड़ी संख्या में ज्योति कलश की स्थापना की गई है। ग्राम बोरिदकला, उसरवारा, पुरूर, सोरम बोरिदखुर्द बागतराई सहित अंचल के सभी गांवों में दुर्गोत्सव समिति के द्वारा आकर्षक पंडाल तैयार कर मां दुर्गा की स्थापना की गई है। जहां श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में जाकर पूजा अर्चना कर रहे है तथा गांवों में माता सेवा के साथ विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।